सच, सिर्फ सच

# वॉयस ऑफ लखनऊ

गुरुवार, 26 जून, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 172, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



**सेंसेक्स में 700 अंकों की उछाल**

ईरान-इजराइल के बीच युद्धविराम के बाद पश्चिम एशिया में तनाव कम होने से सेंसेक्स 700 अंक चढ़कर 82,755.51 अंक पर बंद हुआ। } 14

**अलोकतांत्रिक मानसिकता का प्रतिबिंब था आपातकाल**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शाह ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का परोक्ष उल्लेख करते हुए कहा कि आपातकाल कोई राष्ट्रीय आवश्यकता नहीं था, बल्कि यह कांग्रेस की अलोकतांत्रिक मानसिकता का प्रतिबिंब था। } 16




# कुल्लू में बादल फटने से भारी तबाही

## ❍ तीन की मौत ❍ 25 मजदूर लापता ❍ ब्यास और सतलुज नदियों का जलस्तर बढ़ा





एजेंसी

शिमला। हिमाचलप्रदेश के कुल्लू जिले में बुधवार को बादल फटने से अचानक आई बाढ़ में तीन लोग बह गए तथा कई घर, एक स्कूल भवन, संपर्क सड़कें और छोटे पुल क्षतिग्रस्त हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। कुल्लू जिले के सैंज में जीवा नाला और रेहला बिहाल तथा गड़सा क्षेत्र के शिलागढ़ में बादल फटने की तीन घटनाएं हुईं। अधिकारियों ने बताया कि रेहला बिहाल में अपने घरों से सामान निकालने की कोशिश कर रहे तीन लोग बाढ़ में बह गए और लापता हैं। कुल्लू में बाढ़ के बाद अब धर्मशाला में भी हालात खराब है। जिले के खनियारा मनूनी खड्ड का जलस्तर बुधवार को अचानक बढ़ गया। जिस कारण इंदिरा प्रियदर्शनी जल विद्युत परियोजना के काम में मनूनी में जुटे 100 मजदूरों में से करीब 25 मजबूत बह गए हैं, ऐसी संभावना जताई जा रही है। करीब तीन शव मनूनी खड्ड में बरामद हो गए हैं। एसडीआरएम की टीम व स्थानीय प्रशासन व ग्राम पंचायत, राजस्व विभाग की टीम मौके पर है। परियोजना में लगे स्थानीय लोग सुरक्षित बताए जा रहे हैं। बारिश के कारण परियोजना का काम नहीं हो रहा था, इस लिए सभी मजदूर, मजदूर कॉलोनी (टेंपरेरी शेड) में ही थे। इस बीच मनूनी खड्ड व नाले का सारा पानी कॉलोनी की तरफ डायवर्ट हो गया और कॉलोनी में शेडों में आराम ...शेष पृष्ठ 14 पर

# शुभांशु शुक्ला ने रचा इतिहास









❝ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने अंतरिक्ष में भारत के लिए एक नया मील का पत्थर स्थापित किया है। पूरा देश एक भारतीय की अंतरिक्ष यात्रा को लेकर बेहद उत्साहित और गौरवान्वित है।❞



❝हम भारत, हंगरी, पोलैंड और अमेरिका के अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर रवाना हुए अंतरिक्ष मिशन के सफल प्रक्षेपण का स्वागत करते हैं। ग्रुप कैप्टन शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर जाने वाले पहले भारतीय बनने की राह पर हैं।❞



❝सीएम योगी ने भी अभियान को ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए शुभांशु को बधाई दी। उन्होंने बधाई संदेश में कहा, कि भारत के लिए गौरव का क्षण। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर एक्सिओम मिशन 4 के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को हार्दिक बधाई।❞

विशेष संवाददाता

लखनऊ। ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के अमेरिका के फ्लोरिडा स्थित कैनेडी स्पेस सेंटर (केएससी) से स्पेसएक्स फाल्कन 9 रॉकेट में सवार होकर बुधवार को अंतरिक्ष के लिए रवाना होने के साथ ही उत्तर प्रदेश के लखनऊ के गौरवशाली इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ गया। सिटी मॉन्टेसरी स्कूल (सीएमएस) में शुभांशु शुक्ला के अंतरिक्ष यात्रा पर रवाना होने का सीधा प्रसारण देख रहे लोगों के लिये यह एक यादगार सुबह थी और इस दौरान यहां मौजूद लोग हिप हिप हुर्रे कह रहे थे और उन्होंने भांगड़ा नृत्य भी किया। लखनऊ के रहने वाले शुक्ला ने जैसे ही स्पेसएक्स फाल्कन 9 रॉकेट में सवार होकर अंतरिक्ष के लिए उड़ान भरी, वैसे ही उनके अपने लोगों की आंखों से आंसू बह निकले। रॉकेट के आसमान में प्रवेश करते ही ग्रुप कैप्टन शुक्ला 1984 में राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले दूसरे भारतीय और अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा करने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री बन गए। लखनऊ के कानपुर रोड स्थित सिटी मोंटेसरी स्कूल के वर्ल्ड यूनिटी कन्वेंशन सेंटर ऑडिटोरियम में इस पल का सीधा प्रसारण देख रहे शुक्ला के परिजन भावुक हो गये। वर्ष 1984 में राकेश शर्मा ने सोयूज अंतरिक्ष यान में सवार होकर इतिहास रचा था, जिसके 41 वर्ष बाद शुभांशु शुक्ला ने यह कारनामा कर दिखाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी अभियान को ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए शुभांशु को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने एक्स पर बधाई संदेश में कहा, कि भारत के लिए गौरव का क्षण। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर एक्सिओम मिशन 4 के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को हार्दिक बधाई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में इस अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष मिशन में भारत की भागीदारी वैज्ञानिक उन्नति और वैश्विक सहयोग के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। आगे के सफल मिशन के लिए हार्दिक शुभकामनाएं। जय हिंद। मेहमानों से भरा सभागार स्पेसएक्स फाल्कन 9 रॉकेट के रवाना होते ही जिंदगी में पहली बार ऐसे नजारे को देख रहे विद्यार्थियों की भीड़ की तालियों और हिप हिप हुर्रे से गूंज उठा। शुभांशु के भावुक माता-पिता और ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### चार आईएएस अफसरों को मिला अपर मुख्य सचिव का पदनाम

लखनऊ। राज्य सरकार ने चार आईएएस अधिकारियों को अपर मुख्य सचिव पदनाम दे दिया है। पदनाम पाने वालों में वर्ष 1991 बैच के वेंकटेश्वर लू और बीएल मीणा हैं और वर्ष 1992 बैच के नरेंद्र भूषण व अनुराग श्रीवास्तव हैं। इन अफसरों को पदोन्नति एक जनवरी को ही मिल गई थी। वेंटेश्वर लू समाज कल्याण विभाग और बीएल मीणा उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग में तैनात हैं। नरेंद्र भूषण ऊर्जा विभाग व अनुराग श्रीवास्तव नमामि गंगे व ग्रामीण जलापूर्ति विभाग में तैनात ...शेष पृष्ठ 14 पर

### उपराष्ट्रपति धनखड़ कार्यक्रम में हुए बेहोश

नैनीताल। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ बुधवार को यहां कुमाऊं विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती समारोह के दौरान बेहोश हो गए। उपराष्ट्रपति भाषण देने के बाद मंच से नीचे उतरकर दर्शकों में बैठे अपने पूर्व संसदीय सहयोगी महेंद्र सिंह पाल की तरफ बढ़े। उत्तराखंड उच्च न्यायालय के अधिवक्ता पाल 1989 में लोकसभा सदस्य रह चुके हैं और उस दौरान धनखड़ राजस्थान के झुंझनू से सांसद थे। धनखड़ और पाल एक दूसरे को देखकर भावुक हो गये। एक दूसरे से बात करने के कुछ देर बाद धनखड़ ने पाल को गले लगाया और उनके कंधों पर बेसुध हो गये। कुछ ठीक नहीं होने का अहसास होने पर उपराष्ट्रपति की चिकित्सकीय टीम तुरंत हरकत में आयी और उन्हें होश में लाया गया।

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बनेगा दुग्ध क्षेत्र : योगी

## किसानों की आय बढ़ाने और पशुपालन को सशक्त बनाने की दिशा में बड़ा कदम

विशेष संवाददाता



लखनऊ। यूपी के दुग्ध क्षेत्र को आत्मनिर्भर, तकनीकी रूप से सशक्त और किसानों के लिए लाभकारी बनाने की दिशा में बुधवार का दिन बेहद महत्वपूर्ण रहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की गरिमामयी उपस्थिति में राज्य सहकारी डेयरी फेडरेशन (पीसीडीएफ) द्वारा संचालित तीन डेयरी प्लांट (कानपुर, गोरखपुर और कन्नौज) तथा अम्बेडकरनगर स्थित एक पशुआहार निर्माणशाला के संचालन के लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान संपन्न हुआ। एनडीडीबी को संचालन सौंपे जाने से इन इकाइयों में तकनीकी दक्षता, पारदर्शिता और व्यावसायिकता के नए मानक स्थापित होंगे, साथ ही प्रदेश के दुग्ध उत्पादकों को समयबद्ध भुगतान, बेहतर मूल्य और स्थायी विपणन की सुविधा प्राप्त होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर कहा कि प्रदेश सरकार दुग्ध उत्पादकों की आय बढ़ाने, पशुधन आधारित ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने और उपभोक्ताओं को गुणवत्ता युक्त उत्पाद उपलब्ध ...शेष पृष्ठ 14 पर

### संविधान में धर्म निरपेक्ष शब्द जोड़ना भारत की आत्मा पर कुठाराघात

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को आपातकाल की 50वीं बरसी, संविधान हत्या दिवस पर लोकभवन में आयोजित 'भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय' विषयक संगोष्ठी का शुभारम्भ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आपातकाल के दौरान संविधान की प्रस्तावना में संशोधन करके धर्म निरपेक्ष और समाजवादी शब्द जोड़ना भारत की आत्मा पर कुठाराघात था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को आपातकाल के लिए दलितों, वंचितों एवं पूरे देशवासियों से माफी मांगनी चाहिए। बाबा साहब अंबेडकर ने अपनी लेखनी के माध्यम से जिन दलितों एवं वंचितों ...शेष पृष्ठ 14 पर

# विशेष शिक्षा, स्वच्छ भारत मिशन पर अहम निर्णय

## ग्रामीण स्वच्छता अभियान को मिली रफ्तार, पंचायतीराज विभाग को सौंपी कमान : धामी

प्रमुख संवाददाता



देहरादून (उत्तराखंड)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आयोजित उत्तराखंड मंत्रिमंडल की बैठक में राज्यहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गयी। इन निर्णयों से न केवल प्रशासनिक तंत्र को नई मजबूती मिलेगी, बल्कि शिक्षा और स्वच्छता जैसे मूलभूत क्षेत्रों में सुधार की दिशा में ठोस कदम भी आगे बढ़ाए जाएंगे।

बैठक में दिव्यांग बच्चों की शिक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक ऐतिहासिक निर्णय लिया गया। उच्चतम न्यायालय के आदेश और शासनादेश के अनुपालन में पहले ही सृजित 135 विशेष शिक्षा शिक्षकों के पदों पर अब विधिक और संगठित रूप से भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसके लिए उत्तराखण्ड विशेष शिक्षा शिक्षक सेवा नियमावली, 2025 को प्रख्यापित किये जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। यह निर्णय न केवल शिक्षा व्यवस्था में समावेशिता को बढ़ावा देगा, बल्कि विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक सहायता उपलब्ध कराने में भी निर्णायक सिद्ध होगा। साथ ही, ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान को गति देने के लिए स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तीसरे चरण के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी पंचायतीराज विभाग को सौंपने का निर्णय लिया गया। यह व्यवस्था 1 अप्रैल 2026 से प्रभाव में आएगी। इसके अतिरिक्त, मिशन के द्वितीय चरण के अंतिम वर्ष 2025-26 की संचालन प्रक्रिया भी पंचायतीराज विभाग के माध्यम से सुनिश्चित की जाएगी। यह निर्णय मिशन की निरंतरता और ग्राम्य विकास की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मंत्रिमंडल ने वर्ष 2025 में उत्तराखंड की पंचम विधानसभा ...शेष पृष्ठ 14 पर

# सीबीएसई : वर्ष में दो बार होगी दसवी कक्षा की बोर्ड परीक्षा

## ❍ मानदंडों को दी मंजूरी ❍ पहली परीक्षा में शामिल होना अनिवार्य ❍ दूसरी होगी वैकल्पिक

एजेंसी

नयी दिल्ली। सीबीएसई के दसवीं कक्षा के छात्र 2026 से एक शैक्षणिक सत्र में दो बार बोर्ड परीक्षा दे सकेंगे, हालांकि फरवरी में होने वाले पहले चरण की परीक्षा में शामिल होना अनिवार्य होगा। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि मई में होने वाला दूसरा चरण उन छात्रों के लिए वैकल्पिक होगा जो अपना प्रदर्शन सुधारना चाहते हैं। अधिकारियों ने कहा कि यदि कोई छात्र दोनों चरणों में शामिल होता है तो दोनों में से सर्वश्रेष्ठ अंक को प्राप्तांक माना जाएगा। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 10वीं कक्षा के लिए वर्ष में दो बार बोर्ड परीक्षा आयोजित करने के मानदंडों को मंजूरी दे दी है, जिसकी नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) में अनुशंसा की गई है। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने कहा, पहला चरण फरवरी में और दूसरा मई में आयोजित किया जाएगा। दोनों चरणों के परिणाम क्रमशः अप्रैल और जून में घोषित किए जाएंगे। उन्होंने कहा, छात्रों के लिए पहले चरण में शामिल होना अनिवार्य होगा, जबकि दूसरा चरण वैकल्पिक होगा। छात्रों को विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान और भाषाओं में से किसी भी तीन विषयों में अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने का मौका मिल सकेगा। छात्रों के लिए पहले चरण को अनिवार्य बनाने के तर्क को स्पष्ट करते हुए सीबीएसई के अध्यक्ष राहुल सिंह ने कहा कि ऐसा यह सुनिश्चित करने के लिए किया जा रहा है कि छात्र परीक्षा को गंभीरता से लें और बोर्ड परीक्षाओं की शुचिता बनी रहे। उन्होंने कहा यदि कोई छात्र पहले चरण की परीक्षा में तीन या अधिक विषयों में उपस्थित नहीं होता है, तो उसे दूसरी परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ऐसे छात्रों को आवश्यक पुनरावृत्ति श्रेणी में रखा जाएगा और ...शेष पृष्ठ 14 पर

### छात्रों में कम होगा तनाव : प्रधान



नयी दिल्ली। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सीबीएसई द्वारा 10वीं कक्षा की परीक्षाएं साल में दो बार कराने के फैसले की बुधवार को सराहना करते हुए इसे बहुत जरूरी कदम बताया और कहा कि इससे तनाव कम होगा, अधिक लचीलापन आएगा एवं शिक्षण के आनंदमय माहौल को बढ़ावा मिलेगा। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने घोषणा की है कि 2026 से कक्षा 10वीं के छात्र एक शैक्षणिक सत्र में दो बार बोर्ड परीक्षा दे सकेंगे, लेकिन उनके लिए फरवरी में पहले चरण की परीक्षा में शामिल होना अनिवार्य होगा। मई में दूसरे चरण की परीक्षा उन छात्रों के लिए वैकल्पिक ...शेष पृष्ठ 14 पर



**आज का मौसम**

अधिकतम : 36.06 डिसे.

न्यूनतम : 28.04 डिसे.

**भीतर पढ़ें**


❍ खरीफ में किसानों को मिलेगी पर्याप्त मात्रा में खाद (पृष्ठ-02)

❍ बघेल ताल को बनेगा इको पर्यटन हब : जयवीर (पृष्ठ-02)

❍ भारत में आर्थिक गतिविधियां मजबूत : आरबीआई (पृष्ठ-14)

❍ अर्थव्यवस्था 5000 अरब डॉलर बनने की राह पर (पृष्ठ-14)

❍ पीएलआई योजनाओं में 21 हजरा करोड़ बांटे (पृष्ठ-14)


**विशेष खबर** मंत्रिमंडल ने झरिया में पुनर्वास के लिए 5,940 करोड़ रुपये के संशोधित मास्टरप्लान को दी मंजूरी

# आपातकाल पीड़ितों के बलिदान का होगा सम्मान

एजेंसी



नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आपातकाल के पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने के लिए बुधवार को कुछ क्षणों का मौन रखा तथा उनके बलिदान को याद करने और सम्मान देने का संकल्प लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने उन लोगों को श्रद्धांजलि देते हुए कुछ क्षणों का मौन रखा, जिनके संवैधानिक लोकतांत्रिक अधिकार आपातकाल के दौरान छीन लिए गए और जिन्हें अकल्पनीय भयावहता का सामना करना पड़ा। सरकार ने झारखंड के कोयला क्षेत्र झरिया में भूमिगत आग से निपटने और प्रभावित परिवारों के पुनर्वास के लिए बुधवार को 5,940 करोड़ रुपये के संशोधित झरिया मास्टर प्लान (जेएमपी) को मंजूरी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस फैसले को मंजूरी दी गई।

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उन अनगिनत व्यक्तियों के बलिदान को स्मरण करने और सम्मानित करने का संकल्प लिया, जिन्होंने आपातकाल और भारतीय संविधान की भावना को कमजोर करने के प्रयास का बहादुरी से विरोध किया था। आपातकाल की शुरुआत 1974 में नवनिर्माण आंदोलन और संपूर्ण क्रांति अभियान को कुचलने के एक कठोर प्रयास के साथ हुई थी। वैष्णव ने कहा केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आपातकाल की ज्यादतियों के प्रति उनके अनुकरणीय साहस और वीरतापूर्ण प्रतिरोध को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 में संविधान हत्या दिवस के 50 वर्ष पूरे हो रहे हैं - जो भारत के इतिहास का एक अविस्मरणीय अध्याय है और इसके तहत संविधान को कमजोर किया गया, भारत के गणतंत्र और लोकतांत्रिक भावना पर हमला किया गया, संघवाद को कमजोर किया गया और मौलिक अधिकारों, मानव स्वतंत्रता और गरिमा को निलंबित कर दिया गया। वैष्णव ने कहा केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस बात की पुष्टि की कि भारत के लोग भारतीय संविधान और देश के लोकतांत्रिक लोकाचार की दृढ़ता में अटूट विश्वास रखते हैं। मंत्री ने कहा जैसे यह बुजुर्गों के लिए अहम है, वैसे ही युवाओं के लिए भी यह महत्वपूर्ण है कि वे उन लोगों से प्रेरणा लें जिन्होंने तानाशाही प्रवृत्तियों का विरोध किया और हमारे संविधान व लोकतांत्रिक ढांचे की रक्षा के लिए डटे रहे। वैष्णव ने कहा कि लोकतंत्र की जननी के रूप में भारत संवैधानिक मूल्यों के संरक्षण और सुरक्षा का एक उदाहरण है। वैष्णव ने कहा आइए, हम एक राष्ट्र के रूप में अपने संविधान और इसकी लोकतांत्रिक और संघीय भावना को बनाए रखने के अपने संकल्प को नवीनीकृत करें। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, केंद्रीय ...शेष पृष्ठ 14 पर

# दिल्ली : पांच मंजिला इमारत में लगी आग, चार लोगों की मौत

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली में रोहिणी के रिठाला इलाके में विनिर्माण की कई इकाइयों वाली पांच मंजिला इमारत में आग लग जाने से चार लोगों की मौत हो गयी जबकि तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार शाम करीब साढ़े सात बजे दमकल विभाग को रोहिणी सेक्टर-5 इलाके में स्थित इमारत में आग लगने की सूचना मिली और इसके बाद दमकल की 16 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। दिल्ली दमकल सेवा (डीएफएस) के प्रमुख अतुल गर्ग ने कहा कि घटना रिठाला मेट्रो स्टेशन के पास स्थित परिसर में होने की सूचना मिली थी। अधिकारियों ने बताया कि आग लगने का कारण अभी ज्ञात नहीं है और इस संबंध में जांच की जा रही है। मलबे में कोई दबा है या नहीं यह पता लगाने के लिए तलाश अभियान जारी है। पुलिस ने अब तक आग में झुलसे चार लोगों के शव बरामद किए हैं।

यहां एक दमकलकर्मी ने बताया कि तीन घायल लोगों को बाबा साहब आंबेडकर (बीएसए) अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी पहचान नितिन बंसल (31), राकेश (30) और विरेंद्र (25) के रूप में हुई है। नितिन बंसल और राकेश आग में 80 प्रतिशत तक झुलस गए हैं जबकि विरेंद्र मामूली रूप से झुलसा है।

# अफसरों संग हकीकत परखने धरातल पर उतरे जलशक्ति मंत्री

## पेयजल आपूर्ति की गुणवत्ता और नियमितता की हो रही है जांच : स्वतंत्रदेव सिंह

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ड्रीम प्रॉजेक्ट जल-जीवन-मिशन को फाइनल टच देने के लिए उत्तर प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह धरातल पर उतर पड़े हैं। इस सिलसिले की शुरूआत बुंदेलखण्ड से हुई है। बुधवार को मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव और अन्य आला अधिकारियों के साथ ललितपुर जिले में थे। सबसे पहले जल शक्ति मंत्री ने मिशन से जुड़े स्थानीय अधिकारियों के साथ जल-जीवन-मिशन की मौजूदा स्थिति और मुश्किलों पर लम्बी बैठक की।



इसके बाद मिशन से जुड़े अधिकारियों के साथ हालात समझने निकल पड़े। कचौंदा, ताल-गांव, सुनवहा आदि इलाकों में मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने घूम-घूमकर मिशन की हकीकत समझी। उन्होंने इस दौरान छोटी बैठकों, स्थानीय दुकानदारों, घरेलू महिलाओं से भी ने सवाल किये। पानी की गुणवत्ता भी जांची गयी। गांव की सड़कों की मरम्मत, पानी का कम दबाव सरीखी समस्यायें भी उनके के संज्ञान में लायी गयीं, जिन्हें दूर करने के निर्देश भी दिए।

गौरतलब है कि इसी तरह की जमीनी परख 27 जून तक प्रदेश के अलग-अलग जिलों में की जायेगी। जलशक्ति मंत्री ललितपुर के अलावा झांसी, जालौन, कानपुर आदि जिलों में भी जमीनी हकीकत जानने जाएँगे। इस दौरान मंत्री जी और अफसर, आमजन के बीच जाकर सीधे उनसे पूछेंगे कि ह्लक्या आपके घर में अच्छी गुणवत्ता युक्त पानी आ रहा है ?ह्व इस संवादात्मक निरीक्षण से काम की गुणवत्ता तो सामने आयेगी ही, जनता को भी सीधे उत्तरदायित्व के केंद्र में लाया जा सकेगा। जिन जनपदों में जल जीवन मिशन की पाइपलाइन बिछ चुकी है और नल कनेक्शन दिए जा चुके हैं, वहाँ विशेष रूप से जल आपूर्ति की गुणवत्ता, दबाव और समयबद्धता का आकलन करने का यह अभियान आगे भी चलेगा। इस दौरान विभागीय अधिकारी प्रत्येक जनपद के दो से तीन ब्लॉकों के चयनित ग्रामों में रहकर पानी के स्रोत, जलग्रहण क्षेत्रों, टंकियों और वितरण प्रणाली की स्थिति का मूल्यांकन करेंगे। किसी भी प्रकार की अनियमितता या जनता की शिकायत को गंभीरता से लिया जाएगा और मौके पर ही निराकरण की दिशा में कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। इस विशेष अभियान के जरिए सरकार का उद्देश्य न सिर्फ जल जीवन मिशन की प्रगति को आंकना है, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि हर घर नल से जल की योजना वास्तव में आमजन के जीवन को सरल बना रही है या नहीं।

# बघेल ताल बनेगा इको पर्यटन हबः जयवीर सिंह

लखनऊ। उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम ने बहराइच जनपद स्थित बघेल ताल (बघेल झील) को इको पर्यटन के रूप में विकसित करने की दिशा में कदम बढ़ा दिए हैं। यह आर्द्रभूमि (वेटलैंड) बहराइच-गोंडा मार्ग पर पयागपुर के दक्षिणी छोर के पास स्थित है। बघेल ताल अपनी प्राकृतिक जैव विविधता के लिए विख्यात है। अब इसे पर्यावरणीय संतुलन और पर्यटन की दृष्टि से पुनर्जीवित किया जाएगा। इस परियोजना पर लगभग 02.20 करोड़ रुपए की लागत आएगी।

- बघेल ताल से जुड़ी परियोजना पर 02.20 करोड़ रुपये आयेगी लागत

यह जानकारी उप्र के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया, बघेल ताल उत्तर प्रदेश के सबसे बड़े वेटलैंड्स में से एक है। इस परियोजना के माध्यम से झील के पारिस्थितिकी तंत्र (इको सिस्टम) को संरक्षित रखने के साथ-साथ पर्यटन की आधुनिक सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। यह प्रयास पर्यावरण संरक्षण और इको टूरिज्म को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि तकरीबन 51 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला बघेल ताल कभी प्रवासी पक्षियों और प्रकृति प्रेमियों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र था। लेकिन, बीते वर्षों में उपेक्षा और अतिक्रमण के चलते इसका प्राकृतिक सौंदर्य और पर्यटन महत्व कम हो गया। यह परियोजना झील की पुरानी पहचान लौटाने और इसे एक समृद्ध पर्यटन स्थल बनाने की दिशा में अहम कदम है। जयवीर सिंह ने बताया कि इस परियोजना के अंतर्गत मुख्य प्रवेश द्वार का निर्माण, स्थानीय पक्षी प्रजातियों की जानकारी देने वाले बोर्डों की स्थापना, पर्यटकों के लिए आधारभूत सुविधाओं का विकास और झील की सफाई जैसे कार्य किए जा रहे हैं। इन प्रयासों का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र की समृद्ध जैव विविधता के प्रति जन जागरूकता बढ़ाना और पर्यावरण के अनुकूल सतत पर्यटन को प्रोत्साहित करना है। परियोजना से न केवल पर्यावरणीय संतुलन को बल मिलेगा, बल्कि स्थानीय लोगों को भी रोजगार और आर्थिक लाभ मिलने की संभावना है।

# यूपी सरकार आगरा, प्रयागराज में स्थापित करेगी एकीकृत विनिर्माण क्लस्टर

**लखनऊ।** यूपी को उद्यम प्रदेश के रूप में परिवर्तित कर रही प्रदेश सरकार राज्य को एक लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रही है। इस कड़ी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई वाली सरकार प्रदेश में अमृतसर-कोलकाता औद्योगिक गलियारा (एकेआईसी) परियोजना के तहत आगरा और प्रयागराज में दो अत्याधुनिक एकीकृत विनिर्माण क्लस्टर (आईएमसी) विकसित करने जा रही है। प्रदेश सरकार ने बताया कि यह दोनों क्लस्टर न केवल औद्योगिक उत्पादन के नए केंद्र बनेंगे, बल्कि क्षेत्रीय विकास और रोजगार सृजन को भी नई दिशा देंगे। इस परियोजना को केंद्र और राज्य सरकार की साझेदारी में विशेष प्रयोजन वाहन (एसपीवी) के तौर पर एकीकृत विनिर्माण क्लस्टर आगरा-प्रयागराज लिमिटेड के माध्यम से क्रियान्वित किया जा रहा है। प्रदेश सरकार की औद्योगिक दृष्टिकोण के अनुरूप, आगरा जिले के रहन कलां क्षेत्र में 1,058 एकड़ और प्रयागराज के करछना ब्लॉक में 351 एकड़ भूमि पर यह दो विशाल आईएमसी विकसित किए जाने की योजना है। इन क्षेत्रों में अत्याधुनिक आधारभूत ढांचे की स्थापना की जाने की योजना है जिसमें सड़कें, जलापूर्ति, ऊर्जा आपूर्ति, आईसीटी सेवाएं और हरित क्षेत्र भी शामिल हैं। प्रदेश सरकार ने बताया कि परियोजना का उद्देश्य न केवल उत्पादन और निवेश को आकर्षित करना है, बल्कि औद्योगिक नगर की अवधारणा को भी बढ़ावा देना है। इस परियोजना में उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) राज्य की ओर से भूमि और अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध करा रहा है, जबकि केंद्र सरकार की इकाई राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम (एनआईसीडीसी) बुनियादी ढांचे के विकास के लिए वित्तपोषण और तकनीकी मार्गदर्शन देगी। इसमें केंद्र और राज्य, दोनों की 50-50 प्रतिशत हिस्सेदारी से गठित एसपीवी इस परियोजना को धरातल पर उतारने का कार्य करेगी। यूपीसीडा ने परियोजना के अंतर्गत कार्यों की पूर्ति के लिए एक खाका तैयार किया है। इसके अनुसार, यह आईएमसी विभिन्न निर्माण इकाइयों के साथ ही अनुसंधान एवं विकास, तकनीकी नवाचार और कौशल विकास के केंद्र की स्थापना का भी माध्यम बनेगा। यहां परंपरागत उद्योगों को तकनीकी सहायता देने और उद्यमिता को बढ़ावा देने वाले इनक्यूबेशन सेंटर भी स्थापित हो सकेंगे। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और युवाओं को हुनर के साथ-साथ उद्योग जगत से जुड़ने का अवसर मिलेगा।

# यूपी के 62 जिलों में किसानों को सौंपे गये 450 अत्याधुनिक कंबाइन हार्वेस्टर

**लखनऊ।** यूपी में प्रौद्योगिकी आधारित कृषि विकास की दिशा में सरकार के सहयोग से राज्य के 62 जिलों में 450 अत्याधुनिक कंबाइन हार्वेस्टर किसानों को उपलब्ध कराए गए हैं। योगी आदित्यनाथ सरकार का उद्देश्य पारंपरिक खेती को आधुनिक संसाधनों से जोड़ते हुए किसानों को विज्ञान व प्रौद्योगिकी आधारित कृषि पद्धति अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। कंबाइन हार्वेस्टर से न केवल किसानों को फसल कटाई में होने वाली अतिरिक्त मेहनत से राहत मिलगी, बल्कि फसलों की क्षति भी काफी हद तक कम होगी। समय के साथ-साथ उपज की गुणवत्ता और मात्रा में भी बढ़ोतरी होती है। इसमें कहा गया, कि इसमें महिला किसानों की भागीदारी भी उल्लेखनीय रही। राज्य के 15 जिलों में 26 महिला किसानों को कंबाइन हार्वेस्टर सौंपे गए। सिद्धार्थनगर, अमेठी, बस्ती, चित्रकूट, गोरखपुर, झांसी, कन्नौज, कानपुर नगर, कानपुर देहात, महाराजगंज, पीलीभीत, रामपुर, संत कबीर नगर, शाहजहांपुर और उन्नाव जिलों में महिला किसानों की भागीदारी अधिक देखी गई।

# किसानों को मक्का का मिलेगा उचित मूल्य सरकार ने शुरू की खरीद प्रक्रिया

**लखनऊ।** किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 (खरीफ फसल) में पहली बार मक्का की सरकारी खरीद शुरू की है। इस योजना के तहत प्रदेश के 23 जिलों में किसानों से मक्का की खरीद की जाएगी। इनमें फिरोजाबाद, मैनपुरी, आगरा, अलीगढ़, एटा, कासगंज, हाथरस, बुलंदशहर, रामपुर, सम्भल, बदायूं, कानपुर नगर, औरैया, इटावा, कन्नौज, फर्रुखाबाद, हरदोई, उन्नाव, अयोध्या, बहराइच, गोंडा, बस्ती और मिर्जापुर शामिल हैं। आयुक्त, खाद्य एवं रसद भूपेन्द्र एस. चौधरी ने बताया कि शासन द्वारा किसानों से मक्का का समर्थन मूल्य 2225 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है। मक्का खरीद की अवधि 15 जून से 31 जुलाई तक निर्धारित की गई है।

# खरीफ सीजन में किसानों को मिलेगी पर्याप्त मात्रा में खाद

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश में खरीफ सीजन के दौरान किसानों को उर्वरकों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा महत्त्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। इस क्रम में प्रमुख सचिव कृषि रविन्द्र द्वारा निर्देशित किया गया है कि जनपदों में निजी उर्वरक कम्पनियों की उर्वरक रैंक से 40 प्रतिशत उर्वरकों की आपूर्ति उत्तर प्रदेश सहकारी विपणन संघ (पीसीएफ) को कराई जाए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 24 जून को कृषि मंत्री उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में उर्वरकों की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी। समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि सहकारी समितियों पर किसानों की बढ़ती मांग के अनुपात में पीसीएफ के पास उर्वरकों की उपलब्धता सीमित है। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया कि निजी रैंक से 40 प्रतिशत उर्वरक सहकारी क्षेत्र को हस्तांतरित किए जाएं, जिससे कृषकों को समय पर खाद की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। गत

- निजी उर्वरक रैंक से 40 प्रतिशत आपूर्ति पीसीएफ को देने के निर्देश
- कृषि मंत्री की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक के बाद खाद वितरण की नई व्यवस्था लागू
- प्रमुख सचिव कृषि रविन्द्र ने दिए सख्त निर्देश

वर्ष भी इस उद्देश्य से शासन द्वारा निर्देश जारी किए गए थे, जिसके तहत 50 प्रतिशत उर्वरकों की आपूर्ति पीसीएफ को कराई गई थी। इस बार खरीफ सीजन 2025 के लिए 40 प्रतिशत आपूर्ति का निर्णय कृषक हित में आवश्यक एवं समीचीन माना गया है। प्रमुख सचिव कृषि ने समस्त जिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि खाद वितरण की इस व्यवस्था को राजस्व विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर कृषकों तक पारदर्शी रूप से पहुँचाया जाए। जिलाधिकारी स्वयं मौके पर जाकर वितरण व्यवस्था की निगरानी करें एवं यह सुनिश्चित करें कि कोई भी विक्रेता कालाबाजारी या ओवर रेटिंग न करे। उन्होंने यह भी कहा कि किसानों को केवल उनके जोत/कृषि भूमि की आवश्यकता के अनुरूप और संस्तुत मात्रा में ही खाद क्रय करने की अनुमति दी जाए। साथ ही कृषकों को टीएसपी (त्रिसुपर फास्फेट) एवं एनपीके (नाइट्रोजन-फास्फोरस-पोटाश) जैसे संतुलित उर्वरकों के प्रयोग हेतु जागरूक भी किया जाए।

# तकनीक आधारित शिक्षा से ही युवा बनेंगे आत्मनिर्भर : कपिल देव अग्रवाल

**लखनऊ।** प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं प्रभारी मंत्री हापुड़/बिजनौर कपिल देव अग्रवाल ने बुधवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सुलतानपुर का दौरा कर संस्थान की गतिविधियों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने

- कौशल विकास मंत्री ने राजकीय आईटीआई में प्रशिक्षार्थियों से संवाद
- रोबोटिक्स प्रशिक्षण का लिया जायजा



प्रशिक्षार्थियों को तकनीक और परिश्रम को जीवन का आधार बनाकर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

निरीक्षण के दौरान कौशल विकास मंत्री ने टीटीएल योजना के अन्तर्गत संचालित इण्डस्ट्रियल रोबोटिक्स एवं डिजिटल मैन्युफैक्चरिंग टेक्नीशियन व्यवसाय के प्रशिक्षुओं द्वारा तैयार रोबोटिक आर्म का प्रदर्शन देखा और छात्रों के नवाचार की सराहना की। उन्होंने कहा कि आज का युग तकनीक आधारित ज्ञान का है। हमारे युवा अगर हुनर और तकनीकी दक्षता से लैस होंगे तो देश को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। संस्थान में संचालित टीटीएल, जीआईटीआई, कौशल विकास मिशन एवं आई.टीओटी से जुड़े प्रशिक्षार्थियों को एक साथ संबोधित करते हुए मंत्री अग्रवाल ने निर्देशित किया कि प्रशिक्षण के साथ ही उद्योगों से जुड़ाव की प्रक्रिया और तेज की जाए ताकि युवा सीधे रोजगार से जुड़ सकें। हर संस्थान में टेक्नोलॉजी आधारित व्यवसायों को प्राथमिकता दी जाए। प्रशिक्षकों की क्षमता वृद्धि हेतु समय-समय पर कार्यशालाओं का आयोजन किया जाए।

# भाजपा सरकार में अघोषित आपातकाल : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में आज देश में अघोषित आपातकाल है। पत्रकारों के सच लिखने पर पाबंदी है। जाति और धर्म के नाम पर भेदभाव हो रहा है। भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है।

जब लोग इमरजेंसी को याद कर रहे हैं तो इस समय जो इमरजेंसी है उसे

- फरुर्खाबाद में सपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद स्व. छोटे सिंह यादव की त्रयोदशी एवं शांति पाठ कार्यक्रम हुए शामिल



भी ध्यान में रखना चाहिए। भाजपा सभी संवैधानिक संस्थाओं पर कब्जा कर रही है। लोगों के अधिकार छीने जा रहे हैं। विपक्षी दलों के नेताओं पर झूठे मुकदमें लगाकर जेल में डाला जा रहा है। प्रताड़ित किया जा रहा है। गरीबों की जमीनों पर जबरन कब्जा हो रहा है। लोगों को वोट डालने से रोका जाता है। भाजपा लोकतंत्र की हत्या कर रही है। संविधान विरोधी कार्य कर रही है। भाजपा सरकार धर्म को धर्म से और जाति को जाति से लड़ा रही है। भाजपा अंग्रेजों की डिवाइड एण्ड रूल की नीति पर चल रही है। भाजपा सरकार में किसी को भी न्याय नहीं मिल रहा है। एकतरफा और एकपक्षीय फैसले लिये जा रहे हैं। फरुर्खाबाद में बुधवार को सपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद स्वर्गीय छोटे सिंह यादव की त्रयोदशी एवं शांति पाठ कार्यक्रम शामिल होने के बाद मीडिया से बात कर रहे थे। अखिलेश यादव ने कहा कि सभी को याद है कि जयप्रकाश नारायण ने संपूर्ण क्रांति का आवाह्न किया था। उन्होंने कहा था कि भ्रष्टाचार और महंगाई चरम पर है। उसी समय सम्पूर्ण क्रांति का आंदोलन चला था। जिसके बाद लोगों को इमरजेंसी देखने को मिली। आज भी महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, अन्याय, अत्याचार चरम पर है। लोगों की आवाज दबायी जा रही है। सच बोलने पर प्रताड़ित किया जा रहा है। इस समय देश में अघोषित इमरजेंसी है। भाजपा इस अघोषित इमरजेंसी का दिवस कब मनाएगी? अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में हर जगह हर स्तर पर भ्रष्टाचार है। सभी विभागों में भ्रष्टाचार और लूट हो रही है। ट्रांसफर पोस्टिंग से लेकर हर कार्य में वसूली हो रही है। जल जीवन मिशन योजना में भारी भ्रष्टाचार हुआ है। भ्रष्टाचार के भार से पानी की टंकिया हर महीने ढ़ह रही हैं। इसी तरह से भारी अवैध खनन हो रहा है। भाजपा के एक विधायक ने अवैध खनन रोकने पर एसडीएम को ही पीट दिया। इस अवसर पर अखिलेश यादव ने पूर्व सांसद छोटे सिंह यादव ने कहा कि छोटे सिंह यादव समाजवादी चिंतक थे। वह बहुत वरिष्ठ नेता थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन समाजवादी आंदोलन को मजबूत करने में लगा दिया। आज शांति पाठ कार्यक्रम में शामिल होकर हमने परिवार के लोगों से मिलकर छोटे सिंह यादव को याद किया।

# सरकार की सहकारी नीति का भांडाफूट गया है : लोकदल

**लखनऊ।** लोकदल के अध्यक्ष सुनील सिंह ने समितियों को निजी हाथों में सौंपने की साजिश करने वाली सरकार का भांडाफोड़ दिया है और समितियों को निजी हाथों में सौंपने की कवायद पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि देश में सहकारी आंदोलन को मजबूत करने के दावे करने वाली सरकार की असलियत अब सामने आ चुकी है। हाल ही में सामने आयी योजनाओं और फैसलों से यह स्पष्ट हो गया है कि सरकार की सहकारी नीति का असली मकसद सहकारी संस्थाओं को धीरे-धीरे निजी हाथों में सौंपना है। देश में सहकारी आंदोलन को मजबूत करने के दावे करने वाली सरकार की असलियत अब सामने आ चुकी है। हाल ही में सामने आई योजनाओं और फैसलों से यह स्पष्ट हो गया है कि सरकार की सहकारी नीति का असली मकसद सहकारी संस्थाओं को धीरे-धीरे निजी हाथों में सौंपना है।

# जेपी का संघर्ष हमें प्रेरणा देता रहेगा : रामाशीष राय

## रालोद ने आपातकाल विरोधी आंदोलन के अग्रदूत जेपी को किया नमन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रालोद के प्रदेश कार्यालय में आपातकाल की बरसी पर जयप्रकाश नारायण के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने उनके विचारों और संघर्ष को स्मरण करते हुए कहा कि जयप्रकाश नारायण न सिर्फ एक नेता, बल्कि लोकतंत्र की आत्मा थे। उन्होंने निरंकुशता के विरुद्ध जनआंदोलन का नेतृत्व कर देश को नई दिशा दी।



रालोद प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने कहा कि रालोद हमेशा से लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करता आया है और जयप्रकाश का संघर्ष हमें प्रेरणा देता रहेगा। प्रदेश मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने बताया कि इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव विजय श्रीवास्तव, प्रदेश उपाध्यक्ष आदित्य विक्रम सिंह, प्रदेश महासचिव रजनीकांत मिश्रा एवं राघवेंद्र प्रताप सिंह, प्रोफेशनल मंच के प्रदेश अध्यक्ष अंबुज पटेल, तराई क्षेत्र के अध्यक्ष पीके पाठक, किसान सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रजेश शर्मा एवं महामंत्री दिवेश कुमार सिंह शमीम अहमद अल्वी ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

# गोरखपुर में सपा नेताओं का भाजपाइयों ने रोका रास्ता, जमकर नोकझोंक

जिला संवाददाता

**गोरखपुर।** गोरखपुर शहर के अति व्यस्ततम मार्ग विरासत गलियारे में सड़क चौड़ीकरण के नाम हो रहे तोड़फोड़ पर राजनीति अब गरमाने लगी है। बुधवार को समाजवादी पार्टी के नेता पीड़ित दुकानदारों से मिलने पहुंचे तो भाजपा नेताओं ने जबरदस्त विरोध किया। नॉर्मल तिराहे पर भाजपायों ने समाजवादी पार्टी के काफिले को रोक दिया। इसकी अगवाई भाजपा के महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता कर रहे थे। दोनों दलों के कार्यकर्ता और नेता आमने सामने आ गए। इसी दौरान दोनों पक्षों में झड़प हो गई। तभी भीड़ में शामिल अराजक तत्वों ने नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद सपा नेताओं पर अंडे फेंके, जो गाड़ियों पर गिरे। आरोप है कि सपा नेताओं की गाड़ियों के शीशे तोड़ दिए गए। सड़क पर हंगामा होने लगा। हालात बिगड़ते देख सपा नेता सड़क पर ही बैठ गए और धरना देने लगे। इससे करीब 30 मिनट तक स्थिति बेकाबू रही। इसके बाद पुलिस सुरक्षा में सपा नेताओं ने अपनी पदयात्रा पूरी की। इस बीच, अखिलेश यादव ने पर लिखा- इस हमले की हम निंदा करते हैं। ये बड़ी साजिश है।



विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय और विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव की अगुवाई में चार सदस्यीय समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल विरासत गलियारा सड़क चौड़ीकरण से प्रभावित पीड़ित व्यापारियों से मुलाकात करने पहुंचा था। सपा नेताओं को नॉर्मल चौकी से लेकर तिवारी हाता तक पदयात्रा करनी थी। रूट में घंटाघर, पांडेय हाता, नखास चौक, बख्शीपुर और अलीनगर बाजार शामिल थे। इस दौरान विरासत गलियारे में तोड़ी जा रही दुकानों से प्रभावित व्यापारियों से मुलाकात भी करनी थी। जैसे ही सपा प्रतिनिधिमंडल नॉर्मल चौकी पर पहुंचा, वहां भाजपा कार्यकर्ता पहले से मौजूद थे। उन्होंने अखिलेश यादव के खिलाफ नारेबाजी की और सपा नेताओं के वाहनों पर अंडे फेंकने लगे। इससे दो गाड़ियों के शीशे टूट गए। थोड़ी देर में दोनों तरफ के कार्यकताओं के बीच माहौल गरम होने लगा। भाजपा कार्यकताओं ने मौके पर बुलडोजर खड़ा कर पदयात्रा रोक दी। इससे झड़प के हालात बन गए। इसके बाद सपा नेताओं ने पुलिस बुला ली। नेताओं के वाहनों पर अंडे फेंकने लगे। थोड़ी देर में दोनों तरफ के कार्यकताओं के बीच माहौल गरम होने लगा। भाजपा कार्यकताओं ने मौके पर बुलडोजर खड़ा कर पदयात्रा रोक दी। इससे झड़प के हालात बन गए। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता और भाजपा कार्यकताओं के बीच जमकर धक्का मुक्की हुई। छीना झपटी हुई। कुछ उग्र भाजपा कार्यकताओं ने समाजवादी पार्टी के काफिले के एक गाड़ी का शीशा तोड़ दिया। यह गाड़ी विधान परिषद के नेता प्रतिपक्ष के काफिले की थी। इसके बाद सपा नेताओं ने पुलिस बुला ली। मामला बढ़ता देख प्रशासन ने तुरंत हस्तक्षेप किया। अधिकारियों ने भाजपा कार्यकताओं को मौके से हटाया।

## सपा नेता माता प्रसाद पांडेय ने दिया धरना

पुलिस पहुंचने के बाद सपा नेता लाल बिहारी यादव ने कहा कि विरासत गलियारे में जबरन तोड़ी जा रही दुकानों को लेकर सपा जनता की आवाज उठाने आई है। लेकिन, भाजपा नेता और पदाधिकारी रास्ता रोक कर इसमें बाधा डाल रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि जब गोरखनाथ मंदिर के पास दुकानदारों को मुआवजा दिया गया, तो पांडेय हाता के व्यापारियों को क्यों नहीं? रास्ता रोके जाने के विरोध में सपा प्रतिनिधिमंडल के लोग नॉर्मल चौकी पर ही जमीन पर बैठ गया। माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि प्रशासन को पहले ही सूचना दी गई थी, फिर भी जानबूझकर रास्ता रोका गया। उन्होंने कहा कि जब तक रास्ता नहीं खुलेगा, वे आगे नहीं बढ़ेंगे। इस बीच बड़ी संख्या में सपा समर्थक जुटने लगे, जिससे तनाव और बढ़ गया।

## सपा का दौरा राजनीति से प्रेरित : सहजानंद

भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय ने सपा के दौरे को राजनीति से प्रेरित बताया। उन्होंने कहा- जब सपा की सरकार थी, तब गोरखपुर के व्यापारियों की सुध नहीं ली गई। अब जब मुख्यमंत्री योगी शहर को नया रूप दे रहे हैं, तब सपा के नेता बिना मुद्दा लिए माहौल बिगाड़ने आ रहे हैं। जिन्होंने गोरखपुर को नजरअंदाज किया, अब वही नाटक कर रहे हैं।

# भाजपा ने देश में डर का माहौल बना रखा है : अजय राय

**लखनऊ।** संविधान विरोधी भाजपा सरकार जिसकी मंशा में संविधान को बदलना है, जो पिछले 11 वर्ष से लगातार हर संवैधानिक मूल्यों की धज्जियां उड़ा रही है, जिसने इस देश में ईडी और सीबीआई के दुरूपयोग से डर का माहौल बना रखा है, वो आज संविधान हत्या दिवस मना रही है। यह बातें उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने बुधवार को कहीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने आपातकाल पर अपना स्टैंड साफ रखा है और देश की जनता ने भी मात्र ढाई साल बाद इंदिरा गांधी के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत वाली कांग्रेस की सरकार बना कर अपना जवाब दे दिया था। सवाल ये है कि आज 50 साल बाद ये बात क्यों उठ रही है? अजय राय ने कहा कि मोदी सरकार पूरी तरह नाकाम हो चुकी है, उसके पास अपना बताने को कुछ नहीं है इसलिए वह वर्तमान और भविष्य की तरफ न देखकर भूतकाल की तरफ भाग रही है। उन्होंने कहा कि इस युवा देश में युवा ही बेरोजगार है, महंगाई आसमान छू रही है, भाजपा शासित प्रदेशों में



महिलाओं और दलितों के खिलाफ अपराध बढ़ गए हैं, चीन घर में घुस कर बैठा है, ट्रंप के दबाव में मोदी सेना के पराक्रम और मनोबल को तोड़ते हुए सीजफायर घोषित कर देती है। समस्याएं अनगिनत हैं और मोदी सरकार भूतकाल की रेत में सर छुपाकर बचना चाहती है। सच यह भी है कि राहुल गांधी द्वारा संविधान बचाओ संघर्षों से भी मोदी सरकार डर गई है और इसलिए यह लोग अपने झूठ और विफलताओं को छुपाने के लिए यह नाटक रच रहे हैं।

# आईटी सिटी व वेलनेस सिटी के भूमिदाताओं को मिलेगा लाभ

## योजना से आच्छादित गांवों के भू-स्वामियों को लैंड पूलिंग के माध्यम से भूमि देने पर मिलेगा लाभ

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण की आईटी सिटी व वेलनेस सिटी योजना के लिए लैंड पूलिंग के माध्यम से भूमि देने वाले किसान मालामाल होंगे। योजना लांच होने पर भू-स्वामियों को उनकी कुल भूमि का 25 प्रतिशत विकसित आवासीय एरिया अथवा 50 प्रतिशत अविकसित एरिया स्थल पर ही मिलेगा। जोकि, वर्तमान में दी जा रही मुआवजे की धनराशि से 10 गुना तक अधिक लाभकारी होगा।

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बुधवार को सुलतानपुर रोड पर प्रस्तावित आईटी योजना का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सेक्टर डेवलपमेंट के कार्य में तेजी लाने व भू-स्वामियों को लैंड पूलिंग से होने वाले लाभ के बारे में जानकारी मुहैया कराने के निर्देश दिये। उपाध्यक्ष ने बताया कि सुलतानपुर रोड व किसान पथ के मध्य लगभग 2,858 एकड़ क्षेत्रफल में आईटी सिटी विकसित की जाएगी। जिसके लिए मोहनलालगंज तहसील के ग्राम-बक्कास, सोनई कंजेहरा, सिकन्दरपुर अमोलिया, सिद्धपुरा, परेहटा, पहाड़नगर टिकरिया, रकीबाबाद, मोहारी खुर्द, खुजौली और भटवारा की जमीन ली जाएगी। यह योजना अपनी सर्वोत्तम रोड कनेक्टिविटी के कारण लोगों के लिए काफी उपयोगी होगी। योजना में 72 वर्गमीटर से 200 वर्गमीटर क्षेत्रफल के लगभग 5,000 आवासीय भूखण्ड सृजित किये जाएंगे।

साथ ही लगभग 445.65 एकड़ इन्डस्ट्रियल एरिया व व्यावसायिक गतिविधियों के लिए 260 एकड़ क्षेत्रफल आरक्षित किया जाएगा। वहीं, 200 एकड़ की ग्रीन बेल्ट व 15 एकड़ क्षेत्रफल में फैली वाटर बॉडी योजना को पर्यावरण के अनुकूल बनाएगी।

### मुआवजा 32 लाख, लैंड पूलिंग से 3 करोड़ का लाभ

उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि आईटी सिटी के लिए लैंड पूलिंग नीति के माध्यम से अपनी जमीन देने वाले किसानों को कई गुना अधिक लाभ होगा। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि मोहारी खुर्द गांव में जमीन का डीएम सर्किल रेट लगभग 8 लाख रुपये बीघा है। प्रतिकर के रूप में नियमानुसार चार गुना मुआवजा दिये जाने पर भी किसान को 32 लाख रुपये ही मिलेगा। वहीं, लैंड पूलिंग नीति के तहत अपनी शत प्रतिशत भूमि निःशुल्क देने वाले किसान को योजना में 25 प्रतिशत विकसित आवासीय भूमि क्रमशः 6800 वर्गफिट मिलेगी। जिसकी कीमत 03 करोड़ रुपये से अधिक होगी और किसान को कई गुना अधिक लाभ होगा।

### एग्रीमेंट के माध्यम से भू-स्वामियों से करार

इसी तरह वेलनेस सिटी योजना से आच्छादित ग्राम-दुलारमऊ में जमीन का डी0एम0 सर्किल रेट लगभग 15.75 लाख रुपये प्रति बीघा है। यहां भू-स्वामी को नियमानुसार लगभग 63 लाख रुपये मुआवजा मिलेगा, जबकि लैंड पूलिंग के तहत भूमि देने पर लगभग पांच गुना अधिक लाभ होगा। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि लैंड पूलिंग नीति के तहत भूमि देने वाले किसानों से सरल व पारदर्शी प्रक्रिया के तहत पक्का करार किया जा रहा है, जिसके तहत भू-स्वामी व प्राधिकरण के मध्य रजिस्टर्ड एग्रीमेंट किया जा रहा है। दोनों योजनाओं के लिए लगभग 350 बीघा भूमि के आवेदन लैंड पूलिंग के माध्यम से प्राप्त हो चुके हैं।

### श्रवण अपार्टमेंट में ठेकेदार को फटकार

उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बुधवार को कानपुर रोड योजना स्थित श्रवण अपार्टमेंट का भी निरीक्षण किया। परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था संतोषजनक नहीं पायी गयी, साथ ही पार्किंग व सैम्पल फ्लैट आदि के कार्य अधूरे मिलने पर उपाध्यक्ष ने कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि को फटकार लगायी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि एक माह के अंदर सैम्पल फ्लैट तैयार करते हुए गेट के पास गार्ड रूम निर्मित किया जाए।



# यूपी और एमपी के बीच पर्यटन को लेकर एमओयू

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश (यूपी) और मध्य प्रदेश (एमपी) इंटरस्टेट पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राजधानी में सेमिनार का आयोजन बुधवार को किया गया। राजधानी में आयोजित इस समारोह में मध्य प्रदेश के डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ल, मध्य प्रदेश के पर्यटन राज्यमंत्री धर्मेन्द्र लोधी और उत्तर प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह उपस्थित थे। इस दौरान दोनों राज्यों के बीच पर्यटन को लेकर एक एमओयू पर भी हस्ताक्षर किये गये।

# कॉलेजों की कैंटीन में होगी खान-पान की जांच

**लखनऊ।** खाद्य सुरक्षा नियामक एफएसएसएआई के मानकों की कसौटियों पर शहर के करीब 225 खाद्य प्रतिष्ठानों को उतरना होगा। बुधवार को जिला प्रशासन की समीक्षा में अब इस दिशा में कड़ाई से कार्य करने का निर्देश दिया गया है। इनमें बड़े रेस्त्रां, ढाबे से लेकर प्रतिष्ठित मिठाई की दुकानें, बेकरी आदि शामिल हैं। मौजूदा समय 651 प्रतिष्ठानों की हाईजीन रेटिंग की जा चुकी है। बुधवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन जनपद लखनऊ की जिला स्तरीय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट में हुई। बैठक में सहायक आयुक्त (खाद्य) ग्रेड-2 विजय प्रताप सिंह ने अब तक की गई कार्रवाई के आंकड़े प्रस्तुत किए। बैठक में अपर जिलाधिकारी अमित कुमार सिंह ने सभी बड़े प्रतिष्ठानों को ईट राइट से प्रमाणित करने का निर्देश दिया। इसके पूर्व उनके खाद्य पदार्थों की जांच होगी। उनको ट्रेनिंग दी जाएगी। एक बार फिर जांच होगी जिसमें सबकुछ सही मिलने पर प्रमाणपत्र मिलेगा। जिले के सीएचसी, पीएचसी और स्वास्थ्य केन्द्रों की कैंटीन को भी मानकों को पूरा करना होगा। इसके लिए डीएम की ओर से निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने जिला आबकारी अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला खाद्य विपणन अधिकारी, जिला दुग्ध विकास अधिकारी एवं औषधि निरीक्षक को भी अपने क्षेत्र के खाद्य प्रतिष्ठानों को लाइसेंस-पंजीकरण प्रमाणपत्र लेने का निर्देश दिया। सभी स्कूल-कॉलेजों के कैंटीन की भी हाईजीन रेटिंग स्कूल-कॉलेजों की कैंटीन में सफाई से व्यंजन तैयार हो रहे हैं या नहीं, तेल और मसाले आदि की गुणवत्ता खराब तो नहीं, ऐसे कई मानकों पर जांच होगी। सभी ऐसे संस्थानों की कैंटीन को ईट राइट कैम्पस से प्रमाणित किया जाएगा।

# नगर निगम सदन बैठक अब 1 जुलाई को

**लखनऊ।** नगर निगम लखनऊ की कार्यकारिणी समिति में रिक्त 6 सदस्यों के मनोनयन के लिए प्रस्तावित सदन की बैठक की तिथि में एक बार फिर बदलाव किया गया है। अब यह बैठक 1 जुलाई 2025 को प्रातः 11:00 बजे नगर निगम मुख्यालय, लालबाग स्थित त्रिलोकनाथ सभागार में आयोजित की जाएगी। महापौर सुषमा खर्कवाल ने बताया कि यह संशोधन मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम (सीएम-ग्रिड्स) के अंतर्गत बैंगलुरु एवं पिंपरी-चिंचवड़ (महाराष्ट्र) में चल रही योजनाओं के अध्ययन व तकनीकी सेमिनार में भाग लेने के लिए अधिकृत अधिकारियों की उपस्थिति को ध्यान में रखते हुए किया गया है। इस भ्रमण में अधिकारियों को 2 जुलाई से 5 जुलाई तक शहर से बाहर रहना होगा। सदन में कार्यकारिणी समिति के रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिए सदस्यों का चयन किया जाएगा। महापौर श्रीमती खर्कवाल ने सभी पार्षदगण एवं नामित सदस्यों से समय से उपस्थिति सुनिश्चित करने की अपील की है।

# निजीकरण करने वालो के खिलाफ हो सीबीआई जांच

**लखनऊ।** राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से मुलाकात करके बिजली निजीकरण के बहाने भ्रष्टाचार की जांच सीबीआई से करने के लिए पत्र दिया। केंद्र सरकार ने बिजली व्यवस्था में सुधार के लिए आरडीएसएस योजना में 44,094 करोड़ रुपये खर्च करने की मंजूरी दी है। पूर्वांचल में 9,481 करोड़ रुपये और दक्षिणांचल में 7,434 करोड़ रुपये खर्च हो रहे हैं। परिणाम भी आ रहे हैं। बावजूद इसके निजीकरण का प्रस्ताव ले आया गया। मामले की सीबीआई जांच करवाई जाए तो इसकी हकीकत सामने आ जाएगी। उपभोक्ता परिषद ने इस मसले में जल्द ही मुख्यमंत्री से मिलकर पूरा मामला बताते हुए सीबीआई जांच की मांग की जाएगी। यह सरकारी धन का दुरुपयोग करने और औद्योगिक समूहों को लाभ पहुंचाने की कोशिश है। इस कोशिश में पावर कॉरपोरेशन और शासन के कुछ अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध है।

# नगरीय प्रशासन के लिए परिवर्तनकारी पहल है मिशन कर्मयोगी

**लखनऊ।** नगर विकास विभाग ने मिशन कर्मयोगी के तहत एक ऐतिहासिक दो-दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया। भारत सरकार के क्षमता निर्माण आयोग (सीबीसी) के सहयोग से कार्यशाला का आयोजन नगरीय स्थानीय निकाय निदेशालय में संपन्न हुआ। यह कार्यशाला प्रदेश में नगरीय शासन को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वाकांक्षी प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत है। नगर विकास विभाग की ओर से आयोजित मिशन कर्मयोगी क्षमता निर्माण कार्यशाला में प्रदेश के सभी 18 मंडलों के 762 नगरीय स्थानीय निकायों के नगर आयुक्तों, अधिशासी अधिकारियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। प्रमुख सचिव अमृत अभिजात, सचिव अनुज कुमार झा एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने कार्यशाला में विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में क्षमता निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया। नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने कहा कि मिशन कर्मयोगी उत्तर प्रदेश के शहरी प्रशासन के लिए एक परिवर्तनकारी पहल है। यह विशेष रूप से छोटे नगरीय निकायों में संस्थागत क्षमता को सशक्त बनाकर सतत शहरी विकास और नागरिक सेवा प्रदायगी को बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध होगा। यह पहल स्मार्ट सिटी विकास, लचीलापन निर्माण और बेहतर सेवा वितरण जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए राज्य को सशक्त बनाएगी।

# जेल का विकल्प देने के चेयरमैन के बयान से बिजलीकर्मी नाराज

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पॉवर कारपोरेशन के चेयरमैन डॉ आशीष गोयल द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बिजली कर्मियों को धमकी देते हुए जेल का विकल्प पत्र भरने की बात करने से प्रदेश भर में बिजली कर्मियों में उबाल आ गया है और उनका गुस्सा फूट पड़ा है। आपातकाल की 50वीं जयंती पर आज प्रदेश भर में बिजली कर्मचारियों ने अन्याय और दमन के विरोध में निजीकरण का टेंडर होते ही जेल भरो अभियान चलाने का संकल्प जोरदार ढंग से व्यक्त किया। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों ने बताया कि कल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पॉवर कॉरपोरेशन के चेयरमैन ने सभी प्रबंध निदेशकों और उच्च अधिकारियों को निर्देश दिया कि जो कर्मचारी जेल जाना चाहते हैं, रजिस्टर रखवा लिया जाए और दो दिन में उनसे जेल जाने का विकल्प ले लिया जाए। चेयरमैन ने बहुत तल्खी में कहा कि जो कर्मचारी जेल जाना चाहते हैं उन्हें मैं ससम्मान जेल भिजवा दूंगा। संघर्ष समिति ने कहा कि यह बयान बाजी कर पावर कारपोरेशन के चेयरमैन ने 50 साल बाद एक बार फिर आपातकाल की याद ताजा कर दी है। संघर्ष समिति ने कहा कि विगत 7 महीनों से पॉवर कारपोरेशन के चेयरमैन पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम का निजीकरण करने के लिए इतने उतावले हो गए हैं कि वह झूठे आंकड़ों और धमकी का सहारा लेने पर उतर आए हैं।

उन्होंने कहा कि पावर कारपोरेशन के चेयरमैन द्वारा निजीकरण के लिए विद्युत नियामक आयोग को भेजे गए झूठे आंकड़ों को विद्युत नियामक आयोग ने नकार दिया है और निजीकरण के आर एफ पी डॉक्यूमेंट को वापस लौटा दिया है। इससे प्रबंधन पूरी तरह बौखला गया है और अब बिजली कर्मियों से रजिस्टर पर जेल जाने वालों को विकल्प देने की धमकी पर उतर आया है।

# अर्जुनगंज के व्यापारियों ने बिजली विभाग को दिखायी समस्या

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अर्जुनगंज सरसावा सर्वहित व्यापार मंडल के व्यापारियों ने प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार यादव की अगुवाई में पीडब्ल्यूडी व बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की, बैठक में अर्जुनगंज सरसावा क्षेत्र के व्यापारियों ने अधिकारियों को अपनी बाजार की समस्या के बारे में बताया।

इसके साथ ही बिजली विभाग और पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से बाजार का निरीक्षण किया, व्यापारियों ने जहां भी दिक्कतें थी अधिकारियों को दिखाई।

व्यापारियों ने बताया कि जगह-जगह नाला बनने के बाद भी उनके बगल मिट्टी भराई का कम नहीं हुवा है, कही पर दुकान के सामने सड़क को खोद कर छोड़ दिया गया है, जिससे व्यापार प्रभावित हो रहा है, बिलजी



विभाग ने काफी समय से ट्रांसफार्मर दुकान के आगे रखा है उसके चारों तरफ सुरक्षा की कोई व्यवस्था नहीं की गयी है, पीडब्ल्यूडी व बिजली विभाग के अधिकारियों अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि जल्द ही बाजार की सभी समस्याओं का समाधान कर दिया जाएगा। व्यापारियों के साथ बैठक और निरीक्षण में सर्वहित व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार यादव, पीडब्ल्यूडी विभाग के एठ सतेन्द्र नाथ, सुनील सिंह, सरवन यादव, बिजली विभाग के देवेन्द्र बहादुर सिसौदिया, अजीत सिंह, अर्जुनगंज सरसावा सर्वहित व्यापार मंडल के संरक्षक सिकंदर पाल, अध्यक्ष प्रीतम मिश्रा, वीरेंद्र यादव, मंसूर अहमद, राजकुमार यादव, योगेश यादव, दीपांशु गुप्ता, दया खंडेलवाल, सुनील अग्रवाल, राहुल शुक्ला सहित भारी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

# शिकायतों के त्वरित समाधान के निर्देश, फीडबैक भी लें

**लखनऊ।** नगर आयुक्त गौरव कुमार ने बुधवार को स्मार्ट सिटी स्थित कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने कंट्रोल रूम में कार्यरत कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे जनता से प्राप्त शिकायतों को तत्काल संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाएं और उनकी निरंतर मॉनिटरिंग करते हुए फीडबैक भी लेते रहें। नगर आयुक्त ने विशेष रूप से जोर दिया कि जनता की शिकायतों पर त्वरित और प्रभावी कार्रवाई होनी चाहिए। सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि वे प्राप्त शिकायतों पर बिना विलंब के कार्रवाई करें। प्रत्येक शिकायत का समाधान गुणवत्ता परक होना चाहिए और कार्य के प्रति जवाबदेही भी सुनिश्चित की जाए। मुख्य मार्गों, वीआईपी क्षेत्रों और अन्य संवेदनशील स्थानों पर जलभराव की समस्या का जल्द समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। नगर आयुक्त ने कहा कि 311 एप पर प्राप्त होने वाली शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए समीक्षित समयसीमा में उनका निस्तारण हो।

# चारबाग से बसंत कुंज तक मेट्रो रूट पर गति पकड़ेगा काम

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** चारबाग से बसंत कुंज तक प्रस्तावित ईस्ट-वेस्ट मेट्रो कॉरिडोर के निर्माण को गति देने का काम तेज हो गया है। केंद्रीय कैबिनेट से मंजूरी मिलते ही उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन इस रूट पर जल्द से जल्द कार्य शुरू करने की तैयारी में है। इसी क्रम में बुधवार को यूपी मेट्रो के अधिकारियों ने लखनऊ विकास प्राधिकरण के मुख्य अभियंता नवनीत शर्मा व नगर निगम के मुख्य अभियंता महेश वर्मा से मुलाकात की। मेट्रो की ओर से दोनों विभागों से यूटिलिटी शिफ्टिंग को लेकर जरूरी सहयोग व विभिन्न सुविधाओं का नक्शा मांगा गया है। मुलाकात के दौरान मेट्रो अधिकारियों ने मुख्य अभियंता से अनुरोध किया कि वह अपनी टीम को

**● सीवर, पेयजल लाइन की शिफ्टिंग के लिए सर्वे जल्द**

भी मेट्रो के साथ सर्वे कार्य में सम्मिलित करें ताकि पेयजल, सीवर, बिजली, टेलीफोन व अन्य भूमिगत लाइनों की स्थिति स्पष्ट हो सके और इनकी शिफ्टिंग पूर्व नियोजित ढंग से की जा सके। इसके लिए इन सेवाओं के नक्शे भी मांगे हैं। बताया गया कि चारबाग से बसंत कुंज तक के इस खंड में मेट्रो कॉरिडोर ज्यादातर घनी आबादी वाले क्षेत्रों से होकर गुजरेगा। ऐसे में यूटिलिटी सेवाओं की शिफ्टिंग एक बड़ी चुनौती है। यदि शुरू से ही संबंधित विभागों की सहभागिता हो, तो न केवल निर्माण में तेजी लाई जा सकती है, बल्कि भविष्य में किसी प्रकार की तकनीकी अड़चन से भी बचा जा सकेगा।

# गाजियाबाद नगर निगम को ब्लूमबर्ग फिलैंथ्रॉपीज-2025 मिला स्थान

**लखनऊ।** गाजियाबाद नगर निगम के सुझावों को ब्लूमबर्ग फिलैंथ्रॉपीज-2025 मेयर्स चैलेंज में शामिल किया गया है। गाजियाबाद नगर निगम विश्व के 50 सर्वश्रेष्ठ नगर निकायों में शामिल किया गया है, जिनकी ओर से जन हित में अपने-अपने सुझाव चैलेंज के माध्यम से दिए गए थे। महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने नगर निगम टीम की बेहतर प्लानिंग की सराहना की है। महापौर ने बुधवार को बताया कि ब्लूमबर्ग फिलैंथ्रॉपीज-2025 मेयर्स चैलेंज में गाजियाबाद नगर निगम ने भी प्रतिभाग किया था। नगर निगम की ओर से एसएचजी महिलाओं के समूह के माध्यम से गोबर से पेंट बनाने की प्रणाली और हाई राइज सोसाइटियों से निकलने वाले कचरे से खाद बनाने की प्रणाली को प्रतियोगिता में रखा गया।

# शुभांशु की उड़ान पर लखनऊ में जश्न

## मेयर ने कहा नगर निगम लखनऊ के गौरव को देगा सम्मान

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** महापौर सुषमा खर्कवाल ने बुधवार को लखनऊ के गौरव भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की ऐतिहासिक उपलब्धि पर उनके निवास स्थान पर जाकर परिजनों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। शुभांशु शुक्ला ने अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए उड़ान भरकर इतिहास रच दिया है। 41 वर्षों के अंतराल के बाद किसी भारतीय की ओर से ऐसी अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष यात्रा का हिस्सा बनना न केवल लखनऊ बल्कि पूरे देश के लिए गौरव का क्षण है। महापौर श्रीमती खर्कवाल ने इस उपलब्धि पर उनकी माता आशा शुक्ला एवं पिता शंभु दयाल शुक्ला से भेंट कर शुभकामनाएं दीं और कहा कि, यह उपलब्धि भारत के वैज्ञानिक



और सामरिक सामर्थ्य को दशार्ती है। शुभांशु शुक्ला युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, पार्षद दल के उपनेता सुशील तिवारी 'पम्मी', पार्षदगण एवं गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे। इस मौके पर स्थानीय नागरिकों में भी अपार हर्ष और गौरव का भाव देखने को मिला। शुक्ला परिवार के पड़ोसी एवं शुभचिंतक इस ऐतिहासिक पल का हिस्सा बनकर अत्यंत गर्वित महसूस कर रहे थे। महापौर ने अंत में कहा कि लखनऊ की धरती से निकलने वाले ऐसे सपूतों पर शहर को गर्व है और नगर निगम की ओर से उनका यथोचित सम्मान किया जाएगा।

# एलडीए से गोमती नगर विस्तार के 8 भूखंडों की फाइलें गायब

## रिकॉर्ड अनुभाग की पोल खुली, लैंड आडिट में खुलासा, कई भूखंडों का नहीं हुआ आवंटन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण की गोमती नगर विस्तार योजना के सेक्टर एक के 8 भूखंडों की फाइलें रिकॉर्ड अनुभाग से गायब हैं। इन भूखंडों के आवंटन से जुड़ी कोई भी पत्रावली व अभिलेख कार्यालय में उपलब्ध नहीं हैं। कम्प्यूटर में भी इनका कोई रिकार्ड नहीं मिल रहा है। एलडीए की ओर से कराई गई लैंड आडिट में यह खुलासा हुआ है। आडिट में कई खाली भूखंड भी मिले हैं। यह भूखंड आवंटित हैं अथवा अभी तक नहीं इनका आवंटन ही नहीं किया गया है। सचिव एवं अपर सचिव ने नियोजन व संपत्ति अनुभाग में मौजूद अभिलेखों की जांच रिपोर्ट उपाध्यक्ष को भेजी है। अब मुख्य नगर नियोजक से दो सप्ताह में रिपोर्ट देने को कहा गया है।

इससे पहले गोमती नगर विस्तार सेक्टर छह के 16 तथा जानकीपुरम, कानपुर रोड व सीतापुर रोड योजना की 15 भूखंडों की फाइलें भी गायब होने का मामला सामने आ चुका है। रिकॉर्ड अनुभाग में फाइलें न मिलने पर एलडीए ने सार्वजनिक सूचना निकाल कर आवंटियों से अभिलेख मांगे थे। इनमें से कई आवंटित भूखंडों के अभिलेख आवंटियों की ओर से उपलब्ध




कराए गए हैं। अब अब गोमती नगर विस्तार सेक्टर एक की फाइलें नहीं मिल रही हैं। गोमती नगर विस्तार योजना में मे. पीसीएस मैनेजमेंट कन्सल्टेंसी सर्विसेज प्रा.लि. की ओर से लैंड ऑडिट कराया गया है। ड्रोन से कराए गए सर्वे रिपोर्ट का सत्यापन अपर सचिव सीपी त्रिपाठी ने किया है। उपाध्यक्ष को भेजी गई रिपोर्ट के अनुसार गोमती नगर विस्तार सेक्टर एक के 26 भूखंडों का स्थलीय व पत्रावलियों का परीक्षण किया गया। इसके बाद लीज प्लान व मानचित्र का परीक्षण किया गया। सामने आया कि 8 भूखंडों के अभिलेख व पत्रावली रिकॉर्ड व कम्प्यूटर में उपलब्ध नहीं हैं। इन भूखंडों के आवंटन सम्बंधी दस्तावेज न मिलने पर प्राधिकरण नीलामी की कार्रवाई करेगा।

### सेक्टर एक के इन भूखंडों की गायब हैं फाइलें

ई-1-779, ई-1/780, ई-1/781, ई-1/786, ई-1/787, ई-1/788 व ई-1/790 तथा ई-1/713डी

### चार भूखंडों की मिली जगह

रिपोर्ट में सामने आया है कि भूखंड संख्या ई-1/713 बी व ई-1/713ई के बीच दो भूखंड की मानक चौड़ाई से एक भूखंड के क्षेत्रफल की अतिरिक्त भूमि है। इसी तरह भूखंड संख्या 1/एफ-973 व 1/एफ-980 आमने-सामने के कार्नर के भूखंड हैं, जिनके समानांतर भूमि उपलब्ध है। यहां सड़क बनने के बाद दो अतिरिक्त भूखंड सृजित हो सकते हैं। बता दें कि एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने गोमती नगर विस्तार योजना, सेक्टर-1 के भूखण्डों का विवरण सीपी त्रिपाठी, अपर सचिव, सेक्टर-4 के भूखण्डों का विवरण ज्ञानेन्द्र वर्मा, अपर सचिव एवं सेक्टर-6 के भूखण्डों का विवरण विवेक श्रीवास्तव, सचिव को स्थल निरीक्षण तथा अभिलेखों का परीक्षण करते हुये आख्या उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया था।

# औद्योगिक क्षेत्र में सई नदी तक नाला निर्माण का होगा तकनीकी परीक्षण

**लखनऊ।** सरोजनी नगर स्थित औद्योगिक क्षेत्र में जलभराव से निपटान के लिए 3876.96 लाख से सई नदी तक नाले का निर्माण किया जाना है। जल निगम ने इसकी डीपीआर तैयार की है। रेन वाटर हार्वेस्टिंग की स्थापना व समस्या के स्थायी निस्तारण को देखते हुए कमिश्नर ने पुनः तकनीकी परीक्षण करने तथा फिजिबिल्टी जांच कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं। कमिश्नर डॉ. रोशन जैकब बुधवार को मण्डलीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक कर रहीं थीं। बैठक में औद्योगिक क्षेत्र अमौसी, सरोजनी नगर एवं बन्धरा स्थित औद्योगिक इकाईयों में जल भराव की समस्या पर समीक्षा की। बैठक में अटल इण्डस्ट्रियल इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन के अन्तर्गत अमौसी औद्योगिक क्षेत्र में चौड़ीकरण और सुदृढीकरण कार्य के लिए यूपीसीडा की ओर से अवगत कराया गया कि विद्युत पोल की शिफ्टिंग के लिए विद्युत विभाग को 37,94,105 रुपये दिए गए हैं। गुरुवार से शिफ्टिंग का कार्य प्रारम्भ हो जायेगा। बैठक में 5.7 किलोमीटर लम्बी सड़क (अमौसी औद्योगिक क्षेत्र से पुरी ग्रामीण सुनहरा रोड होते हुए रिंग रोड, अवधि क्रासिंग दुबग्गा मुख्य सड़क) के चौड़ीकरण और सुदृढीकरण के सम्बन्ध में लोक निर्माण विभाग ने अवगत कराया कि 1.025 मीटर मार्ग का कार्य पूर्ण कराया जा चुका है, तथा शेष 925 मीटर का मार्ग मोहान योजना के अन्तर्गत लखनऊ विकास प्राधिकरण की ओर से कराया जाना है।

# बारिश में रोड कटिंग पर रोक

**लखनऊ।** बारिश को देखते हुए नगर निगम ने तीन महीने के लिए रोड कटिंग पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही जो अनुमति पूर्व में जारी हुई होंगी वह भी इस दौरान स्थगित रहेंगी। इसका आदेश भी नगर निगम के मुख्य अभियंता की ओर से बुधवार को जारी कर दिया गया। नगर निगम के मुख्य अभियंता महेश वर्मा ने बताया कि बिजली विभाग, टेलीफोन कंपनियां, ग्रीन गैस आदि भूमिगत केबिल और पाइप बिछाने का काम करती हैं। जिसको लेकर यह सड़कों की कटिंग करती हैं। बारिश के दौरान इससे समस्या होती है।

**पूर्वोत्तर रेलवे** — **ई-नीलामी सूचना**

मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के आवंटन हेतु ई-नीलामी (E-Auction) किया जाना है।

**आक्शन कैटलाग नम्बर: BSB 13 PARKING 25**

| कार्य का विवरण | अवधि | ई-नीलामी की तिथि | ई-नीलामी का समय |
|---|---|---|---|
| मऊ जं. स्टेशन स्थित (2 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 03वर्ष | 10-07-2025 | 10:00 से 10:30 बजे तक |
| सीवान कचहरी हाल्ट स्टेशन स्थित (2 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 03वर्ष | 10-07-2025 | 10:00 से 10:40 बजे तक |
| जीरादेई स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 03वर्ष | 10-07-2025 | 10:00 से 10:50 बजे तक |
| रसड़ा स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 03वर्ष | 10-07-2025 | 10:00 से 11:00 बजे तक |
| बनारस पी.एफ.-1 स्टेशन स्थित (3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 03वर्ष | 10-07-2025 | 10:00 से 11:10 बजे तक |
| किड़िहरापुर स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 03वर्ष | 10-07-2025 | 10:00 से 11:20 बजे तक |
| युसुफपुर स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 03वर्ष | 10-07-2025 | 10:00 से 11:30 बजे तक |
| सहतवार स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 03वर्ष | 10-07-2025 | 10:00 से 11:40 बजे तक |
| तमकुही रोड स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 03वर्ष | 10-07-2025 | 10:00 से 11:50 बजे तक |
| माधोसिंह स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 03वर्ष | 10-07-2025 | 10:00 से 12:00 बजे तक |
| फेफना स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 03वर्ष | 10-07-2025 | 10:00 से 12:10 बजे तक |

**नोट:** ◆ ई-नीलामी (E-Auction) IREPS पोर्टल पर ऑनलाईन होगी। ◆ ई-नीलामी (E-Auction) में भाग लेने के लिये इच्छुक व्यक्ति द्वारा IREPS पोर्टल पर ऑनलाइन रू. 10,000/- + 18% GST (Non Refundable) ऑनलाईन जमा कर एक बार पंजीकरण (One Time Registration) करना आवश्यक है। साथ ही उसके पास SBI (स्टेट बैंक आफ इण्डिया) में करेंट खाता हो जिसे IREPS पोर्टल से लिंक करना आवश्यक होगा। ◆ ई-नीलामी (E-Auction) से संबंधित नियम एवं शर्तो की सम्पूर्ण जानकारी IREPS पोर्टल *(www.ireps.gov.in)* के ***E-Auction leasing Section*** मे उपलब्ध है।

मुजाधि/वाणिज्य-66 — सहायक वाणिज्य प्रबन्धक, वाराणसी

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

# बेकाबू ट्रक ने दोस्त को रौंदा तो युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मलिहाबाद कोतवाली अंतर्गत सरावां गांव में बुधवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। जहां, एक तेज रफ्तार ट्रक ने साइकिल सवार मजदूर मनीष रावत (18) को रौंद दिया। घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। जबकि, उसके साथ में मौजूद दोस्त सागर गौतम (19) ने मनीष की मौत से टूटकर अपनी भी जान दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों की परिवारों को हादसे की जानकारी देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दोनों की मौत से परिवारों में कोहराम मच गया। इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी के मुताबिक, क्षेत्र के सरापां गांव निवासी मनीष कुमार और सागर गौतम जिगरी दोस्त थे। सुबह करीब साढ़े आठ बजे दोनों साइकिल से एक बाग में आम तोड़ने जा रहे थे। रास्ते में दोनों हंसी-ठिठोली कर रहे थे। इस बीच सागर ने मजाकिया तौर पर मनीष को धक्का दे दिया। जिससे उसका निर्यंत्रित बिगड़ गया। दुर्भाग्यवश, मनीष पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गया। ट्रक का पहिया मनीष पर उतर गया और मौके पर ही उसने दम तोड़ दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दोस्त मनीष की मौत से सागर पूरी तरह से घबरा गया और वह सड़क पर ही दहाड़े मार-मारकर रोने लगा। उसने पहले एक और ट्रक के सामने लेटकर जान देने की कोशिश की, लेकिन उस ट्रक के ड्राइवर की सूझबूझ से वह बच गया। फिर सागर बिना-सोचे समझे फरीदीपुर गांव की तरफ भागा और वहां रेलवे क्रॉसिंग पर एक एक्सप्रेस ट्रेन के आगे छलांग लगाकर खुदकुशी कर ली। मनीष के पिता संजय ने बताया कि सागर की बेटे से गहरी दोस्ती थी। दोनों हमेशा साथ ही रहते थे। मनीष की मौत के सदमे में सागर ने भी रेलवे ट्रैक पर खुदकुशी कर ली। इंस्पेक्टर का कहना है कि पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल, मृतकों के परिजनों की ओर से कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। हालांकि, दोनों दोस्तों की मौत से गांव में मातम का माहौल है। हर कोई दोनों की दोस्ती के बारे में चर्चा करता दिखाई पड़ रहा है।

**दोस्त का शव देख कर घबरा गया सागर:** प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया- दोस्त का शव देखकर सागर घबरा गया। पहले एक दूसरे ट्रक के सामने लेट कर जान देने की कोशिश की, लेकिन ट्रक ड्राइवर की सतर्कता से उसकी जान बच गई। ट्रक से बचने के बाद सागर फरीदीपुर गांव की ओर भागा। रेलवे क्रासिंग पर पहुंचा और ट्रेन के सामने कूद कर सुसाइड कर लिया। मलिहाबाद थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया- दोनों के शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजे गए हैं। मृतक के परिजनों ने कोई तहरीर नहीं दी है। घटनास्थल से 13 किलोमीटर दूर ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया। ड्राइवर से पूछताछ की जा रही है।

**दोस्त के सिर को गोद में रखकर रोया:** बहन सुधा ने बताया कि घटना के बाद सागर मनीष का शव गोद में रखकर काफी देर तक रोता रहा। इसके बाद घटनास्थल से लोगों ने उसे फरीदीपुर की ओर जाते हुए देखा। आधे घंटे बाद उसकी मौत की भी सूचना मिली। मेरा भाई अपने दोस्त मनीष को बहुत मानता और प्यार करता था। मजदूरी करके घर चलाता था।

## पति की मौत मामले में कार्रवाई न होने से महिला गोमती में कूदी, मौत

**लखनऊ।** प्रेम-प्रसंग, घरेलू कलह, जमीनी विवाद या फिर अन्य वजह को लेकर जान देने का सिलसिला थमनें का नाम नहीं ले रहा है। राजधानी के हजरतगंज क्षेत्र स्थित गोमती नदी में बुधवार को एक महिला नें छलांग लगा दी। आसपास मौजूद लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस आनन-फानन में गोताखोरों की मदद से नदी से बाहर निकलवाकर अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की छानबीन कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

शुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र के अहिमामऊ की रहने वाली 25 वर्षीय कविता निषाद पत्नी स्वर्गीय महेश निषाद बुधवार को गोमती नदी में कूद गई। यह माजरा देख आसपास के शोर मचाया और इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से कविता निषाद को नदी से निकलवाकर अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक छानबीन के दौरान पता चला है कि कविता निषाद हजरतगंज क्षेत्र स्थित सिकंदर नगर निवासी अपने भाई के यहां बच्चों के साथ आई हुई थी। पुलिस ने बताया कि बुधवार को वह लक्ष्मण मेला मैदान के पास गोमती नदी में छलांग लगा दी। पुलिस का कहना है कि कविता निषाद ने यह कदम क्यों उठाया इसके बारे में जानकारी एकत्र की जा रही है।

**दो माह पहले पति नें भी रिटायर्ड जज और उसकी पत्नी की प्रताड़ना से तंग आकर दे दी थी जान:** महिला कविता निषाद के पति महेश निषाद ने दो माह पहले रिटायर्ड जज और उसकी पत्नी की प्रताड़ना से तंग आकर जान दे दी थी। इसको लेकर हजरतगंज थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था। परिजनों का कहना है कि जज और उसकी पत्नी पर कार्रवाई नहीं हुई, जिसके कारण वह हताश हो गई थी। इसी के चलते उसने नदी में कूद कर जान दे दी। बतादे किलक्ष्मण मेला मैदान निवासी महेश निषाद (35) अलीगंज में रहने वाले रिटायर्ड जज अनिल श्रीवास्तव के घर में 4 साल से रसोइया था। उसकी बहन शांति निषाद ने बताया कि रिटायर्ड जज के यहां होली के दूसरे दिन साढ़े छह लाख की चोरी हुई थी। उन्होंने इसका आरोप महेश निषाद पर लगाया था। चोरी की जानकारी पर जज ने महेश को फोन करके घर बुलाया था। उस दौरान होली का त्यौहार होने के कारण महेश ने उस दिन काफी शराब पी रखी थी। इसके कारण वह बुलाने पर जज के घर नहीं गया। इसी कारण से अगले दिन जज महेश के घर पहुंचे। जज नें महेश और उसकी पत्नी कविता को अपनी गाड़ी में बैठाकर साथ ले गए। थोड़ी देर बाद पत्नी को घर भेज दिया। जब देर रात महेश नहीं लौटा, तो परिवार वालों को उसकी चिंता हुई। वे लोग जज के घर गए। वहां पता चला कि जज ने महेश को पुलिस के हवाले कर दिया है। इसके बाद परिवार वाले थाने गये। लेकिन महेश वहां नहीं मिला था। अगले दिन वे लोग फिर से जज के घर गए, तो उनके सर्वेंट क्वार्टर में महेश घायल पड़ा मिला था। उसके शरीर पर मारपीट के निशान थे। इसके बाद परिवार शिकायत करने थाने पहुंचा। मृतक के परिवार में दो बच्चे शुभी (17) और आर्यन (13) हैं।

**हजरतगंज थाने में दर्ज हुआ था पति की मौत का मुकदमा:** परिजनों की शिकायत पर हजरतगंज थाने में रिटायर्ड जज अनिल श्रीवास्तव और उनकी पत्नी वंदना श्रीवास्तव के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। हालांकि परिजनों का आरोप है कि दो महीने गुजर जाने के बाद भी जज दंपती के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। इससे कविता परेशान थी। मृतक महेश की पत्नी कविता ने उस समय आरोप लगाया था कि जज की पत्नी रोजाना फोन करके उसको प्रताड़ित कर रही है।

# ठेकेदार हत्याकांड में महिला मित्र पर पुलिस का शक गहराया

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** ठेकेदार उमा शंकर सिंह की हत्या के मामले में महिला मित्र वैशाली पर पुलिस का शक गहराता जा रहा है। इसी वजह से पुलिस ने उसकी मां भाई और अन्य कई परिचितों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस को महिला मित्र के खिलाफ अहम सबूत मिले हैं। पता चला है कि महिला मित्र के भाई ने मुर्गी पालन में पार्टनरशिप के लिए उमा शंकर से 10 लाख रुपए लिए थे। अब उमा शंकर उससे पैसे मांग रहे थे।

इसको लेकर दोनों में विवाद चल रहा था। वहीं, मृतक की पत्नी ममता ने आरोप लगाया है कि वैशाली के प्रेमी ने एक सप्ताह पहले पति को फोन करके जान से मारने की धमकी दी थी। ममता की तहरीर पर वैशाली, उसके पिता दिनेश, मां सुमित्रा, भाई अनुराग, अविनाश और प्रेमी संदीप पांडेय के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ है। सुलतानपुर के भरखरे निवासी 46 वर्षीय ठेकेदार उमा शंकर सिंह गुडंबा थाना क्षेत्र के अर्जुन एन्क्लेव में किराए के मकान में रहते थे। मंगलवार सुबह करीब नौ बजे उनकी महिला मित्र वैशाली उनके कमरे पर पहुंची। कमरे में बाहर से ताला बंद था। उसने अपने पास रखी दूसरी चाबी से दरवाजा खोला। अंदर बेड पर उमा शंकर का खून से लथपथ शव पड़ा था।

**पत्नी बोली- वैशाली ने प्रेमी के साथ मिलकर मार डाला:** ठेकेदार की पत्नी ममता का कहना है कि वैशाली ने पैसों के लिए पति से दोस्ती की। उसके बाद अपने प्रेमी और घरवालों की मदद से पति को मार डाला। घटना के पहले से लेकर बाद तक वह ही उनके पास थी। खुद को बचने के लिए सुबह अचानक कमरे पर पहुंचने का नाटक रचा है। उसके प्रेमी ने भी एक सप्ताह पहले पति को जान से मारने की धमकी दी थी।

वैशाली ने पुलिस को पूछताछ में बताया है कि सोमवार को वो उमा शंकर से मिली थी। रात को उमा शंकर अपनी गाड़ी से उसे घर छोड़ने गए थे। वो अक्सर उनसे मिलने उनके घर आती थी। उनके घर की देखभाल करती थी। इसके चलते घर की एक चाबी उसके पास रहती थी।

मकान मालिक मोहम्मद मुस्तकीम खान ने बताया कि फरवरी में वह अपने बेटे के पास बेंगलुरु गए थे। इसी बीच करीब 2 महीने पहले कॉलोनी के गार्ड ने फोन करके उमा शंकर को किराए पर कमरा देने को कहा था। उसने बताया था कि उमा शंकर भले आदमी हैं। परिवार के साथ रहेंगे। उसके कहने पर उन्होंने उमा शंकर को किराए पर मकान दे दिया था। करीब 2 महीने से वह उनके यहां किराए पर अकेले रहते थे। वह 10-15 दिन में एक बार ही आते थे।

## डीजी कारागार ने की वीडियो कांफ्रेंसिंग

लखनऊ। सर्वोच्च न्यायालय के बंदियों की शीघ्र रिहाई के आदेश और निदेशों को लेकर डीजी कारागार की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर उच्चतम न्यायालय व उच्च न्यायालय के आदेशों के तहत लंबित रिहाई मामलों को शीर्ष प्राथमिकता पर निस्तारित करने के निर्देश दिये गये। कारागार मुख्यालय में हुई वीडियो कंन्फ्रेंसिंग के दौरान महानिदेशक कारागार नें स्थानांतरित कार्मिकों की कार्यमुक्ति की प्रगति की समीक्षा की गई। वही बजट आवंटन के सापेक्ष व्यय की स्थिति पर भी चर्चा हुई। प्रिजन वेलफेयर बोर्ड हेतु स्थानांतरित धनराशि की अद्यतन स्थिति के बारे में जानकारी ली गईं। डीजी जेल नें सिद्धदोष बंदियों के निर्धारित केंद्रीय कारागारों में स्थानांतरण की समीक्षा किया।

### सूचना

मेरे मकान 4/862-विनय खंड-4, गोमती नगर लखनऊ के एलडीए द्वारा जारी आवंटन पत्र एवं कब्जा पत्र की मूल प्रति दिनांक 02/04/2024 कहीं खो गई है। विजिता देवी पत्नी श्री मनसुख प्रसाद।

### सूचना

सूचित हो कि मेरे आधार कार्ड में अंग्रेजी में मेरा नाम त्रुटिवश ANUP KUMAR SHUKLA दर्ज है, जबकि मेरे अन्य दस्तावेजों में मेरा सही नाम ANOOP KUMAR SHUKLA दर्ज है। मेरे आधार कार्ड में भी मेरा सही नाम ही दर्ज किया जाए। अनूप कुमार शुक्ल पुत्र स्व. प्रताप शंकर शुक्ल नि.- 19एफ, शान्ति नगर, तहसील सरोजनी नगर, अमौसी, लखनऊ।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री लाल बहादुर शास्त्री स्मारक इंटर कॉलेज गोला गोकर्णनाथ लखीमपुर खीरी परिसर में प्रबंधक की रिक्ति पूर्ति को लेकर चुनाव प्रक्रिया पूर्ण करने हेतु साधारण सभा की बैठक दिनांक 29 जून 2025 दिन रविवार को प्रातः 11:00 बजे से आहूत की गई गई है। **मुनीश चंद्र शुक्ला अध्यक्ष, साधारण सभा श्री लाल बहादुर शास्त्री स्मारक इंटर कॉलेज गोला गोकर्णनाथ लखीमपुर-खीरी।**

## तीन किलो मीटर तक युवती से छेड़छाड़

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गाजीपुर थाना क्षेत्र में देर रात मनचलों ने भाई के साथ घूमने निकली युवती के साथ अश्लीलता की। युवती गोमतीनगर से घर की तरफ जा रही थी। तभी कार सवार मनचले उनके पीछे लग गए। अश्लील इशारे करते हुए करीब 4 किलोमीटर तक परेशान करते रहे। पुलिस मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच कर रही है।

इंदिरा निवासी युवती मंगलवार रात करीब 12.30 अपने भाई और दोस्तों के साथ समतामूलक से मुंशी पुलिया की तरफ जा रही थी। रास्ते में एक सफेद रंग की टियागो कार उनको रोकने की कोशिश करने लगी। इस पर युवती के भाई ने साइड दिया तो कार सवार गाड़ी रोककर अश्लील इशारे करते हुए गंदी बातें करने लगे। उनकी हरकत से भागने लगे तो पीछा करके गाली देने लगे। पॉलिटेक्निक के पास उन्हें रोकने की कोशिश की तो धमकी देते हुए गाड़ी भागने लगे। पीड़ित ने गाजीपुर थाने में जाकर घटना की जानकारी दी। पुलिस मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच कर रही है।

**15 वर्षीय किशोरी लापता, बहनोई ने लगाया आरोप:** आलमबाग कोतवाली इलाके में रहने वाली एक 15 वर्षीय किशोरी सोमवार तड़के घर से बिना किसी को बताए लापता हो गई। आलमबाग कोतवाली प्रभारी सुभाष चन्द्र सरोज ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित अर्जुन नगर बडा बरहा निवासी मनीष पाल पुत्र सियापाल के अनुसार बीते 23 जून की सुबह करीब 5.50 बजे उसकी 15 वर्षीय साली शान्ति पाल पुत्री स्व० मेवा लाल घर से बिना किसी को बताए लापता हो गई। वहीं लापता किशोरी के बहनोई ने लापता साली शान्ति पर घर से मोबाइल फोन गहने सहित नकदी लेकर जाने के साथ बेहसरीया थाना सण्डीला जिला हरदोई निवासी प्रयांस पुत्र शम्भू उनकी लापता किशोरी साली को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगा स्थानीय आलमबाग कोतवाली में नामजद शिकायत की है। पुलिस के अनुसार लापता किशोरी के बहनोई की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लापता किशोरी की तलाश करने के साथ मामले की जांच की जा रही है।

## बलसिंह खेड़ा गांव में बंदरों का आतंक

लखनऊ। नगराम के बलसिंह खेड़ा गांव में कटखने बंदरों के उत्पाद से ग्रामीण परेशान हैं। कटखने बंदर राह चलते बच्चों युवाओं एवं महिलाओं को काट कर जख्मी कर चुके हैं। बुधवार की शाम गांव की किशोरी को बंदर ने काट कर घायल कर दिया जिसे इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, ग्रामीणों सहित ग्राम प्रधान का आरोप है कि शिकायत करने के बावजूद वन विभाग के जिम्मेदार बेखबर बने हुए हैं। नगराम के बल सिंह खेड़ा गांव निवासी वीरेंद्र ने बताया कि मंगलवार को उनकी बेटी शिवानी (14) बुधवार शाम खेत से घर वापस लौट रही थी घर के समीप पहुंचते ही वहां मौजूद कुछ बंदरों के झुंड ने उस पर हमला बोल दिया। चीखने की आवाज सुनकर जब तक ग्रामीण दौड़े तब तक शिवानी को काट कर घायल कर दिया। जख्मी हालत मे उसे तेलीबाग स्थित एक निजी अस्पताल मे भर्ती कराया, । ग्राम प्रधान विनोद कुमार वर्मा ने बताया कि इससे पहले भी बंदर गांव के सतीश (13), रागिनी (6) आरोही (6), सावनी (8), तनु (14), अंश (4), अमित विराज, हेमराज, सावित्री, ईश्वर देई, काव्या, प्रियंका, श्रीदेवी, पूजा समेत लगभग तीन दर्जन से अधिक बच्चों, महिलाओं एवं बुजुर्गों को काटकर घायल कर चुके हैं। ग्रामीणों में दहशत बनी रहती है। गांव के वीरेंद्र कुमार, अमृतलाल, हेमराज, लक्ष्मी, मातादीन, राजेश, वासुदेव वर्मा, सर्वेश कुमार, रोहित सहित अन्य ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग कोई सुनवाई नहीं कर रहा।

# मोहर्रम के जुलूस को लेकर शहर में रहेगा यातायात डायवर्जन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** चन्द्रदर्शन के अनुसार 27/28 जून को पहली मोहर्रम के अवसर पर मुस्लिम समुदाय द्वारा एक जुलूस (शाही जरी का जुलूस) सायंकाल समय सात बजे से बड़ा इमामबाड़ा थानाक्षेत्र चौक से प्रारम्भ होकर रूमीगेट पुलिस चौकी चौराहा, घन्टाघर तिराहा, शीश महल, सतखण्डा तिराहा, रईस मंजिल, छोटा इमामबाड़ा थानाक्षेत्र-ठाकुरगंज, लखनऊ पर समाप्त होगा। इस मौके पर यातायात पुलिस नें 27/28 को समय सात बजे से प्रारम्भ होकर जुलूस की समाप्ति तक यातायात डायवर्जन व्यवस्था लागू किया है। यातायात पुलिस के मुताबिक सीतापुर रोड की ओर से आने वाले यातायात डालीगंज रेलवे क्रासिंग से पक्का पुल होते हुये बड़ा इमामबाड़ा की ओर नहीं जा सकेंगें, बल्कि यह यातायात डालीगंज रेलवे क्रासिंग ओवरबिंज से चौराहा नं0-08, आई0टी0 चौराहा होते हुए अपने गन्तव्य स्थान को जा सकेंगे। वही हरदोई रोड की तरफ से आने वाले सभी प्रकार के यातायात कोनेश्वर चौराहे से घंटाघर नहीं जा सकेंगे बल्कि चौक, मेडिकल क्रास (कमला नेहरू) होकर अपने गंतव्य को जा सकेगें।

वही कैसरबाग से सीतापुर रोड की ओर जाने वाले यातायात पक्कापुल की ओर नहीं जा सकेंगे, बल्कि यह यातायात डालीगंज पुल से इक्का टांगा नदवा बन्धा से बाये आईटी चौराहा, कपूरथला चौराहा, मड़ियांव होते हुए अपने गन्तव्य को जा सकेंगे। वही कैसरबाग से हरदोई रोड को जाने वाले यातायात पक्का पुल की ओर नही जा सकेंगे, बल्कि शाहमीना तिराहे से बांये मेडिकल कालेज, चौक, कोनेश्वर होकर अपने गंतव्य को जा सकेंगे। हुसैनाबाद की ओर से आने वाला यातायात हुसैनाबाद (रामगंज) तिराहा से छोटा इमामबाड़ा होकर घंटाघर की ओर नहीं जा सकेंगे, बल्कि यह यातायात हुसैनाबाद तिराहा से तहसीनगंज तिराहा होकर अपने गंतव्य को जा सकेंगे एवं तहसीनगंज तिराहा से हुसैनाबाद को नहीं जा सकेंगे। इसके अलावा चौक चौराहा से खुन-खुन जी गर्ल्स डिग्री कालेज होकर सामान्य यातायात नींबू पार्क तिराहा (रूमी गेट चौकी चौराहा) की ओर नही जा सकेंगे, बल्कि यह यातायात चौक चौराहा से मेडिकल क्रास (कमला नेहरू) होकर मेडिकल कालेज चौराहा या कोनेश्वर होते हुये अपने गन्तव्य को जा सकेंगे। नीबू पार्क फ्लाई ओवर से उतरने वाला यातायात रूमी गेट की तरफ नही जा सकेंगे, बल्कि यह यातायात चौक चौराहा, ठाकुरगंज होकर अथवा चरक चैराहा होकर अपने गन्तव्य को जा सकेंगे। मेडिकल क्रास (कमला नेहरू) चौराहा से कोई यातायात नींबू पार्क (रूमी गेट चौकी चौराहा) की ओर नही जा सकेंगे, बल्कि यह यातायात मेडिकल कॉलेज चौराहा या चौक कोनेश्वर होकर अपने गन्तव्य को जा सकेंगे। शाहमीना तिराहा से पक्कापुल होकर बडे इमामबाडे की ओर यातायात नही जा सकेगा, बल्कि यह यातायात मेडिकल कालेज चौराहा, मेडिकल क्रास (चरक) चौराहा, चौक, कोनेश्वर या डालीगंज पुल चौराहे से दाहिने आई0टी0 चौराहा होते हुए अपने गन्तव्य को जा सकेगा। नीबू पार्क (रूमी गेट चौकी चौराहा) से किसी प्रकार का यातायात बड़ा इमामबाड़ा या घंटाघर, छोटे इमामबाड़े को नहीं जा सकेंगे बल्कि यह यातायात मेडिकल क्रासं (चरक) चौराहा या बन्धा रोड नया पक्का पुल होकर अपने गन्तव्य को जा सकेंगे। ग्रीन कॉरिडोर से आने वाले वाहन नीबू पार्क चौराहा की ओर नहीं जा सकेंगे, बल्कि यह यातायात टीले वाली मस्जिद या नया पक्का पुल पारकर खदरा की ओर होते हुए अपने गन्तव्य को जा सकेंगे। नक्खास तिराहे से विक्टोरिया स्ट्रीट की ओर सामान्य यातायात नही जा सकेगा बल्कि यह यातायात रकाबगंज पुल/बाजार खाला होकर अपने गन्तब्य को जा सकेंगे। मेडिकल क्रास (चरक) चौराहे सामान्य यातायात नक्खास तिराहा (विक्टोरिया स्ट्रीट) या फूलमण्डी, नींबू पार्क (रूमी गेट चौकी) चौराहा की ओर नही जा सकेगा, बल्कि यह यातायात मेडिकल कालेज, रकाबगंज पुल या चौक चौराहा, कोनेश्वर चौराहा होकर अपने गन्तव्य को जा सकेंगे। कुड़िया घाट रोड तिराहा (नया पुल ढाल) से नीबू पार्क (रूमी गेट चौकी) चौराहा की ओर यातायात नही आ सकेगा, बल्कि यह यातायात बन्धा रोड या नया पक्का पुल होते हुए अपने गंतव्य को जा सकेंगे। पक्कापुल चौराहे से बड़ा इमामबाड़ा, रूमी गेट चौराहा, घण्टा घर तिराहा से छोटा इमामबाडा तक जूलूस के मार्ग पर यातायात के लिये पूर्णतया प्रतिबन्धित रहेगा।

**कार्यालय ग्राम पंचायत मझौवा**
**विकास खण्ड गैसड़ी जनपद बलरामपुर**

**पत्रांक मेमो/ग्रा0पं0/नि.को./2025-26** **दिनांक- 25 जून, 2025**

**निविदा/कोटेशनसूचना**

वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु ग्राम पंचायत मझौवा में पंचम राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवां केन्द्रीय वित्त आयोग/मनरेगा/आर.जी.एस.ए./एस.डब्लू.डब्लु.एम./अन्य योजनाओं के अन्तर्गत प्राप्ति धन राशि के सापेक्ष ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों में प्रयुक्त होने वाली सामग्री जैसे प्रथम श्रेणी ईंट, सीधा खंजड़, ईंट गिटी, राविश, पत्थर गिटटी, बालू, लाल मोरंग, सरिया, सीमेन्ट इण्टरलाकिंग, ईंट, टाइल्स, विभिन्न माप की हयूम पाइप, प्राइमर पेन्ट, शौचालय में प्रयुक्त होने वाली सामग्री दरवाजा, इण्डियामार्का हैण्ड पम्प मरम्मत व रिबोर से सम्बन्धित सामग्री आदि की कार्य स्थल पर आवश्यकता है एवं सोलर लाइन, स्ट्रीट लाइट, सी.सी.टी.वी. कैमरा, प्रिन्ट सफाई उपकरण, इलेक्ट्रानिक सामग्री, कम्प्यूटर उपकरण, इन्वर्टर, बैट्री, इण्टरनेट कनेक्शन, कुर्सी, मेज, अलमारी, आर.सी.सी. बेंच इत्यादि एवं किराये पर जे.सी.बी. मशीन, ट्रैक्टर ट्राली की आवश्यकता है। आपूर्ति हेतु आपूर्तिकताओं से निविदा / कोटेशन आमंत्रित किया जात है जो दिनांक 24.07.2025 को समय 05 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में अपने लेटर हेड पर संलग्न कर बन्द लिफाफे में प्रस्तुत कर सकते हैं। निविदा कोटेशन दिनांक 25.07.2025 को समय 04 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रधान सचिव एवं ग्राम पंचायत की उपस्थिति में खोला जायेगा, किसी भी निविदा/कोटेशन स्वीकृत/अस्वीकृत करने एवं पूरी प्रक्रिया को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी से निहित होगा। इस सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी कार्यालय अवधि में ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**बृजेश कुमार अम्बानी**
**सचिव**
**ग्राम पंचायत मझौवा**
**विकास खण्ड गैसड़ी**
**जनपद बलरामपुर**

**बजरंगी यादव**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत मझौवा**
**विकास खण्ड गैसड़ी**
**जनपद बलरामपुर**

**कार्यालय ग्राम पंचायत गुलहरिया अहिरौली**
**विकास खण्ड गैसड़ी जनपद बलरामपुर**

**पत्रांक मेमो/ग्रा0पं0/नि.को./2025-26** **दिनांक- 25 जून, 2025**

**निविदा/कोटेशनसूचना**

वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु ग्राम पंचायत गुलहरिया अहिरौली में पंचम राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवां केन्द्रीय वित्त आयोग/मनरेगा/आर.जी.एस.ए./एस.डब्लू.डब्लु.एम./अन्य योजनाओं के अन्तर्गत प्राप्ति धन राशि के सापेक्ष ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों में प्रयुक्त होने वाली सामग्री जैसे प्रथम श्रेणी ईंट, सीधा खंजड़, ईंट गिटी, राविश, पत्थर गिटटी, बालू, लाल मोरंग, सरिया, सीमेन्ट इण्टरलाकिंग, ईंट, टाइल्स, विभिन्न माप की हयूम पाइप, प्राइमर पेन्ट, शौचालय में प्रयुक्त होने वाली सामग्री दरवाजा, इण्डियामार्का हैण्ड पम्प मरम्मत व रिबोर से सम्बन्धित सामग्री आदि की कार्य स्थल पर आवश्यकता है एवं सोलर लाइन, स्ट्रीट लाइट, सी.सी.टी.वी. कैमरा, प्रिन्ट सफाई उपकरण, इलेक्ट्रानिक सामग्री, कम्प्यूटर उपकरण, इन्वर्टर, बैट्री, इण्टरनेट कनेक्शन, कुर्सी, मेज, अलमारी, आर.सी.सी. बेंच इत्यादि एवं किराये पर जे.सी.बी. मशीन, ट्रैक्टर ट्राली की आवश्यकता है। आपूर्ति हेतु आपूर्तिकताओं से निविदा / कोटेशन आमंत्रित किया जात है जो दिनांक 25.07.2025 को समय 05 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में अपने लेटर हेड पर संलग्न कर बन्द लिफाफे में प्रस्तुत कर सकते हैं। निविदा कोटेशन दिनांक 26.07.2025 को समय 04 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रधान सचिव एवं ग्राम पंचायत की उपस्थिति में खोला जायेगा, किसी भी निविदा/कोटेशन स्वीकृत/अस्वीकृत करने एवं पूरी प्रक्रिया को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी से निहित होगा। इस सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी कार्यालय अवधि में ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**बृजेश कुमार अम्बानी**
**सचिव**
**ग्राम पंचायत गुलहरिया अहिरौली**
**विकास खण्ड गैसड़ी**
**जनपद बलरामपुर**

**धर्मेन्द्र मिश्र**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत गुलहरिया अहिरौली**
**विकास खण्ड गैसड़ी**
**जनपद बलरामपुर**

# जुलाई में पड़ेंगे गुरु पूर्णिमा, नागपंचमी और हरियाली तीज जैसे व्रत और त्योहार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** जुलाई का महीना व्रत त्योहारों के लिहाज से बेहत अहम रहने वाला है। इस महीने कई व्रत त्योहार मनाए जाएंगे। जुलाई 2025 की शुरूआत पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र के संयोग में आषाढ़ शुक्ल षष्ठी उपरांत सप्तमी तिथि पर होगी जबकि महीने का समापन चित्रा नक्षत्र में सावन शुक्ल सप्तमी उपरांत अष्टमी को होगा। जुलाई में हिंदू धर्म के पावन और पवित्र महीने सावन की शुरूआत होगी।

भगवान भोलेनाथ को समर्पित सावन का महीना 11 जुलाई से शुरू होगा। जबकि इस महीने गुरु पूर्णिमा, हरियाली तीज, देवशयनी एकादशी और कामिका एकादशी भी मनाई जाएगी। इसके साथ ही मुस्लिम समुदाय के लोग 6 जुलाई को मुहर्रम का ताजिया निकालेंगे। ऐसे में जुलाई के महीने में कई व्रत त्योहार मनाए जाएंगे। आइये जानते हैं, जुलाई में एकादशी, पूर्णिमा, अमावस्या, प्रदोष आदि की तिथि कब-कब होगी और प्रमुख व्रत त्योहार कब रखे जाएंगे।

**विवस्वत सप्तमी:** विवस्वत सप्तमी 1 जुलाई, मंगलवार को मनाई जाएगी। इस दिन सूर्य देव के वरुण रूप की पूजा की जाती है। इसके साथ ही सूर्य देव के पुत्र वैवस्वत मनु को यह तिथि समर्पित होती है। आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को मनाई जाने वाली विवस्वत सप्तमी का व्रत रखने से सूर्य देव सभी प्रकार के दुख दूर करते हैं और मान-सम्मान का आशीर्वाद देते हैं।

**देवशयनी एकादशी:** देवशयनी एकादशी आषाढ़ शुक्ल एकादशी को मनाई जाती है। इस बार देवशयनी एकादशी 6 जुलाई दिन रविवार को मनाई जाएगी। देवशयनी एकादशी को लेकर मान्यता है कि इस दिन भगवान विष्णु चार महीने के शयनकाल पर चले जाते हैं। इस एकादशी को हरिशयनी एकादशी या पद्मा एकादशी भी कहते हैं। इसी दिन चातुर्मास भी शुरू होता है। मान्यता है कि देवशयनी एकादशी का व्रत करने से सभी पापों से मुक्ति मिलती है।

**प्रदोष व्रत:** हर महीने की त्रयोदशी तिथि को प्रदोष व्रत रखा जाता है। जुलाई का पहला प्रदोष व्रत 8 जुलाई मंगलवार को पड़ेगा। इस बार आषाढ़ शुक्ल त्रयोदशी तिथि मंगलवार को पड़ रही है ऐसे में इसे भौम प्रदोष व्रत के नाम से जाना जाएगा। प्रदोष व्रत भगवान शिव और माता पार्वती को समर्पित होता है और इस दिन व्रत रखकर उनकी पूजा की जाती है।



**कोकिला व्रत:** कोकिला व्रत अखंड सौभाग्य के लिए रखा जाता है। यह व्रत माता सती और भगवान शिव को समर्पित होता है और आषाढ़ पूर्णिमा पर रखा जाता है। मान्यता है कि माता सती ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए कोकिला व्रत रखा था। इसे मनचाहे वर की प्राप्ति के लिए रखा जाता है। इस साल कोकिला व्रत 10 जुलाई दिन गुरुवार को रखा जाएगा।

**गुरु पूर्णिमा:** गुरु पूर्णिमा 10 जुलाई, गुरुवार को है। इसे आषाढ़ पूर्णिमा या व्यास पूर्णिमा के नाम से जाना जाता है। गुरु पूर्णिमा के मौके पर शिष्य अपने गुरुओं का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। गुरुओं के साथ-साथ गुरु पूर्णिमा पर भगवान विष्णु की आराधना करने का भी महत्व है।

**सावन:** हिंदुओं का पवित्र महीना सावन 11 जुलाई, शुक्रवार को शुरू हो रहा है। सावन के महीने में भगवान शिव की आराधना की जाती है। पवित्र नदी से जल लाकर शिवलिंग का अभिषेक किया जाता है। इसके साथ ही सावन महीने में पहले सोमवार का बेहद महत्व होता है। सावन का पहला सोमवार 14 जुलाई को है। इस दिन व्रत रखने का भी महत्व है।

**मंगला गौरी व्रत:** इस साल सावन में पहला मंगला गौरी व्रत 15 जुलाई को रखा जाएगा। मंगला गौरी व्रत का हिंदू धर्म में विशेष स्थान है। पति की लंबी उम्र के लिए महिलाएं मंगला गौरी व्रत रखती हैं। सावन मास में आने वाले मंगलवार को मंगला गौरी व्रत रखा जाता है। इसमें महिलाएं स्नान आदि के बाद मां गौरी की पूजा अर्चना करते हैं और शाम को चांद के दर्शन करने के बाद ही व्रत को खोला जाता है। मंगला गौरी सावन मास में रखा जाता है। साल 2025 में सावन का महीना 11 जुलाई से शुरू हो रहा है और 9 अगस्त तक चलेगा।

**कामिका एकादशी:** कामिका एकादशी 21 जुलाई दिन सोमवार को मनाई जाएगी। भगवान शिव के प्रिय सावन मास में श्रीहरि विष्णु को समर्पित कामिका एकादशी का व्रत रखने से सभी प्रकार के दुख दूर होते हैं और लक्ष्मी नारायण का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

**सावन में प्रदोष व्रत:** सावन मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि पर प्रदोष व्रत रखा जाएगा। सावन में पहला प्रदोष व्रत 22 जुलाई दिन मंगलवार को रखा जाएगा। और मंगलवार होने की वजह से यह प्रदोष व्रत भौम प्रदोष व्रत कहलाएगा, यानी जुलाई महीने में आने वाले दोनों प्रदोष व्रत भौम प्रदोष व्रत रहेंगे।

**सावन शिवरात्रि:** वैसे तो सावन में हर दिन भगवान शिव को समर्पित होता है लेकिन हर महीने के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को शिवरात्रि मनाई जाती है। इस पर सावन के महीने में आने वाली शिवरात्रि का विशेष महत्व होता है। इस बार सावन शिवरात्रि 23 जुलाई दिन बुधवार को मनाई जाएगी।

**हरियाली अमावस्या:** सावन महीने में आने वाली हरियाली अमावस्या पर पवित्र नदी में स्नान और ध्यान का बड़ा महत्व है। इसके साथ ही इस दिन दान पुण्य करने का असीमित फल मिलता है। हरियाली अमावस्या पर पितरों का तर्पण करने से उनको मोक्ष मिलता है। इस साल हरियाली अमावस्या 24 जुलाई दिन गुरुवार को मनाई जाएगी।

**मधु श्रावणी, हरियाली तीज:** भगवान शिव के सावन माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को हरियाली तीज मनाई जाती है। इस साल हरियाली तीज 27 जुलाई, दिन रविवार को मनाई जाएगी। इस दिन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र की कामना के लिए व्रत रखती हैं जबकि कुंवारी कन्याएं मनचाहे जीवनसाथी के लिए यह व्रत रखती हैं। इसी तरह 27 जुलाई को मधु श्रावणी पर्व मनाया जाएगा। यह पूर्वांचल, बिहार और झारखंड के कुछ हिस्सों में नवविवाहित महिलाओं द्वारा मनाया जाता है।

**नाग पंचमी:** सावन मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को नाग पंचमी का पर्व मनाया जाता है। नाग पंचमी 29 जुलाई, मंगलवार को मनाई जाएगी। नाग देवता को शिवजी का गण माना जाता है ऐसे में सावन में उनकी पूजा करने से भक्तों को शिवजी की विशेष कृपा मिलती है।

# गीत-संगीत व नृत्य ने समां बांधा



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। गोमती गर यूपी दर्शन पार्क में प्रगति इवेंट द्वारा 30 जून तक चलने वाले समर कार्निवल 2025 मे अद्भुत रंग देखने को मिला। प्रगति इवेंट के सांस्कृतिक मंच से, जो संस्था का मूल उद्देश्य है वह सार्थक हुआ। अनुभवी और ख्याति प्राप्त कलाकारों ने जहां मंच को नई ऊंचाइयां प्रदान किया, वही प्रतिभावान और उभरते कलाकारों ने अपनी प्रतिभा से सबका मनमोह लिया। लखनऊ शहर तथा आसपास जिलों की कई अकादमी तथा स्कूल कॉलेज के बच्चों ने नृत्य, गायन तथा कई विधाओं में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन दिया।

प्रगति इवेंट के सांस्कृतिक मंच से आज वीणा वरदानी डांस एंड म्यूजिक अकैडमी द्वारा सोलो और सामूहिक नृत्य के जबरदस्त परफॉर्मेंस से आई हुई जनता को मंत्र मुग्ध कर दिया। समूह नृत्य में रीना खरे, किरण चौबे, रेखा ठाकुर, अर्चना श्रीवास्तव ने दर्शकों की तालियां बटोरने में सफल रही। एकल डांस गणेश वंदना, सरस्वती वंदना, पिया बोले ,एक दिल है, जिसे जागृति नायर, अक्षिता सिंह, आश्रीवी, यशस्वी, दीक्षा, सोनाली द्वारा गायन प्रस्तुत, किए गए। मेरे महबूब, खामोशियां, अब तक है तुमसे, हवा के साथ, तेरी दीवानी, कलाकार, सिया, कुणाल, कोमल, अश्विनी सार्थक निर्देशक अरुण सरकार विशाल गुप्ता अपनी भूमिका में सफल रहे।

यूपी दर्शन पार्क में चल रहे समर कार्निवल 2025 के मंच से प्रगति इवेंट के मंच से आज गायन प्रतियोगिता कराई गई जिसमें जज के रूप में डॉक्टर जया श्रीवास्तव, निर्देशक सुर संगम संस्था तथा सीमा विरवानी उपस्थिति रही। गायन प्रतियोगिता में जिन कलाकारों ने भाग लिया: आराध्या सक्सेना, अपूर्वा सक्सेना, अनीता गुप्ता पंकज वांगी, शैली, फियोना, समीर और रीमा।

प्रतियोगिता में विजेता कलाकारों को संस्था के उपाध्यक्ष एन बी सिंह ने सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। संस्था के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने प्रतियोगिता की जज डॉक्टर जया श्रीवास्तव तथा सीमा विरवानी को मोमेंटम तथा पौधा देकर सम्मानित किया।

# रॉक बैंड व पुष्प वर्षा के बीच निकलेगी इस्कॉन की रथयात्रा




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सम्पूर्ण विश्व में जिस प्रकार से श्री जगन्नाथ जी की रथ यात्रा का भव्य आयोजन किया जाता है उसी के क्रम मे श्री श्री राधा रमण बिहारी मंदिर (इस्कॉन) सुशांत गोल्फ सिटी, लखनऊ द्वारा 27 जून दिन-शुक्रवार को भगवान श्री जगन्नाथ जी की रथयात्रा महामहोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। प्रेस वार्ता मे अपरिमेय श्याम प्रभु जी, मन्दिर अध्यक्ष, इस्कॉन, लखनऊ के साथ-साथ श्रीमान भोक्ता राम प्रभु (उपाध्यक्ष), श्रीमान मधुस्मिता प्रभु जी(उपाध्यक्ष) एवं श्रीमान दीनदयाल कृष्ण प्रभु (उपाध्यक्ष), आनंद स्वरुप अग्रवाल जी (चेयरमैन मन्दिर निर्माण समिति), लाल बहादुर (वॉइस चेयरमैन फेस्टिवल कमेटी) एवं जगन्नाथ जी की रथ यात्रा संचालन मे विशेष सहयोग करने वाले रवि मलिक प्रभु जी उपस्थिति रहे। श्री श्री राधा रमण बिहारी मंदिर, (इस्कॉन) लखनऊ मे गुण्डिचा मार्जिन का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। जब भगवान जगन्नाथ जी नीलांचल से सुन्दरांचल को आते है तब चैतन्य महाप्रभु जी के निदेर्शानुसार सभी भक्तगण कोई भी संसारिक प्रजल्पा न करते हुए हरि-हरि बोल, हरे कृष्णा एवं जय जगन्नाथ का उत्चारण करते हुए 100 मटके, 100 झाड़ू से मंदिर के कोने- कोने की सफाई करते हुए भगवान का स्वागत करते हैं, इस वर्ष यह कार्यक्रम इस्कॉन, लखनऊ में प्रथम बार आयोजित किया जा रहा है जो मंगला आरती के पश्चात प्रातः 5 बजे से 9 बजे तक होगा जिसके पश्चात सभी भक्तों के लिए प्रसाद की व्यवस्था रहेगी। अपराह्न 4:00 बजे श्री श्री राधा रमण बिहारी मंदिर, (इस्कॉन) लखनऊ मे जगन्नाथ भगवान की विशेष आरती की जायेगी। रथ यात्रा में आमंत्रित अतिथिगण में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, स्वतंत्रदेव सिंह जलशक्ति मंत्री, शिवपाल सिंह यादव अन्य मंत्रीगण-विधायकगण मौजूद रहेंगे। रथयात्रा रविंद्रालय हाल, चारबाग से शुरू होगी। हरिनाम संकीर्तन अपरान्ह 02:00 बजे, प्रवचन एवं कथा श्रीमान प्रेम हरिनाम प्रभु जी के सानिध्य में अपरान्ह 02:30 बजे, आरती एवं रथयात्रा प्रारम्भ अपरान्ह 4 बजे, रथ यात्रा समापन जहाँगीराबाद पैलेस, हजरतगंज रात्रि 8बजे, दिव्य प्रसादम (भंडारा) 8 बजे किया जायेगा।

**रथयात्रा का मुख्य आकर्षण:** अचिंत्यरुपिणी माता जी के दिशा निर्देशन मे मुकुंदा रॉक बैंड की विशेष प्रस्तुति होगी। विशेष साज-सज्जा से बनाये गए रथो पर विराजमान होकर भगवान जगन्नाथ जी, सुभद्रा महारानी, बलदेव महाराज, राम दरबार, राधा कृष्ण एवं इस्कॉन के संस्थापकाचार्य श्रील प्रभुपाद जी भक्तों को दर्शन देगें। सम्पूर्ण रथ यात्रा मार्ग में भगवान एवं भक्तों पर पुष्प वर्षा होगी। सभी भक्तो का स्वागत चन्दन लगाकर, गुलाबजल एवं इत्र छिड़क कर किया जायेगा। प्रभुपाद यूथ आर्मी एवं अन्य भक्तों द्वारा सम्रूर्ण यात्रा मार्ग पर झाड़ू लगाते हुए भगवान जगन्नाथ जी के रथ का स्वागत होगा। प्रभुपाद यूथ आर्मी द्वारा आकर्षक रंगोली बनाकर रथ यात्रा मार्ग की सजावट की जायेगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम इस्कॉन गर्ल्स फोरम द्वारा कथक एवं भरतनाट्यम नृत्य की प्रस्तुति के साथ-साथ जगन्नाथ भगवान की लीलायों का नाट्य रूपान्तरण। भगवान के विभिन्न स्वरुप मे भक्तों द्वारा दर्शन जैसे नारद मुनि, हनुमान जी आदि। छप्पन भोग के अंतर्गत 256 प्रकार का भोग श्री जगन्नाथ जी को अर्पित किया जायेगा। रथ यात्रा मार्ग में विभिन्न स्थानों पर भक्तों द्वारा भगवान की आरती एवं जलपान वितरण किया जायेगा। सम्पूर्ण रथयात्रा मार्ग पर श्रीमद भगवत गीता एवं श्रील प्रभुपाद जी द्वारा रचित 90 से अधिक धार्मिक पुस्तकों का वितरण भक्तों द्वारा बृहद रूप से किया जायेगा। रथ यात्रा अपरान्ह 04:00 बजे रविंद्रालय चारबाग से प्रारम्भ होकर बासमंडी चौराहा से हीवेट रोड पर चलकर दाहिने कैंट चौराहा (बर्लिंगटन) से बांये नावेल्टी सिनेमा, हलवासिया तिराहे से दाहिने हजरतगंज होकर वापस से मुड़कर हलवासिया होते हुए डी.एम. आवास के बगल जहाँगीराबाद पैलेस में समाप्त होंगी।

## भगवान जगन्नाथ को लगा काढ़े का भोग

वरिष्ठ संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** विगत पूर्णिमा से अस्वस्थ चल रहे भगवान जगन्नाथ जी एकांतवास में विश्राम कर रहे हैं। चारों धाम रथ यात्रा समिति द्वारा प्रत्येक दूसरे दिन भगवान को काढे का भोग लगाया जा रहा है, जिससे शीघ्र स्वस्थ होकर रथ यात्रा के माध्यम से नगर भ्रमण को निकल सके। समिति के आशीष अग्रवाल और रिद्धि किशोर गौड़ ने बताया की कल स्वस्थ होकर प्रभु अपने स्थान पर विराजमान होंगे। 27 तारीख को चांदी की पालकी में नगर भ्रमण को निकलेंगे। सुबह 10:00 बजे से चारों धाम मंदिर रानी कटरा में पूजन प्रारंभ होगा 12:00 बजे पालकी रथ यात्रा प्रारंभ होगी।

**श्री माधव मन्दिर वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में हुआ पौधरोपण:** डालीगंज स्थित 64वें श्री माधव मंदिर वार्षिकोत्सव एवं श्री जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव कार्यक्रम के दूसरे दिन पर्यावरण संरक्षण के तहत एक पेड़ अवश्य लगाए कार्यक्रम का आयोजन डालीगंज कलेक्टरगंज पार्क में अध्यक्ष बिहारी लाल साहू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष भारत भूषण गुप्ता, गोविंद साहू, धनश्याम दास अग्रवाल, ओमकार जैसवाल, श्याम जी साहू, राकेश साहू, दिनेश अग्रवाल, अनुराग साहू निशांत शुक्ला सभी ने अपना पौधा का रोपण किया गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष भारत भूषण गुप्ता ने बताया कि श्री राधा माधव सेवा संस्थान के उद्देश्य हैं कि पर्यावरण संरक्षण के तहत एक पेड़ अवश्य लगाए जाए जिसमें संस्था के पदाधिकारियों अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं।

# हरि हर मंदिर में अखंड राम चरित मानस पाठ संग हुआ भंडारा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** ईश्वरीय स्वप्नाशीष सेवा समिति की ओर से सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल की अगुवाई में श्री परमानंद हरि हर मंदिर की चौथी वर्षगांठ के पावन अवसर पर बुधवार 25 जून को विश्व शान्ति और भारत वर्ष के उत्थान के लिए, हवन का आयोजन, देवा रोड स्थित मंदिर परिसर में किया गया।

सत्य सनातन मातृशक्तियों द्वारा इस अवसर पर सामूहिक सुंदरकाण्ड का पाठ और कीर्तन भी किया गया। समारोह का समापन भंडारे से हुआ जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों में प्रसाद का वितरण किया गया। इसके साथ ही मंगलवार 24 जून की दोपहर दो बजे से शुरू हुआ अखंड राम चरित मानस का पाठ भी बुधवार 25 जून की दोपहर में सम्पन्न हो गया। मंदिर की संस्थापिका और सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल ने इस अवसर पर बताया कि इस मंदिर की स्थापना 10 जुलाई 2021 को अमावस्या के अवसर पर की गई थी। दरअसल इस मंदिर के निर्माण की प्रेरणा उन्हें अपने स्वप्न में हुई थी इसलिए उनके द्वारा ईश्वरीय स्वप्नाशीष सेवा समिति की स्थापना कर सनातन जागृति का वृहद कार्य किया जा रहा है। भारतवर्ष को विश्व में दोबारा विश्व गुरु की पहचान मिले, इसलिए उनके द्वारा प्रदेश ही नहीं राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुंदरकांड महा अभियान बने भारत वर्ष की पहचान का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हरि हर मंदिर अपने स्वरूप के कारण भी निराला है क्यों कि इस मंदिर में हरि और हर दोनों स्थापित है इसलिए यह मंदिर का भक्तों में श्री परमान्द हरि हर मन्दिर के रूप में लोकप्रिय है। मंदिर परिसर में चूंकि बाबा अपने भक्तों की प्रार्थनाएं पूरी करते हैं इसलिए मंदिर में महादेव जी, वरदानी बाबा के रूप में स्थापित हैं। बाबा वरदानी के साथ ही मंदिर परिसर में प्रभु राम का दिव्य दरबार, राधा-कृष्ण, मां दुर्गा, दक्षिणमुखी हनुमान महाराज और शनि महाराज जी की प्रतिमाएं विराजमान हैं। सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल ने बताया कि स्थानीय झूलेलाल वाटिका से शुरू हुआ सुंदरकांड महा अभियान केवल एक साल की अल्पावधि में भारतवर्ष की पहचान बन गया है।



# मनुष्य को कर्म करते रहना चाहिए : माधव शरण

**लखनऊ।** शास्त्री नगर के श्री दुर्गा जी मंदिर में चल रही भागवत कथा में कथा व्यास माधव शरण दास महाराज ने भगवान की गोवर्धन लीला प्रसंग सुनाकर भक्तों को भावविभोर कर दिया। उन्होंने कहा कि भगवान की गोवर्धन लीला है। इसमें भगवान अपनी उंगली पर गोवर्धन पर्वत उठाते हैं, लेकिन सब गोप ग्वालों को भी अपनी लाठी लगाने को कहते हैं। ये बहुत अहम संदेश है। जब तक जीव अपना पुरुषार्थ नहीं करता, भगवान मदद नहीं करते। गीता में भगवान ने कहा है कि मनुष्य को कर्म अवश्य करना चाहिए। उस कर्म का फल कब और कैसा मिलेगा, यह जानने का जीव का अधिकार नहीं है, क्योंकि फल मिलने में बहुत से कारक तत्व और पिछले कर्मों का लेखा जोखा भी मिला होता है। इसलिए कहा गया है कि कर्मों की गति बहुत गहन है।



## कार्यालय नगर पालिका परिषद बहराइच

**पत्र सं.- 324/रा.वि.आ.-पा.नि./नि.कार्य/टेण्डर/2025-26** **दिनांक: 25 जून, 2025**

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

इस कार्यालय के पत्र सं0- 323/रा.वि.आ.-पा.नि./नि.कार्य/टेण्डर/2025-26 दिनांक 25 जून, 2025 द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में रा.वि.आ./पा.नि. के अन्तर्गत स्वीकृत कार्यों में से रु. 5.00 लाख से अधिक के कुल 04 निर्माण कार्यों की जी.एस.टी. रहित सीलबन्द ऑफलाइन निविदायें निर्धारित शर्तों के अधीन प्रतिशत दर के आधार पर नगर पालिका परिषद, बहराइच के साथ-साथ अन्य विभागों में वर्ष 2025-26 में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से दिनाँक 08 जुलाई 2025 को अपरान्ह 04:00 बजे तक 1-नगर पालिका परिषद, बहराइच के निर्माण अनुभाग में, 2- प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय बहराइच के कार्यालय में एवं 3- उपजिलाधिकारी सदर, बहराइच कार्यालय में आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपर जिलाधिकारी (वि./रा.)/प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय, बहराइच के कार्यालय कक्ष में प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय एवं अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, बहराइच द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष सायं 04:30 खोली जायेगी। निविदा के साथ रु. 100.00 के स्टाम्प पेपर पर शपथ-पत्र (निर्धारित प्रारूप) तथा 02 प्रतिशत धरोहर धनराशि / जमानत धनराशि की एन.एस.सी./एफ.डी.आर./टी.डी.आर./सी.डी.आर. जो अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, बहराइच के पदनाम से बन्धक हो, जमा करना होगा। प्रत्येक कार्य हेतु पृथक-पृथक धरोहर / जमानत धनराशि निविदा के साथ संलग्न करना होगा। निविदा प्रपत्र नगर पालिका परिषद, बहराइच के निर्माण अनुभाग, प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय बहराइच कार्यालय एवं उपजिलाधिकारी सदर, बहराइच कार्यालय से दिनांक 05 जुलाई 2025 को कार्यालय अवधि (प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक) में निर्धारित मूल्य जमा करके प्राप्त किये जा सकते हैं प्राप्त सभी निविदाओं अथवा न्यूनतम निविदा को बिना कारण बताये निरस्त किये जाने का अधिकार अध्यक्ष महोदय, नगर पालिका परिषद, बहराइच को होगा। सशर्त निविदायें स्वीकार नही की जायेंगी। सम्बन्धित विस्तृत निविदा सूचना नगर पालिका परिषद, बहराइच की वेबसाइट- www.bahraichnpp.in पर देखी जा सकती है।

**(प्रमिता सिंह)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगरपालिका परिषद बहराइच।**

**(सुधा देवी)**
**अध्यक्ष**
**नगरपालिका परिषद बहराइच।**


# 'उठ जाग मुसाफिर' में दिखी अन्याय के विरुद्ध नयी चेतना

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** गर्मियों की छुट्टियों में बच्चों की कल्पनाशक्ति, अभिव्यक्ति और सामाजिक समझ को मंच देने के उद्देश्य से यायावर रंगमंडल द्वारा आयोजित ₹उल्लास बाल पर्व का 31वां संस्करण इस वर्ष लखनऊ के प्रतिष्ठित संत गाडगे जी महाराज प्रेक्षागृह में हुआ। लखनऊ में आयोजित 40 दिवसीय रंगमंच कार्यशाला के दौरान, बच्चों ने पुनीत मित्तल के निर्देशन और जितेन्द्र मित्तल की लेखनी में तैयार नाटक उठ जाग मुसाफिर का अत्यंत प्रभावशाली मंचन प्रस्तुत किया।

नाटक की कथा एक ऐसे जमींदार के इर्द-गिर्द घूमती है जो गाँव के भोले-भाले लोगों से अमानवीय शर्तों पर काम करवाता है जिसमें सबसे कठोर शर्त यह है कि यदि कोई नौकर स्वेच्छा से नौकरी छोड़ता है, तो उसे अपने नाक-कान कटवाने पड़ते हैं। जब गांववाले जमींदार के अत्याचारों से तंग आकर जीवन त्यागने का निर्णय लेते हैं, तब एक संत बाबा जी उन्हें आत्मबल और नई दिशा प्रदान करते हैं।

इसी समय एक नया नौकर अटपट्टू नौकरी पर आता है और अपनी चतुराई से जमींदार को हर बार परास्त करता है। यह प्रस्तुति सामाजिक जागरूकता, करुणा और नेतृत्व का सशक्त उदाहरण बनकर सामने आई। हिमांशु गुप्ता, नवनीत, सौरीष शर्मा, सृष्टि वाल्मीकि, अनिमेष कुमार, वंश शुक्ला, आयुषी, हर्ष सिंह, हर्ष, अनुज कुमार, प्रियांशु गौतम, आरव राज, अंश कुमार, निपुण सिंह, आँचल गुप्ता, आराध्या मौर्या, आराधिका सिंह, अभिनव भौमिक, वीरा सिंह, सभी बच्चों ने पूरी निष्ठा और जोश के साथ भाग लिया और दर्शकों का दिल जीत लिया।

**नाटक 'मन की बात':** दूसरी प्रस्तुति के रूप में, सेंट पीटर इण्टर कॉलेज, गोमती नगर में आयोजित 40 दिवसीय बाल रंगमंच कार्यशाला के अंतर्गत प्रस्तुत नाटक मन की बात' में बच्चों ने अपने भावों को बहुत ही सरल और सहज ढंग से दर्शकों तक पहुंचाया। यह नाटक इस संदेश को स्पष्ट रूप से सामने लाता है कि बच्चों को माता-पिता की डांट के साथ-साथ उनका प्यार और थोड़ा सा समय भी चाहिए, ताकि वे अपने मन की बात कह सकें और उनके मन की बात भी सुन सकें। पीयूष कुमार, रजनी, स्तुति, कोमल, ईशानी, ऋषभ, अदिति, आरुष, मानव, शुभ कुमार, रागिनी, डिम्पल, हर्ष और काशवी के अभिनय कौशल और विषय की गहराई ने दर्शकों को गहराई से सोचने पर मजबूर कर दिया। इस नाटक का निर्देशन सुश्रुत गुप्ता और ओमकार पुष्कर ने किया।

**कला प्रदर्शनी :** आयोजन का एक विशेष आकर्षण रही कला प्रदर्शनी, जिसमें गुरुग्राम के दो शेल्टर होम्स के बच्चों द्वारा बनाई गई कलाकृतियाँ प्रदर्शित की गई। यह प्रदर्शनी परियोजना के अंतर्गत आयोजित की गई, इसकी परिकल्पना एवं निर्देशन श्रीमती शिखा एवं नीरा द्वारा किया गया है। इस पहल का उद्देश्य है-कला के माध्यम से वंचित बच्चों को आत्म अभिव्यक्ति आत्मबल और आंतरिक उपचार की दिशा में प्रेरित करना। बच्चों के कौशल विकास के प्रति जागरूक के. के. अकादमी की प्रधानाचार्या डॉ. लक्ष्मी कौल और सेंट पीटर कॉलेज की प्रधानाचार्या चारु शर्मा का बाल रंगमंच कार्यशाला के आयोजन में विशेष सहयोग एवं योगदान रहा। कार्यक्रम की परिकल्पना मोहम्मद हफीज द्वारा की गई, जिन्होंने बच्चों को रचनात्मक मंच प्रदान करने का स्वप्न साकार किया।

# 18 महत्वपूर्ण पुलों पर वाटर लेवल मॉनिटरिंग सिस्टम शुरू

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** रेल यात्रियों की सुगम, सुरक्षित एवं संरक्षित यात्रा हेतु प्रतिबद्ध पूर्वोत्तर रेलवे मानसून के दौरान गाडियों के सुरक्षित संचलन सुनिश्चित करने के लिये तैयारी पूरी कर ली है। इसके अन्तर्गत पूर्वोत्तर रेलवे के 18 महत्वपूर्ण पुलों पर वाटर लेवल मॉनिटरिंग सिस्टम को क्रियाशील कर दिया गया है।

मानसून के दौरान नदियों के जलस्तर की निगरानी हेतु पूर्वोत्तर रेलवे के औंड़िहार-वाराणसी खण्ड पर स्थित गोमती नदी पर बने पुल संख्या-137, वाराणसी-प्रयागराज खण्ड पर गंगा नदी पर बने पुल संख्या-111, सलेमपुर-इंदारा खण्ड पर घाघरा नदी पर बने पुल संख्या-31, छपरा-फेफना खण्ड पर घाघरा नदी पर बने पुल संख्या-16, नरकटियागंज-कप्तानगंज खण्ड पर गंडक नदी पर बने पुल संख्या-50, सीवान-भटनी खण्ड पर छोटी गंडक नदी पर बने पुल संख्या-119, इज्जतनगर-कासगंज खण्ड पर कछला (गंगा) नदी पर बने पुल संख्या-409, लालकुआं-काशीपुर खण्ड पर कोसी नदी पर बने पुल संख्या-104, पीलीभीत-बीसलपुर खण्ड पर देवहा नदी पर बने पुल संख्या-270, कासगंज-मथुरा खण्ड पर यमुना नदी पर बने पुल संख्या-554, बढ़नी-गोंडा खण्ड पर राप्ती नदी पर बने पुल संख्या-151, मनकापुर-अयोध्या खण्ड पर सरयू नदी पर बने पुल संख्या-18, गोरखपुर-मनकापुर खण्ड पर ककरा नदी पर बने पुल संख्या-182 एवं राप्ती नदी पर बने पुल संख्या-184, गोरखपुर-आनन्दनगर खण्ड पर रोहिन नदी बने पुल संख्या-04, नानपारा-दुदवा के खण्ड पर बबई नदी पर बने पुल संख्या-55 एवं दुदवा-मैलानी खण्ड पर शारदा नदी पर बने पुल संख्या-97 तथा गोंडा-बुढ़वल खण्ड पर बने पुल संख्या-391 पर वॉटर लेवल मॉनिटरिंग सिस्टम को क्रियाशील कर दिया गया है। वाटर लेवल मॉनिटरिंग सिस्टम सेंसरयुक्त होता है, जिसमें एक चिप लगा होता है जो ट्रैक मैनेजमेंट सिस्टम से जुड़ा होता है।

इस प्रणाली में रेल पुलों से संबद्ध सहायक मंडल इंजीनियर, कार्य निरीक्षक एवं रेल पथ निरीक्षक आदि के मोबाइल नंबर फीड रहता है। पुलों पर जल स्तर के घटने-बढ़ने की सटीक जानकारी एस.एम.एस. के माध्यम से संबंधित अधिकारियों को मिलती रहती है, जिससे मानसून के दौरान जल स्तर की मॉनिटरिंग करना आसान होता है। इससे ट्रेनों के सुचारू रूप से संचलन में काफी मदद मिलती है। इसके अतिरिक्त वर्षा जल मापन हेतु पूर्वोत्तर रेलवे के विभिन्न स्थानों पर जल मापी यंत्र लगाया गया है जिससे प्रतिदिन होने वाले वर्षा की मॉनिटरिंग की जाती है।

## चेकिंग के दौरान 2272 बिना टिकट यात्री पकड़े गये

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन अपने रेल यात्रियों को सुविधाजनक एवं आरामदायक यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए निरन्तर प्रयत्नशील है। इसी परिप्रेक्ष्य में महाप्रबन्धक सौम्या माथुर के निर्देष पर प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक प्रकाश चन्द्र जायसवाल के आदेशानुसार वरिष्ठ वाणिज्य प्रबन्धक के नेतृत्व में 10 से 23 जून तक गोरखपुर से भटनी, गोरखपुर से गोण्डा, गोरखपुर से बस्ती, गोरखपुर से मनकापुर, गोरखपुर से लखनऊ तथा गोरखपुर से सिसवा बाजार खण्ड में वाणिज्य विभाग द्वारा गहन मॉनिटरिंग एवं विशेष टिकट जांच अभियान आयोजित किया गया, जिसमें अनधिकृत यात्रियों/बिना टिकट यात्रियों एवं पैन्ट्रीकार की जॉच की गयी, जिसके फलस्वरूप कुल 2272 बिना टिकट/अनियमित/बिना बुक सामान के मामले पकड़े गये जिनसे कुल रूपया 15,24,470 रुपये के रेल राजस्व की वसूली कर रेल खाते में जमा कराया गया।

यात्रियों की सुविधा एवं रेल राजस्व की क्षति रोकने के उद्देष्य से पूर्वोत्तर रेलवे के प्रत्येक मंडल पर प्रत्येक माह स्पॉट चेक, एम्बुष चेक, किलाबंदी चेक आयोजित किये जाते हैं। पूर्वोत्तर रेलवे पर मंडलों, स्टेषनों एवं गाड़ियों में आगे भी बिना टिकट यात्रा, बिना बुक किये गये सामानों की जांच, अनियमित यात्रा आदि विषेष टिकट जांच अभियान चलाया जाता रहेगा। रेल प्रशासन की यात्रियों से अपील है कि उचित टिकट लेकर ही यात्रा प्रारम्भ करे।

## मोजाम्बिक की पटरी पर दौड़ेगा डीजल-इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** पूर्व में भेजे गए इंजनों की उत्कृष्ट कार्यक्षमता एवं विश्वसनीय प्रदर्शन को देखते हुए, मोजाम्बिक रेलवे (सीएफएम) ने बरेका को एक और बड़ा अनुबंध सौंपा है। यह नया अनुबंध 10 अत्याधुनिक 3300 हॉर्स पावर एसीझ्र एसी डीजल-इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव के निर्माण और आपूर्ति के लिए मेसर्स राइट्स के माध्यम से प्रदान किया गया है। इन 10 इंजनों में से 2 इंजन का निर्माण कार्य पूर्ण कर जून 2025 में सफलतापूर्वक मोजाम्बिक के लिए रवाना कर दिया गया है, जबकि शेष 8 इंजनों का प्रेषण दिसंबर 2025 तक किए जाने की योजना है। ये इंजन केप गेज (1067 मिमी) पर 100 किलोमीटर प्रति घंटा की अधिकतम गति से चलने में सक्षम हैं। बरेका द्वारा निर्मित ये 3300 एचपी एसी-एसी डीजल इंजन न केवल तकनीकी दृष्टि से अत्याधुनिक हैं, बल्कि इसमें चालक के लिए भी कई विशेष सुविधाएं प्रदान की गई हैं, जिनमें शामिल हैं रेफ्रिजरेटर, हॉट प्लेट, मोबाइल होल्डर, सौंदर्यबोध से परिपूर्ण कैब डिजाइन, शौचालय की सुविधा ये विशेषताएं न केवल चालक की सुविधा सुनिश्चित करती हैं बल्कि अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप कार्यस्थल की गुणवत्ता को भी दर्शाती हैं।

बरेका की यह उपलब्धि न केवल देश के तकनीकी सामर्थ्य का प्रतीक है बल्कि ह्यमेक इन इंडिया झ्र मेक फॉर द वर्ल्डह्न मिशन को भी सशक्त करती है। मोजाम्बिक को इन इंजनों की आपूर्ति से भारत की इंजीनियरिंग क्षमता, आत्मनिर्भरता और वैश्विक साझेदारी को एक नई ऊंचाई मिली है। बरेका का यह प्रयास सिद्ध करता है कि भारतीय रेल निर्माण इकाइयाँ विश्व मानकों के अनुरूप इंजनों का उत्पादन कर सकती हैं और विश्व पटल पर मेड इन इंडिया की पहचान को और मजबूत कर रही हैं। बनारस रेल इंजन कारखाना द्वारा मोजाम्बिक को निर्यात हेतु 12 सिलिंडर 3300 अश्व शक्ति एसी-एसी केप गेज डीजल-इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव का निर्माण कर सकुशल निर्यात किया गया।

उल्लेखनीय है, कि 23 अप्रैल 1956 को बनारस रेल इंजन कारखाना की स्थापना से अब तक बरेका भारतीय रेलवे, इस्पात संयंत्रों, खानों, बंदरगाहों और निर्यात के लिए 10000 से अधिक लोकोमोटिव बना चुका है। यह भारतीय रेलवे का उत्पादन इकाई लोको उत्पादन के क्षेत्र में अग्रणी है जनवरी 1976 में पहला रेल इंजन तंजानिया को निर्यात किया गया। इसके बाद वियतनाम, माली, सेनेगल, अंगोला, म्यांमार, बंग्लादेश, श्रीलंका, मलेशिया, मोजाम्बिक, सूडान आदि देशों को यहां के निर्मित इंजन भेजे गये। इस उपलब्धि पर महाप्रबंधक श्री नरेश पाल सिंह ने बरेका के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कुशल प्रबंधन एवं कार्य कुशलता की सराहना की है।

# एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने चलाया जागरूकता अभियान



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय इकाई के कार्यकर्ताओं ने आपतकाल की 50वीं वर्षगांठ जागरूकता अभियान चलाया व सांकेतिक प्रदर्शन किया। जिसमे प्रमुख रूप से लखनऊ महानगर सहमंत्री सरिता पाण्डेय की उपस्थिति रही। उन्होंने कहा 'मैं एक विश्वविद्यालय की छात्रा हूं।

मेरी शिक्षा, मेरी सोच और मेरी स्वतंत्रता इस लोकतंत्र की ही देन है लेकिन आज जब हम इतिहास की ओर देखते हैं, तो 1975 का वह समय हमें यह चेतावनी देता है कि अगर हम सचेत नहीं रहे, तो लोकतंत्र को खतरे में डालने वाली ताकतें आज भी सक्रिय हो सकती हैं ऐसी परिस्थिति फिर ना आये इस पर हम जागरूक नागरिकों को अपने इतिहास से सीखना चाहिए और ऐसी ताकतों से सावधान रहना चाहिए जो हमारी स्वतंत्रता को खत्म करती है। विश्वविद्यालय इकाई अध्यक्ष अमरप्रीत कौर ने कहा, उस समय को जब हम याद करते है तो उस दौर में क्या हुआ था? लोकतंत्र का गला घोंटा गया, संविधान को ताक पर रख दिया गया और नागरिक अधिकारों को छीन लिया गया।

## आठ शिक्षकों को मिली प्रोन्नति

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में कार्य परिषद की बैठक बुधवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में मंथन कक्ष में संपन्न हुई। इस बैठक में आठ शिक्षकों के प्रोन्नति को अनुमोदित किया गया। 38 महाविद्यालयों में विभिन्न पाठ्यक्रमों के अस्थाई/स्थाई संबद्धता को अनुमोदित किया गया और छह नये महाविद्यालयों के भी संबद्धता को अनुमोदित किया गया।

## बृजेश पाठक के जन्मदिन पर भेंट कर दी बधाई

लखनऊ। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के जन्मदिन के अवसर पर बुधवार को उनके सरकारी आवास पर भेंट करके बधाई व शुभकामनाएं देने वालों का तांता लग रहा। लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, उत्तरविधानसभा के विधायक डॉ. नीरज बोरा, पूर्व विधानसभा विधायक ओपी श्रीवास्तव, बीकेटी विधानसभा से विधायक योगेश शुक्ला और मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने सुबह उपमुख्यमंत्री से आवास पर भेंट की।

# अधिकारी और कर्मचारी हिन्दी में करें काम

## आरडीएसओ में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की हुई त्रैमासिक समीक्षा बैठक




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आरडीएसओ के महानिदेशक उदय बोरवणकर की अध्यक्षता में बुधवार को आरडीएसओ में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में महानिदेशक ने पिछली तिमाही में राजभाषा के प्रचार-प्रसार और राजभाषा में किए जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। महानिदेशक ने बैठक के दौरान सभी अधिकारियों से अधिकाधिक कार्य राजभाषा में करने का आग्रह किया।

आरडीएसओ के मुख्य राजभाषा अधिकारी दिनेश वर्मा ने समिति की बैठक में उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए राजभाषा संबंधी क्रियाकलापों एवं उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत किया। साथ ही, राजभाषा पत्रिका मानक रश्मि का विमोचन महानिदेशक द्वारा किया गया। तत्पश्चात, विनीत द्विवेदी, कार्यकारी निदेशक/वित्त को राजभाषा नीति के प्रचार-प्रसार में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने एवं अपना अधिकांश कार्य राजभाषा में करने के लिए रेलवे बोर्ड द्वारा प्रदत्त रेल मंत्री राजभाषा रजत पदक एवं प्रशस्ति-पत्र से समिति के सदस्यों को अवगत कराया गया।

राजभाषा अधिकारी अखिलेश उपाध्याय द्वारा विषयगत तिमाही की राजभाषा से संबंधित प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुतत की गयी।

संगठन के आर.के. रस्तोगी उप निदेशक/शहरी परिवहन निदेशालय द्वारा मेट्रो रेल परिचालन में डिजिटल परिवर्तन विषय पर प्रस्तुति राजभाषा में दी गयी।

# भाषा विवि की अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं में सीखेंगे छात्र

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग ने तकनीकी शिक्षा को एक नया आयाम देते हुए अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं की स्थापना की है। इन प्रयोगशालाओं का उद्देश्य छात्रों को नवाचार, अनुसंधान और व्यावहारिक ज्ञान के समन्वय से उच्च स्तरीय तकनीकी दक्षता प्रदान करना है। अब छात्र श्रीनिवास रामानुजन नेटवर्किंग लैब में नेटवर्किंग, डेटा ट्रांसमिशन, क्लाउड नेटवर्क और साइबर सुरक्षा जैसी उन्नत तकनीकों पर काम कर रहे हैं। वहीं आर्यभट्ट पायथन लैब में उन्हें कोडिंग की बारीकियों से लेकर एडवांस प्रोग्रामिंग तक की शिक्षा रियल-टाइम प्रोजेक्ट्स के माध्यम से दी जा रही है।

तकनीकी नवाचार को और अधिक सशक्त करते हुए डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस लैब में छात्र मशीन लर्निंग, एआई मॉडलिंग और स्मार्ट टेक्नोलॉजी आधारित समाधानों पर प्रयोग कर रहे हैं, जो उन्हें भविष्य के तकनीकी क्षेत्र की चुनौतियों के लिए तैयार कर रहा है। इसके साथ ही, विक्रम साराभाई प्रोग्रामिंग लैब छात्रों को सॉफ्टवेयर विकास की गहराइयों को समझने का अवसर दे रही है, जबकि रंगास्वामी नरसिम्हन ऑपरेटिंग सिस्टम लैब ऑपरेटिंग सिस्टम्स के जटिल सिद्धांतों को सरल रूप में समझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इन सभी प्रयोगशालाओं की स्थापना और नामकरण की अनुशंसा विभागाध्यक्ष डॉ. सुमन कुमार मिश्र द्वारा की गई थी, जिसे विश्वविद्यालय की विद्या परिषद ने सर्वसम्मति से अनुमोदित किया।

# नवाचार और उद्यमिता की नर्सरी बना एकेटीयू

## प्रदेश में नवाचार और उद्यमिता की संस्कृति बनाने में विश्वविद्यालय निभा रहा अहम भूमिका

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश में नवाचार और उद्यमिता की संस्कृति बनाने में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) अहम भूमिका निभा रहा है। विश्वविद्यालय युवाओं को मौका और मंच तो प्रदान कर रहा है। साथ ही नवाचार और उद्यमिता में आगे बढ़ने के लिए छात्रों का सहयोग भी प्रदान किया जा रहा है। जिसके परिणामस्वरूप काफी संख्या में नवाचार और उद्यमिता सामने आये हैं।

**प्रतियोगिता से आगे आ रहे नये आइडिया :** विश्वविद्यालय नवाचार को आगे बढ़ाने और युवाओं के नये विचार को सामने लाने के लिए प्रतियोगिता आयोजित करा रहा है। इसके लिए इनोवेशन हब और टेनिंग एण्ड प्लेसमेंट विभाग की ओर से हैकथॉन और बिल्डथॉन जैसे प्रतियोगिताएं करायी जा रही हैं। हाल ही में इनोवेशन हब की ओर से नवोन्मेष का आयोजन किया गया। इसमे पूरे प्रदेश के छात्रों ने हिस्सा लिया। अपने नये आइडिया का प्रोटोटाइप मॉडल बनाया। जिसकी प्रदर्शनी भी विश्वविद्यालय में लगायी गयी। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने प्रदर्शनी को देखा और छात्रों के नवाचार की सराहना की। इसके अलावा इनोवेशन हब विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार को लेकर हैकथॉन का भी आयोजन कराता है। जिसमें काफी संख्या में अच्छे नवाचार सामने आये। वहीं हाल ही में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग की ओर से बिल्डथॉन हुआ था। इसमें भी छात्रों की 60 टीमों ने अपने नवाचार की प्रदर्शनी लगाया था। इन्हें भी काफी सराहना मिली।

**इनोवेशन हब कर रहा मदद :** कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय का प्रयास है कि ज्यादा से ज्यादा छात्र इनोवेशन और स्टार्टअप की ओर अग्रसर हों। इस दिशा में इनोवेशन हब छात्रों को काफी हद तक आगे भी बढ़ा रहा है। वित्तीय सहायता के साथ ही वर्कप्लेस मुहैया कराया जा रहा है। यही नहीं इनोवेशन हब ने अलग-अलग क्षेत्रों के 75 विशेषज्ञों को अपने साथ जोड़ा है, जो छात्रों को नवाचार में मेंटॉर करते हैं। साथ ही इनोवेशन को स्टार्टअप और उसे कॉमर्सलाइज करने में भी इनोवेशन हब मदद कर रहा है ताकि छात्रों को आगे बढ़ने में कोई परेशानी का सामना करना न पड़े। परिणाम स्वरूप प्रदेश में नवाचार को लेकर एक नया माहौल बना है।

- विश्वविद्यालय लगातार नवाचार को आगे बढ़ाने के लिए कर रहा प्रयास, अवसर और मंच देने के परिणाम स्वरूप आगे आरे है स्टार्टअप और इनोवेशन



## एकेटीयू में 2 जुलाई से होंगी सम सेमेस्टर परीक्षाएं

**लखनऊ।** डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के सम सेमेस्टर की द्वितीय चरण की परीक्षा के परीक्षा फॉर्म और शुल्क जमा करने की तिथि को एक बार फिर बढ़ा दिया गया है। परीक्षार्थी अब 28 जून तक परीक्षा फॉर्म भरने के साथ ही शुल्क जमा कर सकते हैं। वहीं छात्र हित को ध्यान में रखते हुए परीक्षाएं 2 जुलाई से शुरू होगी।

# त्योहारों में उल्लास बना रहे, कोई शरारत न पनपे : योगी

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगामी पर्व-त्योहारों के दृष्टिगत सुदृढ़ कानून-व्यवस्था, सौहार्दपूर्ण वातावरण और जनसुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु बुधवार देर शाम शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में प्रदेश के समस्त पुलिस आयुक्तों, मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों के साथ वृहद संवाद हुआ, जिसमें मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सभी आयोजन श्रद्धा, सुरक्षा और समरसता के साथ सम्पन्न हों, इसके लिए प्रशासनिक मशीनरी को पूरी संवेदनशीलता और सतर्कता के साथ कार्य करना होगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि आगामी 11 जुलाई से 09 अगस्त तक पवित्र श्रावण मास रहेगा, जिसके दौरान पारंपरिक कांवड़ यात्रा, श्रावणी शिवरात्रि, नागपंचमी और रक्षाबंधन जैसे पर्व मनाए जाएंगे। इसी अवधि में 27 जून से 08 जुलाई तक जगन्नाथ रथ यात्रा तथा 27 जून से 06/07 जुलाई तक मोहर्रम के आयोजन संभावित हैं। यह संपूर्ण कालखंड प्रदेश की कानून-व्यवस्था, चिकित्सा, स्वच्छता, शिक्षा और आपदा प्रबंधन के लिहाज से अत्यंत संवेदनशील है। अतः सभी संबंधित विभाग और जिला प्रशासन समन्वय के साथ जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करें। कांवड़ यात्रा के शांतिपूर्ण और गरिमामय आयोजन को लेकर मुख्यमंत्री ने विशेष निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह यात्रा आस्था, अनुशासन और उल्लास का प्रतीक है। उत्तराखंड सीमा से सटे जनपदों सहित गाजियाबाद, मेरठ, बरेली, अयोध्या, प्रयागराज, काशी, बाराबंकी और बस्ती जैसे जिले विशेष सतर्कता बरतें। अंतर्राज्यीय समन्वय निरंतर बना रहना चाहिए। यात्रा मार्ग पर डीजे, ढोल-ताशा और संगीत की ध्वनि निर्धारित मानकों के अनुरूप ही होनी चाहिए। कानफोड़ू आवाज, भड़काऊ नारे, और परंपरा से इतर रूट परिवर्तन किसी दशा में स्वीकार्य नहीं होंगे। ताजिया, रथ या कांवड़ यात्रा में प्रयुक्त डीजे की ऊंचाई भी नियत सीमा से अधिक नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि किसी शोभायात्रा के लिए पेड़ काटना, झुग्गियां हटाना या गरीबों का आश्रय उजाड़ना कदापि स्वीकार्य नहीं होगा।

मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि धार्मिक यात्राओं में अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन और धार्मिक प्रतीकों का राजनीतिक उपयोग सौहार्द को खंडित करने वाले तत्व हैं, जिन पर पूरी सख्ती से रोक लगनी चाहिए। शोभायात्राओं/जुलूसों के मार्ग पर प्रतिबंधित पशुओं का प्रवेश रोका जाए। सोशल मीडिया की सघन निगरानी हो और आवश्यकता पड़ने पर ड्रोन के माध्यम से निगरानी सुनिश्चित की जाए। फेक न्यूज और अफवाहों पर नियंत्रण के लिए त्वरित खंडन और सही सूचना का प्रसारण जरूरी है। कांवड़ यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित होते हैं, जिनमें वेष बदलकर अराजक तत्वों के शामिल होने की आशंका बनी रहती है। इसे दृष्टिगत रखते हुए मुख्यमंत्री ने सभी जनपदों को सतर्क रहने का निर्देश दिया। थाना, हल्का और चौकी स्तर पर स्थानीय प्रशासन कांवड़ संघों के साथ संवाद बनाए रखे और सभी व्यवस्थाओं की पूर्व समीक्षा सुनिश्चित करे। उन्होंने दोहराया कि श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाओं का सम्मान सर्वोपरि है, किंतु किसी शरारती तत्व को अवसर नहीं मिलना चाहिए। श्रद्धालुओं की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर कहीं भी खुले में मांस आदि की बिक्री न हो। यात्रा मार्गों की स्वच्छता, सैनिटाइजेशन, स्ट्रीट लाइटिंग, पेयजल, शौचालय एवं प्राथमिक चिकित्सा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जर्जर विद्युत पोल और लटकते तारों की मरम्मत तत्काल पूर्ण हो।

# उत्तर प्रदेश में ब्राह्मण कल्याण बोर्ड का हो गठन : अनुपम

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** रालोद के राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ को पत्र लिखकर ब्राह्मण कल्याण बोर्ड के गठन की मांग की है उन्होंने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि मैं उत्तर प्रदेश के नागरिक के नाते आपके नेतृत्व में प्रदेश के बहुआयामी विकास की दिशा में हो रहे प्रयासों की सराहना करता हूं। आपकी सरकार द्वारा सामाजिक समरसता और सभी वर्गों के कल्याण के लिए की जा रही योजनाएं निश्चित ही उल्लेखनीय हैं किंतु इस पत्र के माध्यम से मैं ब्राह्मण समाज की ओर से एक महत्वपूर्ण और न्यायोचित मांग आपके संज्ञान में लाना चाहता हूं। जैसा कि सर्वविदित है कि ब्राह्मण समाज ने हमेशा प्रदेश की सांस्कृतिक, शैक्षिक, धार्मिक और प्रशासनिक उन्नति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है परंतु वर्तमान समय में यह समाज भी अनेक सामाजिक एवं आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सामाजिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में ब्राह्मण समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को विशेष सहयोग की आवश्यकता है।

अतः देश के कई राज्यों जैसेः राजस्थान (ब्राह्मण कल्याण बोर्ड), मध्य प्रदेश (ब्राह्मण आयोग), उत्तराखंड (ब्राह्मण कल्याण परिषद), गुजरात तथा हाल ही में तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में भी ब्राह्मणों के कल्याण के लिए समर्पित बोर्ड या आयोग गठित किए गए हैं, जो इस समाज की सामाजिक व आर्थिक बेहतरी के लिए योजनाएँ संचालित कर रहे हैं।

# लखनऊ के लाल शुभांशु ने अंतरिक्ष में भरी उड़ान

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बुधवार की दोपहर जैसे ही स्पेसएक्स फाल्कन-9 रॉकेट ने अमेरिका के फ्लोरिडा से भारतीय समयानुसार दोपहर 12:01 बजे आकाश की ओर उड़ान भरी, वैसे ही सीएमएस की कानपुर रोड कैम्पस स्थित वर्ल्ड यूनिटी कन्वेंशर सेंटर (डब्ल्यूयूसीसी) तालियों, अश्रुपूरित आंखों और हर्षोल्लास की गर्जना से गूंज उठा। सीएमएस के पूर्व छात्र और भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्स शुक्ला जियोम-4 अंतरिक्ष मिशन के तहत अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की ओर रवाना हो गए।

इस ऐतिहासिक क्षण को चिरस्मरणीय बनाने के लिए सीएमएस ने व्योमोत्सव का आयोजन किया एक जीवंत और अविस्मरणीय शैक्षिक आयोजन, जिसने विद्यालय को एक मिनी स्पेस सेंटर में तब्दील कर दिया। कार्यक्रम में शामिल हुए शुभांशु के माता-पिता, बहनें, वरिष्ठ सैन्य अधिकारी, शहर के गणमान्य नागरिक, शिक्षकगण व हजारों छात्र, जिनकी आंखों में अब अंतरिक्ष के सपने और भी गहराई से बस गए हैं। कार्यक्रम की विशेष झलकियाँ रहीं: लाइव लांच टेलीकास्ट, अंतरिक्ष स्टेशन की कपोला विंडो की प्रतिकृति, डफी ग्रेविटी फोटो बूथ, टेलीस्कोप से आकाश दर्शन एवं सिम्युलेटेड मिशन कंट्रोल सेंटर - जिससे यह आयोजन विज्ञान, गर्व और प्रेरणा का अद्भुत संगम बन गया।

शुभांशु शुक्ल ने 14 दिवसीय अंतरिक्ष अभियान में वे नासा की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. पेगी व्हिटसन (मिशन कमांडर) तथा हंगरी व पोलैंड के अंतरिक्ष यात्रियों के साथ मिलकर मानव शरीर, पोषण और शून्य गुरुत्वाकर्षण में बीज अंकुरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर शोध करेंगे। सीएमएस की संस्थापिका-निदेशिका डॉ. भारती गांधी ने कहा, सीएमएस के अनेक छात्रों ने विद्यालय का नाम रोशन किया है लेकिन शुभांशु की यह अंतरिक्ष यात्रा प्रत्येक भारतीय बालक के लिए संभावना का प्रकाश स्तंभ बन गयी है। विद्यालय की प्रबंधक एवं अध्यक्ष प्रो. गीता गांधी किंगडन ने कहा, हमारे कक्षा-कक्षों में जिज्ञासु छात्र से लेकर एक दूरदर्शी अंतरिक्ष यात्री बनने तक का शुभांशु का यह सफर, विश्व एकता व शांति के लिए शिक्षा के हमारे मिशन का मूर्त रूप है।

लांच से पूर्व शुभांशु ने पूरे देश को प्रेरित करते हुए कहा था, सितारे भी हासिल किये जा सकते हैं .. जय हिन्द। आज यह पंक्ति देशभर में युवा वैज्ञानिकों और छात्रों के लिए एक प्रेरणास्रोत बन चुकी है।

कार्यक्रम के समापन पर जय जगत और भारत माता की जय के जयघोष गूंज उठे और स्पष्ट हो गया कि अब भारत के अंतरिक्ष स्वप्न को एक नया चेहरा मिल गया है - ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला।



- सीएमएस में व्योमोत्सव से मनाया जश्न

# संचालन में बेहतर प्रदर्शन करने वाले कार्मिकों को किया सम्मानित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मार्श ऑडिटोरियम में यूपीएसआरटीसी के 53 वें स्थापना दिवस कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले क्षेत्रीय प्रबंधकों/सेवा प्रबंधकों/सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों/निगम कर्मचारियों को बेहतर संचालन के लिए एवं चालकों परिचालकों को संचालन में बेहतर प्रदर्शन करने एवं बेहतर डीजल एवरेज प्राप्त करने के लिए सिल्वर कॉइन एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कुल 406 अधिकारियों/कर्मचारियों, चालकों/परिचालकों को सम्मानित किया। इसमें परिवहन निगम के परिवार के ऐसे सदस्यों (पत्नी, पुत्र, पुत्री) को जिन्होंने विभिन्न परीक्षाओं में चयनित हुए, उनको भी मेडल देकर सम्मानित किया। सेवानिवृत्त जी०एम श्री अजीत सिंह को लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार देकर सम्मानित किया। परिवहन मंत्री ने कहा कि 15 मई 1947 को पहली बार परिवहन निगम बस सेवा की शुरूआत की गई थी। उस समय यह सेवा लखनऊ से बाराबंकी तक के लिए थी। उन्होंने कहा कि तत्कालीन मुख्यमंत्री पंडित गोविंद बल्लभ पंत जी ने उस बस से पहली यात्रा की थी। उन्होंने कहा कि अपने निरंतर प्रयास से उत्तर प्रदेश परिवहन निगम प्रदेश में लोगों को बेहतर यात्रा मुहैया करा रहा है। विभिन्न प्रदेशों के साथ एम ओ यू किया गया है और परिवहन निगम की बसें उन प्रदेशों तक सेवाएं प्रदान करती हैं। सभी परिवहन निगमों में यूपीएसआरटीसी आज बेहतर है, जिसका श्रेय सभी कार्मिकों, चालकों/परिचालकों को जाता है।



संक्षेप

## मंडल आंदोलन के प्रणेता थे वीपी सिंहः चंद्रभूषण सिंह यादव

**देवरिया ।** सामाजिक न्याय की अवधारणा को जमीनी आंदोलन का रूप देने हेतु आत्माहुति करने वाले पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह को उनकी जयंती पर रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डुमरी स्थित सपा जनसंपर्क कार्यालय पर याद करते हुए सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि वीपी सिंह ने खुद के राजनैतिक कैरियर की परवाह किए बगैर बुद्ध की तरह बहुजन हिताय हेतु मंडल लागू कर सत्ता को ठुकराकर एक इतिहास रचा जिसके लिए देश का सम्पूर्ण पिछड़ा वंचित समाज वीपी सिंह के प्रति श्रद्धावनत है सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह के नेतृत्व में चले मंडल आंदोलन को याद करते हुए कहा कि देश में समतावादी समाज के निर्माण की आधारशिला रखने वाले प्रमुख शख्शियतों में से एक वीपी सिंह का नाम मंडल लागू करने के बाद सदा - सर्वदा के लिए अमर हो गया।

# सत्ता के मद में कांग्रेस ने लोकतांत्रिक संस्थाओं को रौंदा : दयाशंकर सिंह

जिला संवाददाता



**देवरिया ।** आपात काल के 50 वर्ष पूरे होने पर उस समय के राजनीति के काले अध्याय पर जिला पंचायत सभागार में भारतीय जनता पार्टी द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया गया । संगोष्ठी से पूर्व टाऊन हाल के इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय में कार्यक्रम के संयोजक जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार दुबे तथा सह संयोजक वीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में आपात काल पर लगी प्रदर्शनी का क्षेत्रीय महामंत्री सुनील गुप्ता, जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह और नपा अध्यक्ष अलका सिंह ने फीता काटकर उदघाटन कर अवलोकन किया तथा एक पेड़ मां के नाम अभियान के सह संयोजक आनंद प्रकाश शाही के नेतृत्व में वृक्षारोपण भी किया ।जिला पंचायत सभागार में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने 35 लोकतंत्र सुरक्षा सेनानियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया तथा सभा को संबोधित करते हुए कहा कि 25 जी आधी रात को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आंतरिक अशांति का बहाना बनाकर भारत पर आपातकाल थोप दिया ।इस काले अध्याय में न केवल लोकतांत्रिक संस्थाओं को रौंदा बल्कि प्रेस की स्वतंत्रता, न्यायपालिका की निष्पक्षता, और नागरिकों के मौलिक अधिकारों को कुचलकर यह स्पष्ट कर दिया कि जब जब उनकी सत्ता पर संकट होता है वे संविधान और देश की आत्मा को ताक पर रखने से पीछे नहीं हटते हैं। रुद्रपुर विधायक व पूर्व मंत्री जयप्रकाश निषाद ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका सहित लोकतंत्र के तीनों स्तंभों को बंधक बनाकर सत्ता के आगे घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया । भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि आपातकाल के दौरान एक परिवार को संविधान से ऊपर रखने वाली कांग्रेस आज भी राहुल प्रियंका के इर्द गिर्द सिमटी हुई है औरसत्ता की चाभी अब भी खानदानी जेब में रखी जाती है ।सभा को क्षेत्रीय महामंत्री सुनील गुप्ता ने भी संबोधित किया।इस अवसर पर लोकतंत्र सेनानी व पूर्व जिलाध्यक्ष अनिरुद्ध मिश्रा, प्रेम अग्रवाल, रमजान अली, मारकंडे तिवारी, रामधनी गोंड, भाजपा नेता जितेंद्र प्रताप राव, जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा, रविंद्र प्रताप मल्ल, अजय शाही, गंगा सिंह कुशवाहा, महामंत्री श्रीनिवास मणि त्रिपाठी, रविंद्र कौशल, प्रमोद शाही, जिला मंत्री डा हेमंत मिश्रा, निर्मला गौतम, अभिषेक जायसवाल, मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी, अंकुर राय, अजय उपाध्याय, आनंद प्रकाश शाही, गिरिजेश सिंह, मारकंडे शाही, रमेश तिवारी, रामाशीष प्रसाद, अर्चना पांडे, नगर अध्यक्ष रमेश वर्मा, दुर्गेश नाथ त्रिपाठी, ओमप्रकाश मौर्य, गोविंद चौरसिया, राजन सोनकर, प्रवीण प्रताप मल्ल, अक्षय प्रताप सिंह, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ट्रैक्टर की टक्कर से पलटी बुलैरो, युवक की मौत

**ललितपुर।** मध्य प्रदेश के जिला शिवपुरी के थाना बामौर अंतर्गत ग्राम बिजरावन निवासी सेंधपाल लोधी पुत्र रामसिंह लोधी ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 8 जून को उसका पुत्र देवेन्द्र लोधी व उसके साथी महेश लोधी और गौरीशंकर लोधी अपने गांव से ललितपुर जेसीबी के टायर खरीदने एवं कृषि सम्बन्धित सामान खरीदने के लिए अपनी बुलैरो संख्या एम.पी. 67 सी 0895 से जा रहे थे। वह जैसे ही रात करीब 8 बजे कालापहाड़ के पास पहुंचे तभी सामने से लाल रंग के महेन्द्रा ट्रैक्टर संख्या एम.पी.16 ए.सी. 5015 के चालक ने तेजी व लापरवाही से ट्रैक्टर चलाते हुये जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बुलैरो पलट गयी। इस घटना में देवेन्द्र लोधी, महेश व गौरीशंकर गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना की सूचना कालापहाड़ के सरपंच ने उन्हें फोन पर दी।

जिला अस्पताल उपचार के लिए लाये गये देवेन्द्र को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं महेश व गौरीशंकर की हालत नाजुक होने पर उन्हें झांसी मेडीकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

## पशु तस्कर को लगी पैर में गोली



**कुशीनगर।** जिले के तरयासुजान पुलिस को थाना क्षेत्र में पशु तस्करों के होने की सूचना प्राप्त हुई। पुलिसिया कहानी के अनुसार सूचना पर पुलिस टीमों का गठन किया, जिसमें थाना तरयासुजान, तमकुहीराज व पटहेरवा की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा बहादुरपुर चौकी के पास घेराबंदी कर चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान एक पिकप वाहन तथा एक मैजिक वाहन आते दिखाई दिया, जिसको पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो वाहन पर सवार व्यक्ति द्वारा लक्ष्य साधकर पुलिस टीम पर जान मारने की नियत से फायर किया गया। जवाबी प्रतिरक्षा में पुलिस टीम द्वारा फायरिंग की गयी, जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया जिसकी पहचान संजय यादव पुत्र राधेश्याम यादव निवासी करम्बर मठिया थाना खेजुरी जनपद बलिया के रुप में हुई जिसको पुलिस ने गिरफ्तार किया। उसके एक अन्य साथी रोशन सिंह पुत्र नन्हे सिंह निवासी धनी छपरा थाना माझी जनपद छपरा राज्य बिहार को मौके से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि तस्करों के कब्जे से 11 गौवंश, दो चार पहिया वाहन, एक अवैध तमन्चा 315 बोर मय दो जिन्दा कारतूस, एक खोखा कारतूस, दो लकडी का ठीहा, दो बांका, दो मजबूत रस्सी, 6 सौ रुपया नगद आदि बरामद किया गया है। घायल/गिरफ्तार अभियुक्त को दवा ईलाज हेतु पुलिस अभिरक्षा में अस्पताल भेजा गया है। बरामदगी/गिरफ्तारी के आधार पर सुसंगत धाराओं अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## बहादुर यादव महिला महाविद्यालय को मिला सह शिक्षा की मान्यता

**भटनी(देवरिया)।** बहादुर यादव महिला महाविद्यालय भटनी को दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय से सह शिक्षा की मान्यता मिलने पर महाविद्यालय के सभागार मे एक भव्य समारोह खा आयोजन प्रबन्धक अजय कुमार यादव कु अध्यक्षता मे हुई ।महाविद्यालय के प्राचार्य डाँ राकेश कुमार तिवारी ने कहा कि महाविद्यालय मे पठन पाठन का वातावरण है ।शिक्षकों का मुख्य उद्देश्य छात्र छात्राओं को सरल भाषा मे विषयो का ज्ञानार्जन कराना है ।

मुख्य अतिथि ब्लाकप्रमुख प्रतिनिधि रमाशंकर यादव ने कहा कि इस महाविद्यालय का गौरवशाली इतिहास रहा है ।और दीन दयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय गोरखपुर से सह शिक्षा की मान्यता मिल जाने इतिहास की एक खडी और जूड गयी ।जिसका सम्पूर्ण लाभ क्षेत्रीय लोगो को मिलेगा ।

प्रबन्धक अजय कुमार यादव ने ब्लाकप्रमुख प्रतिनिधि रमाशंकर यादव नगर पंचायत अध्यक्ष विजय कुमार गुप्त सभासद कुन्दन सिंह आजीत यादव लालबिहारी प्रजापति राकेश कुमार सिंह विक्की के के पब्लिक के प्रबन्धक भुनेश्वर श्रीवास्तव डब्लुलाल इस्माइल अंसारी राजेश यादव को माल्यार्पण कर स्वागत किया ।

इस अवसर पर संतोष सिंह जलालुद्दीन अंसारी धर्मेंद्र शाही मुसाफिर यादव डाँ अनूप कुमार डाँ कंचन मिश्र तारा ठाकुर शिवशंकर मौर्या वीरेन्द्र प्रताप विश्वकर्मा दिवाकर यादव कविलास मनोज शर्मा राजीव कुमार शर्मा सीमा यादव दुर्गेश यादव राहुल यादव राजेश यादव मारकण्डेय यादव इंद्रजीत यादव अवधेश यादव प्रमुख रुप से उपस्थित रहे ।

# डीएम और एसपी की अध्यक्षता में सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक

जिला संवाददाता



**देवरिया ।** आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से आज पुलिस लाइन स्थित प्रेक्षागृह में सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल व पुलिस अधीक्षक श्री विक्रांत वीर ने संयुक्त रूप से की ।बैठक में संबंधित

● माहौल खराब करने वालों के खिलाफ होगी कठोर कार्यवाई

विभागों के अधिकारी, विभिन्न समुदायों के प्रबुद्ध नागरिक, पीस कमेटी के सदस्यगण एवं जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे ।बैठक में जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने कहा कि मोहर्रम का पर्व आपसी भाईचारे, सौहार्द एवं सामाजिक एकता का प्रतीक है। जनपद में पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी समुदायों से शांति, सौहार्द व सहयोग बनाए रखने की अपील की तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचने का संदेश दिया ।जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनपद का माहौल खराब करने की कोशिश करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में ताजिया जुलूस के मार्गों का भौतिक सत्यापन कर लें, यदि मार्ग में किसी प्रकार की समस्या हो तो उसे तत्काल दुरुस्त कराएं।

पुलिस अधीक्षक श्री विक्रांत वीर ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। जुलूस मार्गों की वीडियो रिकॉर्डिंग कराई जाएगी। सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी ।बैठक में साफ-सफाई, पेयजल, बिजली, चिकित्सीय व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, जुलूस मार्ग की मरम्मत आदि बिंदुओं की गहन समीक्षा की गई। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे पर्व पूर्व सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर लें ।बैठक में उपस्थित समुदाय के प्रतिनिधियों ने भी प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया तथा पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाए जाने का भरोसा दिलाया।अंत में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी नागरिकों से अपील की कि यदि पर्व के दौरान किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न हो तो तत्काल पुलिस या प्रशासन से संपर्क करें ताकि समय रहते आवश्यक कार्यवाही की जा सके।

इस अवसर पर सीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता, अपर जिलाधिकारी प्रशासन जैनेंद्र सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार वर्मा, ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट/एसडीएम श्रुति शर्मा, एसडीएम रुद्रपुर हरिशंकर लाल, एसडीएम सलेमपुर दिशा श्रीवास्तव, सहित विभिन्न अधिकारी व गणमान्य जन उपस्थित रहे ।

## कोटेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज, दुकान हुई निलंबित

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने ऊंचित दर विक्रेता राम चंद्र प्रसाद ग्राम पंचायत रामपुर राजा विकास खण्ड तमकुही द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 अंतर्गत पात्र गृहस्थी एवं अंत्योदय राशन कार्ड धारकों हेतु आवंटित खाद्यान्न के निः शुल्क वितरण में गंभीर अनियमितताएं ( विक्रेता द्वारा 5.11 कुंतल गेहूं, 6.17 कुंतल चावल एवं चीनी की कालाबाजारी पाए जाने पर कोटेदार के विरुद्ध धारा 3/7 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज करते हुए विक्रेता की दुकान निलंबित कर दी गई है।

## नहर पुलिया की टूटी रेलिंग से लोगों की सुरक्षा को खतरा



**कुशीनगर।** जिले के मोतीचक विकास खंड में सीतुहिया ग्रामसभा के पास स्थित नहर पुलिया की टूटी रेलिंग से लोगों की सुरक्षा को खतरा बना हुआ है। यह पुलिया सितुहिया गाँव से होते हुए खोठ्ठा को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर स्थित है। इस मार्ग का उपयोग आसपास के कई गांवों के लोग करते हैं। स्थानीय निवासियों के अनुसार पुल की रेलिंग टूटे कई वर्ष बीत गए लेकिन सिंचाई विभाग ने अभी तक कोई मरम्मत कार्य नहीं कराया है। इससे राहगीरों, खासकर बुजुर्गों और बच्चों की सुरक्षा जोखिम में है ।वही गाँव के नवरंग सिंह, दीपक श्रीराम, मनीष सिंह और रामक्यास जैसे स्थानीय लोगों ने बताया कि दिन में लोग सावधानी से निकल जाते हैं। रात में अंधेरे के कारण कई लोग नहर में गिर चुके हैं ।स्थानीय कोटेदार और जागरूक ग्रामीणों ने अपनी पहल पर टूटी रेलिंग की जगह लोहे के पाइप लगवाए हैं। यह काम उन्होंने अपने खर्च पर करवाया है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से पुलिया की रेलिंग की तुरंत मरम्मत कराने की मांग की है।

## एसडीएम के निर्देश पर जांच में घटतोली उजागर, मुकदमा दर्ज करने के आदेश से हड़कंप

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत रामपुर राजा के कोटेदार के खिलाफ आपूर्ति विभाग द्वारा आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराने की तैयारी चल रही है। ग्रामीणों द्वारा कोटेदार के खिलाफ घटतौली एवं कालाबाजारी का आरोप लगाने पर हुए जांच में स्टॉक कम मिलने पर विभाग कारवाई के मूड में है। एसडीएम के निर्देश पर विभाग द्वारा किए जा रहे कारवाई से घटतौली करने वाले कोटेदारों में हड़कंप की स्थिति है।

पिछले शनिवार को विकास खंड तमकुही के ग्राम पंचायत रामपुर राजा के दर्जनों ग्रामीण तमकुहीराज तहसील पहुंच कर कोटेदार रामचन्द्र प्रसाद के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किए थे। ग्रामीणों का आरोप था कि कोटेदार सस्ते राशन को वितरण करने के बजाए उपभोक्ताओं का फिंगर लेकर वितरण करने के बजाए उसे कालाबाजारियो के हवाले कर दे रहा है। कोटेदार से राशन की मांग करने पर वह ग्रामीणों से बदसलूकी कर रहा है। ग्रामीणों द्वारा मामले में एसडीएम को शिकायती पत्र देकर कारवाई की मांग की थी। एसडीएम के निर्देश पर आरोपों की जांच करने पहुंचे पूर्ति निरीक्षक तमकुही ने ग्रामीणों का बयान दर्ज करने के बाद कोटेदार के स्टॉक रुम का सत्यापन किया। पूर्ति निरीक्षक की जांच में स्टॉक की कमी पाई गई। जिसके बाद पूर्ति निरीक्षक की आख्या रिपोर्ट के आधार पर एसडीएम ऋषभ देवराज पुंडीर द्वारा संबंधित कोटेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कारवाई का निर्देश दिया गया है। जिसके परिप्रेक्ष्य में पूर्ति विभाग रामपुर राजा के कोटेदार रामचन्द्र प्रसाद के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करा विधिक कारवाई करने की तैयारी कर रहा है। इस संबंध में पूर्ति निरीक्षक तमकुही राजीव श्रीवास्तव ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत पर हुई जांच में स्टॉक की कमी पाई गई है। संबंधित कोटेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की कारवाई की जा रही है।

# सामाजिक जागरूकता के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

जिला संवाददाता




**बरहज,(देवरिया)।** भलुअनी एवं बरहज विकास खंड में ग्राम पंचायत स्तर पर सामाजिक जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से युवाओं का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने की।भलुअनी विकास खंड सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि गांव विकसित होंगे तो देश विकसित होगा। अपने गांव के प्रेरणादायी इतिहास को न भूलें, बल्कि उसे गौरव के रूप में सहेजें।

उन्होंने कहा कि युवाओं को गांव-गांव तक जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचानी चाहिए और सामाजिक जागरूकता का संदेश फैलाना चाहिए। उन्होंने कहा कि गांव के विकास और स्वच्छता की जिम्मेदारी भी युवाओं की है। अपने गांव को स्वच्छ, सुंदर और विकसित बनाने में सभी युवाओं को प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर कार्य करना चाहिए ।बरहज विकास खंड सभागार में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। डीएम ने युवाओं से गांव के सर्वांगीण विकास में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। युवाओं को सरकारी योजनाओं, स्वच्छता, नेतृत्व क्षमता, एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की विस्तृत जानकारी दी गई।

जिलाधिकारी ने कहा कि देवरिया की भूमि देवों की भूमि है, जिसकी गूंज पूरे देश में है। यहां के स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता ।उन्होंने कहा कि युवाओं का कर्तव्य है कि वे अपने गांव की ऐतिहासिक विरासत को संजोएं और समाज को जागरूक करने के लिए निरंतर प्रयास करें। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख सुभाष प्रसाद, छट्ठू यादव,नायब तहसीलदार रवींद्र मौर्य, बीईओ सूरज कुमार,अधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय युवा उपस्थित रहे।

## नाबालिग को गायब करने का आरोप

**ललितपुर।** चौकी नेहरू नगर अंतर्गत एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीते सोमवार की रात करीब 9.23 बजे उसकी 14 वर्षीय नाबलिग पुत्री कोतवाली में शिकायत दर्ज कराकर घर लौट रही थी। जो कि रेलवे स्टेशन के पास पहुंची तब उसकी बात भी हुयी। बताया कि रेलवे स्टेशन चैराहा के पास पहुंची उसकी पुत्री का उस समय के बाद से पता नहीं चला। उसने पुत्री से फोन पर सम्पर्क किया तो फोन बंद आ रहा था। आसपास के लोगों से भी जानकारी करने पर कोई जानकारी नहीं हो सकी। पीड़ित का आरोप है कि जुगपुरा मोहल्ला निवासी सोनू यादव व रोहित राजपूत द्वारा उसकी पुत्री को गायब कर दिया गया है। बताया कि पीड़ित द्वारा उक्त दोनों के खिलाफ 2-3 मुकद्दमें चल रहे हैं। व्यक्ति की तहरीर पर पुलिस ने दोनों युवकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 137 ( 2 ) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## पुणे की सीमेंट कंपनी में हादसा, कुशीनगर के युवक की मौत

**कुशीनगर।** महाराष्ट्र के पुणे स्थित एक सीमेंट कंपनी में काम के दौरान हुए दर्दनाक हादसे में उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले के एक युवक की जान चली गई। मृतक की पहचान तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के ग्राम दोघरा शेखवापट्टी निवासी 24 वर्षीय शैलेश चौहान के रूप में हुई है ।प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह हादसा 22 जून की दोपहर उस समय हुआ जब शैलेश कंपनी में काम कर रहा था। इसी दौरान अचानक सीमेंट की भारी चादर फट गई और वह संतुलन खो बैठा। बताया जा रहा है कि वह लगभग 50 फीट की ऊंचाई से नीचे गिर गया। गंभीर चोटें लगने के कारण मौके पर ही उसकी मौत हो गई ।शैलेश करीब एक माह पहले ही नौकरी की तलाश में पुणे गया था। वह अपने परिवार का इकलौता कमाने वाला सदस्य था। उसके पीछे माता-पिता, पत्नी और 10 महीने का बेटा है। इसके अलावा उसकी तीन बहनें और दो छोटे भाई भी हैं। उसकी मौत से परिवार पूरी तरह टूट गया है। मंगलवार को जब शैलेश का शव गांव पहुंचा, तो पूरे इलाके में मातम पसर गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पत्नी बेसुध है और बुजुर्ग माता-पिता गहरे सदमे में हैं। गांव वालों ने शासन-प्रशासन से आर्थिक सहायता और मुआवजे की मांग की है, शैलेश की असमय मृत्यु ने उसके परिवार को गंभीर आर्थिक संकट में डाल दिया है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से अपील की है कि पीड़ित परिवार को शीघ्र आर्थिक सहायता दी जाए ताकि वे दो वक्त की रोटी का जुगाड़ कर सकें।

## राज्य महिला आयोग की सदस्य द्वारा की गई जन सुनवाई

**कुशीनगर।** जनक नंदिनी, सदस्य, उ०प्र० राज्य महिला आयोग, लखनऊ की अध्यक्षता में मिशन शक्ति 5.0 महिला उत्पीड़न घटनाओं की रोकथाम एवं पीडित महिलाओं को त्वरित न्याय दिल जाने हेतु जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को तहसील सभागार, कसया में किया गया।

जनसुनवाई के दौरान कुन्दन कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी कसया, जिला प्रोवेशन अधिकारी, धर्मवीर सिंह तहसीलदार कसया, अमित कुमार राय अध्यक्ष बाल कल्याण समिति, कुशीनगर, मुकेश नारायण राय, खण्ड शिक्षा अधिकारी, विजय कुमार पूर्ति निरीक्षक, चंचल राय, धर्मेन्द्र गुप्ता, श्रीमती आशा यादव बाल विकास पुष्टाहार विभाग, श्रीमती सुमन त्रि महिला थानाध्यक्ष, आदि की उपस्थिति में जनसुनवाई कार्यक्रम संपन्न हुआ। सदस्य के द्वारा राशन कार्ड, जननी सुरक्षा योजना, पुष्टाहार, कस्तूरबा विद्यालय में बच्चियों को निःशुल्क शिक्षा के साथ-साथ पुलिस विभाग से संबंधित योजनाओं की समीक्षा की गयी। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त प्रार्थना पत्रों में राशन कार्ड से संबंधित 06. पुलिस विभाग के 02, राजस्व विभाग-19 आवास के मामले, पेंशन के 02. चिकित्सा विभाग के 01, खण्ड विकास अधिकारी 04 व 03 अन्य मामले, सहित कुल 43 मामले प्रस्तुत हुए जिनमे 20 प्रकरण का मौके पर निस्तारित कर दिया गया तथा शेष प्रकरण संबंधित विभागों को प्रेषित कर आख्या सात दिवस के भीतर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया।

सदस्या द्वारा जनसुनवाई उपरांत वृद्धा आश्रम कसया, कुशीनगर का निरीक्षण तथा वृद्धा आश्रम में आवासित वृद्धजन के साथ भोजन भी की। इसके पश्चात ऑगनबाडी केन्द्र विशम्भरपुर तथा वन स्टॉप सेंटर कुशीनगर का औचक निरीक्षण किया गया, इसके पश्चात प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कसया का औचक निरीक्षण किया गया तथा वार्ड में भर्ती मरीजों से मिल कर उनका मुफ्त में इलाज व मुफ्त दवाओं के वितरण की व्यवस्था के बारे में जायजा लिया गया।

## ओटीडी सेल की बैठक हुई संपन्न

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला ओटीडी सेल की बैठक की गई। जनपद स्तर पर सभी विभागाध्यक्षों को राज्य की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर बनाने की दिशा में कार्य करने, निवेश एवं पर्यटन उद्योग को बढ़ाने तथा सौंपे गए दायित्वों का सकुशल निर्वहन करने के निर्देश दिए गए। समीक्षा दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि प्राइमरी सेक्टर अंतर्गत कृषि, उद्यान, पशुधन सहित मत्स्य आदि के क्षेत्र में हमें कार्य करना पड़ेगा, इसके मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में भी जनपद बहुत पीछे है इसके अंतर्गत हमें लग कर कार्य करने की जरूरत पर बल दिया तथा सर्विस सेक्टर में भी जनपद बहुत पीछे है जिस पर कार्य करने दौरान घरेलू उत्पाद पर चर्चा की गई जिसके अंतर्गत उत्पादकता बढ़ाए जाने, दुग्ध उत्पादन एवं उत्पादकता तथा दुग्ध प्रोसेसिंग यूनिट की भी समीक्षा करे।

## पाइप लीकेज होने पर कार्यदायी संस्था को लगायी फटकार

**ललितपुर।** जल शक्ति मंत्री के निर्देश पर प्रमुख सचिव नमामि गंगे के नेतृत्व में एमडी जल निगम, जिलाधिकारी, चीफ इंजीनियर जल निगम राकेश कुमार, अधिशासी अभियंता अवनीश कुमार ने राजघाट गैंदोरा, काला पहाड में जल जीवन मिशन के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। अधिकारियों ने जाना कि सभी ग्रामीणों के घरों में टोंटी से पानी पहुंच रहा है या नहीं। कई घरों में नल से पानी तो पहुंचा मगर वहां टोटी लगी नहीं पाए जाने एवं गेंदोरा गांव में सड़क पर पानी लीकेज होते पाए जाने पर कार्यदायी संस्था शारदा को फटकार लगाते हुए लीकेज को तत्काल ठीक करने व सभी घरों के नलों में टोटी लगाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने घर के अंदर जाकर नल से निकलते पानी को जांचा और पानी को पीकर सभी को संदेश दिया कि यह शुद्ध पेयजल है और उन्होंने कहा कि सभी लोग इस पानी को ही पिया करें ताकि आपका स्वास्थ्य अच्छा रहे। इस अवसर पर गेंदौरा के ग्राम प्रधान भवानी सिंह यादव सहित अनेकों ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने पर गहन समीक्षा

जिला संवाददाता




**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता मे जिला सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में आहुत की गई।

बैठक में प्रतिभाग कर रहे पीडब्लूडी के अधिशासी अभियन्ता को निर्देश दिये गये कि शहरी क्षेत्र के अन्दर मृत्यु दर कम रहती है। अतः शहरी क्षेत्र के लिए अलग कार्य योजना बनाई जाये, एवं शहरी क्षेत्र के बाहर अलग कार्ययोजना बनाई जाये। माह जुलाई, 2025 में शहरी क्षेत्र के अन्दर अधिशासी अधिकारी एवं उप जिलाधिकारी के साथ विभिन्न चरणो में अतिक्रमण हटाये जाने हेतु अभियान चलाने हेतु एसओपी के आधार पर रोस्टर तैयार कर दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने हेतु कार्यवाही की जाये। इसी प्रकार शहरी क्षेत्र के बाहर रोड़ पर जहाँ आवश्यकता हो साईन बोर्ड, टॉप टेबुल एवं अन्य सुधारात्मक कार्यवाही की जाये, तथा आगामी बैठक में पुलिस, पीडब्लूडी, परिवहन विभाग, स्वास्थ्य विभाग आपस में समन्वय स्थापित करते हुए संयुक्त रूप से कमेटी बनाकर जनपद में होने वाले दुर्घटनाओं एवं मृत्यु की ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत करें, जिसमे दुर्घटनाओं के कारण स्पष्ट रूप से दशार्ते हुए सुधारात्मक सुझाव अगली बैठक में प्रस्तुत किया जाये, तथा आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही पीडब्लूडी एवं अन्य संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित कर कराई जाये।

पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा जनपद के ब्लैक स्पॉट की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये की आगामी बैठक में समस्त ब्लैक स्पॉटों को जनपद के नक्शे पर क्रमवार दशार्ते हुए समस्त ब्लैक स्पॉटों के बारे में पूर्ण जानकारी दी जाये। पुलिस अधीक्षक द्वारा सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, सम्बन्धित सीओ एवं यातायात निरीक्षक को निर्देशित किया गया कि आपस में समन्वय स्थापित करते हुए संयुक्त रूप से रोस्टर बनाकर प्रवर्तन कार्यवाही का अभियान चलाया जाये। इस दौरान अधिशासी अभियन्ता पीडब्लूडी, सीओ ट्रैफिक, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, सहायक अभियन्ता पीडब्लूडी, सहायक अभियन्ता एनएच डिविजन, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, यातायात निरीक्षक, शिक्षा विभाग एवं परिवहन निगम, जनपद के समस्त अधिशासी अधिकारी, समस्त विद्यालयों के प्रबन्धक / प्रधानाचार्य, ईओ पड़रौना, विभिन्न विभागो के कर्मचारी एवं बस/ट्रक यूनियन के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## कोटेदार के निवास प्रमाण पत्र को फर्जी होने का आरोप लगाते हुए महिला ने दिया जिलाधिकारी को शिकायती पत्र

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय विकास खण्ड के ग्राम भरहे चौरा मे ग्राम सभा की खुली बैठक मे कोटेदार का चयन किया गया ।उसके निवास प्रमाण पत्र व हाईस्कूल के अंक पत्र को फर्जी बताते हुए ग्राम भरहेचौरा की निवासिनी मंजू तिवारी पत्नी वशिष्ठ तिवारी ने जिलाधिकारी को को एक शिकायतीपत्र देकर चयन प्रक्रिया को ही समाप्त कर पुरे मामले की जाँच कर फजीर्वाड़ा करने वाले के विरुद्ध कार्यवाही कर चयनप्रकिया को समाप्त कर नये सिरे से गाँव सभा की खुली बैठक कराकर कोटेदार का चयन कराने की माँग किया है ।जिलाधिकारी को लिखे पत्र मे मंजू तिवारी ने लिखा है कि पिछले -16जून को कोटेदार के चयन कराये जाने के लिए खुली बैठक की गयी ।जिसमे गाँव के बाहर के एक महिला का चयन किया ।जिसका निवास प्रमाण पत्र एवं हाईस्कूल का अंकपत्र फर्जी है ।इस आरोप की पुष्टि करते हुए ग्राम प्रधान भरहेचौरा लीलावती देवी पत्नी अशोक यादव ने भी अपने पैड लिखकर दिया है कि ये महिला हमारे ग्राम सभा की नही है ।फिर भी चयन किया गया ।मंजू तिवारी ने कोटेदार के चयन प्रक्रिया की जाँच कर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए फिर से गाँव सभा की खुली बैठक कराकर कोटेदार का चयन करने की माँग किया है ।

## जिला सैनिक बन्धु की बैठक 30 को

**देवरिया ।**जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने बताया है कि कार्यालय जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास, देवरिया द्वारा पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों की व्यक्तिगत समस्याओं के निराकरण हेतु जिला सैनिक बन्धु की बैठक का आयोजन किया जा रहा है। यह बैठक 30 जून, 2025 ( सोमवार ) को सायं 4:00 बजे, नवीन सभागार, कलेक्ट्रेट परिसर, में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न होगी बैठक में सैनिक बन्धु समिति के सभी सरकारी एवं गैर-सरकारी सदस्य प्रतिभाग करेंगे।

## स्कूलों के मर्जर से जर्जर हो जाएगी बुनियादी शिक्षा की बुनियादः ओम प्रकाश

**अयोध्या।** कम छात्र संख्या वाले स्कूलों के मर्जर का आदेश नौनिहालों की शिक्षा और शिक्षक विरोधी है, इससे बुनियादी शिक्षा की बुनियाद जर्जर हो जाएगी। उच्च प्राथमिक विद्यालय मया में शिक्षकों की एक बैठक को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश यादव ने उक्त बातें कही।

संक्षेप

## ग्रीष्मकालीन कार्यशाला का तीसरा दिन रचनात्मक अभिव्यक्ति को समर्पित

**रायबरेली।** निफ्ट रायबरेली में चल रही ग्रीष्मकालीन कार्यशाला 2025 अपने तीसरे सप्ताह के अंतिम पड़ाव पर पहुंच रही है। आज का दिन विद्यार्थियों के लिए बेहद रचनात्मक और अनुभवात्मक रहा, जहां उन्हें फोटोग्राफी और कोलाज के माध्यम से अपने दृष्टिकोण को कलात्मक रूप में प्रस्तुत करने का अवसर मिला। आज की कार्यशाला में फोटो कोलाज विषय पर प्रशिक्षण रिमांशु पटेल, सहायक प्रोफेसर द्वारा दिया गया। उन्होंने छात्रों को बताया कि किस प्रकार विभिन्न छायाचित्रों को एक साझा थीम में पिरोकर एक सशक्त दृश्य कथा प्रस्तुत की जा सकती है। विद्यार्थियों ने व्यक्तिगत अनुभव, संस्कृति और पर्यावरण को जोड़ते हुए प्रभावशाली कोलाज बनाए।

## जिले में ब्लॉक स्तर पर रोजगार मेले आयोजित

**फिरोजाबाद।** जिला सेवायोजन अधिकारी खुशबू शाक्य ने बताया है कि फिरोजाबाद जनपद के सभी ब्लॉक स्तर पर बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से समस्त ब्लाक स्तर पर रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा, जिसमें पहले दिन 25 जून बुधवार को अराव ब्लॉक में 12 लड़कों का चयन हुआ है। और उन्होने बताया है कि एसआईएस सिक्यूरिटी दिल्ली कंपनी द्वारा बचे हुए ब्लॉक में भर्ती दिनांक 26 जून अराव ब्लॉक 27 जून और 28 जून हाथवंत ब्लॉक 1 जुलाई 2 जुलाई टूंडला ब्लॉक 3 जुलाई 4 जुलाई शिकोहाबाद ब्लॉक 7 जुलाई 8 जुलाई फिरोजाबाद ब्लॉक में भर्ती शिविर लगाये जायेंगे।

## अघोषित इमरजेंसी आज ज्यादा घातक हो रही

**अमेठी।** घोषित व अघोषित इमरजेंसी पर बोलते हुए कांग्रेस के पूर्व एमएलसी ने दोनों में साफ फर्क बताया। उन्होंने कहा कि अघोषित इमरजेंसी आज ज्यादा घातक हो रही है। बुधवार को कांग्रेस के पूर्व एमएलसी व रेलवे सुविधा बोर्ड के चेयरमैन दीपक सिंह ने आज के हालात को देखते हुए भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा आज की अघोषित इमरजेंसी तब की घोषित इमरजेंसी से ज्यादा खतरनाक है। विपक्ष के तमाम नेताओ को जेल में डाल दिया गया। दस हजार से अधिक नेताओं पर कार्रवाई चल रही है। ईडी व सीबीआई भाजपा के टूल के रूप में काम कर रहे हैं। यह अघोषित इमरजेंसी का नतीजा है।

# आपातकाल कांग्रेस की लोकतंत्र विरोधी सोच का परिणाम

## भाजपा व लोकतंत्र प्रेमी हर वर्ष काला दिवस के रूप में मनाते हैं

- आपातकाल के काले दिवस की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर भाजपा द्वारा प्रेस वार्ता का किया गया आयोजन

जिला संवाददाता (vol)




**सीतापुर।** देश में 25 जून 1975 को तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा लगाए गए आपातकाल को भारतीय जनता पार्टी व लोकतंत्र प्रेमी हर वर्ष काले दिवस के रूप में मनाते हैं। इसी क्रम में आपातकाल के काले दिवस की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन स्थानीय गेस्ट हाउस में किया गया। प्रेस वार्ता को जिले के प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह व भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री अवध क्षेत्र के प्रभारी संजय राय द्वारा संबोधित किया गया। अपने संबोधन में प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने बताया कि 25 जून 1975 को कांग्रेस की सरकार की अतिवादी नीति के तहत लगाई गई।

इमरजेंसी कांग्रेस की लोकतंत्र विरोधी सोच का परिणाम थी। जिससे देशवासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। देश के बड़े नेताओं को जेल में डाल दिया गया था। यहां तक की प्रेस की स्वतंत्रता का भी हनन किया गया था। जो कि सर्वथा अनुचित था और कांग्रेस आज भी अपने लोकतंत्र विरोधी चेहरे के कारण जानी जा रही है। जिस कांग्रेस पार्टी ने इमरजेंसी लगाकर लोकतंत्र की हत्या की थी वही आज संविधान की बातें करती हैं या उलट बासी है प्रेस वार्ता में बोलते हुए प्रदेश महामंत्री संजय राय ने बताया कि आज आपातकाल के 50 वर्ष पूरे हो गए हैं और इन 50 वर्षों में अगर कुछ नहीं बदला है तो वह है कांग्रेस का चरित्र कांग्रेस आज भी लोकतंत्र के सम्मान के साथ खिलवाड़ करती देखी जाती है। उन्होंने बताया कि मैं दावे से कहता हूं कि राहुल गांधी ने ना तो संविधान पढ़ा है और ना ही संविधान की मयार्दा को वह समझते हैं। इसीलिए वह विदेश में जाकर देश की खिलाफत करने से भी नहीं बाज आते हैं। राहुल गांधी केवल संविधान के साथ खिलवाड़ करके राजनीति करते देखे जाते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी लोकतंत्र के मूल्य में विश्वास करती है और भारत के लोकतंत्र के साथ वह निरंतर खड़ी है। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से जिला प्रभारी नीरज सिंह व जिलाअध्यक्ष राजेश शुक्ला उपस्थित रहे। साथ ही प्रभारी मंत्री व भाजपा नेताओं द्वारा एक पेड़ अपनी मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण भी किया गया। इस अवसर पर शहर के राजकीय इंटर कॉलेज में आपातकाल से संबंधित प्रदर्शनी आयोजित की गई। जिसका अवलोकन प्रभारी मंत्री मयकेश्वर शरण सिंह, प्रदेश महामंत्री संजय राय, जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला जिला प्रभारी नीरज सिंह द्वारा किया गया। साथ ही एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें जिले भर के लोकतंत्र संग्राम सेनानियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान लोकतंत्र संग्राम सेनानियों ने 1975 में लगाई गई इमरजेंसी के अनुभवों को भी साझा किया। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष उमाकांत मिश्रा, अजय गुप्ता, राम नरेश मिश्रा, निवर्तमान जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, संजय मिश्रा, सुधाकर शुक्ला, विश्राम सागर राठौर, नैमिष रत्न तिवारी, सुनील मिश्रा, राजेश्वर रस्तोगी, जयप्रकाश पांडेय, उदित वाजपेई, राजेश्वर रस्तोगी, करुणा शंकर त्रिपाठी, अनूप विश्वकर्मा, अमन विक्रम सिंह, सागर गुप्ता, तरुण शुक्ला, कंचन प्रभा पांडे, संतोष शुक्ला, अनीत मिश्रा, रोहित सिंह सहित सम्मानित लोकतंत्र संग्राम सेनानी भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित रहे।

## आंख अस्पताल के सहयोग से नेत्र शिविर आयोजित

**सीतापुर।** थाना सदरपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम खुरवाल के आजाद इंटर कालेज में बुधवार को आंख अस्पताल सीतापुर के सहयोग से एक नेत्र शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में कुल 120 मरीजों की आंख की जांच कर उन्हे आवश्यक दवाई तथा चस्मा दिए गए तथा 35 मरीजों को आपरेशन हेतु जिला आंख अस्पताल रेफर किया गया। यह शिविर ग्रामीणों के लिए वरदान का काम कर रहे हैं। इस मौके पर डाक्टर कमल, डाक्टर सुरेंद्र सिंह, डाक्टर हरिनाम, डाक्टर सजल समेत स्टाफ कर्मी मौजूद रहे।

## शिक्षिका को राज्य स्तरीय प्रकृति मित्र सम्मान




**सीतापुर।** बेसिक शिक्षा विभाग और मिशन शिक्षण संस्थान उत्तर प्रदेश के तत्वाधान मे बरेली मे आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह मे पर्यावरण संरक्षण और हरित शिक्षा के क्षेत्र मे उल्लेखनीय योगदान देने के लिये सीतापुर जिले के मिश्रापुर प्रथामिक विद्यालय की शिक्षका नीलम कुमारी को राज्य स्तरीय प्रकृति मित्र शिक्षक सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया है। नीलम कुमारी ने विद्यालय मे व्रक्षारोपण ,स्वच्छता से जुडी कई रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों मे पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिये प्रदान किया गया है। सम्मान समारोह मे उप निर्देशक शिक्षा उत्तर प्रदेश शासन अजीत कुमार एंव जिलाबेसिक शिक्षा अधिकारी बरेली द्वारा नीलम कुमारी को प्रतीक चिन्ह और प्रमाण पत्र प्रदान किया। राज्य स्तरीय सम्मन मिलने पर जिले के शिक्षा विभाग मे खुशी की लहर है। सम्मन मिलने पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये नीलम कुमारी ने जिले के शिक्षा अधिकारियों छात्र छात्राओं अभिवावकों,एवम विद्यालय स्टाफ का आभार जताया। उन्होने कहा की आपके प्रयासों से पर्यावरण और पक्षी संरक्षण जैसे अहम क्षेत्रो मे सकारात्मक बदलाव संभव हुआ है। यह सम्मन हमारे लिये गर्व की बात है और भविष्य मे भी हम मिलकर इस दिशा मे और बेहतर कार्य करेगे। इस राज्य स्तरीय सम्मन समारोह मे प्रदेश भर के ऐसे शिक्षको का चयन किया गया था जिन्होंने ईक फार मिशन लाइफ मे प्रभावी क्रियान्वयन के लिये विशेष योगदान दिया है।

# सीतापुर पहुंचने पर विकास हिंदू का जगह-जगह किया गया स्वागत

जिला संवाददाता (vol)



**सीतापुर।** राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिंदू को पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन संवर्धन परिषद भारत सरकार का उत्तर प्रदेश स्टेट मेंबर नियुक्त किया गया है। बुधवार को दिल्ली से सीतापुर पहुंचने पर उनका जगह-जगह स्वागत किया गया। विकास हिंदू ने शहर के विभिन्न स्थानों पर महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। वैदेही वाटिका में हिंदू शेर सेना के कार्यकताओं ने उनका स्वागत किया।

उन्होंने महाराजा छीता पासी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उनका काफिला रेलवे स्टेशन और रोडवेज बस अड्डे से होते हुए शहर में पहुंचा। मार्ग में उन्होंने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भाजपा राजेंद्र गुप्ता, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, डॉ.भीमराव आंबेडकर, महात्मा गांधी, कारगिल वीर अब्दुल हमीद और राजमाता अहिल्या बाई होल्कर की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। भगवान परशुराम मंदिर में बेलपत्र का पौधारोपण करने के बाद वे सिविल लाइन स्थित कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह, परिषद के चेयरमैन राहुल देवेदी और वाइस चेयरमैन सर्वेश पाठक का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मीतू बाजपेई, वरिष्ठ भाजपा नेता राहुल मिश्रा, निर्भय ब्राह्मण, प्रभात अग्निहोत्री, राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के राष्ट्रीय महासचिव प्रदीप शुक्ला, विकास शुक्ला विवेक अवस्थी, योगेश, अमर पाल, अलोक, बबलू, पंकज, लवकुश, बलराम पाण्डेय तथा शिवलखन, संजय, सूरज और शुभम आदि गणमान्य लोग एवं संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# 22 बटालियन एनसीसी सीतापुर ने मनाया शहीद का जन्मोत्सव





**सीतापुर।** विकासखंड कसमंडा की ग्राम पंचायत छरासी के ग्राम रूढ़ा में 25 जून सन-1975 को जन्मे कारगिल युद्ध के महानायक परमवीर चक्र विजेता कैप्टन मनोज कुमार पांडेय का जन्मोत्सव 22 बटालियन एनसीसी सीतापुर की तरफ से बुधवार को बड़ी धूमधाम से मनाया गया। शहीद के जन्मोत्सव के अवसर पर 22 बटालियन एनसीसी कैडेट्स की तरफ से मनमोहक झांकियां प्रस्तुत कर कार्यक्रम में बैठे लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथियो द्वारा शहीद प्रतिमा पर पुष्पचक्र अर्पित करते हुए माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कर्नल डॉक्टर राजकुमार एच सिंह, शहीद के पिता गोपीचंद पांडे, एवं विशिष्ट अतिथि एसडीएम न्यायिक सिधौली डॉक्टर जनार्दन, शहीद के भाई मनमोहन पाण्डेय, मोहित पांडेय, कर्नल अनिल सिंह, एसएम तथा समस्त पीआई स्टाफ सहित शहीद के चाचा सत्यवान पाण्डेय, ईश्वरदीन पाण्डेय, कौशल पाण्डेय, चचेरे भाई अमित पाण्डेय, अनंतराम पाण्डेय, विकास पांडेय, खंड विकास अधिकारी कसमंडा राकेश कुमार श्रीवास्तव, क्षेत्रीय लेखपाल आदित्य कुमार, पंचायत सचिव विवेक कुमार, गनेश कुमार, दीप कुमार, सुरक्षा व्यवस्था में कमलापुर थाने के उप निरीक्षक राजेंद्र कुमार, कांस्टेबल प्रदीप कुमार, निकित कुमार सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## ग्राम प्रधान व सरकारी डाक्टर पर लगाया गोमांस तस्करी का आरोप, थाने में दी तहरीर

**सीतापुर।** हरगांव थाना क्षेत्र अन्तर्गत एक ग्राम पंचायत में गौशाला स्थिति है। जहां पर चोरी छिपे गोमांस की तस्करी की सूचना कई दिनों से बजरंगदल के जिला संयोजक को मिल रही थी। रविवार को गोशाला के बाहर गोमांस के टुकडे व कान का रजिस्ट्रेशन टैग मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे बजरंग दल के जिला संयोजक व पुलिस ने मौके की नजाकत को देखते हुए मामले की तहरीर थानाध्यक्ष को देकर विधिक कार्रवाई की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार जिले के विकासखण्ड हरगांव अन्तर्गत ग्राम पंचायत कटियारा में एक गौशाला संचालित है। ग्रामीणों के द्वारा कई बार गोमांस तस्करी की सूचनाऐं बजरंगदल के संयोजक को बराबर मिल रही थी। रविवार 22 जून को ग्रामीणों को गौशाला के बाहर कुछ गोमांस के टुकड़े व एक पंजीकृत टैग पडा दिखा। जिसे देखकर ग्रामीणों ने जिला संयोजक बजरंगदल को तत्काल सूचना दी। सूचना पाकर पहुंचे बजरंग दल के जिला संयोजक अनुज सिंह भदौरिया ने मौके पर पहुंच कर अविलंब पुलिस को बुलाया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने गोमांस व टैग को अपने कब्जे में लिया। बजरंग दल के जिला संयोजक ने हरगांव थाने में तहरीर देकर ग्राम प्रधान रमाकांत वर्मा व चिकित्सक डा. संजीव जायसवाल व अस्पताल कर्मचारी नितिन यादव के ऊपर गोमांस तस्करी में संलिप्त होने का आरोप लगाते हुए तहरीर देकर न्यायिक जांच कर विधिक कार्रवाई की मांग थाना प्रभारी से की है। थाना हरगांव के प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार पाण्डेय ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच के उपरांत विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## मजदूरी करने गए सीतापुर के युवक की पंजाब में करंट लगने से मौत

सीतापुर। थाना सदरपुर क्षेत्रांतर्गत एक ग्राम का युवक जो आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण अपने परिवार सहित पंजाब में मजदूरी करने गया था। जिसकी बीती मंगलवार की रात करीब नौ बजे मोटर में उतरे करंट की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। मौत की सूचना मिलने पर घर में कोहराम मच गया। स्थानीय पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया। मिली जानकारी अनुसार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गद्दीपुर मजरा अकबापुर निवासी रामप्रकाश का 25 वर्षीय पुत्र अनिल कुमार अपने घर की हालत सुधारने के लिए बीबी बच्चों के साथ पंजाब राज्य के नवाशहर जिले के थोपिया थाना अंतर्गत थोपीया गांव में एक किसान के मोटर पर काम करता था। जिसकी बीती मंगलवार की रात करीब नौ बजे मोटर में उतरे करंट की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया तथा शव का पोस्टमार्टम कर उसे परिजनों को सौंप दिया। जो देर रात घर आ गया। मृतक अत्यंत गरीब हरिजन था और उसके एक पांच साल का छोटा लड़का अंश तथा तीन साल की लड़की आंशी है। जिनके ऊपर से पिता का साया छिन गया। परिजनों में इस घटना के बाद कोहराम मचा हुआ है तथा सभी का रो रोकर बुरा हाल है।

# आगामी त्योहार को लेकर डीएम ने निर्देश दिये

**उन्नाव।** श्री जगन्नाथ यात्रा, मोहर्रम, बुद्ध पूर्णिमा, श्रावण मास एवं कावड़ यात्रा आदि त्यौहारों को शान्तिपूर्वक, सकुशल एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाये जाने के दृष्टिगत विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में जिले के संभ्रान्त नागरिकों, धर्मगुरूओं, विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों तथा जनपद स्तरीय अधिकारियों आदि के साथ पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न धर्म गुरूओं व गणमान्य व्यक्तियों द्वारा श्री जगन्नाथ यात्रा व ताजिए जुलूस के दौरान होने वाली विभिन्न प्रकार की समस्याओं से डीएम को अवगत कराया गया, जिसको लेकर जिलाधिकारी ने सभी को आश्वस्त किया कि दिये गए सुझावों/समस्याओं का संज्ञान लेकर आवश्यक कार्यवाही करायी जाएगी।

इस मौके पर डीएम ने समस्त उप जिलाधिकारियों, क्षेत्राधिकारियों एवं नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि परम्पराएं, जो पूर्व से प्रचलित हैं, उन्ही के अनुसार त्यौहारों को मनाया जाए। रथयात्रा व जुलूस के दौरान सुरक्षा व यातायात व्यवस्था के विशेष प्रबन्ध किए जाए। सभी आयोजनों में भीड़ का सही आंकलन कर लिया जाए और तद्नुसार नियंत्रण किया जाए ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। रथयात्रा व जुलस के मार्गों पर साफ-सफाई के पर्याप्त इंतजाम कर लिए जाएं तथा रथयात्रा व जुलूस के पूरे रास्ते को संबंधित अधिकारी गण संयुक्तरूप से भ्रमण कर लें जो भी कमिंया हो उन्हे तत्काल पूर्ण कर लें। सभी रूटों पर जर्जर विद्युत लाइनों को व्यस्थित कर लिया जाए। उन्होने कहा कि जनपद में

- जुलूस में सम्मिलित होने वाले डीजे की पुलिस कर्मी निगरानी करेंगे: एसपी

उठने वाले ताजिए की सीमित ऊचाई का विशेष खयाल रखा जाए तथा या ऊचाई संबंधित अधिकारियों को भी पता होनी चाहिए। ऐसे स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था के पर्याप्त इंतेजाम कर लिए जाएं। सभी ताजिए जुलूस निर्धारित रूट पर ही निकाले जाएं, किसी भी नयी परम्परा की अनुमति नही दी जाएगी। डीएम ने कहा कि सभी त्यौहारों के दौरान जिला प्रशासन अलर्ट रहे तथा दिए गए दायित्वों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरते। उन्होंने कहा कि सभी लोग सोशल मीडिया का प्रयोग सोच-समझ कर करें तथा किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक पोस्ट को प्रसारित करने से बचें। किसी भी प्रकार की अफवाह को लेकर भ्रमित न हों तथा आपसी शांति एवं सौहार्द को बनाए रखें। उन्होंने सभी जनपदवासियों को आने वाले सभी त्यौहारों की आग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि सभी लोग संयम, मानवता, संवेदनशीलता, शालीनता, भाई-चारा, प्रेम व सौहार्द एवं परम्पराओं का पालन करते हुए त्यौहारों को पूरे उत्साह के साथ मनाएं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने कहा कि रथयात्रा एवं जुलूस के लिए परम्परागत जुलूस एवं परम्परागत रास्ते का ही प्रयोग किया जाए। इन यात्राओं में सम्मिलित होने वाले व्यक्तियों की अनुमानित संख्या की सूचना संबंधित थाने को अवश्य उपलब्ध करा दी जाए। उन्होने कहा कि जुलूस में सम्मिलित होने वाले डीजे पर पुलिस कर्मी तैनात रहेंगे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी कृति राज, एडीएम(वि0/रा0) सुशील कुमार गोंड, एडीएम (न्यायिक) अमिताभ यादव, एएसपी (उत्तरी) अखिलेश सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत वार्तिका, सीओ सदर सोनम सिंह, समस्त उप जिलाधिकारी/क्षेत्राधिकारी गण, अन्य अधिकारी गण सहित विभिन्न समुदायों एवं सामाजिक संगठनों के संभ्रान्त लोग आदि मौजूद रहे।

## प्रभारी मंत्री ने जीआईसी में हस्ताक्षर अभियान का किया शुभारम्भ



**सीतापुर।** राष्ट्रीय आपातकाल दिवस की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर राज्यमंत्री, संसदीय कार्य, चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा, स्वास्थ्य, परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग, उ0प्र0 प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने राजकीय इण्टर कालेज सीतापुर में हस्ताक्षर अभियान का शुभारम्भ किया। इस अवसर उन्होंने राजकीय इण्टर कालेज सीतापुर में आयोजित प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया। हस्ताक्षर अभियान में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल सहित उपस्थित गणमान्य नागरिकों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान प्रभारी मंत्री ने राजकीय इण्टर कालेज के परिसर में पौध रोपण भी किया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा अचिन मेहरोत्रा, भाजपा उपाध्यक्ष सुधाकर शुक्ला सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## आगामी त्योहार मोहर्रम को लेकर पीस कमेटी की बैठक का आयोजन



**तम्बौर/सीतापुर।** तम्बौर थाना परिसर में आगामी त्यौहार मोहर्रम को लेकर पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक एडिशनल एसपी उत्तरी आलोक सिंह व सीओ नागेंद्र चैबे की अध्यक्षता में कस्बा व क्षेत्र के सम्भ्रान्त लोगों के बीच सम्पन्न हुई। बैठक में एडिशन एसपी आलोक सिंह ने आगामी मोहर्रम त्योहार के मद्देनजर शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने पर जोर दिया बताया कि जैसे हर साल मोहर्रम मनाया जाता रहा है उसी तरह इस बार मनाया जाएगा ताजिया की लंबाई कम होनी चाहिए किसी भी तरह की कोई नई परंपरा लागू नहीं होगी अगर किसी को किसी भी तरह की ताजिया में निकलने में या रास्ते को लेकर विवाद है तो थाना प्रभारी राकेश कुमार सिंह को अवगत करा दे जिसका तुरंत निस्तारण कराया जाएगा। बैठक में थाना प्रभारी राकेश कुमार ने कहा कि कस्बा व क्षेत्र में जितने भी तजियेदार है सबको बुलाकर समझा दिया गया है। बैठक में क्षेत्र के प्रधानों और स्थानीय लोगों ने भाग लिया इस अवसर पर चैकी इंचार्ज अमित कुमार दुबे, एसएसआई इंद्रजीत सिंह, प्रधान ईशा खान , रामपाल प्रधान, सैय्यद रेहान सभासद, शुयस श्रीवास्तव सभासद, पूर्व चेयरमैन नसीम नेता, मेराज प्रधान, साबिर अली, शीनू मिश्रा बजरंगी, नीरज बजरंगी, हरि ओम रस्तोगी, अनवार हुसैन, अरकम बैग, हाजी फारुख प्रधान,लतीफ अंसारी, जियाउलहक, गुड्डू भाइयों, किशोरी मुनीम नाग,शहबाज खान, शानू, आजम बैग, अनुज मिश्रा, सलमान अली, मुहील खान, अलीम पहलवान, मौलाना इदरीश, मौलाना शाहिद अली, मौलाना उस्मान सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## कच्ची शराब सहित तीन महिला गिरफ्तार



**पाटन, उन्नाव।** बिहार थाना क्षेत्र में आबकारी इंस्पेक्टर प्रतिभा सिंह और थाना बिहार पुलिस की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर तीन महिलाओं से कच्ची शराब बरामद की है। यह कार्यवाही मंगलवार को भदिया बाजार में की गई। आबकारी टीम और थाना बिहार पुलिस ने केदारखेड़ा निवासी संजू पत्नी सुरेश, मुन्नी पत्नी राज किशोर और अनीता पत्नी राकेश के कब्जे से 10-10 लीटर अवैध कच्ची शराब 30 लीटर बरामद की है। तीनों महिलाओं को नामजद कर आबकारी अधिनियम के तहत आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी है। आबकारी निरीक्षक प्रतिभा सिंह ने बताया कि अवैध शराब के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# स्वास्थ्य व्यवस्था बीमार, मरीज का कैसे हो इलाज

- लगातार मांग के बाद नहीं हो रही सुनवाई, उपमुख्यमंत्री तक भेजे गये कई पत्र, नहीं निकला हल



**उन्नाव।** जिला अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्था खुद बीमार है। इससे मरीजों का इलाज केवल काम चलाऊ ही हो पा रहा है। डॉक्टरों व स्टाफों की कमी से ट्रामा सेंटर का न ही बर्न यूनिट संचालन शुरू हो पाया। इसको लेकर शासन से कई बार पत्राचार भी किया गया, लेकिन नतीजा शून्य रहा। व्यवस्था जस की तस है। नौ साल बाद ट्रामा सेंटर को नहीं मिला स्टाफ रू जिला अस्पताल में 2016 में 117.49 करोड़ की लागत से ट्रामा सेंटर का निर्माण कराया जा चुका है। यहां मरीजों के इलाज के लिए सीटी स्कैन के साथ पांच वेंटिलेटर आठ इंफ्यूजन पंप व चार बाईपेप मशीन रखवा दी गई हैं। इनकी कीमत डेढ़ करोड़ से अधिक है। इससे सीटी स्कैन का लाभ तो मरीज को मिल रहा, लेकिन अन्य मशीनों का संचालन न होने से गंभीर घायलों को इमरजेंसी से कानपुर हैलेट रिफर किया जाता है। ट्रामा सेंटर दो एनेस्थीसिया ट्रॉली के साथ सी आर्म मशीन, ऑटोक्लेव होरीजेंटल, एबीजी मशीन की आवश्यकता है। साथ ही दो जनरल सर्जन, तीन इमरजेंसी मेडिकल अफसर, ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन तीन, लैब टेक्नीशियन के दो पद हैं। इससे लैब टेक्नीशियन का एक पद भरा हुआ है। बाकी सभी रिक्त हैं।

**नहीं संचालित हो सकी बर्न यूनिट**

जिला अस्पताल में 2020 में एक करोड़ की लागत से बर्न यूनिट का निर्माण कराया गया था। तब जिले के लोगों को उम्मीद जगी थी। अब आग के जले मरीजों को जिला अस्पताल में ही समुचित इलाज मिलेगा, लेकिन लोगों की उम्मीद पांच साल बाद भी नहीं पूरी हो सकी। अभी तक यूनिट का संचालन शुरू नहीं हो सका। आग से जले मरीजों को वार्ड एक में जोकि आठ बेड का वार्ड बनाया गया है। इसी में दो एसी लगा दी गई। इसी में मरीजों को भर्ती कर दिया जाता है। वहीं, 40 फीसदी जले मरीज को भी लखनऊ रेफर कर दिया जाता है। यूनिट में प्लास्टिक सर्जरी के लिए एक सर्जन, दो जनरल सर्जन, तीन ईएमओ, छह स्टाफ नर्स, एक फिजियोथेरेपिस्ट, तीन ड्रेसर और छह एमपीडब्ल्यू के पद सृजित हैं। लेकिन पांच साल बाद भी किसी की तैनाती नहीं हो सकी! सीएमएस डॉ रियाज अली मिर्जा ने बताया। ट्रामा सेंटर, बर्न यूनिट, सर्जन, हृदयरोग विशेषज्ञ, और स्टाफ नर्सों की कमी की जानकारी शासन को दी जा चुकी है। तैनाती के लिए कई बार पत्र भी भेजा गया। लगातार प्रयास के बाद भी तैनाती नहीं हुई।

संक्षेप

## महिला ने दबंग पर लगाया मारपीट का आरोप

**ललितपुर।** आसरा कालोनी में रहने वाली आरती पत्नी स्व.संजय ताम्रकार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीते मंगलवार को वह अपने रेडीमेड कपड़ों की फेरी लगाकर रात करीब 8 बजे घर पहुंची। जहां कुछ देर बाद घर के बाहर कालोनी के नीचे सड़क पर ग्राम बैरवारा निवासी अरविन्द यादव उसे बिना कारण गालियां देने लगा। विरोध करने पर अरविन्द ने उसके साथ मारपीट कर दी। बताया कि बचाव करने आये उसके पुत्र ध्रुव के साथ भी मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि अरविन्द यादव ने उसे आसरा कालोनी खाली करने को लेकर धमकाया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## किसानों ने मंत्री को सौंपा ज्ञापन, मांगा न्याय

**ललितपुर।** लोक निर्माण विभाग के रेस्ट हाउस में जहां एक ओर जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की प्रेसवार्ता चल रही थी वहीं बाहर परिसर में किसान अपनी मांगों को लेकर हुंकार भर रहे थे। ग्राम बर्जरा के दर्जनों किसानों ने जलशक्ति मंत्री को ज्ञापन देकर बताया कि गांव का लेखपाल जिमन तीन की भूमि को भूमिधर करवाने के एवज में प्रति व्यक्ति एक लाख रूप्ये की मांग गरीबों से कर रहा है। वहीं किसानों ने बताया कि बजर्रा में 95 प्रतिशत फसल बोई गई थी लेकिन कुछ शांतिर लोगों ने लेखपाल से मिलकर एवं कृषि विभाग के कर्मचारियों से मिलकर मटर की फसल खसरा में दर्ज कराकर काफी मात्रा में पैसा ले लिया है। किसानों ने मंत्री से जांच कराकर न्याय दिलाये जाने की मांग की है।

## सिपाही से मारपीट कर वर्दी फाड़ी

**ललितपुर।** कोतवाली तालबेहट मे तैनात डायल 112 के सिपाही की झांसी मे एक युवक ने जमकर मारपीट कर दी। वही सिपाही द्वारा भी उक्त युवक के साथ बेल्टो द्वारा मारपीट की गई। मारपीट मे सिपाही की वर्दी भी फाड़ दी गई है। बताया गया है की पुलिस डायल 112 का सिपाही शैलेन्द्र सिंह झांसी जिले के थाना गुमनाबारा का निवासी है। वह अपने परिवार के पास गया हुआ था। तभी उसके घर के पास एक युवक शराब के नशे मे धुत होकर गली गलौज कर रहा था। जब सिपाही ने उसे रोका तो युवक द्वारा मारपीट शुरू कर दी। देखते ही देखते दोनों मे जमकर मारपीट हुई। कभी सिपाही युवक के ऊपर तो कभी युवक सिपाही के ऊपर आकर मारपीट करता। वही सिपाही द्वारा भी बेल्ट उतारकर युवक से मारपीट की, इस मारपीट मे सिपाही की वर्दी भी फट गई है।

## बाइक की टक्कर से वृद्ध की मौत, एक गंभीर

**बांदा।** तेज रफ्तार बाइक सवारों की टक्कर से एक की मौत जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया है। बदौसा थाना अंतर्गत नादनमऊ निवासी छेदीलाल साहू 60 पुत्र रामऔतार अपने साथी श्रीचंद के साथ बीती शाम 6 बजे साइकिल हाथ में लिए पैदल अपने खेतों की तरफ जा रहे थे तभी अचानक अतर्रा ओरन मार्ग पर नादनमऊ के लोहारन पूरवा के पास तेज रफ्तार बाइक सवारों ने पीछे से टक्कर मार दी, जिसमें छेदीलाल साहू व श्रीचंद्र गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े। राहगीरों ने दौड़कर बाइक सवारो को पकड़ लिया और परिजनों को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे परिजन आनन-फानन में दोनों घायलों को प्राइवेट वाहन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिसंडा ले गए जहां डॉक्टरों ने छेदीलाल साहू को मृत घोषित कर दिया। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने मोटरसाइकिल सहित चालक को कब्जे में ले लिया तथा बिसंडा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर कागजी कार्रवाई की और शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया।

## दो बच्चों की डूबकर मौत

**बांदा।** ओरन कस्बे में तालाब नहाने गये दो बच्चों की डूबकर मौत हो गयी। कस्बा निवासी का ज्ञान बाबू 12 पुत्र जय किशोर शिवहरे और उसका मित्र निशू यादव 11 पुत्र जुगल किशोर यादव निवासी विशाल का पुरवा ओरन ग्रामीण के साथ दोपहर लगभग 1:30 बजे कस्बे के भान थोक मोहल्ला स्थित चिरऊ तालाब नहाने गए थे। जहां पैर फिसलने से दोनों डूब गए राहगीरों ने देखा कि चप्पल, कपड़े घाट के किनारे पड़े हैं तथा साइकिल खड़ी है। वहां पर कोई न होने के कारण उन्हे शक हुआ तो तेज आवाज लगाई, आवाज सुन आस पास के लोग आ गए। तालाब में उतरकर दोनों बालकों को तालाब से निकाला, तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। मोहल्ले वालों ने बच्चों के परिजनों को सूचना दिया।

# राष्ट्रीय आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर गोष्ठी प्रदर्शनी व लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित

जिला संवाददाता




**ललितपुर।** राष्ट्रीय आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर आपातकाल दिवस, कार्यक्रम के अन्तर्गत गोष्ठी, लघु फिल्म, प्रदर्शनी व लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान कार्यक्रम अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन की उपस्थिति रही। उक्त कार्यक्रम में विचार गोष्ठी के तहत आपातकाल की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, उसके सामाजिक-राजनीतिक प्रभाव और लोकतंत्र की मजबूती पर विस्तार से चर्चा की गई और उस कालखंड की चुनौतियों और उससे मिले सबक को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया।

तत्पश्चात उपस्थित सम्मानित लोकतंत्र सेनानी- कनछेदी लाल मालवीय पुत्र केशव दास मालवीय, निवासी 368, वसुंधरा कालौनी, सिविल लाइन, अशोक कुमार देवलिया निवासी ग्राम जामुनधानाकला, देवी प्रसाद शर्मा निवासी गांधीनगर, बालमुकुन्द चैरसिया निवासी बस स्टेण्ड पाली, ओमशंकर श्रीवास्तव निवासी आजादपुरा, जगदीश सिंह कुशवाहा निवासी रावतयाना, सन्तोष कुमार तिवारी निवासी सिविल लाइन, ओमप्रकाश श्रीवास्तव निवासी परमहस मंदिर के पास तालाबपुरा, केशव दास शर्मा निवासी सैदपुर तहसील महरौनी, बृजलाल ग्राम व पोस्ट सैदपुर, उदय कुमार जैन सैदपुर, आशाराम सैदपुर, हल्केराम, गिरीश चंद, निवासी ग्राम सैदपुर नाथूराम साहू ग्राम पूराविधा, जगदीश प्रसाद द्विवेदी निवासी ग्राम ककड़ारी, प्रेमनारायण, निवासी ग्राम जखीरा, श्रीमती हेमलता पत्नी स्व० प्रकाश चन्द्र श्रीमाली, महरौनी, श्रीमती द्रोपती देवी पत्नी स्व० विनोद कुमार सज्ञा. तालबेहट, श्रीमती प्रीति मालवीय पत्नी स्व० आनन्द मालवीय निवासी चैबयाना व उनके परिजनों को अंगवस्त्र व पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। लोकतंत्र सेनानियों द्वारा आपातकाल के अनुभव को साझा किया गया।

तत्पश्चात आपातकाल पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया, जिसमें उस समय की प्रमुख घटनाओं, समाचारों और दस्तावेजों को चित्रात्मक रूप में प्रदर्शित किया गया। सभी उपस्थित जनों ने इस प्रदर्शनी का अवलोकन किया और इसे एक जागरूकता व प्रेरणादायक पहल बताया। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अधिकारियों, लोकतंत्र सेनानियों, कर्मचारियों द्वारा हस्ताक्षर किये गये।

# कांग्रेस ने संविधान व लोकतंत्र का घोंटा गलाः नंदी

जिला संवाददाता




**बांदा।** आपातकाल दिवस को भाजपा ने काला दिवस के रूप में मनाया। पार्टी जिला कार्यालय में सेमिनार को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री नंदगोपाल गुप्ता ने कहा कि आज ही के दिन कांग्रेस ने देश को आपातकाल थोप कर संविधान अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता व नागरिक अधिकारों का गला घोंटने का कुत्सित प्रयास किया था। जब संविधान के 25 वर्ष पूरे हो रहे थे तब 25 जून 1975 को कांग्रेस ने आपातकाल लाकर संविधान व लोकतंत्र का गला घोंट दिया था और उसकी आत्मा को कुचल दिया था।

नागरिकों के अधिकारों को लूटकर देश को जेलखाना बनायास था। परंतु कांग्रेस के माथे पर लगा ये कलंक धुलने वाला नही है। कहा कि आपातकाल कांग्रेस की सोंच का जीता जागता उदाहरण है जब एक परिवार ने सत्ता बचाने के लिए लोकतंत्र को कुचल दिया। संविधान, न्यायपालिका और मीडिया सब बंधक बना लिए गये। देश में लोकतंत्र की पुनः स्थापना के लिए लोकतंत्र सेनानियों ने संघर्ष किया और इस कानून को 21 मार्च 1977 को इस देश से आपातकाल हटाना पड़ा। विशिष्ट अतिथि रमाकांत त्रिपाठी ने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में लगाए गये आपातकाल, लोकतांत्रिक मूल्यों, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और नागरिकों के अधिकारों पर सीधा आघात था। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि लोकतांत्रिक सेनानियों ने आपातकाल के अत्याचारों का सामना करते हुए लोकतंत्र की ज्योति की रक्षा की। खतरा देश को नही बल्कि उनकी कुर्सी को था इसलिए इमरजेंसी लगाकर पूरे देश को अंधेरे में डाल दिया और संवैधानिक व्यवस्थाओं को समाप्त कर संविधान की मयार्दा को चोंट पहुंचाई। प्रभारी मंत्री ने लोकतंत्र रक्षक सेनानियों को साल, मोमेंटो व फल देकर सम्मानित किया। भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने सभी का आभार जताया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष संजय सिंह, अखिलेश श्रीवास्तव, अशोक त्रिपाठी जीतू, पालिका अध्यक्ष मालती बासू, धर्मेन्द्र त्रिपाठी, उत्तम सक्सेना, ममता मिश्रा, वंदना गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनाने के लिए बैठक का आयोजन



**धामपुर, बिजनौर।** संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर नगरपालिका और स्वास्थ्य कर्मियों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी जुलाई माह से शुरू होने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान की सफलता पर चर्चा की गई। अधिशासी अधिकारी रवि शंकर शुक्ला ने बताया कि पालिका ने एक माइक्रो प्लान तैयार किया है, इसके तहत सभी वार्डों में अभियान के तहत कार्य कराए जाएंगे।

धामपुर नगर पालिका परिषद कार्यालय में बीते दिन आयोजित बैठक की अध्यक्षता अधिशासी अधिकारी रवि शंकर शुक्ला ने की।

उन्होंने बताया कि आगामी एक जुलाई से 31 जुलाई तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलेगा। जिसके लिए नगर पालिका ने एक माइक्रो प्लान तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि माइक्रो प्लान के अंतर्गत सभी छोटे-बड़े बिंदुओं को शामिल किया गया है, जिसमें सभी 25 वार्डों व पालिका क्षेत्र में संचारी रोग नियंत्रण के लिए कार्य कराए जाएंगे। विशेष सफाई अभियान, फागिंग, कीटनाशक छिड़काव व अन्य कार्य होंगे।

इसके अलावा सभी वार्डों के लिए सभासदों के सहयोग से टीमें गठित की गई हैं, जो घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करने के साथ अभियान में सहयोग की अपील करेंगी। अभियान पालिका व स्वास्थ्य विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से चलाया जाएगा। बैठक में वरिष्ठ लिपिक पवन कुमार, विकास गुप्ता, पुष्पेंद्र सक्सेना, सभासद संतोष राजपूत आदि शामिल रहे। बैठक में स्वास्थ्य विभाग व नगर पालिका के कर्मचारी व सभासदों आदि ने भाग लिया।

# मोहर्रम और कांवड़ यात्रा सकुशल संपन्न कराने के लिए शांति समिति की बैठक



**नगीना, बिजनौर।** श्रावण मास की कांवड़ यात्रा और मोहर्रम के त्यौहार को आपसी सद्भाव और भाईचारे के साथ मनाने की एसडीएम आशुतोष जैसवाल तथा सीओ अन्जनी कुमार ने अपील की है। उन्होंने कहा कि कोई नई परंपरा शुरू करने की इज्जत किसी को भी नहीं होगी। और मोहर्रम पर निकले वाले ताजियों की ऊंचाई भी पहले की तरह ही अधिक से अधिक 12 फिट ऊंची ही रखें ताकि जुलूस के मार्ग पर कोई दिक्कत न हो, साथ ही शासन की गाइडलाइन का भी पालन करें।

नगीना थाना परिसर में बीती शाम आयोजित शांति समिति की बैठक में सीओ अंन्जनी कुमार और थाना प्रभारी तेजपाल सिंह ने मोहर्रम और कांवड़ यात्रा के सकुशल आपसी सौहार्द के साथ सम्पन्न कराएं जाने की सभी से सहयोग की अपील की। सीओ अंन्जनी कुमार ने इस मौके पर कहा कि मोहर्रम के जलूस को परंपरागत तरीके के साथ शांतिपूर्वक ही निकाले और ताजियों की ऊंचाई को 12 फीट ही रखे। छः तारीख यानी 10 जुलाई को शिया एवंम सुन्नी समुदाय द्वारा मातामी जुलूस निकाला जाएगा। वही सात जुलाई से श्रवण का महीना भी शुरू हो जाएगा, जिसमें भोले के भक्त कांवड़ यात्रा को शुरू करेंगें। जिसको लेकर पुलिस ने सभी तरह की सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर अपनी तैयारियां पूरी कर ली है। पत्रकार नौशाद अंसारी ने मोहर्रम के इस पर्व को गम एवं दुख का त्योहार बताया। उन्होंने कहा की हजरत इमाम हुसैन और जैनब भाई बहन के प्यार की मिसाल दुनिया में नहीं है, उन्होंने यौमे अशुरा व शहीदे कर्बला के इतिहास पर प्रकाश डाला। मुफ्ती नबील रशीदी, आलमगीर काजमी, चेयरपर्सन पुत्र शहराज खलील, सभासद उस्मान जैदी, सिद्दीक मुल्तानी, सलमान हैदर आदि ने मोहर्रम के इतिहास पर अपने विचार रखें। एसडीएम आशुतोष जैसवाल की अध्यक्षता एवंम राजू विश्नोई के संचालन में आयोजित बैठक में एसएसआई दीपक कुमार, प्रधान आफताब अंसारी, पूर्व प्रधान वकील अंसारी उर्फ बब्लू, सईदुदीन, शहजाद कादरी, जहीर पहलवान, मोहम्मद हफीज, मोहम्मद इद्रीश ,शराफत हुसैन, शिवालय हेल्थ केयर के एमडी डॉक्टर राजकुमार, शहजाद अहमद रॉयल सहित थाने का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। थाना प्रभारी तेजपाल सिंह ने बैठक में शामिल हुए वरिष्ठ अधिकारीगण, जिम्मेदार नागरिक, और पत्रकार बंधुओ का आभार व्यक्त कर बैठक के समाप्ति की घोषणा की।

## सड़क सुरक्षा बैठक, हेलमेट नहीं तो तेल न देने के निर्देश



**बांदा।** मंडलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। इसमें सड़क सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा हुई और आयुक्त अजीत कुमार ने अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। बैठक में ह्यनो हेलमेट-नो फ्यूलह्व अभियान के तहत मंडल के सभी पेट्रोल पंपों में बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चालकों को पेट्रोल न देने के निर्देश आयुक्त ने जिला पूर्ति अधिकारी को दिए। उन्होने कहा कि पेट्रोल पंप संचालकों को पत्र भेजकर इस नियम का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराएं। इस बारे में होर्डिंग्स और सार्वजनिक सूचना बोर्ड लगाए जाएं। उन्होने पुलिस और परिवहन विभाग को पेट्रोल पंपों की नियमित चेकिंग के भी निर्देश दिए। आयुक्त ने सरकारी और अर्ध सरकारी कार्यालय के मोटरसाइकिल से आने वाले कर्मचारियों को हेलमेट पहनना अनिवार्य किया गया है। इनके साथ यात्रा करने वाले सहयोगी को भी हेलमेट अनिवार्य होगा। उन्होने कार्यालयाध्यक्षों को इस आदेश का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान लोक निर्माण विभाग को आयुक्त ने निर्देश दिए कि मंडल के सभी जिलों में ब्लैक स्पॉट की पहचान और सुधार कार्य शीघ्र पूरा करें। इन स्थानों पर स्पष्ट सड़क सुरक्षा संकेतक बोर्ड लगाए जाएं। उन्होने अवैध कट जिनसे दुर्घटनाएं हो रही हैं उन्हे तत्काल बंद करने, एंबुलेंस का अधिकतम रिस्पॉंस टाइम 15 मिनट में निश्चित करने के साथ ही सड़क दुर्घटना में सहायता करने वाले लोगों का सम्मान और ओवरलोड वाहनों के विरूद्ध गठित टास्क फोर्स को सक्रिय करने, विशेषकर रात के समय वाहनों की जांच एवं कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होने महोबा और बांदा से कानपुर की ओर जाने वाले ओवरलोड वाहनों पर कड़ी निगरानी और कार्रवाई के भी निर्देश दिए।

# बुंदेलखंड के 90 प्रतिशत ग्रामीण घरों में हो रही नल से जल की सप्लाईः स्वतंत्र देव

जिला संवाददाता



**ललितपुर।** बुंदेलखंड के हर गांव तक नल से शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित कराने के लिए आज बुधवार को मंत्री जल शक्ति विभाग, सिंचाई एवं जल संसाधन, बाढ़ नियंत्रण, परती भूमि विकास, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उ0प्र0 स्वतंत्र देव सिंह की अगुवाई में राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन व जिला प्रशासन की पूरी टीम फील्ड पर उतरी। इस दौरान जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने एक दर्जन से अधिक गांवों का निरीक्षण कर स्थानीय लोगों से फीडबैक लेकर जलापूर्ति की वास्तविक स्थिति के बारे में जाना। निरीक्षण के दौरान जलशक्ति मंत्री ने कहा कि बुंदेलखंड के 90 प्रतिशत से अधिक घरों में नल से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जा रही है, जो शेष बचे घर हैं, उनमें भी काम अंतिम चरण में है, जल्द ही वहां भी शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। मिशन मोड पर किए गए इस निरीक्षण का मकसद बुंदेलखंड के हर गांवों में नल से जलापूर्ति सुनिश्चित करना है। निरीक्षण के दौरान प्रमुख सचिव नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उ0प्र0 अनुराग श्रीवास्तव, प्रबंध निदेशक उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) डॉ राजशेखर, राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग उ0प्र0 मनोहर लाल पंथ, मा0 सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, मा0 एमएलसी श्रीमती रमा निरंजन एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी रही।

दौरे की शुरूआत कलेक्ट्रेट सभागार से की गई, जिसमें मंत्री ने स्थानीय विधायकों, प्रमुख सचिव नमामि गंगे अनुराग श्रीवास्तव, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अधिशासी निदेशक डॉ राजशेखर, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के साथ बैठक की और जिले में चल रही जल जीवन मिशन की योजनाओं को जाना। बैठक में बताया गया कि जनपद में 15 परियोजनाएं संचालित हैं, जिनसें लगभग 1.5 लाख परिवारों को शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करायी जा रही है। मंत्री ने निर्देश दिये कि उक्त पेयजल परियोजनाओं के माध्यम से अंतिम छोर तक शुद्ध पेयजल की पहुंच सुनिश्चित करायें, कहीं भी पानी न पहुंचने की शिकायत नहीं आनी चाहिए और यदि कहीं समस्या है तो समय से उसका निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए, पेयजल आपूर्ति में कोई भी बाधा नहीं आनी चाहिए।

- जलशक्ति मंत्री ने प्रमुख सचिव नमामि गंगे के साथ एक दर्जन से अधिक गांवों का किया स्थलीय निरीक्षण
- जहां जलापूर्ति बाधित मिली, वहां तुरंत सुधार के दिए निर्देश
- जल संवाद कार्यक्रम में लोगों को जल संरक्षण की दिलायी शपथ

उन्होंने भ्रमण हेतु पहले से तैयार ग्रामों सूची को दरकिनार कर मौके पर ही अपनी सूची बनायी और अधिकारियों के साथ जनपद के आधा दर्जन से अधिक ग्रामों तालगांव, कचनौंदाकलां, सुनवाहा, गैंदोरा, कालापहाड़, लागौन, जैरवारा, नौहरखुर्द आदि में भ्रमण किया और स्थानीय लोगों से पूछा कि कितने घंटे पानी की सप्लाई आती है। ज्यादातर स्थानीय लोग पानी की सप्लाई से संतुष्ट दिखे। कचनौंदाकलां ग्राम समूह पेयजल योजना के निरीक्षण में मंत्री ने वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण कर जलशोधन प्रक्रिया को देखा और घर-घर तक शुद्धपेय की पहुंच सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। साथ ही परिसर में वृक्षारोपण भी किया। परियोजना स्थल पर ही आयोजित हर घर जल, जल जीवन मिशन अंतर्गत जल संवाद कार्यक्रम, में प्रतिभाग किया। उन्होंने कहा कि घर-घर जल पहुंचे, इसे सुनिश्चित कराने के लिए आज हम आपके बीच आयें हैं। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की मंशा है कि गांव के गरीब, किसान एवं सहरिया जनजाति के घरों तक जल, सभी को पक्का मकान, सभी को शौचालय, निःशुल्क राशन, किसान सम्मान निधि और आयुष्मान योजनान्तर्गत 5 लाख तक का स्वास्थ्य लाभ मिले, सरकार के 11 साल के कार्यकाल में ये सुविधाएं निष्पक्ष रुप से मिल रही हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश हैं कि बुन्देलखण्ड में पेयजल परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया जाए, जिसके चलते हम ग्रामों का दौरा कर रहे हैं, यहां अधिकांश ग्रामों में पानी पहुंच रहा है, शुद्ध पानी की पहुंच से लोगों को स्वास्थ्य लाभ भी मिल रहा है, बीमारियां भी ठीक हो रही हैं। उन्होंने बरसात के पानी को संरक्षित कर उपयोग करने पर बल दिया और कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व जनसमूह को जल संरक्षण की शपथ दिलायी।

जलशक्ति मंत्री द्वारा अलग-अलग गांवों में किए निरीक्षण में कुछ शिकायतें भी मिलीं।

## नियमों का पालन न करने पर 73 का कटा चालान



**बांदा।** जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, आरटीओ परिवहन के निदेर्शों के चलते अपर पुलिस अधीक्षक, सीओ यातायात, पीटीओ, यातायात प्रभारी के नेतृत्व में चलाए गये यातायात सुरक्षा अभियान के तहत शहर के कालूकुंआ चैराहे पर परिवहन विभाग, यातायात, पुलिस ने संयुक्त चेकिंग के दौरान 73 वाहनों का चालान किया। चेकिंग के दौरान दोपहिया वाहनों पर हेलमेट न लगाने, तीन सवारी बैठाने, मोबाइल, ईयर फोन पर बात करने, चार पहिया वाहनों पर शीट बेल्ट का प्रयोग न करने और काली फिल्म का चढ़े होने के साथ ही यातायात सुरक्षा के साधनों, मानकों का प्रयोग न किए जाने को लेकर चलाए गये सघन अभियान के दौरान पीटीओ राम सुमेर यादव एवं प्रभारी यातायात संजय मिश्रा ने लगभग 73 दो पहिया वाहनों, चार पहिया वाहनों का चालान यातायात नियमों का पालन न करने पर किया। इसके अलावा शीशे में काली फिल्म लगी होने पर उसे उतारकर 1 वाहन का चालान काटा। इस दौरान चालकों को पीटीओ और ट्रैफिक इंस्पेक्टर ने हिदायत देने के साथ जागरूक किया। बताते चलें कि बीते दिनों जिलाधिकारी ने जिले में यातायात सुरक्षा को लेकर सभी विभागों को निर्देश दिए थे कि कोई भी दो पहिया वाहन बिना हेलमेट के ऑफिसों के मुख्य गेटों से प्रवेश न करने पाएं एवं शहर के मुख्य चैराहों में सघन चेकिंग अभियान चलाया जाए।

## राम मंदिर में हाई मास्क लाइट, होगा तालाब का सुंदरीकरण



**बांदा।** शहर के राम दरबार मंदिर को और भव्य बनाने के लिए हाई मास्क लाइट, गोस्वामी तुलसीदार सभागार और कंधरदास तालाब का सुन्दरीकरण शीघ्र कराया जाएगा। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने श्रीराम दरबार मंदिर की पूजा-अर्चना के बाद मौजूद भक्तों व मुहल्ला वासियों के सामने बीच कही। इस घोषणा पर सभी ने प्रसन्नता जताई। बांदा नगर दक्षिणी के महामंत्री व मंदिर के कोषाध्यक्ष नीरज त्रिपाठी ने बताया कि सदर विधायक बांदा के सांस्कृतिक, पौराणिक व धार्मिक स्थलों का लगातार विकास करा रहे हैं और सदर विधानसभा क्षेत्र को सुन्दर बनाने में तन्मयता के साथ काम कर रहे हैं। उन्होने आरोप लगाया कि खुद भ्रष्टाचार के लिए बदनाम रहे कंगाल से करोड़पति बने बिना किसी आधार के सदर विधायक पर आरोप लगा रहे हैं। जबकि किसी भी अधिकरी और कर्मचारी ने सदर विधायक पर मारपीट अथवा उत्पीड़न का आरोप नही लगाया। प्रथम सूचना रिपोर्ट में भी उन्होने कोई कृत्य नही किया यह रिपोर्ट से स्पष्ट है। इस दौरान भाजपा महामंत्री अखिलेश नाथ दीक्षित, हरवंश द्विवेदी, अशोक श्रीवास्तव, बलवीर सिंह, पुष्कर द्विवेदी, कल्लू कुशवाहा, सुरेन्द्र निगम, भगवानदीन वर्मा, रामशरण रैकवार, धीरज सैनी व बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## गृह क्लेश के चलते दंपति फांसी के फंदे पर झूले, पत्नी की मौत, पति की हालत गंभीर

**बिजनौर।** ग्रह कलह के चलते एक दम्पत्ती अपनी जीवन लीला समाप्त करने के लिए फांसी के फंदे पर झूल गए। घटना से पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई जबकि पति जिंदगी और मौत के बीच झूल रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजने के बाद कार्रवाही शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के ग्राम जगन्नाथपुर उर्फ रांडो वाला निवासी अमर सिंह के पुत्र शुभम की शादी 6 वर्ष पूर्व सुनपता गांव निवासी त्रिवेणी के साथ हुई थी दोनों के दो बच्चे हैं। बीती रात पति-पत्नी में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। जिसके चलते पति-पत्नी ने घर के अंदर ही छत में लगे कुंडे में रस्सी का फंदा डालकर झूल गए। पति में वजन अधिक होने के कारण पत्नी ऊपर टंग गई इससे पत्नी त्रिवेणी की मौके पर ही मौत हो गई तथा शुभम गंभीर रूप से हालत बिगड़ गई। घटना की सूचना परिजनों व ग्रामीणों ने पुलिस को दी। पुलिस ने फांसी के फंदे से उतार कर त्रिवेणी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद कार्रवाही शुरू कर दी है।

## छापेमारी कर नोडल अधिकारी ने अवैध रूप से चल रहा क्लीनिक किया सील




**बिजनौर।** नोडल अधिकारी ने डॉ0 प्रमोद देशववाल बिना लाइसेंस के चल रहे एक क्लीनिक पर पुलिस बल के साथ छापा मारकर उसे सील कर दिया। तेजतर्रार नोडल अधिकारी प्रमोद देशवाल की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया और झोलाछाप चिकित्सक अपनी-अपनी दुकान बंद करके मौके से भाग गए।

नगीना देहात कोटकादर रोड पर स्थित गांव चुण्डैली में एक फार्मा क्लीनिक के नाम से नर्सिंग होम चल रहा था। चेकिंग के दौरान बीते दिन तेजतर्रार एवंम व्यवहार कुशल नोडल अधिकारी एवंम अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 प्रमोद कुमार देशवाल ने पुलिस बल के साथ उक्त क्लीनिक को चैक किया तो जानकारी हुई के क्लीनिक का लाईसेंस नहीं था साथ ही क्लीनिक स्वामी डॉक्टर अनिल कुमार के पास चिकित्सा डिग्री भी नहीं पाई गई केवल फार्मासिस्ट के डिप्लोमा के आधार पर क्लीनिक का संचालन किया जाना पाया गया। क्लीनिक को अवैध मानते हुए नोडल अधिकारी प्रमोद कुमार देशवाल ने क्लीनिक को सील कर दिया। इस मौके पर बिजनौर के औषधि निरीक्षक उमेश कुमार भारती, व नगीना देहात थाने की पुलिस मौके पर मौजूद रही। नोडल अधिकारी डॉक्टर प्रमोद कुमार देशवाल ने बताया कि अवैध रूप से चल रहे नर्सिंग/क्लीनिक को सील कर जवाब देही के रूप में एक नोटिस भी दिया गया है। उन्होंने बताया कि अवैध रूप से चल रहे नर्सिंग होम व क्लीनिकों पर शिकंजा कसने के उद्देश्य से अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा है कि झोलाछाप चिकित्सक खुद ही अपनी अपनी दुकानें बंद करले अन्यथा उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। नोडल अधिकारी प्रमोद कुमार देशवाल की इस कार्रवाई से नगर क्षेत्र में दिनभर हड़कंप मचा रहा।

# आपातकाल की स्मृतियां

आपातकाल लगाना देश की जरूरत नहीं थी। संविधान में यह प्रावधान देश की जरूरत के लिए किया गया है। लेकिन 25 जून 1975 को जब देश पर आपातकाल थोपा गया तब ऐसी परिस्थिति नहीं थी कि इमरजेंसी लगायी जाये। दरअसल आपातकाल का एकमात्र मकसद यह था कि जैसे-तैसे तत्कालीन शासक वर्ग अपनी सत्ता बचाना चाहता था। सत्ता बचाने के लिए वह सब कुछ कर रहे थे जो एक तानाशाह शासक करता है। संविधान को रद्दी की टोकरी में डाल दिया, ज्यूडिशियरी को पंगु बना दिया, प्रेस का गला घोंट दिया और विपक्ष को जेल में ठूस दिया। कुल मिलाकर आजादी के बाद यह हमारी स्वतंत्रता और संविधान पर सबसे बड़ा हमला था। आजाद भारत के इतिहास में 25 जून 2025 को एक ऐसी घटना के 50 साल पूरे हो गये जिसमें 21 महीनों तक देश ने सत्ता का नग्न तांडव देखा। उस अवधि में नागरिकों की संविधान प्रदत्त स्वतंत्रताओं को खत्म कर दिया गया था और विभिन्न संस्थानों की नियंत्रण एवं संतुलन व्यवस्था पूरी तरह विफल हो गई थी। आपात काल पर राष्ट्रपति, कैबिनेट और संसद ने मुहर लगाई थी। यह आपातकाल वाह्य आक्रमण और आंतरिक अशांति के खतरे के नाम पर लगाया गया था। इस फैसले को सर्वोच्च न्यायालय के पीठ के उस कुख्यात निर्णय से भी बल मिला जिसके तहत हैबियस कार्पस ( बंदी प्रत्यक्षीकरण, यह सुनिश्चित करता है कि किसी व्यक्ति को गैर कानूनी तरीके से हिरासत में नहीं रखा जा सकता ) जैसे मौलिक संरक्षण तक को निरस्त कर दिया गया था। कुल मिलाकर देखें तो जिन लोगों या संस्थाओं को लोकतांत्रिक मूल्यों का संरक्षण करना था उनके द्वारा इनके उल्लंघन ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली सरकार को प्रतिपक्षियों को असीमित अवधि तक हिरासत में रखने में मदद की। इसने प्रेस की आजादी को भी अभूतपूर्व तरीके से कुचले जाने की परिस्थितियां तैयार कीं। संविधान के अनुच्छेद 352 की आड़ लेकर इंदिरा गांधी ने जनसंख्या नियंत्रण का एक ऐसा कठोर कार्यक्रम आरंभ किया जिसने हजारों परिवारों के नागरिक अधिकारों का उल्लंघन किया। उन्होंने झुग्गियों को तोड़ने की एक परियोजना भी चलाई जिसका नतीजा विरोध कर रहे निवासियों को पुलिस द्वारा मारे जाने के रूप में सामने आया। मानवाधिकारों के हनन की यह कहानी अफसरशाही या निर्वाचित पदाधिकारियों द्वारा नहीं लिखी गई थी बल्कि यह इंदिरा गांधी के बेटे द्वारा असंवैधानिक शक्ति के प्रयोग से जन्मी थी। प्रेस पर लगे प्रतिबंधों तथा खबरों को गायब किए जाने के कारण देश की आबादी का बड़ा हिस्सा इस बारे में ठीक से जान ही नहीं पाया। ऐसे समय में जब प्रेस की आजादी को कुचलने के छिपे हुए प्रयासों की बात जोर पकड़ रही है, यह याद करना उचित है कि आपात काल के दौरान लोकतंत्र के इस चौथे खंभे पर किस कदर दबाव बनाया गया था और इसके क्या परिणाम हुए थे। उस समय जो दमनकारी गतिविधियां सामने आई थीं उनमें आपातकाल की घोषणा के महज कुछ घंटों के भीतर दिल्ली के प्रमुख समाचार पत्रों के दफ्तरों और प्रेस की बिजली काट देने जैसी घटना शामिल थी ताकि उन्हें छपने से रोका जा सके। आश्चर्य नहीं कि निरंतर दमन और दबाव के माहौल में जहां बिना जमानत के जेल भेज दिया जाना आम था, कई संपादकों ने सीमित प्रतिरोध की राह चुनी। जो अधिक साहसी थे, उन्होंने तानाशाही की सीमाओं को परखने का प्रयास किया। सूचनाओं का प्राथमिक स्रोत सरकारी नियंत्रण वाला दूरदर्शन और आकाशवाणी ही रह गये थे। सरकारी प्रसारण वही दिखाते थे जो सरकार चाहती थी। कुल मिलाकर आपातकाल भारत के संविधान पर, व्यक्तिगत स्वतंत्रता और मानवाधिकारों पर हमला था। इस स्मृतियां किसी दुःस्वप्न की मानिंद जीवंत रखने की जरूरत है ताकि भावी पीढ़ी शासकों इतना मनबढ़ न होने दे।



**आपातकाल की कटु यादों को जीवंत रखना जरूरी है ताकि भावी पीढ़ी इस दुखद अध्याय की पुनरावृत्ति कभी न होने दे।**

## विचार

जब कोई प्रतिभाशाली हस्ती इस दुनिया में आती है तो उसे इस लक्षण से पहचाना जा सकता है कि सभी मूर्ख लोग उसके विरुद्ध खड़े होते हैं।

–स्विफ्ट.

प्रभुता पाते ही लोगों की निगाहें बदल जाती हैं, किसी को पहचानते तक नहीं, जमीन पर पांच तक नहीं रखते।

–प्रेमचंद.

लक्ष्य को पूरा करने के लिए अपनी समस्त शक्तियों द्वारा परिश्रम करना ही पुरुषार्थ है।

–पतंजलि.

मृत्यु से नया जीवन मिलता है। जो व्यक्ति और राष्ट्र मरना नहीं जानते, वे जीना भी नहीं जानते।

–पं. नेहरू.

जो मनुष्य सचमुच में विद्वान हैं वे अपनी असफलताओं से कभी भी घबराते नहीं हैं।

–शेक्सपियर.

# खतरों से भरी है परमाणु हथियारों नयी होड़



संजय श्रीवास्तव

**स्टाकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट, सीपरी की 2025 की ताजा रिपोर्ट ने नये परमाणु हथियारों और उनकी तैनाती, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, साइबर तथा स्पेस टेक्नोलॉजी से हथियारों के अलावा उसके प्रक्षेपण प्लेटफार्मों के जुड़ाव और विकास बताती है कि परमाणु युद्ध के खतरे आसन्न हैं, जबकि परमाणु युद्ध की रोकथाम के लिए अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था बेहद कमजोर हो चुकी है।**

हालांकि ईरान-इस्राइल जंग के साथ इस आशंका ने फिर से सिर उठाया है कि बहुत से देश चोरी छिपे परमाणु शक्ति हासिल करने की ओर थे, वे अब सत्वर इस ओर बढ़ेंगे। जिन्होंने शांतिपूर्ण कार्यों के नाम पर खुलेआम परमाणु कार्यक्रम चला रहे थे और इसके बहाने लुके छिपे हथियार बनाना चाहते थे, वे अब शीघ्रातिशीघ्र हथियार बनाकर, 'न्यूक्लियर पावर्ड नेशन' की हैसियत हासिल कर अपने को सुरक्षित करना चाहेंगे। उनकी सोच होगी, यदि ईरान 'परमाणु शक्ति संपन्न हो चुका होता, तो संभवतः उसके साथ ऐसा नहीं होता'। इस्राइल और अमेरिका को अपने किए पर पुनर्विचार करना पड़ता, क्योंकि दोनों उसकी मिसाइलों की जद में हैं। ये देश इस ताकत को हासिल कर दुश्मनों का आसान शिकार होने से बचने की कोशिश करेंगे तथा इसके चलते समूचे संसार में परमाणु होड़ बढ़ेगी। ईरान परमाणु बम बनाकर सबसे पहले इस्राइल पर ही गिराएगा इस आशंका की आड़ में इस्राइल ने उस पर हमला किया। ईरान परमाणु बम बनाने की ओर अग्रसर था या नहीं, इस कोशिश में था तो कामयाबी के कितने करीब, यह न तो अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी को पता था न अमेरिका को, न ही इस्राइल की खुफिया एजेंसी को। पर इस बात की कोई गारंटी नहीं कि अब वह इसका प्रयास नहीं करेगा।

ऑपरेशन सिंदूर के समय प्रधानमंत्री ने ललकारा था, भारत, पाकिस्तान के परमाणु शक्ति संपन्न देश होने की परवाह नहीं करेगा, वह हर बेजा हरकत का माकूल और मुंहतोड़ जवाब देगा। रूस और युक्रेन के युद्ध की शुरूआत से लेकर अभी तक आये दिन युद्ध के दौरान परमाणु खतरे की बात होती रहती है, कभी हमले की जद में आने से परमाणु संयंत्रों से रिसाव की, तो कभी रूस द्वारा परमाणु हमले की। बीते दिनों अमेरिका ने सात बी2 स्टील्थ बॉम्बर विमानों के जरिए 13,000 किलो से ज्यादा वजन वाले 14 बंकर बस्टर बमों को ईरान के दुर्भेद्य परमाणु ठिकानों पर बरसाकर दावा किया कि हमने सब नेस्तनाबूद कर दिया। ईरान का दावा कि भले ही प्लेनेट लैब्स, पीबीसी और माक्सार टेक्नोलॉजीज के सैटेलाइटों से ली गई तस्वीरों में जहां भूमिगत सेंट्रीफ्यूज हॉल है, उसके ऊपर पांच



मीटर के गड्ढे दिखें, लेकिन हमने पहले ही तीनों ठिकानों को खालीकर, संवर्धित यूरेनियम हटा लिया था। ईरानी परमाणु ठिकानों पर वाकई कितना नुकसान पहुंचा है, अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी भी नहीं बता रही। कुछ विशेषज्ञ दावा करते हैं कि फोर्दो में जमीन के नीचे यदि पर्याप्त नुकसान नहीं हुआ है, तो जितना उसके पास संवर्धित यूरेनियम है और जिस श्रेणी का है, उससे रूस, चीन की मदद से सात-आठ नाभिकीय बम बनाए जा सकते हैं। कुछ का कहना है कि वे बहुत ताकतवर नहीं होंगे। ठीक है, पर ईरान इससे सीमित क्षेत्र में रेडियोधर्मी पदार्थ फैलाने, विकिरण से प्रभावित करने वाला डर्टी बम तो बना ही सकता है। ये भी कम चिंता का विषय नहीं।

## बढ़ता परमाणु खतरा

सबब यह कि नाभिकीय युद्ध की पूर्व पीठिका वर्तमान में जारी रूस, यूक्रेन युद्ध ने रच दी थी। हालिया ईरान इस्राइल जंग जिसमें बाद में अमेरिका भी कूद पड़ा, उसमें दूसरे खिलाड़ी कूदे तो परमाणु हथियारों के इस्तेमाल आशंकित हैं। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टिट्यूट, सिपरी की ताजा रपट के अनुसार दुनिया में परमाणु हथियारों की एक खतरनाक होड़ शुरू हो गई है। एआई और स्पेस टेक्नोलॉजी मौजूदा परमाणु ताकत को पूरी तरह से बदलकर इसे और भी अधिक विध्वंसक तथा जन संहारक बना रही है। ऐसे में संसार के नाभिकीय युद्ध की ओर बढ़ने के संकेत पहले से अधिक साफ हैं। यह गहन चर्चा और चिंता का विषय है। खास तौरपर एक परमाणु संपन्न होने और दो परमाणु संपन्न पड़ोसियों से घिरे होने के चलते इन परिस्थितियों में हमारे बचाव, आक्रमण अथवा असंतुलन की नीति, रणनीति कैसी हो? शेष विश्व को इस बढ़ती नाभिकीय आक्रामकता का मुकाबला किस प्रकार की कूटनीति से करना चाहिये कि यह मानवता के लिये संकट न बने और नाभिकीय हथियारों की होड़ हमेशा के लिए थमे।

सिपरी ने बताया कि पिछले बरस से भारत सहित सभी नौ परमाणु हथियार संपन्न देशों ने अपने परमाणु हथियारों की संख्या में इजाफा करना, उन्हें अधिक घातक, आधुनिक तथा बेहतर बनाने का काम तेज कर दिया है। उन्हें ले जाने वाली प्रणालियां यथा मिसाइल सिस्टम, रॉकेट, लड़ाकू जहाजों को वे उनके अनुरूप तेजी से विकसित कर रहे हैं। सिपरी बताता है कि चीन के पास अब 600 से अधिक परमाणु हथियार हैं, जिनको 2035 तक वह 1,500 तक पहुंचने वाला है। उसका परमाणु भंडार दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ रहा है और मिसाइलों पर इनकी तैनाती की दर भी। पाकिस्तान परमाणु युद्धशीर्ष वाहक मिसाइल सिस्टम विकसित रहा है और परमाणु हथियारों में इस्तेमाल होने वाला विखंडनीय पदार्थ जमा कर रहा है। अमेरिका द्वारा बी61-13 जैसे छोटे पर अधिक सटीक हथियारों का विकास ह्यकम तीव्रताह्व वाले परमाणु युद्ध की आशंका में बढ़ोत्तरी करने वाला है, तो रूस की परमाणु नीति की आक्रामकता चिंतित करने वाली है। कभी 64,000 तक रही परमाणु हथियारों की संख्या जो 2024 तक घटकर 12,241 हो गई थी, सभी नौ परमाणु देशों की हालिया रीति नीति के चलते यह घटत थम गई है, जल्द ही इसमें बढ़त दिखेगी। यहीं नहीं, हालात ये हैं कि 12,241 में से 9,614 हथियार मिसाइलों और लड़ाकू विमानों के साथ तैनात हैं। इसके अलावा करीब 2,100 हथियार ह्यहाई अलर्टह्व स्थिति में तुरंत उपयोग के लिए तैनात हैं, तो बाकी ऐसे सैन्य ठिकानों या गोदामों में रखे है, जहां से जरूरत पड़ने पर तुरंत तैनात किए जा सकें। परमाणु हथियारों का यह परिदृश्य तथा उसकी ओर जो नई दौड़ बीते बरस फिर से शुरू हुई है, वह शीत युद्ध के समय से कहीं ज्यादा खतरनाक है। इसके साथ कृत्रिम बुद्धिमत्ता, साइबर तकनीक और स्पेस टेक्नोलॉजी तेज विकास तथा नाभिकीय हथियारों एवं मिसाइल तथा रॉकेट प्रणालियों के साथ इसका जुड़ाव, जो इनके प्रभाव को कई गुना घातक बना देने वाला है।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने सुरक्षा परिषद को आगाह किया कि परमाणु युद्ध का खतरा पिछले कई दशकों की तुलना में आज सबसे अधिक है। दुनिया एक बार फिर परमाणु युद्ध के मुहाने पर है, ह्यमानवता ओपेनहाइमर का दूसरा अध्याय नहीं झेल सकती। जाहिर है, परमाणु नीति, रणनीति को लेकर नए सिरे से बहस लाजिमी है। सवाल उठ रहे हैं कि क्षेत्रीय असंतोष जब दिनों दिन बढ़ रहा है, महाशक्तियां, दादागीरी पर उतारू हों, तब परमाणु युद्ध की आशंका बलवती हो उठती है। इसे कैसे रोका जाए। आखिर 90 फीसदी परमाणु हथियारों पर रूस और अमेरिका का ही कब्जा क्यों? नई परिस्थितियों में यह समझना और तय करना बहुत कठिन है कि परमाणु हथियारों और उनके स्टॉक की निगरानी और नियंत्रण की पुराने प्रणाली को कैसे अद्यतन किया जाए कि उनकी सटीक गिनती हो सके, क्योंकि अब किसके पास कितने हथियार और किस श्रेणी के हैं यह पता लगाना, गिनना बहुत जटिल और संदेहास्पद होने वाला है। इस्लामिक बम के नाम पर पाकिस्तान ने भले ही अभी परमाणु बम ईरान को नहीं दिये पर भविष्य में नई तरह की परमाणु साझेदारी सामने आ सकती है, इनकी काट क्या होगी? भारत समेत सभी परमाणु शक्ति संपन्न देशों को इस पर गहराई से सोचना होगा।

## सोशल मीडिया

आपातकाल 50 साल पहले लगाया गया एक निर्दयी शासक द्वारा, जिसका उद्देश्य मात्र अपने वंशवादी शासन को संरक्षित करना था, देश के इतिहास में काला अध्याय है। अमित शाह.



विस्तारवाद की परिभाषा बहुत अलग-अलग है क्योंकि दुनिया के कई देशों ने एक-दूसरे पर कब्जा करने की कोशिश की, मगर हम अपना हिस्सा दूसरों को देते रहे हैं। सुधांशु त्रिवेदी.



मेक इन इंडिया ने फैक्ट्री में तेजी का वादा किया था, तो क्यों विनिर्माण रिकॉर्ड निम्न स्तर पर है और युवा बेरोजगारी उच्च स्तर पर है, चीन से आयात दुगुना से अधिक क्यों हो गया। राहुल गांधी.



# गायब होने के कगार पर है 'शाही कठफोड़वा' पक्षी



वन्य जीवन

एक समय था, जब ये हरीभरी धरती रंग-बिरंगे पक्षियों से गुलजार थी। लेकिन पिछली एक शताब्दी में शिकारियों ने, तस्करों ने, बदले हुए पारिस्थितिकी ने, ग्लोबल वार्मिंग ने और ग्रीन हाउस गैसों ने पक्षियों का जीना हराम कर दिया है। पिछले सौ सालों में धरती से अगर सबसे ज्यादा कोई जीव प्रजाति गायब हुई है, तो वे पक्षी हैं। अब तक पूरी दुनिया से 10 लाख से ज्यादा वन्यजीव प्रजातियां या तो गायब हो चुकी हैं या इसके कगार पर पहुंच गई हैं। 'स्टेट ऑफ इंडियाज बर्ड्स' रिपोर्ट के मुताबिक सबसे ज्यादा खतरे की तलवार रैप्टर और बत्तखों की विभिन्न प्रजातियों पर लटक रही है। लेकिन हाल के दिनों में तेजी से गायब होती गौरैय्या और कठफोड़वा खासकर शाही कठफोड़वा भी इसी संकट से जूझते पाए गए हैं। भारत में पिछले एक दशक में जो करीब 1400 पक्षी प्रजातियां गायब हो गई हैं या गंभीर स्थिति में पहुंच गई हैं, उनमें सबसे ज्यादा मैदानी इलाकों में अपनी उपस्थिति से वातावरण को गुलजार करने वाले रंग-बिरंगे पक्षी हैं। कठफोड़वा भी इनमें से ही एक है। एक जमाना था जब हम अपने आसपास कभी न कभी इस विशेष योद्धा पक्षी को कठोर पेड़ों के तनों से मुठभेड़ करते हुए देख लेते थे, उसकी रंग-बिरंगे शाही चोंच और एक खास खनकभरी आवाज से इलाका गूंजता रहता था, लेकिन अब ये कठफोड़वा शायद ही किसी भाग्यशाली को दिखता हो। भारत में 32 कठफोड़वा प्रजातियां हैं, लेकिन इनमें सबसे खास और दुर्लभ प्रजाति शाही कठफोड़वा की है, जो मैक्सिको के कैम्पेफिलस इम्पीरियलिस प्रजाति का ही विस्तार है। मगर अब बहुत मुश्किल से ही देखने को मिलता है। वास्तव में यह शाही कठफोड़वा बेखौफ अंदाज में पेड़ों के कठोर से कठोर तनों पर चोंच मारने, उसमें छेद कर देने और फिर एक गहरी लय के साथ अपनी निकाली गई आवाज के लिए जाना जाता है। सभी कठफोड़वा ज्यादातर समय पेड़ के तनों पर ही रहते हैं और कीड़ों को खोजने के लिए पेड़ों-पेड़ों का चक्कर लगाते हैं। ये कठफोड़वा आराम से अपने रहने के लिए शानदार घोंसला बनाते हैं। इनका घोंसला पेड़ों के तनों में चोंच से मार मारकर बनाया गया घोंसला होता है। यह गर्मी, सर्दी, बारिश और आंधी से पूरी तरह से सुरक्षित होता है। बस इनके घोंसलों में सांप के घुसने की ही आशंका रहती है, जो इनके अंडों को खा जाता है। इस समय जिस कठफोड़वा को लेकर पक्षी विशेषज्ञों में सबसे ज्यादा चिंता जतायी जा रही है, वह वास्तव में यही शाही कठफोड़वा है। माना जाता है कि भारत में अब मुश्किल से दो तीन दर्जन ही ये कठफोड़वा बचे हैं। पहले पूरे मैक्सिको के जंगलों में यह कठफोड़वा प्रजाति भरपूर रूप से पायी जाती थी, लेकिन वनों की कटाई और अंधाधुंध शिकारियों द्वारा इनका किया गया शिकार अब मैक्सिको में भी इसे लगभग विलुप्त कर दिया है। दुनिया की जो सबसे ज्यादा संकटग्रस्त पक्षी प्रजातियां हैं, उनमें कठफोड़वा भी आता है। इनके अलावा साइबेरियन सफेद क्रेन जैसा प्रवासी पक्षी भी संकट में है। कठफोड़वा को तो लेकर यहां तक आशंकाएं जतायी जा रही हैं कि विशेष हाथी दांत वाला कठफोड़वा तो अब शायद गायब ही हो चुका है। क्योंकि यह सबसे ज्यादा अमरीका के लुईसियाना में हुआ करता था, लेकिन अब वहां यह एक भी देखने को नहीं मिल रहा। भारत में कठफोड़वा की जो कई प्रजातियां खतरे से घिरी हुई हैं, उसमें सफेद और काली चोंच वाले तथा लाल और पीली कलगी वाले कठफोड़वा सबसे ज्यादा संकट में है। गौरतलब है कि कठफोड़वों की पायी जाने वाली सभी प्रजातियां बेहद रंग-बिरंगी होती हैं। सब प्रजातियों की चोंच में थोड़ा बहुत फर्क है और इसी की बदौलत इनकी पहचान और वर्गीकरण होता है। ग्रेट स्लेटी से लेकर सबसे छोटी पिक्यूलेट्स तक और सबसे आम ब्लैक-रम्प्डसे फ्लेमबैक लेकर सबसे दुर्लभ अंडमान की कठफोड़वा प्रजातियां तक सबकी सब संकट में हैं। दुनियाभर में कठफोड़वा 180 प्रजातियों के पाये जाते हैं, लेकिन अब पूरी दुनिया में कोई 27-28 प्रजातियां ही बची हैं। कठफोड़वा सबसे सुंदर पक्षियों में से एक है। यह काफी खुशमिजाज पक्षी भी माना जाता है क्योंकि अकसर ये सूखे तने में चोंच मार मारकर थक जाता है तो लंबी सांस लेकर लय में आवाज निकालता है। लेकिन यह खुशमिजाज पक्षी अब धीरे-धीरे लुप्त हो रहा है। **इमेज.**

# विचारों की शक्ति

## अंतर्दृष्टि

विचार कालजयी होते हैं और यह समाज और मस्तिष्क को गहरे से प्रभावित करते हैं। व्यक्ति के मनोमस्तिष्क में विद्यमान विचार और चिंतन ही भविष्य के उसका व्यक्तित्व निर्धारित करते हैं। ठीक उसी तरह जैसे एक बीज आगे चलकर वट वृक्ष बनता है। उल्लसित वर्तमान और उज्जवल भविष्य का निर्धारण पूर्णतया सत् श्रद्धा के हाथ में है। उसी का महत्व, मर्म, उपार्जन, अभिवर्द्धन सिखाने के लिए भूतकाल की कथा-गाथाओं को पुरातन उपाख्यानों में पुराण के नाम से जाना और जनाया जाता है। भूत भविष्य और वर्तमान की सुखद संभावनओं का निर्माण अंतःकरण के जिस क्षेत्र से विनिर्मित होता है, उसका स्वरूप समझना हो तो एक श्रद्धा शब्द का उपयोग करने से वह प्रयोजन पूरा हो सकता है। बीज ही वृक्ष बनता है और श्रद्धा ही व्यक्तित्व का रूप धारण करती है। मनुष्य जो कुछ बनता है- जो कुछ पाता है वह समूचा निर्माण श्रद्धा शक्ति के चमत्कार के अतिरिक्त और कुछ नहीं है। यदि इस ब्रह्म विज्ञान के, आत्मविज्ञान के गूढ़ रहस्य को समझा जा सके तो प्रतीत होगा कि तत्वदर्शियों के वेदान्त प्रतिपादन सनातन सत्य की अयमात्मा ब्रह्म प्रज्ञानं ब्रह्म, तत्वमसि, सोहम, शिवोहम, सच्चिदानन्दोहम, आदि सूत्र में घोषित किया है। पतन से बचने और उत्थान अपनाने का सुनिश्चित उपाय बताते हुए शस्त्रकार इस उत्तरदायित्व को मनुष्य के अपने कंधों पर ही लाद देते हैं, वे कहते हैं- उद्धरेत् आत्मनात्मानं अवसादयेत् अर्थात अपना उद्धार आप करो- अपने को गिराओ मत। उसका सुनिश्चित मत है कि उत्थान पतन की मुहिम हर मनुष्य स्वतः संभालता है। परिस्थितियां तो उसका अनुगमन भर करती हैं। दिशा निर्धारण और प्रगति प्रयास अपना होता है। साधन और सहयोग तो उसी चुम्बकत्व के सहारे खिंचते भर चले आते हैं। उत्थान या पतन में से जो भी अपना मन्तव्य हो-व्यक्तियों, साधनों एवं परिस्थितियों का सरंजाम भी उसी स्तर का होता चला जाता है। श्रद्धा की इसी गरिमा को देखते हुए अध्यात्म शास्त्र ने मानवी सत्ता में विद्यमान साक्षात् ईश्वरीय शक्ति के रूप में अभिवन्दन किया है। श्रद्धा वह प्रकाश है जो आत्मा की, सत्य की प्राप्ति के लिए बनाये गये मार्ग को दिखाता रहता है। जब भी मनुष्य एक क्षण के लिए लौकिक चमक-दमक, कामिनी और कंचन के लिए मोहग्रस्त होता है तो माता की तरह ठण्डे जल से मुंह धोकर जगा देने वाली शक्ति यह श्रद्धा ही होती है। सत्य के सद्गुण ऐश्वर्य स्वरूप एवं ज्ञान की चाह अपनी बुद्धि से नहीं मिलती, उसके प्रति सविनय प्रेम भावना विकसित होती है। उसी को श्रद्धा कहते हैं। श्रद्धा सत्य की सीमा तक साधक को साधे रहती है, संभाले रहती है। श्रद्धा के बल पर ही मलिन चित्त अशुद्ध चिंतन का परित्याग करके बार-बार परमात्मा के चिंतन में लगा रहता है।

# मेरा तो अब दम घुटने लगा है

## व्यंग्यलोक

मैंने अपने मित्रों से बात की या तो सरकार गिराने की चालें चलो अथवा दल बदलो, मेरा तो इस दलदल में अब दम घुटने लगा है। पूरी तरह सूखा मरूस्थल है। कण्ठ सूखे जा रहे हैं। दबे स्वर में सभी मित्रों-सहयोगियों ने स्वीकार किया कि स्थिति बड़ी विकट है। उनकी हालत भी बड़ी खराब थी, वे भी आत्म-मंथन में यही कैवल्य प्राप्त कर सके थे। सभी सत्ता के लिए लालायित थे और गलत भी नहीं था। लम्बे समय तक निर्विघ्न सरकार चलती रहे, यह हमारे मिजाज के प्रतिकूल था। एक दिन मैंने हिम्मत करके हाईकमान से ही कहा- आत्म-मंथन के इस लम्बे दौर से तो पार्टी के संगठन पर कुप्रभाव पड़ सकता है और पार्टी टूट सकती है। इसलिए हमें आत्म-मंथन के कीचड़ से बाहर निकालिये। वे बोले- घबराओ नहीं, कीचड़ में कमल खिलता है। मैंने कहा- वह तो खिला हुआ है। गठबंधन के लोग गुलछर्रे उड़ा रहे हैं और हम मरूस्थल में पानी की चाहना में भटक रहे हैं। पार्टी हाईकमान ने मुझसे कहा- यह अनुशासनहीनता है। तुम्हारे खिलाफ कार्यवाही हो सकती है। अपनी जबान को लगाम दो और चुपचाप आत्म-मंथन में तल्लीन हो जाओ।



पूरन सरमा

मैं बोला- मेरा धैर्य जवाब दे रहा है और अब मैं ज्यादा आत्म-मंथन नहीं कर सकता। वे बोले- तुम सत्तालोलुप हो-सत्तारूढ़ दल से मिल गये हो। पार्टी से बाहर जाना चाहते हो। मैं जोरों से चिल्लाया- हाँ-हाँ मैं बाहर जाना चाहता हूँ। मुझे सत्ता चाहिए। ऐसे तो मैं डूब जाऊँगा। मैं जनसेवा करने नहीं, अपनी सेवा के लिए आया हूँ राजनीति में। इतना सुनना था कि उन्होंने मुझे पार्टी से छः वर्ष के लिए निकाल दिया तथा मेरे साथ मेरे आठ साथियों को भी। अब तो मजे हो गये। मैं नेता बन गया था। गठबंधन में कुछ दल, दलदल पैदा कर रहे थे। उनको मेरी सख्त आवश्यकता थी। मैंने भी सोचा-आत्म-मंथन किया और पाया कि समर्थन देकर यदि मंत्री पद मिलता है तो मनचाहे कार्य पूरे हो जायेंगे। मैंने समर्थन दे दिया। सरकार गिरते-गिरते बच गयी। मैं भी गिरा, लेकिन सँभल गया। वे लोग अभी भी आत्म-मंथन कर रहे हैं। लेकिन आत्म-मंथन जो मैंने किया और उससे जो निकला, वह लाभदायी था और मैं प्रसन्न था। मेरे साथ जो लोग आत्म-चिंतन कर आये थे, वे भी सुखी थे। आत्म-मंथन के दलदल से निकलकर सत्ता की मलाई क्या चाटने लगा मेरी सारी मनोकामना पूरी हो गयी। इति आत्म-चिंतन पुराण।

## आप की बात

### ग्लोबल वार्मिंग का खतरा

जलवायु परिवर्तन का संकट अब सीधे-सीधे मानव समाज के अस्तित्व के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। इसलिए इससे निपटने, लोगों को जागरूक करने और सरकार के नियोजित प्रयासों की तुरंत जरूरत है। देश के कई इलाके जलवायु परिवर्तन के शिकार हैं सो संबंधित राज्यों को समय रहते इससे पैदा होने वाले खतरों से निपटने की दिशा में ठोस पहल करनी चाहिए, लेकिन इस संदर्भ में विशेष चेतना तथा कार्य प्राथमिकता बहुत कम राज्यों में दिखती है। लगभग सभी राज्यों के पास कथित तौर पर जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों से निपटने की ठोस योजनाएं है। बेशक कोई राज्य अतिवृष्टि, बाढ़ से अधिक प्रभावित होता है तो कोई सूखे, लू, बर्फबारी, भूस्खलन से, किसी को कोई अन्य पर्यावरणीय परेशानी है, सबब यह कि राज्यों की नीतियां भी उनके अनुरूप बनाई गई हैं। मगर जलवायु परिवर्तन एक मूल कारण है और बाकी उसके लक्षण, प्रकार या विभेद। राज्यों को प्रकार और विभेदों से निपटने की रणनीति के साथ मूल समस्या से लड़ने की भी मजबूत योजना बनानी होगी। लेकिन जलवायु परिवर्तन के खतरे के इतने नजदीक आने के बावजूद ज्यादातर राज्य अपनी योजनाओं को लेकर बस कदमताल करते दिखते हैं। उन्हें अपने ही निर्धारित क्लाइमेट एजेंडा की गंभीरता के प्रति बहुधा उदासीन देखा गया है। वन हरित क्षेत्र को दूने से ज्यादा बढ़ाना, राजस्व अभिलेखों में दर्ज तालाबों और सूख चुके जल स्रोतों को पुनर्जीवित करना, सिंगल यूज प्लास्टिक का प्राकृतिक वैकल्पिक समाधान देना, इनमें कितने राज्य सफल हो पाए। रसायन एवं खाद्य उद्योग में बायोमास, कोयला, बिजली, गैस फीडस्टाक, हाईड्रोजन, रिफाइंड लिक्विड आदि की वास्तविक खपत विभिन्न उद्योंगों में जीवाश्म ईंधन के इस्तेमाल संबंधी आंकड़े और तय समय में उसकी कमी कौन आंक रहा है। ई-वेस्ट, बायोमेडिकल वेस्ट, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के मामले में अधिकांश राज्यों का प्रदर्शन बहुत प्रशंसनीय नहीं है। स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण, जलवायु परिवर्तन संबंधित जनजागरूकता कार्यक्रम और शैक्षणिक संस्थानों में क्षेत्र की जैव विविधता पर जलवायु परिवर्तन का प्रभाव पढ़ाना हो या मवेशियों, पालतू पशुओं पर इसके प्रतिकूल प्रभावों पर व्यापक शोध कराना, कौन सा राज्य किस स्तर पर कर रहा है यह जांचने से निराशा हाथ लग सकती है। ग्लोबल वार्मिक के संकट को टालने के लिए अब ईमानदारी से और दूरगामी प्रयास की जरूरत है।

**ज्ञान प्रकाश सिंह, लखनऊ.**

### संविदा नहीं, स्थायी भर्तियां करें

उत्तर प्रदेश में सरकारी नौकरियों में खाली पदों पर भर्ती करने के बजाय प्रदेश सरकार सेवा प्रदाताओं के माध्यम से भर्तियां करती हैं। इससे जो युवा नौकरी में जाते हैं उनका दोहरा शोषण होता है। एक तो अधिकांश सरकारी सेवा प्रदाता कंपनियां युवाओं से घूस लेकर भर्तियां करती हैं, दूसरे उनको बहुत मामूली वेतन मिलता है और तीसरे उनकी नौकरी को भी हमेशा खतरा बना रहता है। यह स्थितियां इसलिए बनी हैं कि अगर सरकार सीधे संविदा पर भर्ती करे तो जो लोग एक बार भर्ती हो जायेंगे वे नौकरी में बने रहने के लिए यूनियन बनाकर शक्ति प्रदर्शन करेंगे, स्थायी करने की मांग करेंगे और फिर वेतन बढ़ाने और बात-बात पर हड़ताल भी करेंगे। कुछ लोगों की मनमानी के कारण आज पूरा युवा परिणाम भुगत रहा है। सरकार अपनी तरफ से संविदा नौकरियों पर भी भारी पैसा खर्च करती है, लेकिन सेवा प्रदाता कंपनी पूरा पैसा नहीं देती हैं। वह खुद भी मुनाफा काटती हैं, उसके कर्मचारी घूस लेते हैं और मामूली वेतन पर युवाओं को रखकर उनका शोषण करती हैं। युवाओं का शोषण रोकने और उनको अच्छा वेतन व सुविधाएं देने के लिए यह जरूरी है सरकार चाहे स्थायी नौकरी दे या संविदा पर रखे, लेकिन भर्तियां सीधे करें। भर्ती में बिचौलिया कंपनियों की कोई भूमिका नहीं होनी चाहिए।

**महेश कुमार श्रीवास्तव, लखनऊ.**

संक्षेप

## गन्ना किसानों की समस्याओं पर हुआ मंथन

**अयोध्या।** सहकारी गन्ना विकास समिति मसौधा के संचालक मंडल की बैठक चेयरमैन संतोष सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में गन्ना किसानों कि समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई ।

उनके निदान के लिए संचालक मंडल द्वारा कई अहम प्रस्ताव भी पारित किए गए। बैठक में समिति की खाली पड़ी भूमि पर मैरिज लॉन का निर्माण कराए जाने हेतु पूर्व में बोर्ड द्वारा पारित प्रस्ताव पर उप गन्ना आयुक्त अयोध्या की ओर से अनुमोदन न दिए जाने पर बोर्ड के सदस्यों ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की और पुनः सर्वसम्मत से प्रस्ताव पारित किया गया कि निर्माण के प्रस्ताव के अनुमोदन हेतु पुनः पत्राचार किया जाए। अन्यथा की दशा में बोर्ड का प्रतिनिधि मंडल प्रदेश की गन्ना आयुक्त से मुलाकात कर उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराएगा। रौजा गांव और मिझौड़ा चीनी मिल की ओर से अपने आरक्षित क्षेत्र के गन्ना कृषकों को कीटनाशक ट्रिकोडरमा सहित अन्य निःशुल्क उपलब्ध कराए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए चीनी मिल मसौधा द्वारा 50 प्रतिशत अनुदान को हटाकर निःशुल्क किए जाने का प्रस्ताव किया।

# अयोध्या में बाढ़ से बचाव की तैयारियां पूरी

जिला संवाददाता



- 18 गांव होते हैं प्रभावित, इसके लिए 14 बाढ़ शरणालय और 12 बाढ़ चैकियां चिह्नित
- 150 से अधिक नाव जल पुलिस से कराई गई है चिह्नित
- कंट्रोल रूम 24 घन्टे सक्रिय, राजस्व विभाग भी अलर्ट पर

**अयोध्या।** भले ही अभी नदियां उफान पर न हों, लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर एहतियातन जिले में बाढ़ से बचाव के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिला प्रशासन ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्यों के लिए पुख्ता इंतजाम किए हैं। जिले की तीन तहसीलों (सदर, रुदौली और सोहावल) के 18 गांव बाढ़ से प्रभावित होते हैं। इन गांवों की सुरक्षा के लिए 14 बाढ़ शरणालय और 12 बाढ़ चैकियां स्थापित की जा रही हैं। इसके अलावा जल पुलिस ने 150 नावों को चिह्नित किया है, जो बाढ़ के दौरान बचाव कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। जिला प्रशासन ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री और लंच पैकेट के वितरण के लिए टेंडर प्रक्रिया भी शुरू कर दी है।पिछले साल अयोध्या में बाढ़ ने 14 गांवों को प्रभावित किया था। इस बार बाढ़ का असर कम रहने की संभावना जताई जा रही है, फिर भी प्रशासन कोई जोखिम नहीं लेना चाहता। सोहावल तहसील का माझा कला गांव, रुदौली तहसील का कैथी माझा और सदर तहसील के पूराबाजार के निचले इलाके बाढ़ की चपेट में सबसे ज्यादा आते हैं। इन क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जा रही है।

जिला प्रशासन ने बाढ़ से निपटने के लिए व्यापक रणनीति तैयार की है।सीएमओ ने 35 चिकित्सा टीमें और मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने 21 टीमें तैनात करने का निर्णय लिया है। ये टीमें बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं और पशुओं की देखभाल सुनिश्चित करेंगी।

राहत सामग्री और लंच पैकेट के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। टेक्निकल टेंडर खुल चुका है, जबकि फाइनेंशियल टेंडर की प्रक्रिया जल्द पूरी होगी। जिला प्रशासन ने बाढ़ चैकियों पर राजस्व कर्मियों और लेखपालों की ड्यूटी लगाई है, जो लगातार स्थिति पर नजर रख रहे हैं। कंट्रोल रूम पूरे साल 24 घंटे सक्रिय रहता है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके। होमगार्ड और अन्य कर्मियों की तैनाती भी सुनिश्चित की गई है। बाढ़ के दौरान प्रभावित लोगों को तत्काल सहायता प्रदान करने के लिए हरसंभव कदम उठाए जा रहे हैं।

बाढ़ से निपटने की तैयारियों का जायजा लेने के लिए 26 जून को जिले की तीनों तहसीलों सदर, रुदौली और सोहावल में मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। सोहावल के आदर्श बाढ़ शरणालय पर विशेष प्रदर्शन होगा, जिसमें बचाव और राहत कार्यों की प्रक्रिया का अभ्यास किया जाएगा। इस दौरान यह भी देखा जाएगा कि आठ घंटे के भीतर गांवों को खाली कराने की क्षमता कितनी है। सदर तहसील में मुनादी कराकर लोगों को जागरूक किया जाएगा, ताकि वे बाढ़ की स्थिति में सुरक्षित स्थानों पर पहुंच सकें।

जिला आपदा विशेषज्ञ अधिकारी यथार्थ तिवारी ने बताया कि प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में नदियों के जलस्तर पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। पिछले साल की बाढ़ को देखते हुए इस बार विशेष सतर्कता बरती जा रही है।

## महारानी दुर्गावती का मनाया गया बलिदान दिवस

**अयोध्या।** गोंड वीरांगना महारानी दुर्गावती का बलिदान दिवस चाँदपुर हरिवन्श मे जिलाध्यक्ष कन्हैया लाल गोंड की अध्यक्षता मे सम्पन हुआ जिसका संचालन दलसिंगार गौड़ ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि पूर्व विधायक जयशंकर पांडे जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव प्रदेश महासचिव छोटे लाल यादव ने महारानी दुर्गा वती जी के चित्र पर माल्यार्पण करके कार्यक्रम की शुरूआत की कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक जयशंकर पांडे ने बताया कि गौड समाज को एकजुट होकर अपने हक हकूक को लेना चाहिए और रानी दुर्गावती के संघर्ष से सीख लेना होगा रानी दुर्गावती की बहादुरी को और एक अच्छा शासक बताया। वहीं गौड महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बाबू राम गौड नें महारानी दुर्गावती के सर्घष को विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा की गोंड समाज को महारानी दुर्गा वती के बताये हुए रास्ते को चलना होगा महारानी दुर्गा वती के बताये हुए रास्ते को अपनाये और सीख लेने की जरुरत है समाज को राजनीतिक समाजिक शैछिक मे भी बढचढ कर हिस्सा लेना होगा तभी समाज अग्रसर हो पायेगा।

## एक वाहन चोर गिरफ्तार, चोरी की नौ बाइक बरामद




**बाराबंकी।** थाना रामसनेहीघाट पुलिस ने 1 शातिर ऑटोलिफ्टर को चोरी की 9 बाइक बरामद करते हुये गिरफ्तार किया। पुलिस लाइन सभागार मे प्रेस वार्ता कर रहे अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी रितेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने 1 शातिर ऑटो लिफ्टर मुकेश जायसवाल पुत्र शिवशंकर जायसवाल निवासी ग्राम देवीगंज थाना असन्द्रा को दरियाबाद अण्डर-पास के निकट से चोरी की 9 अदद मोटरसाइकिल बरामद करते हुये गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ मे अभियुक्त ने बताया कि जनपद व आस-पास के जनपदों में भीड़-भाड़ वाले स्थानों, बाजार व पार्कों आदि में खड़ी मोटर साइकिलों को चोरी कर बूढ़े बाबा मंदिर के पास पुराने पुल के निकट झाड़ियों में छिपाकर रखता था। तथा कम दामों पर आम लोगों को बेच देता था।

## ई-केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण न करने पर पीएम किसान योजना के लाभ से वंचित हो सकते हैं 34191 कृषक

**बहराइच ।** उप निदेशक कृषि विनय कुमार वर्मा ने बताया कि जनपद के लगभग 34191 किसान ऐसे हैं, जिनके द्वारा अभी तक अपनी ई-केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण नहीं की गई है। जिसके कारण ऐसे किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की अग्रिम किश्त प्राप्त नहीं हो पायेगी। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए ई-केवाईसी अनिवार्य है। योजनान्तर्गत शासन द्वारा पात्र कृषकों को रू. 6,000=00 की वार्षिक सहायता 03 किश्तों में प्रदान की जाती है।

उप निदेशक कृषि श्री वर्मा ने सभी ग्राम प्रधानों, क्षेत्रीय कर्मचारियों, पंचायत सचिवों, कृषि मित्रों एवं किसान संगठनों से भी अपील की है कि अपने-अपने क्षेत्रों में किसानों को जागरूक कर ई-केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण कराने में सहयोग करें, जिससे कोई भी पात्र किसान इस योजना के लाभ से वंचित न रहें। उन्होंने बताया कि इच्छुक कृषक आधार से लिंक मोबाइल नम्बर के साथ पीएम किसान डाट जीओवी डाट इन पर जाकर स्वयं अथवा अपने निकटतम सी.एस.सी. सेन्टर पर जाकर शीघ्र ही ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूर्ण करा लें ताकि भारत सरकार द्वारा शीघ्र ही जारी की जाने किश्त का लाभ प्राप्त करने से वंचित न होने पाये।

## जिला कृषि अधिकारी के कार्यालय में स्थापित हुआ कंट्रोल रूम

**बहराइच ।** जनपद मे कृषकों को सुगमतापूर्वक तथा गुणवत्तायुक्त उर्वरक निर्धारित दरों पर उपलब्ध कराने हेतु जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर जिला कृषि अधिकारी, बहराइच कार्यालय मे कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गई है। यह जानकारी देते हुए जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव ने बताया कि उर्वरक प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की कोई समस्या होने पर किसान बन्धु कन्ट्रोल रूम के मो.न. 7839882245, 9839701048 व 8423270566 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं जहां से किसान भाईयों की समस्या का यथोचित समाधान तत्काल किया जायेगा। कन्ट्रोल रूम प्रत्येक कार्य दिवस मे प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक चालू रहेगा।

## दबंगों ने की धान की रोपाई



**मिल्कीपुर-अयोध्या।** थाना खण्डासा अंतर्गत टिकटी गांव में चल रहा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। भखौली पूरे कुंजल गांव के निवासी पीड़ित बंशीलाल पुत्र परमेश्वर ने चक मार्ग पर कब्जे को लेकर क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर से मिलकर शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। बंसीलाल पुत्र परमेश्वर, निवासी पूरे कुंजल मौजा

- पीड़ित ने क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर से की शिकायत

भखौली थाना खंडासा ने बीते 6 जून को उपजिलाधिकारी मिल्कीपुर को शिकायती पत्र देकर गांव के कुछ दबंगों द्वारा चक मार्ग गाटा संख्या 863, 864, 871 पर कब्जा करने की शिकायत की थी। शिकायत के बाद राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर कब्जा हटवाया था। सोमवार को कब्जाधारियों ने पुनः चक मार्ग पर धान की रोपाई कर दी। इसकी शिकायत पीड़ित ने डायल 112 पर की, पीआरवी टीम मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझाया बुझाया और चैकी पर बुलाया। पीड़ित अपनी शिकायत लेकर पुलिस चैकी खण्डासा पहुंचा और बताया कि उपजिलाधिकारी से शिकायत करने के बाद राजस्व टीम जिसमें लेखपाल और कानूनगो ने ग्राम प्रधान और अन्य ग्रामीणों की मौजूदगी में कब्जा हटवाया था। गांव के ही निवासी विनोद सिंह, जयप्रकाश सिंह सहित कुछ अन्य लोगों ने ग्राम सभा टिकटी के चक मार्ग पर पुनः अवैध कब्जा कर लिया।

# जिलाधिकारी ने आई हॉस्पिटल का किया निरीक्षण



- साकेत सदन, चौदहकोसी परिक्रमा मार्ग व धर्मपथ से चौधरी चरण सिंह घाट के चौड़ीकरण का लिया जायजा

**अयोध्या।** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने बुधवार को सीतापुर आई हास्पिटल गुलाबबाड़ी मार्ग, वशिष्ठ भवन दुराही कुआ टेढ़ीबाजार, साकेत सदन (अफीम कोठी), चैदह कोसी परिक्रमा मार्ग एवं धर्मपथ से चौधरी चरण सिंह घाट के चौड़ीकरण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान सीतापुर आई हास्पिटल में प्रस्तावित 300 शैय्या चिकित्सालय के दृष्टिगत प्रांगण के अंदर पुरानी बिल्डिंग व बने कमरों का निरीक्षण किया और सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि हास्पिटल के प्रोजेक्ट का फाइनल अप्रूबल के लिए गया है जल्द ही अप्रूबल मिलने के पश्चात हास्पिटल बनने की कार्यवाही शुरू हो जायेगी। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी, नगर मजिस्टेज्ट सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

सीतापुर आई हास्पिटल के निरीक्षण के बाद जिलाधिकारी ने उपाध्यक्ष अयोध्या विकास प्राधिकरण अयोध्या व अधिशाषी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग के साथ धर्मपथ से चैधरी चरण सिंह घाट पर चल रहे चैड़ीकरण कार्य का जायजा लिया। उन्होंने धर्मपथ पर चैपाटी हाट एवं निमार्णाधीन शौचालय के विषय में जानकारी करते हुये कहा कि कार्य को गति देते हुये समय पर पूर्ण करें।

जिलाधिकारी ने इसके बाद वशिष्ठ भवन निकट दुराही कुआ टेढ़ीबाजार का निरीक्षण करते हुये बाउण्ड्री, टाइल्स, भवन की फिनीसिंग, पार्क व पार्किंग को देखा गया और प्रोजेक्ट मैनेजर सीएण्डडीएस यूनिट-44 को निर्देश दिये कि यथाशीघ्र कार्य को पूर्ण करना सुनिश्चित करें। तत्पश्चात साकेत सदन (अफीम कोठी) का निरीक्षण करते हुये पार्क, पार्किंग, फिनीसिंग कार्य, लाइटिंग, कैमरा, शौचालय, पानी व्यवस्था आदि का निरीक्षण किया और फिर 14 कोसी परिक्रमा मार्ग में ककरही बाजार, गुप्तारघाट, जनौरा हनुमानगढ़ी के पास चल रहे चैड़ीकरण के कार्य का स्थलीय निरीक्षण करते हुये सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान उप जिलाधिकारी सदर, पीएम यूपीपीसीएल सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## रोजगार मेले में 82 युवाओं को मिला रोजगार

**अयोध्या।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, मॉडल कॅरियर सेन्टर अयोध्या द्वारा राजकीय महिला पॉलिटेक्निक, परिसर, सहादतगंज, अयोध्या में आयोजित एक दिवसीय रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित ब्रिटिश कम्पनी मौरिस गैरेज (जे0 एस0 डब्लू0 एम0 जी0) मोटर इण्डिया प्रा0लि0 के एच0आर0 द्वारा 146 प्रतिभागी अभ्यर्थियों में से 82 बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया गया। सहायक निदेशक, सेवायोजन अयोध्या देवव्रत कुमार ने मेले में प्रतिभाग कर रहे अभ्यर्थियों का उत्साहवर्धन एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसी क्रम में एक कैरियर काउंसलिंग कार्यशाला का भी आयोजन किया गया। सहायक निदेशक सेवायोजन द्वारा रोजगार मेले में उपस्थित युवाओं एवं युवतियों को सफल होने के कई गुण बताएं तथा यह भी कहा गया कि अपने लक्ष्य के प्रति दृढ संकल्प एवं कठिन परिश्रम करने से ही लक्ष्य की प्राप्ति हो सकती है। रोजगार मेले में महिला पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य एलपी सिंह, निखिल सिंह, अजीत सिंह, राकेश कुमार मौर्य, दिनेश चंद मौजूद रहे।

## महापौर जानेंगे जनसमस्याएं

**अयोध्या।** महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी नगर निगम की टीम के साथ शुक्रवार को अश्वनीपुरम वार्ड का भ्रमण कर सफाई, पेयजल, पार्कों, नालियों एवं गलियों की स्थिति देखेंगे। इस दौरान जनसुनवाई कर समस्याओं का समाधान भी कराएंगे। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडेय ने बताया कि नगर की सरकार आपके द्वार अभियान के तहत 27 जून को सुबह सात बजे महापौर भ्रमण कर लोगों की शिकायतें और समस्याएं संकलित करेंगे और उसका यथासंभव समाधान कराएंगे। भ्रमण की तैयारी को लेकर नगर आयुक्त श्री जयेंद्र कुमार ने सभी विभागाध्यक्ष को आवश्यक टीमों सहित मौके पर मौजूद रहने के निर्देश दिए हैं। भ्रमण में जलकल, स्वास्थ्य, प्रकाश एवं निर्माण विभाग से जुड़ी टीमें शामिल रहेंगी। इस दौरान शिविर लगाकर गृह एवं जलकर, जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र सहित विभिन्न प्रकार की समस्याओं को संकलित किया जाएगा और उसका यथासंभव निदान भी कराया जाएगा। समस्याओं को संकलित करने के लिए स्वयंसेवी संस्था राम का घर की टीम भी सक्रिय रहेगी।

# डीएम की अध्यक्षता में रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशंस सेंटर ने की कार्यशाला



**बाराबंकी।** रिमोट सेन्सिंग एप्लीकेशन्स सेन्टर, उ०प्र० लखनऊ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला मे सेन्टर के वरिष्ठ वैज्ञानिक अमित सिन्हा एवं डा0 सुधाकर शुक्ला, परियोजना वैज्ञानिक डा0 जय कुमार मिश्रा, हिमांशु कुमार द्वारा विभिन्न परियोजनाओं में रिमोट सेन्सिंग एवं जीआईएस तकनीक का उपयोग करके जनपदवार तैयार किये गये डिजिटल डाटाबेस का प्रस्तुतीकरण करते हुये जानकारी दी गई।

वैज्ञानिकों द्वारा रिमोट सेन्सिंग, जीआईएस एवं जीपीएस तकनीक के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया कि इस तकनीक का उपयोग कृषि, राजस्व, भू-संचय, जल-संचय, प्राकृतिक आपदा, ग्राम्य विकास, पंचायती राज, सिंचाई विभाग, जल निगम, नलकूप, सड़क, वन आदि में किया जाता है तथा भुवन पोर्टल पर जाकर जानकारी प्राप्त की जा सकती है। कार्यशाला मे लिडार तकनीक वप्रधानमंत्री गतिशक्ति पोर्टल (पीएमजीएसपी) के माध्यम से विभिन्न विभागों के डाटाबेस के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यशाला में परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला विकास अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, उप निदेशक कृषि, कृषि रक्षा अधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, जिला पंचायत अधिकारी, लोक निर्माण विभाग अधिकारी, सामाजिक वानिकी, उपायुक्त मनरेगा, जल निगम, लघु सिंचाई सहित समस्त जनपदस्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# पीड़ित बीसी सखी के साथ हो रहे अन्याय पर ज्ञापन सौंप कर की जांच की मांग



**बहराइच।** आर्थिक शारीरिक व मानसिक शोषण से पीड़ित बी0 सी0 सखी के साथ हो रहे अन्याय पर बहराइच जिलाधिकारी को सम्बोधित सिटी मैजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपकर जांच की माग कीविशिष्ट करसपोडेन्ट महिला उत्थान समिति की ओर से जिलाध्यक्ष सालिनी मिश्रा , जिला उपाध्यक्ष ममता शुक्ला, जिला कोषाध्यक्ष पूनम मिश्रा , जिला सचिव शहनाज बेगम, व जिला सरंक्षक विवेक बाजपेई ने मिलकर ज्ञापन सौंपकर मांग की ।कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 2020 मे लगभग 57 हजार प्रत्येक गांव सभा मे एक वित्तीय लेन-देन कार्य के लिए चार हजार रुपये के मानदेय पर रखा गया था व 4 प्रतिशत ब्याज के 75,000 हजार रूपए सपोर्ट फण्ड देकर जबरदस्ती अपने अनुसार 40,000 हजार की मशीने दिलवाई लेकिन सरकार ने बी0सी0 सखी का शोषण करने की नीयत से 06 माहके उपरान्त सभी का मानदेय बन्द कर दिया गयाऔर कहा कि आप केवल कमीशन पर ही काम करेंगी जबकि सरकार द्वारा प्राईवेट वालेट बैंक ( पेनियरबाई, फिनो , एयरटेल बैंक;मनीपाल )के साथ जोड दिया गया है ।जिसका कमीशन नही के बराबर है अच्छे कार्य करने वाली बीसी सखी की प्रतिमाह मात्र 405 रुपए की आमदनी हुई जो बहुत कम है जबकि इस तरह शोषण स्वतंत्र भारत मे किसी भी सरकार ने किसी भी कर्मचारी के साथ नही किया गयाअतः उपरोक्त समस्याओ को देखते हुए अनुरोध किया गया कि कि समस्त बी0सी0 सखियो को सम्मानजनक मानदेय दिलाया जाए

## ट्रक से डीजल चोरी करते पकड़े गये चार शातिर चोर, अवैध असलहा भी बरामद



**अयोध्या।** बीकापुर थाना क्षेत्र में डीजल चोरी की एक बड़ी घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने चार शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों के पास से 85 लीटर चोरी का डीजल, एक चोरी में प्रयुक्त सफेद रंग की कार और एक अवैध देशी तमंचा 315 बोर बरामद किया गया है ।एसएसपी डा गौरव ग्रोवर ने बताया कि घटना 24 जून की है जब एक ट्रक चालक ने प्रयागराज रोड पर ट्रेलर खड़ा कर विश्राम किया था। इसी दौरान चार लोग ट्रेलर से डीजल निकाल रहे थे। ड्राइवर के भाई ने उन्हें रंगे हाथ पकड़ा, लेकिन आरोपियों में से एक ने कट्टे से फायर कर दिया और ड्राइवर के सिर पर तमंचे की बट से वार किया। तीन अभियुक्त मौके से फरार हो गए, जबकि एक आरोपी मंजीत पासी को मौके पर पकड़ा गया। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस को मुखबिर की सूचना पर सफलता मिली और फरार तीन आरोपियों धर्मेन्द्र लोधी, राहुल पासी और राजन यादव को मगांरी पुल के पास एक खंडहरनुमा मकान से गिरफ्तार किया गया। धर्मेन्द्र के पास से तमंचा और 35 लीटर डीजल, व घटना प्रयुक्त कार बरामद किया गया।

## करंट लगने से मां-बेटी की मौत

**बाराबंकी।** जिले में बुधवार दोपहर लोहे के तार से कपड़े उतारते समय करंट लगने से मां-बेटी की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, असंद्रा कस्बे के पट्टी सैयद मोहल्ला निवासी अली हैदर की 24 वर्षीय बेटी चमन जहरा दोपहर के समय हल्की बूंदाबांदी के बाद छत पर सुखाए गए कपड़े उतारने गई थी। कपड़े जिस लोहे के तार पर पड़े हुए थे, उसमें करंट आ रहा था और जैसे ही चमन ने कपड़ों को छूने की कोशिश की, उसे करंट लग गया।

# मसालों की खेती से प्रदेश के किसानों की बढ़ रही आमदनी

**बहराइच ।** भारत प्राचीन काल से ही मसालों की भूमि के नाम से जाना जाता रहा है। मसाला एक लो वॉल्यूम एवं हाई वैल्यू वाली फसल है। अंतर्राष्ट्रीय मानक संगठन के अनुसार विश्व के विभिन्न भागों में 109 से अधिक मसाला प्रजातियों की खेती की जाती है। भारत में भी विभिन्न प्रकार की मृदा एवं जलवायु होने के कारण 20 बीजीय मसालों सहित कुल 63 मसाला प्रजातियां उगाई जाती है। भारत विश्व में मसालों का सबसे बड़ा उत्पादक, उपभोक्ता एवं निर्यातक देश है। भारत के कुल मसाला उत्पादन का 80 से 90 प्रतिशत घरेलू माँग की पूर्ति में उपयोग होता है तथा उत्पादन का शेष भाग विश्व के लगभग 130 देशों में निर्यात होता है।

वर्तमान में भारत में मसालों का उपभोग 3.25 किलोग्राम प्रति व्यक्ति प्रतिवर्ष है, जिसमें परिवार के कुल खाद्य का 4.4 प्रतिशत खर्च होता है। कुल कृषि निर्यात में मसालों की हिस्सेदारी 06 प्रतिशत है। कुल विभिन्न मसालों के निर्यात में मिर्च की हिस्सेदारी 42 प्रतिशत, बीजीय मसालों की 25 प्रतिशत, हल्दी 5 प्रतिशत, अदरक 4 प्रतिशत व अन्य मसालों की 7 प्रतिशत है। विश्व में मसालों की अनुमानित माँग वृद्धि 3.19 प्रतिशत है, जो की जनसंख्या वृद्धि दर से ठीक ऊपर है। उत्तर प्रदेश में किसानों को उत्पादकता बढ़ाने हेतु उन्नतशील बीज, उन्नत कृषि तकनीक के साथ साथ मसालों पर शोध एवं किसानों को प्रशिक्षण देते हुए मसाला उत्पादन में बढ़ोत्तरी की जा रही है। जिससे किसानों की आय में वृद्धि हो रही है।

उत्तर प्रदेश के कृषक खरीफ में हल्दी, अदरक, मिर्च एवं प्याज आदि की खेती करते है तथा रबी मौसम में धनिया, सौंफ, जीरा, मेथी, लहसुन, अजवाइन, कलौंजी एवं मंगरैल आदि की खेती करते हैं। प्रदेश में कृषि वैज्ञानिकों द्वारा अबतक विभिन्न मसाला फसलों की 11 प्रजातियों का विकास किया गया है, जिनमें हल्दी की 5 प्रजातियां विकसित की गयी है। जिनमें नरेन्द्र हल्दी-1. नरेन्द्र हल्दी-2 नरेन्द्र हल्दी-3. नरेन्द्र हल्दी-98 नरेन्द्र सरयु है। धनियों की प्रजातियां में नरेन्द्र धनियां-1 व नरेन्द्र धनिया-2 विकसित है। मेथी की 3 प्रजातियां विकसित की गई है। हल्दी का कृमिनाशक गुण एवं पीलापन इसमे उपस्थित तत्व करक्यूमिन के कारण होती है।

# कांग्रेस ने किया था लोकतंत्र पर कुठाराघात

जिला संवाददाता



**बहराइच।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में नगर पालिका परिषद के परिसर में कांग्रेस के लोकतंत्र पर कुठाराघात के 50वीं वर्ष पर एक प्रदर्शनी लगाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अमित वाल्मीकि प्रदेश मंत्री भारतीय जनता पार्टी व विशिष्ट विजय प्रताप सिंह क्षेत्रीय महामंत्री भाजपा जिला अध्यक्ष भाजपा बृजेश पांडे व कार्यक्रम संयोजक जिला महामंत्री नन्हेलाल लोधी व श संयोजक जिला मंत्री हेमा निगम के साथ महापुरुषों पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित करके दीप प्रज्वलित किया व प्रदर्शनी का अवलोकन किया तत्पश्चात जिला अध्यक्ष ने स्वागत भाषण में उपस्थित जन समूह को अवगत कराते हुए कहा कि 25 जून 1975 को आधी रात को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आंतरिक अशांति का बहाना बनाकर भारत पर आपातकाल थोप दिया था। यह निर्णय किसी युद्ध या विद्रोह के कारण नहीं बल्कि अपने चुनाव को रद्द किए और सत्ता बचाए जाने की हताशा में लिया गया था। कांग्रेस पार्टी में न केवल इस काले अध्याय लोक तांत्रिक संस्थाओं को रौंदा बल्कि प्रेस की स्वतंत्रता न्यायपालिका की निष्पक्षता और नागरिकों के मौलिक अधिकारों को कुचल कर स्पष्ट कर दिया कि जब-

- प्रदर्शनी लगाकर जताया विरोध

जब सत्ता संकट में होती है वे संविधान और देश की आत्मा को ताक पर रखने से पीछे नहीं हटते। आज कांग्रेस पार्टी 50 वर्ष बाद उसी मानसिकता पर चल रही है। केवल तरिके का बदलाव हुआ है नियत आज भी वैसे तानाशाही वाली ही है। मुख्य अतिथि ने कहा 1975 में आपातकाल की कोई राष्ट्रीय संकट का नतीजा नहीं थी बल्कि यह एक डरी हुई प्रधानमंत्री की सत्ता बचाने की रणनीति थी जिसे न्यायपालिका से मिली चुनौती से बौखला कर थोपा गया इंदिरा गांधी ने आंतरिक शांति की आड़ लेकर अनुच्छेद 352 का जब दुरुपयोग किया जबकि ना उस समय कोई युद्ध की स्थिति थी न विद्रोह न कोई बाहरी आक्रमण हुआ था यह सिर्फ इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा इंदिरा की चुनावी सदस्यता रद्द करने के निर्णय को निष्क्रिय करने और अपनी कुर्सी को बचाने की जिद थी जिस संविधान की शपथ लेकर इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री बनी थी उसी संविधान की आत्मा को कुचलते हुए उन्होंने लोकतंत्र को एक झटके में तानाशाही में बदल दिया। और चुनाव में दोषी ठहराए जाने के बाद नैतिकता से इस्तीफा देने के बजाय पूरी व्यवस्था को ही कठपुतली बनाकर रखने का षड्यंत्र रच दिया ।कांग्रेस सरकार ने कार्यपालिका विधायिका न्यायपालिका सहित लोकतंत्र के तीनों स्तंभों को बंधक बनाकर सत्ता के आगे घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया फिर उसकी स्वतंत्रता पर ऐसा हमला हुआ कि बड़े-बड़े अखबारों की बिजली काट दी गई सेंसर शिप लगाई गई और पत्रकारों को जेल में डाल दिया गया ।आपातकालीन के दौरान एक परिवार को संविधान के ऊपर रखने वाली कांग्रेस आज भी राहुल प्रियंका के इर्द-गिर्द सिमटी हुई है इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि विजय प्रताप सिंह क्षेत्रीय महामंत्री ने कहा की आपातकालीन के इस काले दौर में कांग्रेस न्यायपालिका पर कभी न भरने वाले घाव किए इंदिरा गांधी ने जस्टिस एच आर खन्ना जैसे ईमानदार जज को सीनियर होने के बावजूद मुख्य न्यायाधीश नहीं बनाया क्योंकि उन्होंने सरकार के खिलाफ फैसला सुनाया था। इंदिरा गांधी ने अपने सत्ता को महफूज रखने के लिए संविधान के 39 वां और जैसा क्रूर और अलोकतांत्रिक संशोधन किया जिसके तहत प्रधानमंत्री और अन्य शीर्ष पदों पर न्यायिक समीक्षा से परे कर दिया ताकि इंदिरा गांधी को अदालत में घसीटा ना जा सके ।

संक्षेप

## ई-रिक्शा,दीवार में टकराने से 3 घायल

सिद्धार्थनगर- इटवा थाना क्षेत्र के इटवा बढ़नी मार्ग पर बुधवार को एक ई-रिक्शा दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अमौना अलफारुक इंटर कॉलेज के पास ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर सड़क किनारे दीवार से टकरा गया। दुर्घटना दोपहर के समय हुई, जब ई-रिक्शा सेमरी खान कोट से इटवा साप्ताहिक बाजार की ओर सवारियों को लेकर जा रहा था। इस हादसे में तीन लोग घायल हो गए। घायलों में रमवापुर निवासी 35 वर्षीय साजिदा पत्नी अबु फैजाद, मूसा निवासी 36 वर्षीय फरजाना खातून पत्नी रफीकुल्लाह और राम नगर निवासी दुर्गेश पुत्र हरखू शामिल हैं। सभी घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इटवा ले जाया गया। चिकित्सकों ने जांच के बाद साजिदा की स्थिति गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। फरजाना और दुर्गेश का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जारी है।

## खेत की मेड़ को लेकर मारपीट

सिद्धार्थनगर- लोटन क्षेत्र के रसियावल कलां में खेत की मेड़ को लेकर दो सगे भाइयों के बीच पुराना विवाद हिंसक रूप में बदल गया। दोनों पक्षों में लाठी-डंडों से मारपीट हुई। झगड़े में दोनों पक्षों के लोग घायल हुए। घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोटन ले जाया गया। सूचना मिलते ही 112 की टीम मौके पर पहुंची। दोनों घायलों को मेडिकल के लिए भेजा। थाना प्रभारी दिनेश कुमार सरोज के अनुसार मारपीट की सूचना मिलते ही पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि दोनों पक्षों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाही की जाएगी।

## नाले में डूबी 13 साल की बच्ची, मौत

सिद्धार्थनगर- तुलसियापुर ढेबरुआ थाना क्षेत्र के रेडवरिया गांव में एक दुखद घटना सामने आई। गांव के उत्तर में स्थित सुरही नाले के पास घास काटने गई 13 वर्षीय सरिता की डूबने से मौत हो गई। सरिता हजारी की पुत्री थी। घटना दोपहर लगभग 2 बजे की है। नाले के पास घास काटते समय सरिता का पैर फिसल गया। वह नाले में गिर गई और डूब गई। स्थानीय लोगों और परिजनों ने किशोरी की लाश को नाले से बाहर निकाला ।सूचना मिलते ही एसएचओ गौरव कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई शुरू की। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया और कोई तहरीर भी नहीं दी। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव परिजनों को सौंप दिया। इस घटना के बाद पुलिस ने लोगों से अपील की है कि बारिश के मौसम में तालाब, नदी और पोखर से दूर रहें। परिवार में मातम का माहौल है और परिजन रो-रोकर बुरी तरह टूट गए हैं।

## यूपी 112 कर्मियों की त्वरित कार्यवाही ने बचायी जान

**रायबरेली।** पुलिस की आपातकालीन सेवा यूपी 112 के कर्मियों ने अपनी त्वरित और सराहनीय कार्यवाही से एक व्यक्ति की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस उपलब्धि के लिए अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा ने पीआरवी 1778 पर तैनात कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। एएसपी संजीव कुमार सिन्हा ने बताया कि बीती 19 जनवरी को दोपहर लगभग 1:10 बजे यूपी 112 के कॉल सेंटर को शिवगढ़ क्षेत्र से एक कॉल प्राप्त हुई, जिसमें सूचना दी गई कि एक व्यक्ति ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया है।

# मर्जर व पेयरिंग के खिलाफ जू. शिक्षक संघ 27 को देगा ज्ञापन



**रायबरेली।** परिषदीय विद्यालयों के मर्जर और पेयरिंग के खिलाफ शिक्षकों ने मोर्चा खोल दिया है। शिक्षकों ने कहा कि विद्यालय मर्जर की वजह से गांवों में गरीब नौनिहालों का भविष्य बर्बाद हो जाएगा। शिक्षक विद्यालय से चला जाएगा, लेकिन बच्चा गांव में छूट जाएगा और ड्रॉपआउट का ग्राफ बढ़ेगा। बच्चों के भविष्य को बरबाद होते देखते हुए जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ पेयरिंग और मर्जर के खिलाफ आवाज बुलंद कर रहा है। 27 जून को जूनियर शिक्षक की तरफ से बीईओ के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भेजा जाएगा। ज्ञापन की तैयारियों को लेकर बुधवार को जिला व ब्लॉक कार्यकारिणी की बैठक कम्पोजिट विद्यालय चक अहमदपुर विद्यालय में आयोजित की गई। चक अहमदपुर में आयोजित हुई बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष समर बहादुर सिंह ने कहा कि सरकार की तरफ से की जा रही पेयरिंग और मर्जर की वजह से बच्चों का भविष्य बर्बाद हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार और अधिकारी जैसा चाह रहे हैं, अपनी मनमानी से कार्य कर रहे हैं। जिलाध्यक्ष राघवेंद्र यादव ने कहा कि अधिकारियों ने भौतिक स्तर पर सत्यापन किए बिना ही विद्यालयों को मर्जर करने की घोषणा कर दी। अब स्थिति यह है कि गांवों से बच्चा तीन-तीन किमी दूर जाने को मजबूर होगा। अब ऐसी स्थिति में शायद वह बच्चा गांव में ही छूट जाएगा। उस बच्चे का भविष्य क्या होगा, यह शायद अधिकारियों और सरकार ने नहीं सोचा। संघ की तरफ सभी ब्लॉकों में 27 जून को ज्ञापन दिया जाएगा। अगर आगे बात नहीं बनती है तो फिर पांच जुलाई से जिला स्तर पर धरना प्रदर्शन करके मर्जर व पेयरिंग का विरोध किया जाएगा।

जिला उपाध्यक्ष नागेंद्र सिंह ने कहा कि मर्जर और पेयरिंग में विद्यालय अभिभावकों के साथ में बैठक करके उनकी सहमति और असहमति को जरूर लिखें और हस्ताक्षर भी कराएं, यह भविष्य में विद्यालय को बचाने में बहुत ही कारगर होगा। जिला कोषाध्यक्ष शिवशरण सिंह ने कहा कि भौतिक रूप से विद्यालय चले या न चले लेकिन कागजों पर विद्यालय वर्षों तक चलता रहेगा ताकि कहीं कोर्ट में उस मुद्दे को चैलेंज न किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सियाराम सोनकर ने किया। बैठक में दीपक, अब्दुल हलीम, उत्तम, गयामणि, संजय, साधना शर्मा, मंजूलता, सुनीता सिंह, लक्ष्मी सिंह, प्रीति, संदीप शुक्ला, शिव कुमार सिंह, सुरेश, शिव बहादुर, जगलाल, रमेश, लाल बहादुर यादव, विक्रमादित्य, सूर्य प्रकाश गौतम, निधि शुक्ला, आदि कार्यकारिणी के सदस्य मौजूद रहे।

# अधूरी नाली में पानी भरने से फैल रही बीमारी, ग्रामीणों में आक्रोश

नसीराबाद रायबरेली। विकास खण्ड छतोह के ग्राम पंचायत काजीपुर तेलियानी के मियां गफूर गांव में एक सरकारी नाली का निर्माण कराया गया है। लेकिन यह नाली आधी अधूरी बनाकर आधे रास्ते में ही छोड दिया गया जिससे गांव के लोगों में भारी आक्रोश है। बताते हैं कि पूरी नाली न बनने का कारण गांव का ही सरजू प्रसाद मौर्य है जिसने पुरानी नाली पर अतिक्रमण कर टटिया आदि से कब्जा कर लिया है जिस कारण नई नाली का निर्माण पूरा नहीं हो सका। गांव में करीब 200 मीटर से ज्यादा पक्की नाली का निर्माण कराया गया यह नाली 28 मार्च 2024 को शुरूआत की गई और लाखों रुपए सरकारी बजट खर्च में बनाई गई। लेकिन खेद की बात है कि गांव का दबंग ब्यक्ति सरजू प्रसाद मौर्य की रवैया से पूरी सरकारी नाली का निर्माण नहीं हो सका। जिस कारण गांव वासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है गांव वासियों की माने तो पूरी नाली निर्माण कराने के लिए शिकायत पर नसीराबाद थाना अध्यक्ष कमलेश कुमार राजभर और ब्लॉक कर्मचारियों की पूरी टीम मौके पर पहुंची। गांव के लोगों के सामने उस समय मौजूद वर्तमान प्रधान ने पूरी नाली बनवाने के लिए जिम्मेदावारी और बीड़ा उठाया था लेकिन बाद में अधूरी नाली बनाकर छोड़ दिया। अब प्रधान ने ऐसा क्यों किया यह बात प्रधान जाने या फिर ब्लॉक के कर्मचारी। वहीं पूर्व प्रधान रामदीन सरोज की माने तो बीच गांव से होते पुरानी नाली का निर्माण हमारे द्वारा पक्की सड़क तक कराया गया था और उसी पर नयी नाली का निर्माण कराया गया लेकिन अधूरी क्योंकि गांव के सरजू प्रसाद मौर्य ने कब्जा कर लिया है। गांव वासी अशोक मौर्य, राम केवल, तिरभवन मौर्य, कमलेश मौर्य, कुन्देश बाबा, अरबिंद सत्यनारायन मौर्य, काशीप्रसाद मौर्य बिन्नू मौर्य आदि लोगों ने बताया कि अधूरी नाली बनने से बड़ी किल्लत है क्योंकि नाली में पानी भरा रहता है। जिससे गंदगी हो रही है और लोग बिमारी का शिकार हो रहे हैं अगर पूरी नाली का निर्माण नहीं कराया गया तो बरसात के मौसम में अधिक पानी भरा रहेगा और गंदगी बडेगी और लोग बिमारी होते रहेंगे । मामले जब बीडीओ धीरेन्द्र त्रिपाठी से बात की गई तो बोले की मामला मेरी जानकारी में नहीं है। पता करते हैं तब बताया गया कि मामले में शिकायत की गई थी जांच टीम भी मौके पर गयी थी तो बोले अगर ऐसी बात है तो फिर से जांच करवाकर नाली निर्माण कराया जाएगा।

- छतोह के ग्राम पंचायत काजीपुर तेलियानी के गांव मियां गफूर का मामला

# राजस्व वाद एवं वसूली की समीक्षा बैठक हुआ संपन्न



सिद्धार्थनगर ।/जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता एवं अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) गौरव श्रीवास्तव एवं अपर जिलाधिकारी न्यायिक ज्ञान प्रकाश की उपस्थिति में राजस्व वाद एवं वसूली के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुआ। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने निर्विवाद वरासत एवं राजस्व वादों के निस्तारण आदि की समीक्षा किया गया। निर्विवाद वरासत की कोई प्रकरण लम्बित न रहे समय सीमा के अन्दर निस्तारण करायें, राजस्व निरीक्षक/लेखपाल के स्तर पर लम्बित होने पर उनको नोटिस निर्गत करें। समस्त उपजिलाधिकारी/उपजिलाधिकारी न्यायिक, तहसीलदार/तहसीलदार न्यायिक, नायब तहसीलदार प्रत्येक दिन कोर्ट में बैठकर 03 वर्ष व 05 वर्ष से अधिक के सभी वादो का निस्तारण करने का निर्देश दिया। प्रतिदिन केस की सुनवाई करे। वादो को ऑनलाइन फीडिंग कराने का निर्देश दिया दिया। वरासत के प्रकरणों का समय सीमा के अन्दर निस्तारण कराने का निर्देश दिया। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नही होना चाहिए। किसी भी धारा का 05 साल एवं 03 साल के उपर का कोई भी प्रकरण लम्बित नही होना चाहिए।

# विधायक ने लोकतंत्र रक्षक सेनानियों को किया सम्मानित



बांसी सिद्धार्थनगर। आपातकाल के पचास वर्ष पूरा होने पर बुधवार को तहसील कार्यालय के आजाद सभागार में संविधान हत्या दिवस आयोजित कर लोकतंत्र रक्षक सेनानियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक जय प्रताप सिंह ने कहा कि आज ही के दिन 1975 को लोकतंत्र की हत्या कर इस काले कानून को लागू किया गया था। जिसके लिए लोगों ने इस काले कानून के विरोध में और लोकतंत्र की रक्षा के लिए लाखों की संख्या में खड़े हो गए और जेल गए। उन्होंने कहा कि 25 जून 1975 को संविधान की प्रस्तावना को बदलकर तत्कालीन प्रधानमंत्री ने देश में मध्यरात्रि में आपातकाल लागू कर दिया । उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता का निर्णय सर्वोपरि है। संविधान से छेड़छाड़ नही कर सकते। संविधान देश की आत्मा है। संविधान के अनुसार अपने दायित्वों का निर्वहन करे। कहा कि संविधान की हत्या की 50 वीं वरसी पूरी हो रही है। जिसे पूरे देश में संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। तहसीलदार पीयूष श्रीवास्तव ने 25 जून संविधान हत्या दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में आपातकाल काल के बारे में विस्तारपूर्वक बताया । इस अवसर पर बच्चो द्वारा पेश किए गए कार्यक्रम में विजेता बच्चे संगम , यास्मीन खान, शीतल को सम्मानित किया गया। इसके अलावा तहसील क्षेत्र के पचास लोकतंत्र रक्षक सेनानियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। जो नहीं है उनके परिजनों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसडीएम बांसी शशांक शेखर राय, तहसीलदार मजिस्ट्रेट बांसी पीयूष श्रीवास्तव नायब तहसीलदार महबूब आलम, बीडीओ मिठवल सौरभ पाण्डेय कृतिका अवस्थी , माधुर्य यादव, सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# आपातकाल एक काला दिवस कार्यक्रम आयोजित



सिद्धार्थनगर। देश में लगाए गए आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर बुधवार को डुमरियागंज तहसील सभागार में आपातकालः एक काला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आपातकाल के दौरान हुई त्रासदी और दमनकारी कार्यवाहियों पर विस्तृत चर्चा हुई। साथ ही आपातकाल से जुड़ी स्मृतियों की चित्र प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसे उपस्थित जनों ने अवलोकित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक एवं हियुवा प्रभारी राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि 25 जून 1975 भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में सबसे काला दिन था। तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने नागरिकों के मौलिक अधिकारों को रौंद डाला था। प्रेस की आजादी को कुचला गया और संविधान के साथ विश्वासघात किया गया। उन्होंने इस दिन को ह्यसंविधान की हत्या दिवसह्न करार दिया और युवाओं से लोकतंत्र की रक्षा के लिए सजग रहने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान आपातकाल पर आधारित चित्रों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। इसमें 1975 की घटनाओं को चित्रों और दस्तावेजों के माध्यम से दशार्या गया। इस मौके पर विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को कक्षा 5 के छात्र श्याम (पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय डुमरियागंज प्रथम) , कक्षा 7 की छात्रा दिव्यांशी जायसवाल (पूर्व माध्यमिक विद्यालय डुमरियागंज) , छात्रा प्रिया (पुत्री राम नरेश) भी पुरस्कृत किया गया। तहसील परिसर में मुख्य अतिथि द्वारा पौधारोपण किया गया। यह पर्यावरण संरक्षण और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति समर्पण का प्रतीक बताया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए तहसीलदार रविकुमार यादव ने जानकारी दी कि 25 जून 2025 से 25 जून 2026 तक पूरे वर्ष को ह्यआपातकाल स्मरणोत्सवह्न के रूप में मनाया जाएगा। इस दौरान जनजागरूकता और लोकतंत्र की रक्षा हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# जेल में बंद भूमाफिया बृजेश अवस्थी की हार्ट अटैक से मौत

बस्ती। जिला जेल में बंद कुख्यात भू-माफिया बृजेश अवस्थी की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। अवस्थी पर जमीन हड़पने, धोखाधड़ी और धमकी देने समेत 43 से अधिक गंभीर आपराधिक मामले दर्ज थे।

अधिकारियों ने बताया कि बुधवार तड़के अवस्थी को सीने में तेज दर्द और पसीना आने की शिकायत हुई, जिसके बाद जेल अस्पताल में आधे घंटे के शुरुआती इलाज के बाद चिकित्सकों ने उसे तत्काल अस्पताल भेजने की सलाह दी। सुबह करीब सात बजे अवस्थी को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान करीब साढ़े दस बजे उसकी मौत हो गई।

जेल अधीक्षक एसपी मिश्रा ने बताया कि गोंडा के कैदी बृजेश अवस्थी ने बुधवार पूर्वाह्न करीब 10 से साढ़े दस बजे सीने में दर्द की शिकायत की। उसे तुरंत जेल अस्पताल ले जाया गया, जहां से चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल स्थानांतरित कर दिया। वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

जेल अधिकारी के अनुसार, अवस्थी को उनके दो सहयोगियों अनिल सिंह और राकेश त्रिपाठी से अलग करने के प्रशासनिक निर्णय के तहत 15 दिसंबर, 2024 को गोंडा से बस्ती जेल में स्थानांतरित किया गया था। तीनों पहले गोंडा की मंडलीय जेल में बंद थे, उसके बाद उन्हें अलग-अलग जेलों में स्थानांतरित कर दिया गया। अवस्थी को बस्ती, सिंह को बहराइच और त्रिपाठी को बलरामपुर जेल में भेज दिया गया।

# रमेश महेश्वरी बने कॉउन्सिल ऑफ उद्योग व्यापार मंच के प्रदेश प्रवक्ता

**सुलतानपुर (वीओएल)।** नीति आयोग एवं कॉरपोरेट मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सूचीबद्ध और व्यापारी हितों के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहे संगठन कॉउन्सिल ऑफ उद्योग व्यापार मंच ने सुलतानपुर के वरिष्ठ व्यापारी और समाजसेवी रमेश महेश्वरी को उत्तर प्रदेश का प्रदेश प्रवक्ता और मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। उनके मनोनयन से व्यापारिक जगत में खुशी की लहर है, और उन्हें लगातार बधाइयाँ व शुभकामनाएँ मिल रही हैं। मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरदार बलदेव सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को मंच के कैंप कार्यालय में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया,



जिसमें रमेश महेश्वरी का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर बलदेव सिंह ने महेश्वरी के मनोनयन को मंच की सक्रियता में एक अहम मील का पत्थर बताया। वहीं, मण्डल अध्यक्ष अशोक कसौधन ने इसे संगठन के लिए एक सुनहरा अवसर बताया, और जिला अध्यक्ष कुलदीप गुप्ता ने कहा कि महेश्वरी के साथ मंच को न केवल बल मिला है, बल्कि व्यापारिक समस्याओं की लड़ाई में एक मजबूत साथी भी मिला है। नव-निर्वाचित प्रदेश प्रवक्ता रमेश महेश्वरी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा, ष्यह पद केवल सम्मान नहीं बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। मैं सभी व्यापारी भाइयों को विश्वास दिलाता हूँ कि उनकी समस्याओं का समाधान हर स्तर पर किया जाएगा और उनके सम्मान को कभी ठेस नहीं पहुँचने दी जाएगी।

# देश को इमरजेंसी में झोंकने के लिए कांग्रेस उत्तरदायी




**रायबरेली।** भाजपा द्वारा आपातकाल लगाए जाने के 50 वर्ष पूर्ण होने पर जिला पंचायत सभागार में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में मुख्य अतिथि अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित गुप्ता रहे। इस अवसर पर आपातकाल के दौरान सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार के विरोध में संघर्ष कर रहे जेल में बंद लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान किया गया। लोकतंत्र सेनानियों ने आप बीती व तत्कालीन परिस्थितियों के बारे में सेमिनार को अवगत कराया। प्रमुख रूप से सेमिनार को सुरेंद्र सिंह दाढ़ी, दिनेश कक्कड़ , गोविंद गुप्ता, गया सोनकर आदि लोकतंत्र सेनानियों ने संबोधित किया। सेमिनार की प्रस्तावना व स्वागत भाषण भाजपा जिला अध्यक्ष बुद्धि लाल पासी ने किया। सेमिनार को सलोन विधायक अशोक कोरी, जिपं अध्यक्ष रंजना चौधरी और क्षेत्रीय मंत्री दिलीप यादव, प्रदेश कार्य समिति सदस्य किरण सिंह ने भी संबोधित किया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित गुप्ता ने कहा कि देश को इमरजेंसी में झोंकने के लिए कांग्रेस सरकार उत्तरदाई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सत्ता के लिए किसी भी हद तक जा सकती थी अतः आज भी ऐसे लोगों को सत्ता से वंचित करना अति आवश्यक है। सेमिनार के बाद लोकतंत्र सेनानियों को अंगवस्त्र व माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। सेमिनार के पश्चात मुख्य अतिथि अमित गुप्ता, सलोन विधायक अशोक कोरी, जिला अध्यक्ष बुद्धि लाल पासी, आदि ने परिसर में पौधरोपण भी किया। कार्यक्रम के पश्चात क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित गुप्ता ने पदाधिकारी की बैठक लेकर 29 तारीख को होने वाली एक पेड़ मां के नाम अभियान व मन की बात अभियान की कार्य योजना रचना बनाई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से देवेंद्र सिंह, कार्यक्रम संयोजक राजेन्द्र चतुवेर्दी ,विजय सिंह टप्पू शिवेंद्र सिंह, जन्मेजय सिंह , भगवत सिंह, वीरेंद्र सिंह, संतोष सिंह शिव सागर तिवारी ,जितेंद्र सिंह, तिलक सिंह, संतोष पांडे आशीष पाठक किरण सिंह, कृष्णा चौधरी, सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री शरद सिंह ने किया।

राष्ट्रीय आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर राजकीय हाई स्कूल पिडारी कला में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया ।जिसमें विद्यालय के बच्चों ने भी भाषण प्रतियोगिता बाद विवाद प्रतियोगिता तथा तत्कालीन स्थिति में डाक्यूमेंट्री फिल्में भी दिखाई गई ।बच्चों को 50 वर्ष पूर्व आपातकालीन से संबंधित जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य आरपी मिश्रा ने कहा कि भारत को आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए कई समस्याओं का सामना करना पड़ा। उन्होंने बच्चों से समुचित घटना के बारे में जानकारी साझा की। इस मौके पर कक्षा 9 की अनामिका अंजलि गौरी शिल्पी सिंह रिया तथा कक्षा 10 की छात्रा प्रयांसी यादव मुस्कान यादव आकांशा प्राची सिंह राशी सिंह आदि मौजूद रहे।

## गोरखपुर हवाई अड्डे पर नया टर्मिनल बनाने के लिए हुआ एमओयू

गोरखपुर। गोरखपुर हवाई अड्डे पर एक नये टर्मिनल भवन के लिए भारतीय वायु सेना, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) और गोरखपुर जिला प्रशासन के बीच मंगलवार को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये गये। हवाई अड्डे के निदेशक आर. के. पाराशर ने बुधवार को बताया कि इस समझौते से नए टर्मिनल के लिए वायु सेना से 42 एकड़ भूमि के हस्तांतरण का रास्ता साफ हो जाएगा। नया टर्मिनल बनने से हवाई अड्डे के बुनियादी ढांचे में वृद्धि होने की उम्मीद है। इससे एक साथ 10 विमानों के लिए पार्किंग की जगह और लगभग ।,400 कारें खड़ी करने की सुविधा मिलेगी। पाराशर ने बताया कि इस टर्मिनल का काम पूरा हो जाने पर हवाई अड्डे से प्रतिदिन लगभग 200 उड़ानें रवाना हो सकेंगी, जो वर्तमान में सिर्फ 26 हैं। इसके अलावा यात्री प्रबंधन क्षमता 270 से बढ़कर 2500 प्रति घंटा हो जाएगी। पाराशर ने कहा कि हवाई अड्डे से सटी यह भूमि इस वक्त सैन्य इंजीनियरिंग सेवाओं के अधीन है। नए निर्माण के लिए भूमि पर मौजूद बुनियादी ढांचे को स्थानांतरित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नया टर्मिनल बनने से 10 विमानों के लिए जगह बनेगी। साथ ही हवाई अड्डे पर परिचालन आसान हो जाएगा।

## डंपर की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौत

कन्नौज। जिले के गुरसहायगंज क्षेत्र में बालू से लदे डंपर की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौत हो गई। घटना से नाराज ग्रामीणों ने बालू लेने जा रहे तीन अन्य डंपरों पर पथराव किया और मृत युवकों के शव सड़क पर रखकर रास्ता जाम कर दिया। अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने बुधवार को बताया कि गुरसहायगंज थाना क्षेत्र में गुगरापुर क्षेत्र के संयोगिता मार्ग पर पडआपुर गांव के पास मंगलवार रात बालू से लदे एक डंपर की टक्कर लगने से मोटरसाइकिल सवार प्रभाकांत (22) और अजय वर्मा (20) की मौत हो गई। घटना के बाद डंपर चालक अपना वाहन लेकर भाग गया। उन्होंने बताया कि नाराज ग्रामीणों ने बालू लादने जा रहे डंपरों पर पथराव कर उन्हें क्षतिग्रस्त कर दिया तथा सड़क पर शव रखकर रास्ता जाम कर दिया। उन्होंने गुरसहायगंज कोतवाली प्रभारी आलोक कुमार दुबे को डंपर चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज करने और उसकी गिरफ्तारी के आदेश दिये। उसके बाद देर रात 11 बजे जाम खुल सका। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि खनन ठेकेदार तय किए गए खनन ठेके से अधिक बालू निकालते हैं। लगभग 20 दिन पहले भी एक युवक की डंपर की टक्कर से मौत हुई थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस पर अपर पुलिस अधीक्षक ने अवैध खनन करने वालों पर कार्वाई का आश्वासन दिया।

## कच्चा मकान ढहने से पत्नी की मौत, पति घायल

कौशांबी। जिले में बुधवार को बारिश के कारण एक कच्चा मकान ढहने से पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई जबकि पति गंभीर रूप से घायल हो गया। क्षेत्राधिकारी अभिषेक सिंह ने बताया कि पश्चिम शरीरा थानाक्षेत्र के रामाधीन का पुरवा गांव में बुधवार सुबह बारिश से सीलन आने के करण इंद्रलाल का कच्चा मकान अचानक ढह गया। मकान के मलबे में इंद्रलाल और उसकी पत्नी सुमिया देवी (52) दब गए। अधिकारी ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से दोनों को मलबे से बाहर निकाला। मलबे में दबी सुमिया देवी की मौके पर ही मौत हो गई जबकि इंद्र लाल भी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने इंद्रलाल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया और सुमिया देवी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## वाहन की टक्कर से राहगीर की मौत

अमेठी। जिले में फुटवियर डिजाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट (एफडीडीआई) के निकट बुधवार को एक अज्ञात वाहन ने पैदल चल रहे 21 वर्षीय युवक को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। दुर्घटना में जान गंवाने वाले व्यक्ति की पहचान लवकुश के रूप में हुई है, जो जायस के तमाममऊ गांव का रहने वाला था। पुलिस के मुताबिक, दुर्घटना में लवकुश गंभीर रूप से घायल हो गया और एंबुलेंस की मदद से उसे फुरसतगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फुरसतगंज थाना प्रभारी राम पांडे ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि मृतक के पिता महेश ने अज्ञात वाहन के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पांडे ने बताया कि मामला दर्ज कर वाहन की पहचान की जा रही है।

## नाबालिग से कुकृत्य करने के मामले में मदरसे का छात्र गिरफ्तार

बरेली। बरेली में मदरसे के 20 वर्षीय एक छात्र को उसी मदरसे के एक नाबालिग छात्र से कुकृत्य करने के मामले में मंगलवार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी के मोबाइल से करीब 40 अश्लील वीडियो बरामद किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक (दक्षिण) अंशिका वर्मा ने बताया कि आरोपी इंस्टाग्राम पर हैदरी दल 25 के नाम की आईडी से आपत्तिजनक वीडियो बनाता था और उन्हें पोस्ट करता था। फरीदपुर थाना पुलिस ने पिपरथरा गांव के निवासी नबी हसन के खिलाफ दो मुकदमे दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है। पूछताछ में पता चला कि हसन एक मदरसे में पढ़ता है और उसी मदरसे में एक 13 वर्षीय बच्चा भी पढ़ता है। आरोपी ने पिछले कई महीने में नाबालिग लड़के से कई बार कुकृत्य किया। वर्मा ने बताया कि नाबालिग छात्रा के साथ अश्लील हरकतों के करीब 30-40 वीडियो आरोपी छात्र के मोबाइल फोन से मिले हैं जो उसने खुद बनाए थे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बरामद वीडियो में से कुछ मदरसे के अंदर के हैं।

## तेंदुए के हमले में खुद को बचाने के लिए युवक ने दिखायी जीवटता

लखीमपुर खीरी। जिले के बबुरी गांव के पास ईंट-भट्ठे में छुपे तेंदुए ने एक युवक पर हमला कर दिया और इस दौरान युवक ने अदम्य साहस दिखाते हुए तेंदुए से मुकाबला किया तथा उसकी गर्दन दबोच ली। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें धौरहरा कोतवाली क्षेत्र के बबुरी गांव निवासी मिहीलाल नामक युवक तेंदुए से मुकाबला करता हुआ नजर आ रहा है। वीडियो में युवक पूरी हिम्मत दिखाते हुए तेंदुए की गर्दन को कसकर पकड़े नजर आ रहा है और ग्रामीण उसे बचाने के लिए तेंदुए को लगातार ईंट मार रहे हैं। ग्रामीणों द्वारा युवक को बचाने के लिए फेंकी गयी ईंटों की चपेट में आने से तेंदुआ भी जख्मी हुआ है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बबुरी गांव में मंगलवार दोपहर मिहीलाल (35) चाभी लेने के लिए ईंट-भट्ठे पर पहुंचा था तभी वहां छुपे करीब चार साल के तेंदुए ने अचानक उस पर हमला कर दिया और उसे घसीटकर पास के केले के बाग में ले जाने का प्रयास किया। हालांकि, मिहीलाल ने हिम्मत दिखाते हुए तेंदुए की गर्दन पकड़ी और उसे जमीन पर गिरा दिया। तेंदुए ने अपने पंजों से मिहीलाल के चंगुल से छूटने का प्रयास किया, लेकिन वह सफल नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस और वन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि शोर सुनकर स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे और युवक को बचाने के लिए ईंटों से तेंदुए पर हमला कर दिया। हमले से गुस्साए तेंदुए ने कुछ ग्रामीणों, एक वन रक्षक और एक पुलिसकर्मी को भी घायल कर दिया। पुलिस और वन विभाग के कर्मचारियों ने युवक तथा तेंदुए को बचाया। दुधवा बफर जोन के क्षेत्र उपनिदेशक सौरीश सहाय ने बताया कि ग्रामीणों ने घटना के बारे में वन विभाग के अधिकारियों को सूचित किया, जिसके बाद बचाव दल ने तेंदुए को बेहोश किया और उसे धौरहरा रेंज मुख्यालय ले जाया गया। तेंदुए के हमले में घायल हुए लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों के हमले में तेंदुआ घायल हुआ है। होश में आने के बाद उसकी स्थिति स्पष्ट होगी। सहाय ने बताया कि एक अन्य घटना में शारदानगर क्षेत्र के जटपुरवा गांव में वन विभाग की टीम ने बबुरी गांव की घटना से कुछ घंटे पहले एक बीमार तेंदुए को पकड़ा। राहगीरों ने कांप रहे एक बीमार तेंदुए को देखकर वन विभाग को सूचना दी। इसके बाद मौके पर पहुंचे वन विभाग के बचाव दल ने तेंदुए को रेंज मुख्यालय पहुंचाया। दुधवा के पशु चिकित्सक दोनों तेंदुओं की शारीरिक जांच कर रहे हैं। उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## गन्ने के खेत में पेड़ के नीचे मिला युवक का शव

मेरठ। जिले के एक गांव में बुधवार को एक पेड़ के नीचे से 21 वर्षीय एक युवक का शव बरामद किया गया। पुलिस के मुताबिक, गंगानगर थानाक्षेत्र के अम्हेरा आदिपुर गांव में पेड़ के नीचे से बरामद किये गये शव पर गोलियों के निशान मिले हैं। मृतक की पहचान हर्ष (21) के रूप में हुई है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि जांच के दौरान मृतक के शरीर पर गोली के निशान पाए गए। मृतक के परिवार की शिकायत के आधार पर हमने मामला दर्ज कर लिया है।

संक्षेप

## पुल के नीचे संदिग्ध हालत में मिली किशोरी

**आगरा।** यमुनापार में एक कारखाना संचालक की नीयत अपने कराखाने में कार्य करने वाली बालिका पर खराब हो गयी। संचालक पर आरोप है कि वह नाबालिग बालिका को अपने साथ कहीं बहला-फुसला कर ले गया। बालिका परिजनों के डूंडने पर 24 घंटे बाद इसी क्षेत्र के पुल के नीचे बदहवाश हालत में मिली। परिजनों ने जब उससे पूछताछ की तो उनके पांव तले जमीन खिसक गयी। परिजनों इस मामले में कारखाना संचालक के खिलाफ तहरीर दी जिस पर पुलिस ने उसे तुंरत हिरासत में ले लिया। पुलिस द्वारा बच्ची का मेडिकल कराया गया है। थाना ट्रांस यमुना क्षेत्र में चांदी के कारखाने में काम करने वाली किशोरी को संचालक बहला फुसलाकर कर ले गया। परिजन उसकी तलाश करते रहे। इसके बाद वो 24 घंटे बाद रामबाग पुल के नीचे संदिग्ध हालत में मिली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## चार लुटेरे मुठभेड़ में घायल, एक फरार

**मथुरा।** महावन थाना क्षेत्र में एसओजी और स्थानीय पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में चार शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया गया है। बरेली हाइवे के पास हुई मुठभेड़ में चारों बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हुए, जबकि एक बदमाश फरार हो गया। गोली लगने से घायल हुए बदमाशों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मुठभेड़ में घायल बदमाशों के कब्जे 1.65 लाख की नकदी, मोबाइल, तमंचा कारतूस बरामद किए हैं। एसपी देहात सुरेश कुमार रावत ने बताया कि शनिवार-रविवार की रात को बाइक और स्कूटी सवार चार बदमाशों ने गोकुल निवासी बाइक सवार अमर सरदार और उसके दोस्त विपिन कुमार शर्मा से लक्ष्मी नगर महावन रोड पर नगला पापरी के सामने सोने की चैन, मोबाइल तथा 5 हजार की नकदी लूट ली। पीड़ित थाने पहुंचे और पुलिस को सूचना दी, पुलिस ने बदमाशों को पकड़ने के लिए चेकिंग भी की, लेकिन सफलता नहीं मिली। मंगलवार की रात को एसओजी प्रभारी राकेश यादव को सूचना मिली कि महावन क्षेत्र में लूट की वारदात को अंजाम देने वाले बदमाश पुनः किसी घटना को करने के लिए घूम रहे हैं। उन्होंने इसकी जानकारी थाना प्रभारी निरीक्षक महावन सुधीर कुमार सिंह समेत उच्च अधिकारियों को दी।

# सरकार संविधान के मूल्यों को और मजबूत करने को प्रतिबद्ध



**मथुरा।** आपातकाल के काले अध्याय की 50वीं बरसी पर भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय तथा अनैतिक संशोधन से संविधान पर हमला पर आधारित चित्र प्रदर्शनी कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में लगाई गई, जिसका उद्घाटन लोकतंत्र रक्षक सेनानियों, राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह, विधायक बल्देव पूरन प्रकाश, जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह तथा मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना द्वारा फीता काटकर किया गया। प्रदर्शनी में कुल 50 चित्रों का प्रदर्शन किया गया है, जिसमें आपातकाल को देश के इतिहास के लिए एक काला अध्याय बताया गया हैं। उद्घाटन के पश्चात सभी हस्ताक्षर अभियान में शामिल हुए और अपने अपने हस्ताक्षर करते हुए प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

कलेक्ट्रेट सभागार में राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह की अध्यक्षता में आपातकाल-भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय के संबंध में लोकतंत्र रक्षक सेनानियों के साथ बैठक हुई संपन्न। बैठक में विधायक गोवर्धन मेघश्याम सिंह, विधायक बल्देव पूरन प्रकाश, एमएलसी ओम प्रकाश सिंह, जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व पंकज कुमार वर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी धनंजय जायसवाल सहित लोकतंत्र रक्षक सेनानियों के संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

सांसद तेजवीर सिंह ने पिछली सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि आपातकाल में संविधान की आत्मा को कुचला गया, संसद की आवाज को दबाया गया और न्यायपालिका पर नियंत्रण की कोशिश की गई। इस चित्र प्रदर्शनी के माध्यम लोग पिछली सरकार द्वारा आपात काल में किए गए अनैतिक कार्यवाही से रुबरु होगे। विधायक बल्देव पूरन प्रकाश ने कहा कि हमारी सरकार की प्रतिज्ञा-लोकतंत्र को मजबूत करने का संकल्प हैं। सरकार संविधान के मूल्यों को और मजबूत करने और विकसित भारत का सपना साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि देशवासी आपातकाल की विभीषिका को कभी नहीं भूल सकते है और लोकतंत्र की रक्षा के लिए हमेशा सजग रहेंगे। विधायक गोवर्धन मेघश्याम सिंह ने कहा कि आज ही के दिन 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री ने आपातकाल की घोषणा की थी। मई 1976 में करीब 7000 पत्रकारों और मीडिया कर्मियों को गिरफ्तार किया गया। आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय हैं।

## गीता के बेटे ने किया था बालिका से रेप, अब तक चार गिरफ्तार

**आगरा।** थाना सदर क्षेत्र में बीते कल नौ साल की बालिका के साथ हैवानियत का मामला सामने आने के बाद शहरवासी भी अवाक और गुस्से में भी हैं। गोद ली गई 9 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ कथित मां गीता के बेटे ही हैवानियत कर रहे थे। जिस बच्ची को आरोपी गीता गोद लेना बता रही है, उसके बारे में खुलासा हुआ है उसने इस बालिका को 60 हजार रुपये में खरीदा था। बालिका को जयपुर से लाकर आगरा में बेचने वाला कुनाल नाम का युवक भी पुलिस की गिरफ्त में आ चुका है। गीता कल ही गिरफ्तार की जा चुकी थी। अब उसके दोनों बेटों अमित और छुट्टन को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। ज्ञातव्य है कि बुंदूकटरा क्षेत्र में यह बालिका किसी तरह गीता और उसके परिवार के लोगों को एक कमरे में बंद कर भाग कर घर से बाहर आ गई थी। उसने एक राहगीर को अपनी पीड़ा बताई और मदद मांगी। यह राहगीर इस बालिका को लेकर बुंदूकटरा चौकी पर पहुंचा था। इसके बाद सदर पुलिस ने बालिका की आपबीती सुनी तो पुलिस ने दबिश देकर आरोपी गीता को कल ही गिरफ्तार कर लिया था। कल जब यह बच्ची पुलिस के सामने पहुंची तो तो उसके शरीर पर कई नील, खरोंच और सूजन के निशान मौजूद थे। मेडिकल परीक्षण में भी शारीरिक हिंसा की पुष्टि हुई है। बच्ची ने बयान में बताया कि आरोपी उसे पीटते थे, खाना नहीं देते थे और कमरे में बंद कर देते थे। इस मामले में पुलिस ने गीता और उसके बेटों अमित और छुट्टन के अलावा कुनाल को गिरफ्तार कर लिया है। बच्ची ने बताया कि ये सभी उसे धमकाते थे और जबरदस्ती काम करवाते थे। बच्ची ने पुलिस को बयान दिया है कि कुनाल ने जब उसे गीता को बेचा तब वह सात वर्ष की थी। गीता के बेटे ने ही सबसे पहले बालिका से दुष्कर्म किया। बालिका के विरोध करने पर गीता का दूसरा बेटा छुट्टन उसे सिगरेट से दागता था। पुलिस की एक टीम जयपुर में इस बच्ची के परिवार की तलाश में कल से ही गई हुई है। पुलिस का कहना है कि आरोपी महिला गीता के बेटे इस बालिका से बार-बार बलात्कार कर उसे देह व्यापार के लिए तैयार कर रहे थे। कल इस बच्ची का जो वीडियो सामने आया था, उसमें वह कहती सुनी जा रही है कि गीता उससे धंधा करा रही थी। अमित और छुट्टन उसे पीटते थे। अब गीता और उसके परिवार के इस घिनौने कृत्य के बारे में जो भी सुन रहा है, थू-थू कर रहा है। सदर पुलिस ने पॉक्सो एक्ट और अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। प्रशासन ने भी बच्ची की सुरक्षा और पुनर्वास के लिए बाल कल्याण समिति से समन्वय शुरू कर दिया है।

## सीएमओ ने स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा



**फिरोजाबाद।** जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं को गुणवत्तापूर्ण बनाये जाने हेतु सीएमओ डॉ०राम बदन राम ने विभिन्न कार्यक्रमो विशेषकर संचारी रोग नियंत्रण अभियान जननी सुरक्षा योजना, डायरिया से डर नहीं अभियान, पीएमआयुषमान योजना अंधता निवारण कार्यक्रम आदि की समीक्षा की। उन्होंने डायरिया से बचाव के लिए लोगों में जागरूकता लाने पर बल दिया। स्वास्थ्य विभाग पॉपुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया और कैनव्यू संस्था की ओर से डायरिया से बचाव के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत सभी स्वास्थ्य केंद्रो पर ओआरएस कॉर्नर बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने बताया 5 वर्ष तक आयु वर्ग के बच्चों की होने वाली कुल मृत्यु का एक प्रमुख कारण डायरिया भी है। इस अभियान का लक्ष्य दस्त के कारण होने वाली बच्चों की मृत्यु की दर को शुन्य पर लाना है। जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा कर उन्होंने शत प्रतिशत लाभार्थियों को 48 घंटे के भीतर भुगतान करने के निर्देश दिये। उन्होंने बैठक में अनुपस्थित चिकित्सा अधीक्षक व प्रभारी चिकित्सा अधिकारी के वेतन रोके जाने के निर्देश दिये। इस दौरान मुख्य रूप से अपर व उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी अधीक्षक व ब्लॉक प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला कम्युनिटी प्रोसेस प्रबंधक, जिलाअर्बन हेल्थ कॉर्डिनेटर और पी एस आई इंडिया संस्था के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थिति में महिला की मौत, इमरजेंसी में शव छोड़कर भागे ससुरालीजन, हत्या का आरोप

**आगरा।** मायका पक्ष ने बताया कि सुबह विवाहिता का फोन आया था। बताया था कि धोखे से ससुरालीजनों ने कुछ पिला दिया है। इसके बाद से तबीयत बिगड़ती जा रही है। आगरा के शाहगंज थाना क्षेत्र के नगलर बासी निवासी विवाहिता खुशबू (28) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। ससुरालीजन महिला के शव को एसएन मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में छोड़कर भाग गए। सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को मायके पक्ष को सौंप दिया। सदर थाना क्षेत्र के नौलक्खा निवासी रोबिन ने बताया कि उन्होंने अपनी बहन खुशबू की शादी 4 साल पहले शाहगंज थाना क्षेत्र के नगलर बासी निवासी अमित कुमार के साथ की थी। अमित जूता कारखाना संचालक है। आरोप लगाया कि शादी के बाद ससुराल वाले अतिरिक्त दहेज के लिए बहन का उत्पीड़न करने लगे। सोमवार को बहन का सुबह 10 बजे फोन पर कॉल आया था। उसने बताया था कि पति व अन्य ससुराल वालों ने धोखे से कुछ पिला दिया है। इससे तबीयत खराब होती जा रही है। वह अपनी मां रूपवती के साथ बहन के ससुराल पहुंचे। वहां कोई नहीं मिला। पड़ोस के लोगों ने बताया कि खुशबू को एसएन मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी लेकर गए हैं। वहां पहुंचे तो शव स्ट्रेचर पर पड़ा था और ससुरालीजन फरार थे। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजन को सौंप दिया। मायके पक्ष ने थाने में तहरीर दे दी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## ब्रज को उजाड़ोगे तो ठाकुर साथ ले जायेंगे भक्तों की भीड़ : खाटू दीदी

**मथुरा।** वृंदावन में बांकेबिहारी कॉरिडोर के विरोध 28 दिनों से जारी है, जहां गोस्वामी समाज की महिलाएं कॉरिडोर के खिलाफ धर्म युद्ध लड़ रही हैं। बुधवार खाटू दीदी श्रद्धा खंडेलवाल ने खाटू श्याम की प्रतिमा के साथ महिला गोस्वामियों को समर्थन देकर सरकार को ललकारा। कॉरिडोर को ह्यराक्षस बताते हुए ठाकुर जी को ले जाने की धमकी दी। वृंदावन की पवित्र गलियों में जहां हर घंटे घंटा नहीं, हर पल ठाकुरजी के जयकारे गूंजते हैं, वहां अब 28 दिनों से एक और आवाज गूंज रही है। बांके बिहारी कॉरिडोर नहीं चाहिएऔर अब इस आवाज में वो भी शामिल हो गईं हैं जो खुद हारे का सहारा खाटू श्याम की प्रतिमा लेकर राजस्थान से वृंदावन आ गई। खाटू दीदी। अब जब ठाकुर से लेकर श्याम बाबा तक के भक्त एकजुट होकर बांकेबिहारी कॉरिडोर विवाद की मशाल उठा चुके हैं, तो सवाल यही है कि क्या अब भी शासन कानों में रुई ठूंसे बैठा रहेगा? सरकार को लगता था कि मामला धीरे-धीरे शांत हो जाएगा, लेकिन यहां तो अब श्याम खुद अपने भक्तों के साथ मैदान में उतर आए हैं। बुधवार को जब गोस्वामी समाज की महिलाएं अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठीं, तो खाटू दीदी श्याम बाबा की मूर्ति लेकर वहीं पहुंच गईं। और फिर जो बोलीं, उसने शासन की जड़ों में भी कंपकंपी भर दी। खाटू श्याम की प्रतिमा हाथ में थामे खाटू दीदी ने गोस्वामी समाज की महिलाओं के साथ कंधे से कंधा मिलाया। उनकी आवाज में दर्द था, गुस्सा था, और बृज की मिट्टी से जुड़ा अटूट प्रेम था। ये कॉरिडोर राक्षस है, जो वृंदावन की आत्मा को निगलने आया है। सरकार राम मंदिर और काशी कॉरिडोर का हवाला देती है, लेकिन क्या बृज की कुंज गलियां काशी की गलियों जैसी हैं? धक्का-मुक्की तो हर मंदिर में होती है, फिर वृंदावन को ही क्यों उजाड़ना ?ह्व खाटू दीदी ने तंज कसा, ह्लसरकार को लगता है कि कॉरिडोर बनने से भक्तों की लाइन छोटी हो जाएगी, लेकिन घंटों लाइन में खड़े होने की तकलीफ तो भक्ति का हिस्सा है !ह्व कॉरिडोर विरोध में उनकी यह हुंकार सरकार के लिए चुनौती बन गई। सवाल उठता है कि, क्या ठाकुर जी को ले जाने की धमकी से सरकार की आंखें खुलेंगी?

## संस्कृति विवि के छात्रों को बड़ी कंपनियों में मिली नौकरी



आयुष कुमार | मोहम्मद अकरम | कासिम | अरुण सिंह | अंकित तामरकर | अभिषेक प्रताप रुडी

**मथुरा।** संस्कृति विवि के विद्यार्थियों ने हाल ही में अपनी प्रतिभा के दम पर देश और दुनियां की प्रसिद्ध कंपनियों में नौकरियां हासिल की हैं। विवि प्रशासन ने इन सभी विद्यार्थियों के चयन पर हर्ष व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं हैं। संस्कृति विवि के बी टेक मैकेनिकल डिप्लोमा के छात्र आयुष कुमार ने कठिन चयन प्रक्रिया में लगातार सफलता हासिल करते हुए गुजरात के जामनगर स्थित जेकोन इंजीनियरिंग प्राइवेट लि. में उच्च वेतनमान पर नौकरी हासिल की है। इसी प्रकार सिविल इंजीनियरिंग डिप्लोमा के छात्र मोहम्मद अकरम का सऊदी अरेबिया स्थित एआई राशिद ट्रेडिंग एंड कॉन्ट्रैक्टिंग कंपनी में उच्च वेतनमान पर चयन हुआ है। मैकेनिकल इंजीनियरिंग डिप्लोमा के छात्र कासिम का कुवैत स्थित सीजर अल्बाहर अल्मूतवेस्ट होल्डिंग कंपनी ने अपने यहां उच्च वेतनमान पर नौकरी दी है। इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग डिप्लोमा के छात्र अरुण सिंह का चयन जिंदल एल्यूमीनियम लि. में उच्च वेतनमान पर हुआ है। इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग डिप्लोमा के छात्र अंकित तामरकर को कटारिया ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज, अहमदाबाद ने अपनी कंपनी में उच्च वेतनमान पर नौकरी दी है। संस्कृति विवि के मैकेनिकल डिप्लोमा के छात्र अभिषेक प्रताप रुडी का चयन आर्दी इंजीनियरिंग लिमिटेड किरंदुल, छत्तीसगढ़ में हुआ है। विद्यार्थियों की इस शानदार सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए विवि की सीईओ मीनाक्षी शर्मा ने कहा है विवि के विद्यार्थियों की सफलता का श्रेय विद्यार्थियों के माता पिता और विवि के शिक्षकों की उस टीम को जाता है जिसने अपने अथक परिश्रम से विद्यार्थियों को इस योग्य बनाया।

### जल भराव से परेशान ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**मथुरा।** गोवर्धन क्षेत्र के गांव सीह में जल भराव की समस्या बनी रहती है नालियों के पानी के निकास के लिए कोई रास्ता नहीं है। बरसात के दिनों में बरसात का पानी घरों में भर जाता है अब लोगों को यह डर बना हुआ है कि बरसात का मौसम शुरू हो गया है और कहीं मकान गिर ना जाए। पहले भी बरसात में मकान गिर गए और फट भी गए। लोगों का कहना है कि पूर्व प्रधान द्वारा नालियों के पानी के लिए रास्ता बना दिया गया था पर आज स्थिति यह है कि नालियों के पानी का कोई निकास नहीं है। प्रधान के परिवार के लोगो ने और दबंग लोगों ने नालियों के पानी के निकास को रोक दिया है जिससे पानी घरों में भर जाता है और नालियों के पानी के लिए कोई रास्ता नहीं है।

## बच्चे से कुकर्म करने वाले को आगरा पुलिस ने लंगड़ा कर दिया, मुठभेड़ में लगी गोली

**आगरा।** थाना जगदीशपुरा क्षेत्र की डिवीजन चौकी क्षेत्र में एक नाबालिग बालक से कुकर्म के आरोपी आरोपी बबलू को को पुलिस ने 48 घंटे के भीतर एनकाउंटर के दौरान घायल कर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी बबलू पुत्र बांकेलाल निवासी दरगाह वाली गली, शांति सिनेमा के सामने, थाना जगदीशपुरा को पुलिस ने बिचपुरी रोड के पास मुठभेड़ के बाद धर दबोचा। बबलू के कब्जे से .315 बोर का अवैध तमंचा, एक जिंदा और एक खोखा कारतूस बरामद किया गया है। पुलिस ने घायल आरोपी को अस्पताल में भर्ती कराया है। एसीपी हरीपर्वत विनायक भोंसले ने बताया कि पुलिस को इनपुट मिला कि आरोपी आगरा से बाहर भागने की फिराक में है। सघन चेकिंग के दौरान पुलिस ने उसे घेरा, तो आरोपी ने फायरिंग शुरू कर दी। चेतावनी के बावजूद वह नहीं रुका तो पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की। गोली उसके पैर में लगी और वह घायल होकर गिर पड़ा। इस मामले में पीड़ित बालक की मां ने थाना जगदीशपुरा में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके आधार पर पुलिस सक्रिय हुई और मात्र 48 घंटे में आरोपी को धर दबोचा।

## नगरपालिका से त्रस्त कॉलोनीवासियों ने खुद कराया मार्ग गड्ढा मुक्त



**टूंडला।** नगरपालिका से त्रस्त पुष्पा, प्रेमा, कृष्णा कॉलोनीवासी के वाशिंदे मुख्य रोड पर दलदल हो रहा। मार्ग पर गड्ढे से निवासी गिर कर चोटिल हो रहे है। नगर पालिका द्वारा कोई ध्यान न दिए जाने पर कॉलोनीवासियों द्वारा खुद मलवा खरीद कर मंगवाया गया और गड्ढों को मलबे से भरवाया जा रहा है। कॉलोनी में एक मात्र मंदिर को जानेवाला रस्ते में महिलाओं को कीचड़ व गंदे पानी में होकर मंदिर में पूजन को जाना पड़ता है। इस मौके पर रूपेंद्र शर्मा, एसके गुप्ता, मोंटी चौधरी, अन्नू रावत, संजय गुप्ता, नितिन अग्रवाल, अखिलेश भारद्वाज, बनी सिंह, मनोज सोलंकी प्रवीण तोमर, रहिशपाल, दिनेश कुमार, सुधीर शर्मा, राकेश कुमार आदि ने नगरपालिका अधिशासी अधिकारी के प्रति रोष व्यक्त करते हुए अगले दिनों में कॉलोनी की समस्याओं के लिए प्रदर्शन की योजना बनाई जा रही है।

## लोकतंत्र की रक्षा के लिए हुआ था ऐतिहासिक संघर्ष, वक्ताओं ने आपातकाल को बताया भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय

**मथुरा।** भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में सबसे गंभीर संकट के प्रतीक आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर भाजपा की जिला एवं महानगर इकाइयों द्वारा एक संयुक्त प्रेस वार्ता का आयोजन बीएसए इंजीनियरिंग कॉलेज, मथुरा में किया गया।

राज्यसभा सांसद दशार्ना सिंह ने कहा 25 जून 1975 को लगाया गया आपातकाल स्वतंत्र भारत के संविधान और लोकतंत्र के मूल मूल्यों पर कुठाराघात था। करोड़ों लोगों की आवाज को कुचलने का प्रयास किया गया, लाखों लोगों को जेलों में ठूंसा गया और प्रेस की स्वतंत्रता को पूरी तरह खत्म कर दिया गया। भारतीय जनता पार्टी लोकतंत्र की उस लड़ाई में सबसे आगे खड़ी रही। वहीं प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा ने कहा मैंने आपातकाल को एक नागरिक के रूप में देखा है। यह वह समय था जब बोलने की आजादी, सोचने की स्वतंत्रता और मत की शक्ति को दबाया गया। संगोष्ठी कार्यकताओं को सम्मिलित करते हुए मुख्य वक्ता राज्य सभा सांसद दर्शना सिंह ने बताया आज की युवा पीढ़ी को आपातकाल का इतिहास जानना आवश्यक है। उन्हें समझना चाहिए कि लोकतंत्र हमें विरासत में नहीं मिला, यह लाखों लोगों के संघर्ष और बलिदान से प्राप्त हुआ है। वहीं मथुरा वृंदावन विधायक श्रीकांत शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा प्रारंभ से ही लोकतंत्र के मूल्यों पर आधारित रही है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भारतीय जनता पार्टी आज सत्ता में होते हुए भी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, मीडिया की स्वतंत्रता और संवैधानिक मूल्यों के प्रति पूरी तरह समर्पित है, और इसीलिए आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ को लोकतंत्र रक्षा दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। आभार व्यक्त भाजपा महानगर अध्यक्ष ने हरिशंकर राजू यादव ने कहा आपातकाल के प्रभावों पर बात करते हुए कहा गांव, गरीब, किसान, मजदूर, हर वर्ग को उस समय दमन का सामना करना पड़ा था। उस तानाशाही के खिलाफ जनता की चुप बगावत ने ही लोकतंत्र को दोबारा जीवित किया। यह विजय केवल एक राजनीतिक दल की नहीं, पूरे भारतवर्ष की थी। मंच साझा करने वालों में क्षेत्र उपाध्यक्ष अवधेश, विधायक मेघश्याम सिंह विधायक पूरन प्रकाश विधान परिषद सदस्य ओमप्रकाश सिंह विजय बहादुर पदम सिंह चन्दन सिंह रोशन लाल अग्रवाल देवेन्द्र शर्मा ओमप्रकाश बंसल प्रणतपाल निरंजन सिंह धनगर विनोद टैंटीवाल आदि लोगो ने मंच साझा किया। वहीं महानगर मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने बताया कार्यक्रम के अंत में लोकतंत्र सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए एक संकल्प पत्र पढ़ा गया, वार्ता के उपरांत भाजपा द्वारा लोकतंत्र सेनानी सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया, जिसमें आपातकाल के दौरान जेल गए या सक्रिय संघर्ष करने वाले वरिष्ठ 101कार्यकर्ताओं को अंगवस्त्र व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# समस्याएं देख भड़के राज्यमंत्री अफसरों को दिये निर्देश

**आगरा।** राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) होमगार्ड विभाग एवं नागरिक सुरक्षा विभाग, उप्र धर्मवीर प्रजापति ने आगरा के डेरा सरस, प्रजापति बस्ती, नाई की मण्डी पहुंचे तथा माटीकला व्यवसाय से जुड़े लोगों की समस्याओं को सुन कर पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों को विशेष निर्देश दिये। गौरतलब है कि शहर के डेरा सरस, प्रजापति बस्ती, नाई की मंडी के अधिकांश निवासी माटीकला व्यवसाय से जुड़े हैं। उपस्थित लोगों ने मंत्री धर्मवीर प्रजापति के सामने व्यवसाय हेतु मिट्टी की सुचारू आपूर्ति में आ रही समस्या व पुलिस प्रशासन द्वारा मिट्टी के ट्रैक्टर व अन्य वाहनों को रोकने तथा विभिन्न बाधाओं के बारे में बताया जिससे उनको जीविका व व्यवसाय को चलाने में अत्यंत कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। माटीकला व्यवसाय से जुड़े लोगों ने बताया देवरी रोड, रायभा, अछनेरा आदि से माटीकला हेतु मिट्टी का उठान किया जाता है लेकिन मिट्टी उठान के बाद शहर में लाने पर पुलिस व प्रशासन विभाग द्वारा मिट्टी के ट्रैक्टर व अन्य वाहनों को प्रवेश नहीं दिया जाता। मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने मौके पर उपस्थिति एडीएम वित्त व राजस्व, उप जिला मजिस्ट्रेट तहसील सदर, खनन इंस्पेक्टर, डीसीपी ट्रैफिक को तलब किया तथा कहा कि उपरोक्त समस्या सिर्फ डेरा सरस, प्रजापति बस्ती, नाई की मण्डी के माटीकला व्यवसाय से जुड़े लोगों की ही नहीं बल्कि शहर के पंचकुइया, शाहदरा, नुनिहाई, प्रकाश नगर, धनौली आदि जहां- जहां लोग माटीकला का कार्य कर रहे हैं, मिट्टी आपूर्ति की समस्या सभी के समक्ष आ रही है। खनन इंस्पेक्टर ने बताया कि 100 घन मीटर तक रजिस्ट्रेशन करने वाला माटीकला से जुड़ा व्यक्ति बिना शुल्क दिये मिट्टी प्राप्त कर सकता है। इस पर मंत्री ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की, उन्होंने नियम, कानून का हवाला न देकर समस्या समाधान करने, माटी आपूर्ति हेतु अधिकृत ट्रैक्टर व वाहन के नंबर लेकर माटीकला से जुड़े लोगों को पास जारी करने या अन्य व्यवस्था अविलंब करने के कड़े निर्देश दिए, मंत्री ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को भी माटीकला से जुड़े लोगों का सहयोग करने व मिट्टी आपूर्ति करने वाले वाहनों को न रोकने को निर्देशित किया। एडीएम वित्त व राजस्व ने माटीकला से जुड़े मिट्टी आपूर्ति करने वाले वाहनों हेतु खनन, पुलिस प्रशासन, माटीकला से जुड़े लोगों से समन्वय कर सुचारू मिट्टी आपूर्ति किए जाने का मौके पर आश्वासन दिया। मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त व राजस्व श्रीमती शुभांगी शुक्ला, डीसीपी ट्रैफिक अभिषेक अग्रवाल, उपजिला मजिस्ट्रेट सदर सचिन राजपूत, पार्षद मुन्ना सिंह प्रजापति सहित बड़ी संख्या में माटीकला से जुड़े लोग मौजूद रहे।

## चेन पुलिंग के खिलाफ रेलवे ने चलाया अभियान

**टूंडला।** प्रयागराज मंडल द्वारा चालू वित्तीय वर्ष में अप्रैल से 23 जून तक अनावश्यक चेन पुलिंग के 3628 मामले दर्ज किए गए एवं 1567 लोगों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की गयी। इनमें से अप्रैल 2025 में 1188 मामले दर्ज कर 413 लोगों को गिरफ्तार किया गया, मई 2025 में 1265 मामले दर्ज कर 665 लोगों को गिरफ्तार किया गया एवं जून 2025 में अब तक 1175 मामले दर्ज कर 459 लोगों को गिरफ्तार किया गया। प्रयागराज जनसम्पर्क अधिकारी अमित कुमार ने बताया कि अनावश्यक अलार्म चेन पुलिंग के विरुद्ध चालू वित्तीय वर्ष में 23 जून तक प्रयागराज जंक्शन पर 110 लोगों को गिरफ्तार किया गया। जबकि प्रयागराज छिवकी पर 67 लोगों को गिरफ्तार किया गया, नैनी जंक्शन पर 73 लोगों को गिरफ्तार किया गया, मिजार्पुर स्टेशन पर 128 लोगों को गिरफ्तार किया गया, कानपुर सेंट्रल पर 230 लोगों को गिरफ्तार किया गया गया, फतेहपुर स्टेशन पर 133 लोगों को गिरफ्तार किया गया, फफूंद स्टेशन पर 44 लोगों को गिरफ्तार किया गया, इटावा जंक्शन पर 130 लोगों को गिरफ्तार किया गया, टूंडला जंक्शन पर 140 लोगों को गिरफ्तार किया गया एवं अलीगढ़ जंक्शन पर 128 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य स्टेशनों पर भी अनावश्यक चेन पुलिंग के मामले दर्ज कर कार्यवाई की गयी। उत्तर मध्य रेलवे यात्रियों से अपील करता है कि यात्रा के दौरान अनावश्यक चेन पुलिंग न करें, चेन पुलिंग का दुरुपयोग कानूनी अपराध है इसमें जुमार्ना और जेल दोनों का प्रावधान है और इससे यात्रियों को भी असुविधा होती है। रेल प्रशासन ट्रेनों की समयबद्धता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निरंतर तत्पर है और यात्रियों से सहयोग की अपेक्षा करता है ताकि सभी यात्रियों को सुगम, सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा का लाभ मिल सके।

## संगोष्ठी आयोजित कर आपातकाल के विरोध में हस्ताक्षर अभियान चलाया

**फिरोजाबाद।** भारतीय लोकतंत्र का एक काला अध्याय 25 जून 1975 को तत्कालीन सरकार द्वारा भारतीय नागरिकों के उपर थोपा गया आपातकाल है, इसको आज संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाया जा रहा है, आने वाली पीढीयों को इस तरह की परिस्थितियां दुबारा उत्पन्न न हो इसके लिए इस आपातकाल की घटनाओं को पोस्टर, बैनर और वीडीयोज के माध्यम से प्रदर्शित किया जा रहा है, आज राष्ट्रीय आपातकाल को लागू हुए 50 वर्ष व्यतीत हो चुके है, आज अवसर है कि हम अपने संविधानिक मूल्यों के प्रति गहन चिंतन करें, जिससे भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इस घटना की त्रासदियों को बताने हेतु हर देश के साथ-साथ प्रदेश के समस्त जिलों में संगोष्ठियां आयोजित की जा रहीं है, इसी क्रम में कलैक्ट्रेट सभागार कक्ष में भी सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वप्रथम एक वीडीयों के माध्यम से आपातकाल की विभीषिका को देखा गया, सभी उपस्थित अधिकारियों ने एक स्वर से इसकी निंदा के साथ-साथ इस दौरान हुई, ज्दातियों की चर्चा की, सीडीओ शत्रोहन वैश्य ने कहा कि यह घटना भारतीय इतिहास का एक काला अध्याय है, इस दौरान सभी लोकतांत्रिक संस्थाऐं बाधित हो गयी थी, नागरिकों के अधिकार छीन लिए गए थे, आज हमें संकल्पित होने की जरूरत है, कि इस तरह की घटनाऐं भविष्य में पुनः न हो, क्योंकि ऐसी घटनाऐं हमारे मजबूत लोकतंत्र को कमजोर करने का कार्य करती है। इस अवसर पर बोलते हुए एडीएम विशु राजा ने कहा कि हम सभी यही उम्मीद करते है कि इस तरह का दौर कभी न आऐ जो इतिहास में शर्मिंदगी का कारण बनें, इस दौरान आपातकाल के विरोध में एक हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया, जिसमे सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने हस्ताक्षर कर इसके प्रति अपना विरोध दर्ज कराया।

# स्कूल पेयरिंग नीति से और बेहतर होंगे स्कूल

- आज के समय में बच्चों के लिए संस्कृति संस्कार और तकनीकी बेहद आवश्यक है, जो स्कूल पेयरिंग नीति से ही सम्भव है : जिलाधिकारी

जिला संवाददाता (vol)



**फिरोजाबाद।** डीएम रमेश रंजन की अध्यक्षता सीडीओ व बीएसए की उपस्थिति के साथ-साथ खण्ड शिक्षाधिकारियों और विभिन्न क्षेत्रों से आए अध्यापकों की उपस्थिति में शासन द्वारा शुरू की गयी 'स्कूल पेयरिंग नीति' को लेकर बैठक का आयोजन कलैक्ट्रेट सभागार कक्ष में किया गया। डीएम ने उपस्थित शिक्षकों की प्रशंसा करते हुए कहा कि आपने शिक्षा की गुणवत्ता में विशिष्ट बदलाव उपस्थित किया है और यह बदलाव विगत 5-7 सालों मे सबसे अधिक उपस्थित हुआ है, अब सरकार के प्रयासों से गरीब बच्चों का दाखिला भी अच्छे स्कूलों में हो रहा है, स्कूल पेयरिंग नीतिह्य बच्चों के उज्वल भविष्य की ओर सरकार द्वारा उठाया गया महत्वपूर्ण कदम है, यहां यह समझने की जरूरत है कि यह व्यवस्था स्कूल को बंद करने की नही, बल्कि उन्हे और बेहतर बनाने के लिए है, इस व्यवस्था से जिन स्कूलों में बच्चें बेहद कम है, दूसरे स्कूलों में बच्चों को शिफ्ट करने से कक्षाऐं पूरी तरह भरी होंगी, कक्षाओं में विद्यार्थियों की संख्या पर्याप्त होने से बेहतर सहपाठी सम्वाद और सामूहिक गतिविधियों में बढोत्तरी होगी, हर विषय के लिए शिक्षकों की उपलब्धता हो सकेगी, संसाधनों का प्रभावी और स्मार्ट उपयोग हो सकेगा, इस नीति के तहत एक स्कूल को प्री-प्राइमरी के लिए और दूसरें को प्राइमरी व मिडिल क्लासेज कक्षा 1 से 5/8 तक के लिए नामित किया जा रहा है, इन स्कूलों में प्राइवेट स्कूलों जैसी आधूनिक सुविधाऐं जैसे, कम्प्यूटर लैब, खेल का मैदान, स्मार्ट क्लास आदि उच्च स्तरीय सुविधाऐं उपलब्ध कराई जा रही है, प्रत्येक पेयर्ड विद्यालय में पर्याप्त शिक्षक तैनात किए जाएगें, जिससे शिक्षा का स्तर व गुणवत्ता दोनो सुधरेगी।जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि जनपद में 162 स्कूल है, जिनका पेयरिंग किया जाना है, इस दौरान जिलाधिकारी ने विभिन्न क्षेत्रों से आऐ अध्यापको से भी वार्ता की, साथ ही साथ शिक्षक संघों में महिला शिक्षक संघ, प्राथमिक शिक्षक संघ, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ इत्यादि के अध्यक्षों से भी इसके सम्बन्ध में उनकी राय जाननी चाही, सभी ने एक स्वर से इस नीति की सराहना की, और सभी ने एक स्वर से कहा कि इस नीति के आने से शिक्षा की गुणवत्ता में व्यापक सुधार होगा, साथ ही साथ शिक्षक और छात्र दोनो की परेशानियां भी दूर होंगी, डीएम ने कहा कि आज के समय में संस्कृति, संस्कार और तकनीकी बच्चों के लिए बेहद जरूरी है, जो इस दूरदर्शी और दूरगामी नीति से ही सम्भव होगी।




# पंत आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में सर्वश्रेष्ठ सातवें पर

## एक ही टेस्ट में दो शतक जड़ने वाले केवल दूसरे विकेटकीपर बने पंत को एक स्थान का फायदा हुआ

एजेंसी

दुबई। भारत के आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के पहले टेस्ट में दो शतक की बदौलत बुधवार को जारी नवीनतम आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ सातवें स्थान पर पहुंच गए। पहले टेस्ट में पांच विकेट की हार के दौरान पहली पारी में शतक जड़ने वाले भारत के नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल भी पांच स्थान के फायदे से 20वें पायदान पर हैं। भारत ने इंग्लैंड को 371 रन का मुश्किल लक्ष्य दिया था जो मेजबान टीम ने पांच विकेट गंवाकर हासिल कर लिया।

एक ही टेस्ट में दो शतक जड़ने वाले केवल दूसरे विकेटकीपर बने पंत को एक स्थान का फायदा हुआ है। पंत से पहले जिंबाब्वे के एंडी फ्लावर एकमात्र विकेटकीपर थे जिन्होंने एक ही टेस्ट में दो शतक जड़ने की उपलब्धि हासिल की थी। पंत ने लीड्स टेस्ट में 134 और 118 रन की पारी खेली। टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में अधिक बदलाव नहीं हुआ है। भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह पहले टेस्ट की पहली पारी में पांच विकेट चटकाने के बाद शीर्ष पर बने हुए हैं। इंग्लैंड की जीत के दौरान 62 और 149 रन की पारी खेलकर मैन ऑफ द मैच बने बेन डकेट पांच स्थान की छलांग के साथ रैंकिंग में आठवें स्थान पर पहुंच गए। डकेट के टीम के साथियों ओली पोप (तीन स्थान के फायदे से 19वें स्थान पर) और जेमी स्मिथ (आठ स्थान के फायदे से 27वें स्थान पर) को भी रैंकिंग में फायदा हुआ है। इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट दुनिया के नंबर एक टेस्ट बल्लेबाज हैं जबकि टीम के उनके साथी हैरी ब्रूक दूसरे स्थान पर हैं। पहले टेस्ट में गेंद और बल्ले से प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाले इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स टेस्ट ऑलराउंडर की सूची में तीन स्थान के फायदे से पांचवें स्थान पर पहुंच गए। श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच गॉल में ड्रॉ रहे पहले टेस्ट में 163 रन बनाने वाले मुशफिकुर रहीम 11 स्थान की छलांग से 28वें स्थान पर हैं। बांग्लादेश के ही नजमुल हुसैन शंटो दोनों पारियों में शतक की बदौलत 21 पायदान की लंबी छलांग के साथ 29वें स्थान पर हैं।

**बुमराह को लेकर योजना में कोई बदलाव नहीं : गंभीर**

लीड्स। भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा है कि टीम प्रबंधन पहले टेस्ट में हार के बावजूद तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ तीन से अधिक टेस्ट मैच खेलने के लिए नहीं कहेगा। बुमराह एकमात्र भारतीय गेंदबाज थे जिन्होंने हेडिंग्ले में खेले गए पहले टेस्ट मैच में इंग्लैंड के बल्लेबाजों के सामने लगातार चुनौती पेश की।



## विश्व कप जीत के 42 साल : वह दिन जिसने भारतीय क्रिकेट की कामयाबी की नींव रखी

नयी दिल्ली। पिछले चार साल में जब भी 25 जून आता है तो 83 वाट्सअप ग्रुप के सबसे जिंदादिल सदस्य की यादें बाकी 13 सदस्यों को कचोटती हैं। चार साल पहले यशपाल शर्मा ने आखिरी सांसें ली थी लेकिन ऐसा एक भी दिन नहीं गया होगा जब कपिल देव की 1983 विश्व कप विजेता टीम के सदस्यों ने यश पाजी को याद नहीं किया हो। कोरोना महामारी से पहले पंजाब के तत्कालीन चयनकर्ता यशपाल दिल्ली में रणजी मैच देखने आये थे। उन्होंने कुछ पत्रकारों को उलाहना भी दिया था कि ओल्ड टैफर्ड में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले मैच की रिकॉर्डिंग उनके पास नहीं है जिसमें उनकी 89 रन की पारी की मदद से भारत ने 34 रन से जीत दर्ज की थी। टूर्नामेंट में सर्वाधिक 240 रन बनाने वाले यशपाल ने कहा था , जिसके पास भी रिकॉर्डिंग है , मैं उसे 5000 पाउंड देने के लिये तैयार हूं। मेरे पास रिकॉर्डिंग नहीं है। वह मेरी सर्वश्रेष्ठ वनडे पारी थी। ऐसा लगता था कि मैको (मैल्कम मार्शल) का मुझसे अलिखित करार था। मेरे आते ही दो गेंद छाती पर मारता था। महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने उनके बारे में कहा था , वह टीम का बहुत ही लोकप्रिय सदस्य था और हम सभी उसे याद करते हैं। द 83 वाट्सअप ग्रुप में टीम के 14 सदस्य और प्रशासनिक प्रबंधक पीआर मान सिंह हैं। भारतीय टीम ने जब रवि शास्त्री के कोच रहते बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी जीती या रोजर बिन्नी बीसीसीआई अध्यक्ष बने या कीर्ति आजाद ने लोकसभा चुनाव जीता, इस ग्रुप पर चर्चा का दौर चला है। गावस्कर ने कहा , हम लगभग हर रोज संपर्क में रहते हैं और आज तो बिल्कुल ही। विजय माल्या के यूबी समूह ने 2008 में विश्व कप जीत की 25वीं सालगिरह पर लार्ड्स पर टीम के सभी सदस्यों के लिये समारोह का आयोजन किया था। फिर 2023 में अडाणी समूह ने 40वीं सालगिरह पर सदस्यों को सम्मानित किया। इस बार गावस्कर और शास्त्री एंडरसन तेंदुलकर ट्रॉफी के लिये अपनी मीडिया व्यस्तताओं के कारण बाहर हैं और दिलीप वेंगसरकर भी देश में नहीं है तो जश्न नहीं हो सका। गावस्कर ने कहा हमने इस साल भी जश्न का सोचा था लेकिन श्रृंखला चालू होने के कारण स्थगित करना पड़ा। दो साल पहले अहमदाबाद में अडाणी समूह ने टीम को सम्मानित किया था। भारत के सबसे सफल कप्तानों में से एक सौरव गांगुली ने हाल ही में पीटीआई के एक पॉडकास्ट में कहा था।

## ललित ने अंतरराष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर शतरंज टूर्नामेंट खिताब जीता



मुंबई। भारत के ललित बाबू ने बुधवार को यहां बेहतर टाई ब्रेक स्कोर के आधार पर आर्मेनिया के मामिकोन घरिबयान को पछाड़कर मुंबई अंतरराष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर शतरंज टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। ग्रैंडमास्टर ललित बाबू ने शीर्ष वरीय जॉर्जिया के ग्रैंडमास्टर लाविन पेंटसुलिया के खिलाफ अपनी नौवें और अंतिम दौर की बाजी जीतकर आठ जुटाए। मामिकोन ने भी भारतीय ग्रैंडमास्टर नीलोत्पल दास के खिलाफ अपनी बाजी जीती और उनके भी आठ अंक रहे। ललित बाबू ने हालांकि मामिकोन के 54 के मुकाबले 54.5 के बेहतर टाईब्रेक स्कोर के कारण खिताब जीता। उन्हें चार लाख रुपये की इनामी राशि मिली।

दूसरे स्थान पर रहे मामिकोन को तीन लाख रुपये मिले। पांचवें स्थान पर रहे भारत के दीपन चक्रवर्ती को एक लाख 25 हजार रुपये की इनामी राशि मिली। जूनियर वर्ग में भारत के कैंडिडेट मास्टर मधेश कुमार अंतिम दौर में व्योम मल्होत्रा को हराकर चैंपियन बने। उन्होंने कुल आठ अंक जुटाए। मधेश को दो लाख रुपये की इनामी राशि मिली। अद्विक अग्रवाल उप विजेता रहे और उन्हें डेढ़ लाख रुपये मिले। शीर्ष वरीय अंश नेरुरकर को तीसरे स्थान पर रहने के लिए एक लाख रुपये की इनामी राशि मिली। सानिधी भट को सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी चुना गया। उन्होंने ट्रॉफी और 45 हजार रुपये की इनामी राशि मिली। रचित गुरनानी और मिशा परवेज को मुंबई के खिलाड़ियों के बीच क्रमशः सर्वश्रेष्ठ लड़का और लड़की चुना गया। दोनों को 30 हजार रुपये और ट्रॉफी मिली।

**भारत के नौ वर्षीय खिलाड़ी ने कार्लसन को ड्रॉ पर रोका**

नयी दिल्ली। दिल्ली के नौ वर्षीय आरित कपिल एक प्रमुख ऑनलाइन मंच पर आयोजित अर्ली टाइटल्ड ट्यूजडे शतरंज टूर्नामेंट में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराने के करीब पहुंच गए थे।

## संक्षेप

### बायर्न म्यूनिख को हराकर बेनफिका ग्रुप में शीर्ष पर

चार्लोट (अमेरिका)। एंड्रियास श्जेल्डरुप के 13वें मिनट में किए गए गोल की मदद से बेनफिका ने क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के मंगलवार को यहां भीषण गर्मी में खेले गए मैच में बायर्न म्यूनिख पर 1-0 से जीत हासिल की, जिससे पुर्तगाल का यह क्लब ग्रुप सी में शीर्ष पर पहुंच गया। इस हार के कारण बायर्न म्यूनिख दूसरे स्थान पर खिसक गया जबकि बोका जूनियर्स को बाहर का रास्ता देखना पड़ा। यह मैच 36 डिग्री सेल्सियस के तापमान में खेला गया। बेनफिका के विंगर जियानलुका प्रेस्टियानी को गर्मी से संबंधित समस्याओं के कारण 25वें मिनट में उपचार लेना पड़ा और आखिर में वह 55वें मिनट में मैदान छोड़कर बाहर चले गए। इससे पहले श्जेल्डरुप ने फ्रेडरिक ऑर्न्स के क्रॉस पर पेनल्टी स्पॉट के पास से दाहिने पैर से शॉट लगाकर गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ।

### भारत के निचले क्रम को आउट करना निर्णायक रहा : स्टोक्स

लीड्स। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने पहले टेस्ट में भारत पर मिली पांच विकेट से जीत का श्रेय अपने गेंदबाजों को दिया है जिन्होंने भारत के निचले क्रम को दो बार आउट किया। जीत के लिये 371 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सलामी बल्लेबाज बेन डकेट और जैक क्रॉली ने पहले विकेट के लिये 188 रन की साझेदारी की। स्टोक्स ने हालांकि कहा कि मैच का पलड़ा उसी समय उनके पक्ष में हो गया था जब इंग्लैंड के गेंदबाजों ने भारत को बड़ा स्कोर बनाने से रोका। उन्होंने मैच के बाद कहा यह बल्लेबाजी के लिये अच्छी विकेट थी। बड़े स्कोर से इसका पता चलता है। लेकिन मैच का निर्णायक पल यही था कि हमने दो बार भारत के निचले क्रम को आउट कर दिया। इसी वजह से हम उन्हें बड़ा स्कोर बनाने से रोक पाये और विशाल लक्ष्य नहीं मिला जिसे पाना मुश्किल हो जाता। उन्होंने कहा हमने उन्हें 450 . 500 से आगे नहीं जाने दिया जो वह एक समय बनाते दिख रहे थे। भारत ने पहली पारी में आखिरी छह विकेट 41 रन के भीतर गंवा दिये और दूसरी पारी में भी आखिरी छह विकेट 34 रन के भीतर गिर गए। स्टोक्स ने कहा जीत के लिये 371 रन के लक्ष्य के जवाब में अच्छी शुरूआत चाहिये थी।

### हर्षित को भारतीय टीम से रिलीज किया गया

बर्मिंघम। इंग्लैंड के खिलाफ लीड्स में खेले गये पहले टेस्ट के लिए भारतीय टीम में कवर के तौर पर शामिल किए गए युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा को टीम प्रबंधन ने बुधवार को रिलीज (टीम से अलग करना) कर दिया। राणा ने इससे पहले ऑस्ट्रेलिया दौरे पर दो टेस्ट मैच खेले थे।

## भारतीय जूनियर हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हराया




एजेंसी

बर्लिन। भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने बुधवार को यहां चार देशों के टूर्नामेंट में तीसरे स्थान के प्ले ऑफ में ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हराया। ऑस्ट्रेलिया को कप्तान टोबी मेलोन ने दूसरे हाफ में बढ़त दिलाई जिसके बाद रोहित ने 45वें मिनट में स्कोर 1-1 कर दिया। अजीत यादव ने 52वें मिनट में भारत को 2-1 से आगे किया जो निर्णायक स्कोर साबित हुआ।

दोनों टीमों के बीच शुरुआत से ही कड़ी टक्कर देखने को मिली और शुरुआती दो क्वार्टर में कोई टीम गोल नहीं कर सकी। ऑस्ट्रेलिया ने अंततः तीसरे क्वार्टर में मैच के 40वें मिनट में टोबी के मैदानी गोल से बढ़त बनाई। ऑस्ट्रेलिया की टीम हालांकि अधिक समय तक जश्न नहीं बना सकी क्योंकि पांच मिनट बाद ही रोहित ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागकर स्कोर बराबर कर दिया।

## खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेलों का आयोजन नवंबर में जयपुर में होगा

एजेंसी

नयी दिल्ली। खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेलों (केआईयूजी) का पांचवां सत्र नवंबर में जयपुर में आयोजित किया जाएगा जिसमें 4,000 से अधिक छात्रों के भाग लेने की उम्मीद है। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को यह जानकारी दी। पूर्णिमा विश्वविद्यालय और राजस्थान विश्वविद्यालय संयुक्त रूप से अंडर-25 बहु-खेल खेलों की मेजबानी करेंगे।

इसमें 200 से अधिक विश्वविद्यालय भाग लेंगे। पिछले सत्र की तरह केआईयूजी 2025 कार्यक्रम में कम से कम 20 खेल होंगे। मांडविया ने खेल मंत्रालय से जारी विज्ञप्ति में कहा, मुझे यह घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है कि खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेलों को नवंबर 2025 में राजस्थान में आयोजित किया जायेगा। ये खेल अंडर-25 खिलाड़ियों के लिए हैं और इस साल मई में बिहार में आयोजित अंडर-18 खेलो इंडिया युवा खेलों के बाद आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा ये खेल उन खिलाड़ियों के लिए बेहतरीन अवसर प्रदान करते हैं जो देश में सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं पर नजर रखने वाले हमारे कई स्काउट्स (प्रतिभा परखने वाले) को प्रभावित करने के लिए एक राष्ट्रीय मंच की तलाश में हैं। उन्होंने कहा दुनिया भर में विश्वविद्यालय के छात्र बहु-खेल आयोजनों में अपने प्रदर्शन से दबदबा कायम करते हैं। राजस्थान में हमें कुछ बेहतरीन प्रदर्शन देखने की उम्मीद है क्योंकि हमें उम्मीद है कि खिलाड़ी अपने चरम पर होंगे। केआईयूजी 2024 की मेजबानी असम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, मिजोरम, सिक्किम, नगालैंड और त्रिपुरा ने संयुक्त रूप से की थी। चंडीगढ़ विश्वविद्यालय ने इसमें टीम चैंपियनशिप का खिताब जीता था।

पहली बार पूर्वोत्तर भारत में आयोजित 2024 सत्र में कुल 770 पदक (240 स्वर्ण, 240 रजत और 290 कांस्य) दांव पर थे। केआईयूजी 2024 में 200 से अधिक विश्वविद्यालयों ने 11 दिनों तक प्रतिस्पर्धा की और इसमें लगभग 4,500 खिलाड़ियों ने 20 खेलों में भाग लिया था।

## कुलदीप यादव को टीम में रखना होगा : मांजरेकर

नयी दिल्ली। पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर का मानना है कि इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में भारतीय आक्रमण कमजोर नजर आया और इसको मजबूती प्रदान करने के लिए बायें हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को टीम में लाना चाहिए और शार्दुल ठाकुर को बाहर करना चाहिए। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने हेडिंग्ले में पहली पारी में पांच विकेट चटकाए, लेकिन अन्य भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा और ठाकुर उन्हें पर्याप्त सहयोग नहीं दे पाए। मांजरेकर ने मैच सेंटर लाइव पर कहा, कुलदीप यादव को वापस आना होगा। मुझे यह कहते हुए दुख हो रहा है, लेकिन शार्दुल ठाकुर को बाहर जाना होगा। उन्होंने कहा यह एक बदलाव है जो भारत को करना होगा। जहां तक नीतीश कुमार रेड्डी का सवाल है तो मैंने पहले टेस्ट के लिए उनका समर्थन इस आधार पर किया था कि उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में शानदार प्रदर्शन किया था। मांजरेकर ने कहा लेकिन वह पर्याप्त विकल्प प्रदान नहीं करता है। वह टीम में चौथे तेज गेंदबाज की भूमिका में पूरी तरह से खरा नहीं उतर पाएगा इसलिए भारतीय टीम प्रबंधन को कड़ा फैसला लेना होगा। हमें यहां की परिस्थितियों में अपने सर्वश्रेष्ठ आक्रमण के साथ करना होगा और इसके लिए मैं एक तेज गेंदबाज कम रखूंगा और कुलदीप को अंतिम एकादश में शामिल करूंगा। उसे खेलना ही होगा।

## गिल की आभा रोहित व विराट जैसी प्रभावशाली नहीं : हुसैन

एजेंसी




लीड्स। इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला के शुरूआती टेस्ट में पांच विकेट से शिकस्त मिलने के बाद भारत के नये कप्तान शुभमन गिल की रणनीति की आलोचना के बीच पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने कहा कि मैदान पर उनमें रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसा आभा नहीं दिखी। भारत को इस मैच में पांच शतकीय पारियों के बाद भी हार का सामना करना पड़ा। इंग्लैंड ने मंगलवार को मैच के पांचवें दिन 371 रन का लक्ष्य पांच विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। टीम ने इसके साथ ही श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली।

रोहित शर्मा के बाद कप्तान के रूप में अपने पहले टेस्ट में गिल को कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा और हुसैन ने कहा कि यह युवा खिलाड़ी कप्तान के तौर पर सक्रिय होने के बजाय प्रतिक्रिया दे रहा था। हुसैन ने स्काई स्पोर्ट्स से कहा, मैंने देखा कि कोई तरीका ढूंढने की कोशिश कर रहा था। उसके (गिल) पास मैदान पर रोहित और (विराट कोहली) जैसी आभा नहीं दिखी। मुझे लगा कि वह सक्रिय होने के बजाय प्रतिक्रिया दे रहा था। उन्होंने कहा जब रोहित और कोहली टीम की कप्तानी कर रहे थे तब आपको देख कर ही समझ आ जाता था कि कौन नेतृत्व कर रहा है लेकिन इस मैच में मुझे लगा कि दो या तीन कप्तान है। ऐसा लगा जैसे एक समिति टीम का नेतृत्व कर रही है। हुसैन ने कहा कि भारत मैच इसलिए हार गया क्योंकि गिल दो चीजों (कैच छोड़ना और निचले क्रम के बल्लेबाजों का घुटने टेकना) को नियंत्रित नहीं कर सके। उन्होंने कहा टीम की यह स्थिति मुझे चिंतित करती है। भारत के पास लंबे समय से रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा और अक्षर पटेल जैसे शानदार स्पिन-गेंदबाजी हरफनमौला रहे हैं। वे हालांकि इंग्लैंड में अब भी एक तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर की तलाश कर रहे हैं जो बल्लेबाजी कर सके।

इंग्लैंड के लिए 1990 से 2004 के बीच 96 टेस्ट खेलने वाले इस 57 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, भारतीय टीम अगर 31 रन पर छह विकेट और 41 रन पर सात विकेट गंवाते रही तो तो इस श्रृंखला का परिणाम जल्दी तय हो जायेगा। भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री का मानना है कि गिल ने उनसे जितना अपेक्षित था।

## अनीश, सिफत व उमामहेश राष्ट्रीय चयन ट्रायल में जीते

एजेंसी

देहरादून। ओलंपियन अनीश भानवाला, सिफत कौर सामरा और जूनियर विश्व चैम्पियनशिप पदक विजेता उमामहेश मेदिनेनी ने ग्रुप ए खिलाड़ियों के लिये राष्ट्रीय चयन ट्रायल में क्रमशः पुरूषों की 25 मीटर रैपिड फायर, महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस और 10 मीटर एयर राइफल में जीत दर्ज की। ये ट्रायल महाराणा प्रताप खेल कॉलेज में त्रिशूल निशानेबाजी रेंज पर हुए।

अनीश ने फाइनल में 33 स्कोर किया जबकि आदर्श सिंह उनसे चार अंक पीछे दूसरे स्थान पर रहे। नौसेना के प्रदीप सिंह शेखावत 23 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहे। इससे पहले अनीश ने क्वालीफिकेशन के दूसरे चरण में 289 स्कोर किया था जबकि पहले चरण में उनका स्कोर 293 था। उन्होंने कुल 582 के स्कोर के साथ फाइनल में जगह बनाई। प्रदीप 581 (290 और 291) के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर और गुरमीत सिंह तीसरे स्थान पर रहे। हरसिमर सिंह रत्ता , नीरज कुमार और आदर्श सिंह चौथे, पांचवें और छठे स्थान पर रहे। हाल ही में म्युनिख में आईएसएसएफ विश्व कप में कांस्य पदक जीतने वाली सिफत कौर सामरा महिलाओं की 50 मीटर थ्री पोजिशंस फाइनल में 467 . 3 अंक के साथ शीर्ष रही। आकृति दहिया 456 . 9 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रही। आशी चौकसी 443 . 9 अंक लेकर तीसरे स्थान पर रही। पुरूषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा के फाइनल में उमामहेश ने ब्यूनस आयर्स विश्व कप स्वर्ण पदक विजेता रूद्रांक्ष पाटिल को पछाड़ा। उमामहेश का स्कोर 252 . 2 था जबकि पाटिल ने 251 . 5 स्कोर किया। दिव्यांश पंवार 230 . 1 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहे। ये ट्रायल कजाखस्तान में अगस्त में होने वाली 16वीं एशियाई निशानेबाजी चैम्पियनशिप और सितंबर में चीन के निंगबो में होने वाले आईएसएसएफ विश्व कप के लिये भारतीय टीम के चयन के लिहाज से अहम हैं।



**भारतीय निशानेबाजी लीग के लिए 400 से अधिक खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है: एनआरएआई**

नयी दिल्ली। आगामी भारतीय निशानेबाजी लीग (एसएलआई) में भाग लेने के लिए अभी तक दुनिया भर के 400 से अधिक खिलाड़ी पंजीकरण करा चुके हैं। इस प्रतियोगिता के आयोजक भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने बुधवार को यह जानकारी दी। भारत, कजाकिस्तान, रूस, ईरान, हंगरी, क्रोएशिया, अजरबैजान, यूनाइटेड किंगडम, ऑस्ट्रेलिया, ग्रेनेडा, इटली, ऑस्ट्रेलिया, ऑस्ट्रिया, सर्बिया, अमेरिका, स्पेन, थाईलैंड, जर्मनी, चेक गणराज्य, नॉर्वे, सैन मैरिनो और रोमानिया के निशानेबाजों ने लीग के लिए पंजीकरण कराया है। एनआरएआई के अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव ने कहा, हमें पहली भारतीय निशानेबाजी लीग को लेकर जिस तरह की प्रतिक्रिया मिल रही है उससे वास्तव में हम उत्साहित हैं। पहली भारतीय निशानेबाजी लीग का आयोजन इस साल के आखिर में 20 नवंबर से दो दिसंबर तक किया जाएगा। इसमें पिस्टल (10 मीटर, 25 मीटर), राइफल (10 मीटर, 50 मीटर 3 पोजीशन) और शॉटगन में मिश्रित टीम स्पर्धाएं शामिल होंगी।

## नीरज चोपड़ा ने गोल्डन स्पाइक मीट खिताब जीता

एजेंसी




ओस्ट्रावा। पेरिस डायमंड लीग जीतने के चार दिन बाद भारत के भालाफेंक सुपरस्टार नीरज चोपड़ा ने मंगलवार को यहां गोल्डन स्पाइक मीट में पहली बार खेलते हुए खिताब अपने नाम किया। चोपड़ा ने 20 जून को पेरिस डायमंड लीग जीती थी। उन्होंने यहां विश्व एथलेटिक्स उपमहाद्वीपीय टूर के गोल्ड टूर्नामेंट में नौ खिलाड़ियों के बीच 85 . 29 मीटर का थ्रो फेंकते हुए खिताब जीता। दक्षिण अफ्रीका के डाउ स्मिट ने 84 . 12 मीटर के थ्रो के साथ दूसरा स्थान हासिल किया जबकि दो बार के विश्व चैम्पियन ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स 83 . 63 मीटर के पहले थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

दूसरे दौर के बाद चोपड़ा तीसरे स्थान पर थे जिनकी शुरूआत फाउल से हुई लेकिन उसके बाद 83 . 45 मीटर का थ्रो फेंका। तीसरे दौर में 85 . 29 मीटर के थ्रो के साथ वह शीर्ष पर आये। उनके अगले दो थ्रो 82 . 17 मीटर और 81 . 01 मीटर के रहे जबकि आखिरी थ्रो फाउल रहा। रियो ओलंपिक 2016 के स्वर्ण पदक विजेता जर्मनी के थॉमस रोहलेर 79 . 18 मीटर के थ्रो के साथ सातवें स्थान पर रहे। जर्मनी के जूलियन वेबर ने इस टूर्नामेंट में भाग नहीं लिया जिससे दो बार के ओलंपिक पदक विजेता चोपड़ा को सबसे प्रबल दावेदार माना जा रहा था। पिछले दो सत्र में वह यहां फिटनेस कारणों से खेल नहीं सके थे। उनके कोच जान जेलेंजी ने यहां नौ बार खिताब जीता है। 27 वर्ष के चोपड़ा ने इस सत्र में मई में दोहा डायमंड लीग में 90 मीटर की बाधा पार करके दूसरा स्थान हासिल किया। इसके बाद पेरिस डायमंड लीग खिताब जीता। चोपड़ा यहां 2018 में आईएएएफ कांटिनेंटल कप में एशिया प्रशांत टीम का हिस्सा थे और 80 . 24 मीटर के थ्रो के साथ छठे स्थान पर रहे थे। अब वह बेंगलुरू में पांच जुलाई को नीरज चोपड़ा क्लासिक में भाग लेंगे जिसमें पीटर्स और रोहलेर भी खेल रहे हैं।

**काश मैने बेहतर प्रदर्शन किया होता : गोल्डन स्पाइक जीत के बावजूद खुश नहीं हैं नीरज**

ओस्ट्रावा। भारत के भालाफेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने भले ही पदार्पण के साथ गोल्डन स्पाइक खिताब जीत लिया हो लेकिन पूर्व ओलंपिक चैम्पियन अपने प्रदर्शन से खुश नहीं हैं। चोपड़ा ने 85 . 29 मीटर के थ्रो के साथ नौ खिलाड़ियों के बीच खिताब जीता। जीत के बाद उन्होंने कहा , मैं आज अपने प्रदर्शन से खुश नहीं हूं लेकिन इस बात की खुशी है कि खिताब जीता। उन्होंने कहा मैं बचपन में यह टूर्नामेंट देखा करता था। मैने जान जेलेंजी और उसेन बोल्ट जैसे दिग्गजों को गोल्डन स्पाइक जीतते देखा और मुझे लगता था कि मैं भी एक दिन जीतूंगा। आज वह सपना सच हो गया है। उन्होंने हालांकि कहा मुझे पता है कि चेक गणराज्य में भालाफेंक काफी लोकप्रिय है। दर्शकों से हमें अपार समर्थन मिला। काश कि मैं बेहतर प्रदर्शन कर पाता। दूसरे दौर के बाद चोपड़ा तीसरे स्थान पर थे जिनकी शुरूआत फाउल से हुई लेकिन उसके बाद 83 . 45 मीटर का थ्रो फेंका।

# अलोकतांत्रिक मानसिकता का प्रतिबिंब था आपातकाल

## निरंकुश शासक ने अपने परिवारवादी शासन को बनाये रखने के लिए आपातकाल लागू किया : शाह



नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि 50 साल पहले एक निरंकुश शासक द्वारा लगाया गया आपातकाल जिसका एकमात्र उद्देश्य अपने परिवारवादी शासन को बनाए रखना था, भारत के इतिहास के सबसे काले अध्यायों में से एक था। शाह ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का परोक्ष उल्लेख करते हुए कहा कि आपातकाल कोई राष्ट्रीय आवश्यकता नहीं थी, बल्कि यह कांग्रेस और केवल एक व्यक्ति की अलोकतांत्रिक मानसिकता का प्रतिबिंब था। इंदिरा गांधी सरकार ने 25 जून 1975 को आपातकाल लागू किया था। मोदी सरकार इस दिन को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाती है।

गृह मंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि 50 साल पहले एक निरंकुश शासक द्वारा थोपा गया आपातकाल, जिसका एकमात्र उद्देश्य अपने परिवारवादी शासन को बनाए रखना था, भारत के इतिहास के सबसे काले अध्यायों में से एक था। शाह 1975 में महज 11 वर्ष के थे। उन्होंने कहा कि वह तब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के बाल स्वयंसेवक थे और उन्होंने आपातकाल के बुरे दौर के दौरान हुई ज्यादतियों और अन्याय को प्रत्यक्ष रूप से सुना। उन्होंने कहा कि उस समय की यादें धुंधली हैं, क्योंकि तब वह बहुत छोटे थे, लेकिन दमन, यातना, लोकतांत्रिक मूल्यों पर खुला हमला, अब भी उनकी स्मृतियों में है। उन्होंने कहा कि मुझे इस बात पर बहुत गर्व है कि मैं एक ऐसे आंदोलन से जुड़ा, जो इस अत्याचार के खिलाफ खड़ा हुआ और मैं एक ऐसे नेता से जुड़ा हूं जिसने भारत के लोकतंत्र और इसके संविधान की रक्षा के लिए निडरता से आवाज उठायी। आपातकाल के पीड़ितों को श्रद्धांजलि देते हुए शाह ने कहा कि यह दिन सभी को याद दिलाता है कि जब सत्ता तानाशाही बन जाती है, तो जनता उसे उखाड़ फेंकने की ताकत रखती है। गृह मंत्री ने कहा कि आपातकाल कांग्रेस की सत्ता की भूख का अन्याय काल था। शाह ने एक्स पर लिखा, यह दिवस बताता है कि जब सत्ता तानाशाही बन जाती है तो जनता उसे उखाड़ फेंकने की ताकत रखती है। उन्होंने कहा कि आपातकाल कोई राष्ट्रीय आवश्यकता नहीं, बल्कि कांग्रेस और एक व्यक्ति की लोकतंत्र विरोधी मानसिकता का परिचायक था। उन्होंने कहा कि प्रेस की स्वतंत्रता कुचली गई, न्यायपालिका के हाथ बांध दिए गए और सामाजिक कार्यकर्ताओं को जेल में डाला गया। शाह ने कहा कि देशवासियों ने सिंहासन खाली करो का शंखनाद किया और तानाशाही कांग्रेस को उखाड़ फेंका। इस संघर्ष में बलिदान देने वाले सभी वीरों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि। पिछले साल शाह ने घोषणा की थी कि मोदी सरकार 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाएगी, ताकि इस अवधि के दौरान अमानवीय पीड़ा सहने वालों के बड़े योगदान को याद किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा था कि संविधान हत्या दिवस मनाने से प्रत्येक भारतीय में व्यक्तिगत स्वतंत्रता व लोकतंत्र की रक्षा की अमर ज्वाला को प्रज्वलित रखने में मदद मिलेगी, जिससे कांग्रेस जैसी तानाशाही ताकतों को उन भयावहताओं को दोहराने से रोका जा सकेगा। इस संबंध में जारी एक राजपत्र अधिसूचना में कहा गया है कि 25 जून 1975 को आपातकाल की घोषणा की गई थी, जिसके बाद तत्कालीन सरकार द्वारा सत्ता का घोर दुरुपयोग किया गया और भारत के लोगों पर ज्यादतियां और अत्याचार किए गए।

# दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र पर धब्बा था आपातकाल : अनुराग ठाकुर



मोतिहारी (बिहार)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता अनुराग ठाकुर ने बुधवार को आपातकाल को दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र पर धब्बा बताया और आरोप लगाया कि इसके लिए उस समय सत्तारूढ़ कांग्रेस की तानाशाही प्रवृत्ति जिम्मेदार थी।

बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे लोकसभा सदस्य ने पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) अध्यक्ष लालू प्रसाद पर भी निशाना साधते हुए कहा, जेपी आंदोलन से उपजे नेता, जिन्होंने कांग्रेस की तानाशाही को चुनौती दी थी, अब उसी पार्टी की गोद में बैठ गए हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने आरोप लगाया, आपातकाल लागू करके इंदिरा गांधी ने बाबासाहेब आंबेडकर के संविधान को कुचल दिया था। उनके पोते राहुल गांधी उसी संविधान को अपनी जेब में रखना पसंद करते हैं। यह संविधान के प्रति पार्टी की उपेक्षा को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि देश यह नहीं भूला है कि कैसे 50 साल पहले इसी तारीख को इंदिरा गांधी ने रात के अंधेरे में आपातकाल लागू किया था, जिसके बाद प्रेस सहित सरकार की आलोचना करने की हिम्मत करने वाले सभी लोगों के खिलाफ ज्यादतियां की गईं। ठाकुर ने कहा कि यह दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र पर एक धब्बा है और कांग्रेस की तानाशाही प्रवृत्ति को दर्शाता है। उन्होंने आरोप लगाया, सत्ता में रहते हुए, कांग्रेस ने अपने राजनीतिक उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए अनगिनत बार संविधान में संशोधन किया। अनुच्छेद 357 का दुरुपयोग करके कई राज्य सरकारों को बर्खास्त किया गया। यह सब पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के समय से चल रहा था। उन्होंने कहा कि दिवंगत न्यायमूर्ति एच आर खन्ना को भारत के प्रधान न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति से वंचित कर दिया गया क्योंकि उन्होंने आपातकाल के दौरान अपने मन की बात कही थी। कई नेताओं और छात्र कार्यकर्ताओं को अपने करीबी रिश्तेदारों के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए पैरोल नहीं दी गई थी। आज, वही कांग्रेस चुनावी प्रक्रिया पर संदेह जताने का दुस्साहस कर रही है।

संक्षेप

## मोदी सरकार के हाथों की कठपुतली बन गया है निर्वाचन आयोग : खरगे

नयी दिल्ली। निर्वाचन आयोग को नरेन्द्र मोदी सरकार के हाथों की कठपुतली बन जाने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को कहा कि चुनाव प्रक्रिया में खामियों का विषय आयोग के समक्ष उठाया गया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने पिछले साल महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का विशेष रूप से उल्लेख किया और कहा कि मत पत्र से चुनाव कराए जाने चाहिए। खरगे ने कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन में संवाददाताओं से कहा कि निर्वाचन आयोग सरकार के हाथों की कठपुतली बन गया है...आपके पास एक कठपुतली है और आप (प्रधानमंत्री मोदी) दावा करते हैं कि आप चुनाव जीत रहे हैं। आप चुनाव नहीं जीत रहे हैं, आपकी मशीन जीत रही है। उन्होंने महाराष्ट्र को लेकर दावा किया कि चुनाव प्रक्रिया में खामियां हैं। उनका कहना था, निर्वाचन आयोग से पहले हमने मतपत्र की मांग की थी। क्या उसने यह किया? मोदी जी जो कहते हैं वही आप (आयोग) करते हैं। आप जो मोदी जी के लिए कर रहे हैं, उसके लिए धन्यवाद। कांग्रेस अध्यक्ष ने एक सवाल के जवाब में कहा कि हमने पूरी कोशिश की, कानून के तहत की। अगर सरकार ने ठान लिया है कि जो गलती हो रही है।

## पंजाब और गुजरात उपचुनाव में जीत 2027 के लिए सेमीफाइनल

नयी दिल्ली। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पंजाब और गुजरात में विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) की जीत को 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए सेमीफाइनल करार दिया और कहा कि पार्टी दोनों राज्यों में अगली सरकार बनाने की राह पर है।

केजरीवाल ने गुजरात की विसावदर और पंजाब की लुधियाना पश्चिम विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में पार्टी की दोहरी जीत का जश्न मनाने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि गुजरात और पंजाब में उपचुनाव सेमीफाइनल थे और 2027 के विधानसभा चुनाव में हम पंजाब में 100 सीट का आंकड़ा पार कर जाएंगे तथा सरकार बनाएंगे। केजरीवाल ने गुजरात में जीत दर्ज करने वाले गोपाल इटालिया और लुधियाना पश्चिम में जीतने वाले संजीव अरोड़ा को बधाई दी और पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए जनता को धन्यवाद दिया। हम पंजाब में पिछले तीन साल से सत्ता में हैं। सरकार विरोधी लहर तो छोड़िए सरकार के समर्थन में लहर तो है ही।

## अमेरिकी हमलों से हमारे परमाणु प्रतिष्ठान बुरी तरह क्षतिग्रस्त: ईरान

एजेंसी



दुबई। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई ने बुधवार को पुष्टि की कि सप्ताहांत में हुए अमेरिकी हमलों से देश के परमाणु प्रतिष्ठान बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुए हैं। अल जजीरा से बात करते हुए बाघेई ने यह टिप्पणी की, हालांकि उन्होंने विस्तार से बताने से इनकार कर दिया। बाघेई ने स्वीकार किया कि रविवार को अमेरिकी बी-2 बमवर्षकों द्वारा बंकर-बस्टर बम गिराए जाने से काफी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि हमारे परमाणु प्रतिष्ठानों को बुरी तरह से नुकसान पहुंचा है।

## पांच राज्यों में मतदाता सूची की गहन समीक्षा शुरू करेगा निर्वाचन आयोग




नयी दिल्ली। बिहार के बाद, निर्वाचन आयोग इस वर्ष के अंत तक उन पांच राज्यों में मतदाता सूचियों की गहन समीक्षा करेगा जहां 2026 में चुनाव होने हैं।

अंततः, निर्वाचन आयोग देशभर में विशेष गहन पुनरीक्षण शुरू करेगा, ताकि मतदाता सूचियों की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के अपने संवैधानिक दायित्व का निर्वहन किया जा सके। गहन समीक्षा के तहत, चुनाव अधिकारी त्रुटिरहित मतदाता सूची सुनिश्चित करने के लिए घर-घर जाकर सत्यापन करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल की विधानसभाओं का कार्यकाल अगले वर्ष मई-जून में समाप्त हो रहा है और इन राज्यों में मतदाता सूचियों की गहन समीक्षा वर्ष के अंत तक शुरू हो जाएगी। हालांकि, चूंकि बिहार में इस वर्ष के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं, इसलिए निर्वाचन आयोग ने वहां तत्काल विशेष गहन पुनरीक्षण करने का निर्णय लिया है। विपक्षी दलों का आरोप है कि आयोग ने भाजपा की मदद के लिए मतदाता आंकड़ों में हेराफेरी की है। इसके बाद आयोग ने गहन पुनरीक्षण में अतिरिक्त कदम उठाए हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अवैध प्रवासियों का नाम मतदाता सूची में दर्ज न हो। मतदाता बनने या राज्य के बाहर से आने वाले आवेदकों की एक श्रेणी के लिए एक अतिरिक्त घोषणा फॉर्म पेश किया गया है। उन्हें यह शपथ-पत्र देना होगा कि उनका जन्म एक जुलाई, 1987 से पहले भारत में हुआ था और जन्म तिथि औराया जन्म स्थान को प्रमाणित करने वाला कोई भी दस्तावेज़ प्रस्तुत करना होगा। घोषणा पत्र में सूचीबद्ध विकल्पों में से एक यह है कि उनका जन्म भारत में एक जुलाई 1987 और दो दिसंबर 2004 के बीच हुआ है। उन्हें अपने माता-पिता की जन्मतिथिास्थान के बारे में भी दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। बिहार के लिए अंतिम गहन पुनरीक्षण 2003 में किया गया था। आयोग ने कहा कि तेजी से हो रहे शहरीकरण, लगातार हो रहे पलायन, युवा नागरिकों के मतदान के लिए पात्र होने, मौतों की सूचना न देने और विदेशी अवैध प्रवासियों के नाम सूची में शामिल होने जैसे कई कारणों से मतदाता सूचियों की शुचिता और त्रुटिरहित तैयारी सुनिश्चित करने के लिए पुनरीक्षण की आवश्यकता पड़ी है।

## गाजा में विस्फोटक फटने से सात इजराइली सैनिकों की मौत : सेना

यरुशलम। दक्षिणी गाजा के खान यूनिस शहर में मंगलवार को एक इजराइली बख्तरबंद वाहन में लगे विस्फोटक उपकरण में विस्फोट होने से इजराइल के सात सैनिकों की मौत हो गयी। इजराइली सेना के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।



गाजा में इजराइली सेना के लिए यह घातक घटना है। सात अक्टूबर 2023 को हमास के हमले के बाद शुरू हुए युद्ध में अब तक इजराइल के 860 से अधिक सैनिक मारे गए हैं। सेना ने बताया कि खान यूनिस इलाके में ही गोलीबारी में मंगलवार को एक सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गया। हमास की सैन्य शाखा अल-कासिम ब्रिगेड्स ने अपने टेलीग्राम चैनल पर कहा कि उसने दक्षिणी गाजा पट्टी में एक आवासीय इमारत के अंदर छिपे इजराइली सैनिकों पर घात लगाकर हमला किया। हमास ने बताया कि दक्षिणी खान यूनिस में यासीन 105 मिसाइल और एक अन्य मिसाइल की चपेट में आने से कुछ सैनिकों की मौत हो गयी और अन्य घायल हो गए। अल-कासिम के लड़ाकों ने इसके बाद मशीन गन से इमारत को निशाना बनाया। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि क्या ये दोनों घटनाएं एक ही हैं। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि इजराइल के 21 महीने से जारी सैन्य अभियान में गाजा में 56,077 लोगों की मौत हो गयी है। फलस्तीन के एक स्थानीय अधिकारी ने बुधवार को कहा कि इजराइली सेना ने पूर्वी यरुशलम में 66 वर्षीय फलस्तीनी महिला को गोली मार दी। इजराइली पुलिस ने कहा कि वे पूर्वी यरुशलम की एक महिला की मौत की जांच कर रहे हैं जो गंभीर चोटों के साथ एक जांच चौकी पर पहुंची थी और बाद में उसे वहां मृत घोषित कर दिया गया था। फलस्तीनी अधिकारी मारूफ अल-रिफाई ने कहा कि इजराइली सेना रात को शुआफत शरणार्थी शिविर में घुसी और जाहिया ओबेदी को सिर में गोली मार दी और उसके शव को अपने साथ ले गए। इजराइली बलों ने बाद में देर रात उसके पति तथा बेटों को गिरफ्तार कर लिया, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि उन्हें रिहा किया गया या नहीं।

इंटरटेनमेंट...

## गोविंदा का फिल्म अवतार ठुकराने का दावा झूठ!



मुंबई। पॉपुलर एक्टर गोविंदा ने दावा किया था कि उन्हें जेम्स कैमरून की हॉलीवुड फिल्म अवतार ऑफर की गई थी, लेकिन उन्होंने फिल्म ये कहते हुए ठुकरा दी कि वो शरीर को नीला पेंट नहीं करेंगे। साथ ही उन्होंने कहा था कि फिल्म का टाइटल अवतार भी उन्होंने ही जेम्स कैमरून को दिया था। हालांकि अब गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा ने उनके इस दावे पर न सिर्फ सवाल उठाया है, बल्कि इसका जमकर मजाक भी उड़ाया है। हाल ही में सुनीता आहूजा ने उर्फी जावेद को इंटरव्यू दिया है। बातचीत के बीच उर्फी जावेद ने उनसे कहा, 'गोविंदा जी का एक मीम बहुत वायरल हुआ था, जिसमें उन्होंने कहा था कि अवतार (हॉलीवुड फिल्म) मुझे ऑफर हुई थी।

इस पर सुनीता ने कहा है, 'अरे यार, मुझे तो नहीं पता ये कब ऑफर हुई थी। 40 साल तो मुझे ही हो गए गोविंदा के साथ। वो अवतार का डायरेक्टर- प्रोड्यूसर कब आया, मुझे नहीं मालूम।' जब उर्फी ने कहा, 'अगर इतनी बड़ी मूवी ऑफर हुई है, तो गोविंदा जी ने क्यों मना कर दिया। इस पर सुनीता ने कहा, हुई भी है कि नहीं, मुझे नहीं पता न। मैं झूठ नहीं बोलती। गोविंदा ने आप की अदालत में अवतार ठुकराने की बात की थी। इसके अलावा हाल ही में मुकेश खन्ना को दिए इंटरव्यू में गोविंदा ने बताया था कि उन्होंने एक सरदार जी को बिजनेस आइडिया दिया था।

## निकिता रॉय और मां जैसी महिला आधारित फिल्मों के बीच अच्छी प्रतिस्पर्धा है : सोनाक्षी



मुंबई। अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा का कहना है कि महिलाओं पर आधारित उनकी फिल्म निकिता रॉय और अभिनेत्री काजोल की फिल्म मां का एक साथ रिलीज होना एक बहुत खास पल है। निकिता रॉय और मां ये दोनों फिल्में 27 जून को एक साथ सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली हैं। सोनाक्षी ने दिए साक्षात्कार में कहा, यह बहुत अच्छी बात है कि महिलाओं पर आधारित दो फिल्में एक साथ रिलीज हो रही हैं। यह सही दिशा में उठाया गया कदम है। ये दोनों अलग-अलग फिल्में हैं और हम उन्हें शुभकामनाएं देते हैं। यह दोनों फिल्मों के बीच अच्छी और स्वस्थ स्पर्धाकी तरह है। अभिनेत्री ने कहा, मैंने मां फिल्म का ट्रेलर देखा है और मुझे यह पसंद आया। काजोल एक अद्भुत अभिनेत्री हैं। वह ऐसी शख्सियत हैं जिनका मैं सम्मान करती हूं और मैं उनकी प्रशंसक हूं। ये दोनों ही फिल्में महिला सशक्तीकरण को दर्शाती हैं और ये एक ऐसा विषय है जिससे सोनाक्षी भावनात्मक तौर पर जुड़ी हुई हैं।

## कार्तिक आर्यन ने फिल्म तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी की शूटिंग पूरी



नयी दिल्ली। बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन ने अपनी आगामी फिल्म तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी के क्रोएशिया शेड्यूल की शूटिंग पूरी कर ली है। आर्यन के साथ अनन्या पांडे इस फिल्म में अभिनय कर रही है। फिल्म का निर्देशन समीर विद्वांस कर रहे है। इसका निर्माण करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन्स के बैनर तले किया जा रहा है। यह फिल्म 13 फरवरी, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

आर्यन ने सोमवार को अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर यह जानकारी साझा की। अभिनेता ने जहाज यात्रा की खुद की एक तस्वीर पोस्ट करते हुए क्रोएशिया के उन स्थलों के नाम बताए, जहां फिल्म की शूटिंग हुई। पोस्ट के कैप्शन में लिखा था, स्प्लिट, विस, हवार, ब्राक, बोल, सुपेतार, डबरोवनिक और जाग्रेब, इस तरह एक महीने से अधिक लंबे और रोमांचक क्रोएशियाई शेड्यूल की शूटिंग पूरी हुई।

## 'जन नायकन' से फिल्मों को अलविदा कहेंगे विजय

**मुंबई।** साउथ एक्टर थलापति विजय की आखिरी फिल्म 'जन नायकन' का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। बिजनेस टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक विजय ने 'जन नायकन' के लिए 275 करोड़ रुपए की फीस ली है। हालांकि, उन्हें फिल्म के प्रॉफिट में कोई हिस्सा नहीं मिलेगा। 'जन नायकन' को एच विनोद ने डायरेक्ट और केवीएन प्रॉडक्शंस प्रोड्यूस किया है। विजय के साथ फिल्म में पूजा हेगड़े और बॉबी देओल मुख्य भूमिकाओं में हैं, जबकि ममिथा बैजू, गौतम वासुदेव मेनन, प्रकाश राज, नारायण और प्रियमणि सपोर्टिंग रोल्स में नजर आएंगे। फिल्म को पहली बार सितंबर 2024 में 'थलापति 69' के टाइटल के साथ अनाउंस किया गया था, क्योंकि यह विजय की 69वीं फिल्म है। आधिकारिक टाइटल जनवरी 2025 में सामने आया। इसकी शूटिंग फरवरी 2025 से चेन्नई और पयनूर में शुरू हुई। म्युजिक अनिरुद्ध रविचंदर ने दिया है। बता दें कि विजय 'तमिलगा वेट्री कझगम' के संस्थापक अध्यक्ष हैं। फरवरी 2024 में विजय ने अपनी राजनीतिक पार्टी 'तमिलगा वेत्रि कलगम' लॉन्च करते हुए राजनीति में आने की घोषणा की थी। साथ ही उन्होंने कहा था कि वह फिल्मों से दूरी बना रहे हैं। तमिलगा वेट्री कजगम की स्थापना 2 फरवरी 2024 को विजय द्वारा की गई थी। बता दें कि विजय का फिल्मी करियर 1984 में बाल कलाकार के रूप में शुरू हुआ था।

**आखिरी फिल्म के लिए एक्टर को मिली 275 करोड़ रुपये फीस!**






Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com